एक सौ एक शक्तियाँ।

एकशतं लक्ष्म्यो ३ मर्त्यस्य साकं तन्वा जनुषोऽधि जाताः।
तेषां पापिष्ठा निरितः प्रहिण्मः शिवा अस्मभ्यं जातवेदो नियच्छ॥

अथर्व० ७। ११५। २

"एक सौ एक शक्तियां मनुष्यके शरीरके साथ उसके जन्मसे ही उत्पन्न होती है। उनमें जो पापरूप शक्तियां हैं, उनको हम दूर करते हैं, और हे सर्वज्ञ प्रभो! कल्याण-कारिणी शक्तियोंको हमें प्रदान कर।"

मुद्रक व प्रकाशक—श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,
स्वाध्यायमंडल भारतमुद्रणालय औंध (जि० सातारा.)

अथर्ववेदका स्वाध्याय।

[अथर्ववेदका सुबोधभाष्य।]

सप्तम काण्ड।

इस सप्तम काण्डके प्रथम सूक्तकी देवता 'आत्मा' है। आत्मा देवता सब देवताओंमें मुख्य देवता होनेसे यह अत्यंत मंगल देवता है। वेदमंत्रोंमें सर्वत्र अनेक रूपसे इसी देवताका वर्णन है—

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीमि॥
कठ उ० १।२।१५

तथा—

वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः॥
भ०गी० १५।१५

अर्थात् "सर्व वेदके मंत्र उसी आत्माका वर्णन करते है।" वेदमें अनेक देवताएं भलेही हों, परंतु वेदका मुख्य विषय आत्माका वर्णन करना ही है। उसी मंगलमय आत्माका वर्णन इस प्रथम सूक्तमें होनेसे और इस मंगलका वर्णन इस काण्डके प्रारंभमें होनेसे यह सूक्त इस काण्डके प्रारंभमें मंगलाचरणरूपही है। आत्मासे भिन्न और मंगलमय देवता कौनसी हो सकती है? सबसे अधिक मंगल देवता यही है।

इस काण्डमें एक अथवा दो मंत्रवाले सूक्तोंकी संख्या अधिक है। बहुधा किसी दूसरे काण्डमें इस प्रकार छोटे सूक्त नहीं हैं। यदि मंत्रसंख्याके क्रमसे सातों काण्डोंका क्रम लगाया जावे, तो इस प्रकार क्रम लग सकता है—

क्रम	काण्ड	सूक्तसंख्या	सूक्तप्रकृति			
१	७ वां काण्ड	[११८]	१ मंत्रवाले सूक्त		५६	हैं
			२	,,	५२	,,
२	६ ठां ,,	[१४२]	३	,,	१२२	,,
३	१ ला ,,	[३५]	४	,,	३०	,,
४	२ रा ,,	[३६]	५	,,	२२	,,
५	३ रा ,,	[३१]	६	,,	१३	,,
६	४ था ,,	[४०]	७	,,	२१	,,
७	५ वॉ ,,	[३१]	८	,,	२	,,

इस सप्तम काण्डमें कुल सूक्त ११८ हैं, परंतु दूसरी गिनतीसे १२३ भी हो सकते हैं। बीचमें कई सूक्त ऐसे हैं कि, जिनके प्रत्येकमें दो दो सूक्त माने हैं, इस कारण दूसरी गिनतीमें ५ सूक्त बढ जाते हैं। हमने ये दोनों गिनतियां सूक्त क्रमसंख्यामें बतायी हैं। अब इस काण्डकी मंत्रसंख्या देखिये-

१	मंत्रवाले	सूक्त	५६ हैं और उनमें	मंत्रसंख्या		५६	है।
२	,,	,,	२६	,,	,,	५२	,,
३	,,	,,	१०	,,	,,	३०	,,
४	,,	,,	११	,,	,,	४४	,,
५	,,	,,	३	,,	,,	१५	,,
६	,,	,,	४	,,	,,	२४	,,
७	,,	,,	३	,,	,,	२१	,,
८	,,	,,	३	,,	,,	२४	,,
९	,,	,,	१	,,	,,	९	,,
११	,,	,,	१	,,	,,	११	
	कुल सूक्तसंख्या		११८	कुल मंत्रसंख्या		२८६	

इन मंत्रोंका अनुवाकोंमें विभाग देखिये-

										कुलसंख्या
अनुवाक	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१० = १०
सूक्तसंख्या	१३	९	१६	१३	८	१४	८	९	१२	१६ = ११८
मंत्रसंख्या	२८	२२	३१	३०	२५	४२	३१	२४	२१	३२ = २८६

इस सप्तम काण्डकी मंत्रसंख्या केवल २८६ है अर्थात् चतुर्थ (३२४), पञ्चम (३७६), और षष्ठ (४५४) की अपेक्षा बहुत ही कम है और प्रथम (२३०), द्वितीय (२०७), तृतीय (२३०), की अपेक्षा अधिक अर्थात् २८६ है।

अब इस काण्डके सूक्तोंके ऋषि-देवता-छन्द देखिये—

सूक्तोंके ऋषि-देवता-छन्द।

सूक्त	मंत्रसंख्या	ऋषि	देवता	छन्द
प्रथमोऽनुवाकः। षोडशः प्रपाठकः।				
१	२	अथर्वा(ब्रह्मवर्चसकामः)	आत्मा	१ त्रिष्टुप्, २ विराड् जगती
२	१	,,	,,	,,
३	१	,,	,,	,,
४	१	,,	वायुः	,,
५	५	,,	आत्मा	,, ३ पंक्तिः ४ अनुष्टुप्
६ (६,७)	४ (२+२)	,,	अदितिः	,, १ भुरिक्, ३—४ विराड् जगती
७ (८)	१	,,	,,	आर्षी जगती
८ (९)	१	उपरिबभ्रवः	बृहस्पतिः	त्रिष्टुप्
९ (१०)	४	,,	पूषा	१,२त्रिष्टुप्, ३ त्रिपदा आर्षी गायत्री, ४अनुष्टुप्
१० (११)	१	शौनकः	सरस्वती	त्रिष्टुप्
११ (१२)	१	,,	,,	,,
१२ (१३)	४	,,	सभा। १,२ सरस्वती, ३ इन्द्रः, ४ मंत्रोक्ताः	अनुष्टुप्
१३ (१४)	२	अथर्वा(द्विषोवर्चोहर्तकामः)	सोमः	,,
द्वितीयोऽनुवाकः।				
१४ (१५)	४	,,	सविता	१,२अनुष्टुप्। ३ त्रिष्टुप् ४ जगती
१५ (१६)	१	भृगुः	,,	त्रिष्टुप्
१६ (१७)	१	,,	,,	,,
१७ (१८)	४	,,	बहुदैवत्यम्	,, १त्रिपदार्षी गायत्री २ अनुष्टुप्, ३-४ त्रिष्टुप्

१८ (१९)	२	अथर्वा	पृथिवी, पर्जन्यः	१ चतुष्पाद्भुरिगुष्णिक्,२ त्रिष्टुप्
१९ (२०)	१	ब्रह्मा	मंत्रोक्ता	जगती
२० (२१)	६	,,	अनुमतिः	१-२ अनुष्टुप्, ३ त्रिष्टुप् ४ भुरिक् ५ ६ जगती ६ अतिशक्वरीगर्भा
२१ (२२)	१	,,	आत्मा	शक्वरीविराड्गर्भा जगती
२२ (२३)	२	,,	लिंगोक्ताः	१ द्विपदैकावसाना विराड् गायत्री, २ त्रिपदानुष्टुप्

तृतीयोऽनुवाकः ।

२३ (२४)	१	यमः	दुःस्वप्ननाशनः	अनुष्टुप्
२४ (२५)	१	ब्रह्मा	सविता	त्रिष्टुप्
२५ (२६)	२	मेधातिथिः	विष्णुः,	,,
२६ (२७)	८	,,	,,	१ ,, २ त्रिपदाविराड् गायत्री ३ त्र्यवसाना षट्पदा विराट् शक्वरी, ४-७ गायत्री, ८ त्रिष्टुप्
२७ (२८)	१	,,	मंत्रोक्ता	त्रिष्टुप्
२८ (२९)	१	,,	वेदः	,,
२९ (३०)	२	,,	मन्त्रोक्ता	,,
३० (३१)	१	भृग्वंगिरा	द्यावापृथिवी, प्रतिपदोक्ताः	बृहती
३१ (३२)	१	,,	इन्द्रः	भुरिक्त्रिष्टुप्
३२ (३३)	१	ब्रह्मा	आयुः	अनुष्टुप्
३३ (३४)	१	,,	मन्त्रोक्ताः	पथ्यापंक्तिः
३४ (३५)	१	अथर्वा,	जातवेदाः	जगती
३५ (३६)	३	,,	,,	१ अनुष्टुप् २-३ त्रिष्टुभ्
३६ (३७)	१	,	अक्षि,	अनुष्टुप्
३७ (३८)	१	,,	लिंगोक्ता	,,
३८ (३९)	५	,,	वनस्पतिः	,, ३ चतुष्पादुष्णिक्

चतुर्थोऽनुवाकः।

३९ (४०)	१	प्रस्कण्वः	मंत्रोक्ता	त्रिष्टुप्
४० (४१)	२	,,	सरस्वती	,, १ भुरिक्
४१ (४२)	२	,,	श्येनः	,, १ जगती
४२ (४३)	२	,,	सोमारुद्रौ	,,
४३ (४४)	१	,,	वाक्	,,
४४ (४५)	१	,,	इन्द्रः, विष्णुः	भुरिक् त्रिष्टुप्
४५ (४६,४७)	२	,, (४७ अथर्वा)	भेषजम्, ईर्ष्यापनयनम्	अनुष्टुप्
४६ (४८)	३	अथर्वा	मंत्रोक्ता	त्रिष्टुप्, १-२ अनुष्टुप्
४७ (४९)	२	,,	,,	,, १ जगती
४८ (५०)	२	,,	,,	,,
४९ (५१)	२	,,	देवपत्न्यौ	१ आर्षी जगती, २ चतुष्पदा पंक्तिः
५० (५२)	९	अंगिरा (कितवबाधन कामः)	इन्द्रः	अनुष्टुप्ः ३,७ त्रिष्टुपः ४ जगती, ६ भुरिक् त्रिष्टुप्
५१ (५३)	१	,,	बृहस्पतिः	त्रिष्टुप्

पञ्चमोऽनुवाकः।

५२ (५४)	२	अथर्वा	सांमनस्यम्, अश्विनौ	१ककुम्मती अनुष्टुप् २ जगती
५३ (५५)	७	ब्रह्मा	आयुः, बृहस्पतिः, अश्विनौ.	१त्रिष्टुप्, ३ भुरिक् ४ उष्णिग्गर्भार्षी पंक्तिः ५-७अनुष्टुप्
५४ (५६ ५७-१)	२	(५६) ब्रह्मा (५७) भृगुः	ऋक्साम. इन्द्रः	अनुष्टुप्
५५ (५७-२)	१	भृगुः	इन्द्रः	विराट्
५६(५८)	८	अथर्वा	वृश्चिकादयः २ वनस्पतिः. ४ ब्रह्मणस्पतिः	अनुष्टुप् ४ विराट् प्रस्तार-पंक्तिः
५७ (५९)	२	वामदेव	सरस्वती	जगती
५८ (६०)	२	कौरुपथिः	मंत्रोक्ता	१ जगती, २ त्रिष्टुप्
५९ (६१)	१	बादरायणिः	अग्निशरनम्	अनुष्टुप्

षष्ठोऽनुवाकः । सप्तदशः प्रपाठकः

६० (६२)	७	ब्रह्मा	गृहाः, वास्तोष्पतिः	अनुष्टुप्	१ परानुष्टुप् त्रिष्टुप्
६१ (६३)	२	अथर्वा	अग्निः	,,	
६२ (६४)	१	कश्यपः मारीचः	,,	जगती	
६३ (६५)	१	,, ,,	जातवेदाः	,,	
६४ (६६)	२	यमः	मंत्रोक्ता, निर्ऋतिः		भुरिगनुष्टुप्, २ न्यंकुसारिणी बृहती
६५ (६७)	३	शुक्रः	अपामार्गवीरुत्	अनुष्टुप्	
६६ (६८)	१	ब्रह्मा	ब्रह्म,	त्रिष्टुप्	
६७ (६९)	१	,,	आत्मा		पुरःपरोष्णिग्बृहती
६८ (७०-७१)	३	शंतातिः	सरस्वती	१ अनुष्टुप्,	२ त्रिष्टुप्, ३ गायत्री
६९ (७२)	१	,,	सुखं		पथ्यापंक्तिः
७० (७३)	५	अथर्वा	श्येनः, मन्त्रोक्ताः	१ त्रिष्टुप्,	२ अतिजगतीगर्भा जगती, ३-५ अनुष्टुप् (३ पुरःककुम्मती)
७१ (७४)	१	,,	अग्निः	अनुष्टुप्	
७२ (७५,७६)	३	,,	इन्द्रः	,,	२-३ त्रिष्टुप्
७३ (७७)	११	,,	अश्विनौ	,,	२ पथ्याबृहती, १,४, ६ जगती

सप्तमोऽनुवाकः ।

७४ (७८)	४	,,	मन्त्रोक्ताः, जातवेदाः	अनुष्टुप्	
७५ (७९)	२	उपरिबभ्रवः	अघ्न्या	१ त्रिष्टुप्	२ त्र्यवसाना पञ्चपदा भुरिक् पथ्यापंक्तिः ।
७६ (८०,८१)	६	अथर्वा	अपचिद्भैषज्यं, ज्यायानिन्द्रः		१ विराडनुष्टुप्, ३-४ अनुष्टुप्, २ परा उष्णिक्; ५ भुरिगनुष्टुप्, ६ त्रिष्टुप्
७७ (८२)	३	अङ्गिराः	मरुतः		१ त्रिपदा गायत्री; २ त्रिष्टुप्, ३ जगती,
७८ (८३)	२	अथर्वा	अग्निः		१ परोष्णिक्, २ त्रिष्टुप्
७९ (८४)	४	,,	अमावास्या	१ जगती,	२,४ त्रिष्टुप्
८० (८५)	४	,,	पौर्णमासी, प्रजापतिः	त्रिष्टुप्;	४ अनुष्टुप्

८१ (८६)	६	,,	सावित्री,	१,६ त्रिष्टुप्;	२ सम्राट्पङ्क्तिः ३ अनुष्टुप्ः ४ ५ आ-स्तारपङ्क्तिः

अष्टमोऽनुवाकः।

८२ (८७)	६	शौनकः(संपत्कामः)	अग्निः	त्रिष्टुप्ः	२ ककुम्मती वृहती; ३ जगती
८३ (८८)	४	शुन शेपः	वरुणः	१ अनुष्टुप्;	२ पथ्यापंक्तिः ३ त्रि-ष्टुप्, ४ वृहतीगर्भा त्रिष्टुप्
८४ (८९)	३	भृगुः	१ जातवेदा अग्निः २-३ इन्द्रः	त्रिष्टुप्ः	जगती
८५ (९०)	१	अथर्वा(स्वस्त्यय- नकामः)	तार्क्ष्यः	,,	
८६ (९१)	१	,, ,,	इन्द्रः	,,	
८७ (९२)	१	,,	रुद्रः	जगती	
८८ (९३)	१	गरुत्मान्	तक्षकः		त्र्यवसाना वृहती
८९ (९४)	४	सिंधुद्वीपः	अग्निः	अनुष्टुप्	४ त्रिपदानिचृत्परो-ष्णिक्
९० (९५)	३	अंगिराः	मन्त्रोक्ताः		१ गायत्री २ विराट् पुरस्ता-द्वृहती;३ त्र्यवसाना पट्पदा भुरिग्जगती

नवमोऽनुवाकः।

९१ (९६)	१	अथर्वा	चन्द्रमाः	त्रिष्टुप	
९२ (९७)	१	,,	,,	,,	
९३ (९८)	१	भृग्वंगिराः	इन्द्रः	गायत्री	
९४ (९९)	१	अथर्वा	सोमः	अनुष्टुप्	
९५ (१००)	३	कपिञ्जलः	गृध्रौ	,,	२,३ भुरिक्
९६ (१०१)	१	,,	वय·	,,	
९७ (१०२)	८	अथर्वा	इन्द्राग्नी	१-४ त्रिष्टुप्ः	५ त्रिपदार्षी भुरिग्गा-यत्री ६ त्रिपात्प्राजा-पत्या वृहती;७ त्रि-पदा साम्नी भुरि-ग्जगती· ८ उपरि-ष्टाद्वृहती

९८ (१०३)	१	„	मंत्रोक्ताः	विराट् त्रिष्टुप्
९९ (१०४)	१	„	„	भुरिगुष्णिक् त्रिष्टुप्
१०० (१०५)	१	यमः	दुःस्वप्ननाशनम्	अनुष्टुप्
१०१ (१०६)	१	„	„	„
१०२ (१०७)	१	प्रजापतिः	„	विराट् पुरस्ताद्-बृहती

दशमोऽनुवाकः।

१०३ (१०८)	१	ब्रह्मा	आत्मा	त्रिष्टुप्
१०४ (१०९)	१	„	„	„
१०५ (११०)	१	अथर्वा	मन्त्रोक्ता	अनुष्टुप्
१०६ (१११)	१	„	अग्निर्जातवेदाः वरुणश्च	बृहतीगर्भा त्रिष्टुप्
१०७ (११२)	१	भृगुः	सूर्यः आपश्च	अनुष्टुप्
१०८ (११३)	२	„	अग्निः	२त्रिष्टुप्, १ बृहतीगर्भा त्रिष्टुप्
१०९ (११४)	७	बादरायणिः	अग्निः	१ विराट् पुरस्ताद्-बृहती अनुष्टुप्; ४,७ अनुष्टुप्, २,३, ५,६ त्रिष्टुप्
११० (११५)	३	भृगुः	इन्द्राग्नी	१ गायत्री, २त्रिष्टुप् ३ अनुष्टुप्
१११ (११६)	१	ब्रह्मा	वृषभः	परावृहती त्रिष्टुप्
११२ (११७)	२	वरुणः	मन्त्रोक्ताः	१ भुरिक्; २ अनुष्टुप्
११३ (११८)	२	भार्गवः	तृष्टिका	१ विराडनुष्टुप्; २ शंकुमती चतुष्पदा भुरिगनुष्टुप्
११४ (११९)	२	„	अग्नीषोमौ	अनुष्टुप्
११५ (१२०)	४	अथर्वांगिराः	सविता,जातवेदा.	अनुष्टुप्,२·३ त्रिष्टुप्
११६ (१२१)	२	„	चन्द्रमाः	१ पुरोष्णिग्, २ एकावसाना द्विपदार्ची अनुष्टुप्
११७ (१२२)	१	„	इन्द्रः	पथ्यावृहती
११८ (१२३)	१	„	चन्द्रमाः बहुदैवत्यम्	त्रिष्टुप्

इस प्रकार इस सप्तम काण्डके सूक्तोंके ऋषि देवता और छन्द हैं। अब इनका ऋषिक्रमानुसार सूक्तविभाग देखिये—

ऋषिक्रमानुसार सूक्तविभाग।

१ अथर्वा ऋषिके १-७; १३-१४; १८; ३४-३८; ४६-४९; ५२; ५६; ६१; ७०-७४; ७६; ७८-८१; ८५-८७; ९१-९२; ९४; ९७;-९९; १०५-१०६ ये त्रेचालीस सूक्त हैं।

२ ब्रह्मा ऋषिके १९-२२; २४; ३२-३३; ५३-५४; ६०; ६६-६७; १०३-१०४; १११ ये पंद्रह सूक्त हैं।

३ भृगु ऋषिके १५-१७; ५४ ५५; ८४; १०७-१०८; ११० ये नौ सूक्त हैं।
४ प्रस्कण्व ऋषिके ३९-४५ ये सात सूक्त हैं।
५ मेधातिथि ऋषिके २५-२९ ये पांच सूक्त हैं।
६ अथर्वाङ्गिरा ,, ११५-११८ ये चार ,, ,,
७ शौनक ,, १०-१२; ८२ ,, ,, ,,
८ यम ,, २३; ६४; १००-१०१ ,, ,,
९ अंगिरा ,, ५०-५१; ७७; ९० ,, ,,
१० उपरिबभ्रव ,, ८-९; ७५ ये तीन सूक्त हैं।
११ भृग्वंगिरा ,, ३०-३१; ९३ ,, ,,
१२ भार्गव ,, ११३-११४ ये दो सूक्त हैं।
१३ शंताति ,, ६८-६९ ,, ,,
१४ बादरायणि ,, ५९; १०९ ,, ,,
१५ कश्यप ,, ६२-६३ ,, ,,
१६ कपिंजल ,, ९५-९६ ,, ,,
१७ वरुण ऋषि का ११२ वां एक सूक्त है।
१८ वामदेव ,, ५७ ,, ,,
१९ कौरपथि ,, ५८ ,, ,,
२० शुक्र ,, ६५ ,, ,,
२१ शुनःशेप ,, ८३ ,, ,,
२२ गरुत्मान् ,, ८८ ,, ,,
२३ सिंधुद्वीप ,, ८९ ,, ,,
२४ प्रजापति ,, १०२ ,, ,,

इस प्रकार २४ ऋषियोंके नाम इस काण्डमें हैं। इसमें भी पूर्ववत् अथर्वाके सूक्त सबसे अधिक अर्थात् ४३ हैं और इनमें अथर्वाङ्गिराके ४; अंगिराके ४, मिलानेसे ५१ होते हैं। ये न भी गिने गये तो भी ४३ सूक्त अकेले अथर्वाके नामपर हैं। यह बात देखनेसे ऐसा प्रतीत होता है कि इस संहितामें अथर्वाके सूक्त अधिक होनेसे इसका नाम 'अथर्ववेद' हुआ होगा; दूसरे दर्जेपर इसमें ब्रह्माके मंत्र आते हैं, संभवतः इसी कारणसे इसका नाम 'ब्रह्मवेद' पडा होगा। तथापि यह विचार सब काण्ड देखनेके पश्चात् करेंगे, क्यों कि उस समय सब काण्डोंका सूक्तविभाग हमारे सामने रहेगा। अब देवताक्रमानुसार सूक्तविभाग देखिये।

देवताक्रमानुसार सूक्त विभाग।

१ मंत्रोक्तदेवताके १२; १९; २७; २९; ३३; ३९; ४६-४८; ५८; ६४; ७०; ७४; ९०; ९८-९९; १०५; ११२ ये अठारह सूक्त हैं। (टिप्पणी-वस्तुतः मंत्रोक्त नामकी कोई देवता नहीं है, इस प्रकारके सूक्तोंमें अनेक देवताएं रहती हैं, इसलिये अनेक देवताओंके नाम कहनेकी अपेक्षा यह एक संकेत मात्र किया है।)

२ इन्द्र देवताके १२; ३१; ४४; ५०; ५४-५६; ७२; ७६; ८४; ८६; ९३; ११७ ये बारह सूक्त हैं।

३ अग्नि देवताके ६१-६२; ७१; ७८; ८२; ८४; ८९; १०६; १०८; १०९ ये दस सूक्त हैं।

४ आत्मादेवताके १-३; ५; २१; ६७; १०३—१०४ ये आठ सूक्त हैं।

५ सरस्वतीदेवताके १०-१२; ४०; ५७;६८ ये छः सूक्त हैं।

६ सवितादेवताके १४—१७; २४; ११५ ये छः सूक्त हैं।

७ जातवेदा देवताके ३४; ३५; ६३; ७४; ८४; १०६ ये छः सूक्त हैं।

८ दुःस्वप्ननाशन,, २३; १००-१०२ ये चार सूक्त हैं।

९ चन्द्रमा ,, ९१—९२; ११६; ११८ ये चार सूक्त हैं।

१० बृहस्पति ,, ८; ५१; ५३ ये तीन सूक्त हैं।

११ विष्णु ,, २५—२६; ४४ ,, ,,

१२ अश्विनौ ,, ५२; ५३; ७३ ,, ,,

१३ अदिति ,, ६—७ ये दो सूक्त हैं।

१४ सोम „ १३; ९४ ये दो सूक्त हैं।
१५ बहुदैवत्य „ १७; ११८ „ „ (यह भी देवताओंका संकेत है जैसा मंत्रोक्तामें लिखा है।)
१६ लिंगोक्ता „ २२; ३७ „ „ („ „)
१७ द्यावापृथिवी „ ३०; १०२ „ „
१८ वनस्पति „ ३८; ५६ „ „
१९ आयुः „ ३२; ५३ „ „
२० श्येनः „ ४१; ७० „ „
२१ वरुण „ ८३. १०६ „ „
२२ इन्द्राग्नी „ ९७; ११० „ „

शेष देवता एक सूक्त वाले हैं। यमः ४; पूषा ९; सभा १२; पृथिवी १८: पर्जन्यः १८; अनुमतिः २०; वेद; २८; प्रतिपदोक्ता देवताः ३० (यह भी अनेक देवताओंका संकेत है); अक्षि ३६; सोमारुद्रौ ४२; वाक् ४३; भेषजं ४५: ईर्ष्यापनयनं ४५; देवपत्न्यौ ४९; सांमनस्यं ५२; ऋक्साम ५४; वृश्चिकः ५६: ब्रह्मणस्पतिः ५६: अरिष्टनाशनं ५९; गृहाः ६०; वास्तोष्पतिः ६०; निर्ऋतिः ६४: अपामार्गः ६५: ब्रह्म ६६: सुखं ६९; अघ्न्याः ७५; अपचिद्भेषजं ७६: ज्यायानिन्द्रः ७६; मरुतः ७७; अमावास्या ७९; पौर्णमासी ८०; प्रजापतिः ८०: सावित्री ८१: सूर्याचन्द्रमसौ ८१; तार्क्ष्यः ८५, रुद्रः ८७; तक्षकः ८८; गृध्रः ९५; वयः ९६: सूर्यः १०७; आपः १०७; वृषभः १११; तृष्टिका ११३: अग्नीषोमौ ११३;

इस प्रकार इस काण्डमें ६६ देवताएं आगई है। इनमें मंत्रोक्त, बहुदैवत्य आदि संकेतोंमें आनेवाले कई देवताएं और अधिक संमिलित होती हैं। इनकी गिनती उक्त संख्यामें नहीं की गई है। अब सूक्तोंके गणोंकी व्यवस्था देखिये–

सप्तम काण्डके सूक्तोंके गण।

१ स्वस्त्ययनगणमें ९: ५१: ८५; ९१: ९२: ११७ ये छः सूक्त हैं।
२ बृहच्छान्तिगणमें ५२; ६६; ६८: ६९: ८२; ८३ ये छः सूक्त हैं।
३ पत्नीवन्तगणमें ४७—४९ ये तीन सूक्त हैं।
४ दुःस्वप्ननाशनगणमें १००; १०१: १०८ ये तीन सूक्त हैं।

अथर्ववेदका स्वाध्याय।

(अथर्ववेदका सुबोधभाष्य।)

सप्तम काण्ड।

आत्मोन्नतिका साधन।

[१]

(ऋषिः–अथर्वा ' ब्रह्मवर्चसकामः ' । देवता–आत्मा।)

धीती वा ये अनयन् वाचो अग्रं मनसा वा येऽवदन्नृतानि।
तृतीयेन ब्रह्मणा वावृधानास्तुरीयेणामन्वत नाम धेनोः ॥ १ ॥

अर्थ– (ये वा मनसा धीती) जो अपने मनसे ध्यानको (वाचः अग्रं अनयन्) वाणीके मूलस्थान तक पहुंचाते हैं, तथा (ये वा ऋतानि अवदन्) जो सत्य बोलते हैं, वे (तृतीयेन ब्रह्मणा वावृधानाः) तृतीय ज्ञानसे बढते हुए, (तुरीयेण) चतुर्थभागसे (धेनोः नाम अमन्वत) कामधेनुके नामका मनन करते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ– (१) मनसे ध्यान लगाकर वाणीकी उत्पत्ति जहांसे होती है वह वाणीका मूल देखना, (२) सदा सत्य वचन बोलना, (३) ज्ञानसे संपन्न होना और (४) कामधेनु स्वरूप परमेश्वरके नामका मनन करना, ये चार आत्मोन्नतिके साधन हैं ॥ १ ॥

स वेद पुत्रः पितरं स मातरं स सूनुर्भुवत् स भुवत् पुनर्मघः ।
स द्यामौर्णोदन्तरिक्षं स्वः स इदं विश्वमभवत् स आभवत् ॥ २ ॥

अर्थ—(सः सूनुः भुवत्) वही उत्पन्न हुआ है, (सः पुत्रः पितरं सः च मातरं वेद) वही अपने मातापिताको जानता है, (सः पुनर्मघः भुवत्) वह वारंवार दान देनेवाला होता है, (सः द्यां अन्तरिक्षं स्वः और्णोत्) वह द्युलोक, अन्तरिक्षको और आत्मप्रकाशको अपने आधीन करता है, (सः इदं विश्वं अभवत) वह यह सब विश्व बनता है, और (सः आभवत) वह सर्वत्र होता है ॥ २ ॥

भावार्थ-जो यह चतुर्विध साधन करता है, उसीका जन्म सफल होता है, वह अपने मातापिता स्वरूप परमात्माको जानता है, वह आत्मसर्वस्वका दान करता है, जिससे वह त्रिभुवन को अपनी शक्तिसे घेरता है, मानो वह यह सब विश्वरूप बनता है और वह सर्वत्र होता है ॥ २ ॥

साधनमार्ग ।

आत्मोन्नतिका साधनमार्ग इस सूक्तमें कहा है। यह मार्ग चतुर्विध है, अथवा ऐसा समझो कि, इस मार्गको बतानेवाले चार सूत्र इस सूक्तमें हैं। आत्मोन्नतिके चार सूत्र ये हैं-

(१) ऋतानि अवदन्- सत्य बोलना। अर्थात् छलकपटका भाषण न करना और अन्य इंद्रियोंको भी असत्य मार्गमें प्रवृत्त होने न देना। सदा सत्यनिष्ठ, सत्यव्रती और सत्यभाषी होना। (मं० १)

(२) ब्रह्मणा वावृधानः-ब्रह्म नाम बंधननिवृत्तिके ज्ञान का है। (मोक्षे धीर्ज्ञानं) ज्ञानका अर्थही बंधनसे छूटनेके उपायका ज्ञान है । इस ज्ञानसे जो बढता है अर्थात् इस ज्ञानसे जो परिपूर्ण होता है। जो आत्मज्ञानके साधनका उपाय करना चाहता है उसको यह ज्ञान अवश्य चाहिये। (मं० १)

(३) धेनोः नाम अमन्वत- कामधेनुके नाम का मनन करते हैं। भक्तके मनकामनाकी पूर्णता करनेवाली कामधेनु परमेश्वर शक्ति ही है, उसके गुणबोधक नाम अनंत हैं। उन नामोंका मनन करनेसे और उन गुणोंको अपने अंदर स्थिर करनेसे मनुष्यकी उन्नति होती है। (मं० १)

(४) मनसा धीती वाचः अग्रं अनयन्—मनकी एकाग्रतासे ध्यानद्वारा वाणीके मूलस्थानको पहुंचना। यह आत्माके स्थानको प्राप्त होनेका साधन है। वाणी कैसी उत्पन्न होती है, यह देखिये—

आत्मा बुद्ध्या समेत्यार्थान्मनो युङ्क्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम् ॥ ६ ॥
मारुतस्तूरसि चरन्मन्द्रं जनयति स्वरम् ॥ ७ ॥
सोदीर्णो मूर्ध्न्यभिहतो वक्त्रमापद्य मारुतः।
वर्णाञ्जनयते तेषां विभागः पञ्चधा स्मृतः ॥८॥ (पाणिनीयशिक्षा)

(१) आत्मा बुद्धिसे युक्त होकर विशेष प्रयोजनका अनुसंधान करता है, (२) पश्चात् उस प्रयोजनको प्रकट करनेके लिये मनको नियुक्त करता है, (३) मन शरीरके अग्नि को प्रेरित करता है, (४) वह अग्नि वायुको गति देता है, (५) वह वायु छातीसे ऊपर आकर मन्द्र स्वर करता है, (६) वह मूर्धामें आकर मुखके विविध स्थानोंमें आघात करता है, (७) विविध स्थानोंमें आघात होनेके कारण विविध वर्ण उत्पन्न होते है, यही वाणी है।

वाणीकी इस प्रकार उत्पत्ति होती है। जब मनुष्य ध्यान लगाकर वाणीकी उत्पत्ति देखता है और (वाचः अग्रं) वाणीके मूल स्थानको प्राप्त करता है, तब वह उस स्थानमें आत्माको देखता है। इस प्रकार वाणीके मूलको ढूंढनेके यत्नसे आत्माको जाना जाता है। वाणीके मूलभागको देखनेकी क्रिया अन्तर्मुख होकर अर्थात् अन्दरकी ओर देखनेसे बनती है। जैसा-पहिले कोई शब्द लें। वह शब्द कई अक्षरोंका-अर्थात् वर्णोंका बना होता है, ये वर्ण एक ही वायुके मुखके विभिन्न स्थानोंमें आघात होनेसे उत्पन्न होते है, वर्णोत्पत्तिके पूर्व जो वायु छातीमें संचरता है, उसमें ये विविध वर्ण नहीं होते है। उससे भी पूर्व जब वायुको अग्नि प्रेरणा देता है, उसमें तो शब्दका नाम तक नहीं होता है। इसके पूर्व मनकी प्रेरणा है और इससे भी पूर्व आत्माकी बोलनेकी प्रवृत्ति होती है। इस रीतिसे अंदर अंदर की ओर देखनेका प्रयत्न मानसिक ध्यानपूर्वक करनेसे वाणीके मूलस्थान का पता लगता है, और वहांही आत्माका दर्शन होता है। यही विषय वेदमें इस प्रकार वर्णित हुआ है-

चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ॥ ४५ ॥
इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।

बनूंगा। मातापिताके जाननेसे पुत्र के अंदर इस प्रकार अपनी उन्नतिकी प्रेरणा होती है। यहां 'पुत्र' शब्द विशेष महत्त्वका अर्थ रखता है। " पु+त्र " अर्थात् जो अपने आपको (पुनाति) पवित्र करता है और (त्रायते) अपनी रक्षा करता है, वह सच्चा पुत्र है। अपने आपको निर्दोष,पवित्र और शुद्ध बनाना, तथा अपने आपकी दोषों और पापोंसे रक्षा करनी, यह कार्य जो करता है वह सच्चा पुत्र है, जो ऐसा नहीं करते, वे केवल जन्तुमात्र है। इस प्रकारका सुपूत जो होता है, वह जिस समय अपने परम पिताके गुणकर्मोंका मनन करता है, उस समय उसके मनमें यह बात आती है कि, मैं भी अपने परम पिताके समान और अपनी परम माताके समान बनूंगा। यत्न करके वैसा होऊंगा। इस विचारसे वह प्रेरित होता है, इसलिये-

(७) सः पुनर्मघः भुवत्= वह वारंवार दान देनेवाला होता है। वह अपनी सब तन, मन, धन आदि शक्तियोंको जनताकी भलाईके लिये वारंवार समर्पित करता है। दान करनेसे वह पीछे नहीं हटता। इसीका नाम यज्ञ है। अपनी शक्तियोंका यज्ञ करनेसे ही मनुष्य उन्नत होता जाता है। वह देखता है कि, वह परमपिता अपनी सब शक्तियोंको संपूर्ण प्राणिमात्रकी भलाईके लिये समर्पित कर रहा है, इस बातको देखकर वह उसीका अनुकरण करता है। और इस प्रकार परमपिताके अनुकरणसे वह प्रतिसमय अधिकाधिक शक्ति प्राप्त करता है और इसको जितनी अधिक शक्ति मिल जाती है, उस प्रमाणसे वह उतना ही अधिक कार्यक्षेत्र व्यापता है। उदाहरणके लिये देखिये अनाडी मनुष्य अपने पेटके कार्यक्षेत्रमें कार्य करता है, गृहस्थी मनुष्य अपने कुटुंबके पोषणके कार्यक्षेत्रमें लगा रहता है, नगर सुधारक अपने नगरके कार्यक्षेत्रमें तन्मय होता है, राष्ट्रका नेता राष्ट्रीय कार्यक्षेत्रमें अपनी हलचल करता है, इसके पश्चात् वसुधैव कुटुंबक वृत्तीका सन्यासी संपूर्ण जनता को अपने परिवारमें संमिलित करके उनकी भलाईके लिये आत्मसमर्पण करता है, इस प्रकार जिसको जैसी शक्ति प्राप्त होती जाती है, उस प्रकार वह अधिकाधिक विस्तृत कार्यक्षेत्रमें कार्य करता है, इस प्रकार शक्तिकी वृद्धि होते होते अन्तमें—

(८) स द्यां अन्तरिक्षं स्वः औणोंत्= वह द्युलोक, अन्तरिक्ष और सब प्रकाशमय लोकोंको व्यापता है। मनुष्यकी शक्ति इतनी बढ जाती है। वह जिस समय विशेष उन्नत होता है उस समय संपूर्ण अवकाशमें उसकी व्याप्ति होती है। साधारण आत्माका 'महात्मा' बननेसे यह बात सिद्ध होती है। इससे—

(९) सः इदं विश्वं अभवत्= वह यह सब विश्व रूप बनता है, जब उसकी

शक्ति परम सीमातक उन्नत होती है, तब उसको अनुभव होता है कि मैं विश्वरूप बना हूं। कई मनुष्य ' शरीररूप ' होते हैं, उनके शरीरको कष्ट होनेसे वे दुःखी होते हैं, कई लोग ' कुटुंबरूप ' होते हैं उनके कुटुंबके किसी मनुष्यको दुःख हुआ तो वे दुःखी होते हैं, कई लोग ' राष्ट्ररूप ' बनते हैं उनके राष्ट्रका कोई आदमी दुःखी हुआ तो वे दुःखी बनते हैं, इसी प्रकार जो ' विश्वरूप ' बनते हैं वे संपूर्ण विश्वमें किसीको भी दुःखी देखनेसे वे दुःखी होते हैं। इसी प्रकार अधिकार भेदसे उनको सुख भी होता है। इस प्रकार मनुष्यकी शक्तिका विस्तार होता जाता है और मनुष्यका विश्वरूप बन जाना उसकी उन्नतिकी परम सीमा है इस समय-

(१०) सः आभवत्—वह सर्वत्र फैलता है अर्थात् विश्वरूप बना हुआ आत्मा विश्वभरमें फैलता है। प्रारंभमें मनुष्य का आत्मा अपने शरीर जितना ही फैला होता है, परंतु इसकी शक्ति बढते बढते और इसके कार्यक्षेत्र का विस्तार होते होते वह अन्तमें विश्वरूप बन जाता है। यह आत्माका फैलाव शक्ति विस्तारसे होता है। इसका उदाहरण ऐसा दिया जा सकता है,एक दीप है जिसका प्रकाश छोटेसे कमरेमें ही फैलता है, यदि किसी यंत्रप्रयोगसे उसकी प्रकाशशक्तिका विस्तार किया जाय,तो वही दीप दस बीस मील तक प्रकाश देनेमें समर्थ हो सकेगा। अग्निकी छोटीसी चिनगारी दावानल का रूप लेती है। इस प्रकार इस जीवात्माकी शक्तिका परम विकास होनेकी कल्पना पाठक कर सकते हैं।

कई मनुष्य होते हैं उनकी आज्ञा पारिवारिक लोग भी सुनते नहीं, इतनी उनकी शक्ति अत्यल्प होती है, परंतु कई महात्मे ऐसे होते हैं कि, जिनकी आज्ञा होते ही लाखों और करोडों मनुष्य अपना बलिदान तक देनेको तैयार होते है, यह आत्मशक्ति के विस्तार का उदाहरण है। इसी प्रकार आगे परम सीमातक आत्माकी शक्तिका विकास होना संभव है। इसी शक्तिविकासके चार साधन प्रथम मंत्रमें कहे हैं। उन साधनोंका अनुष्ठान जो करेंगे, वे अपनी शक्ति विकसित होनेका अनुभव अवश्य लेनेमें समर्थ होंगे।

आत्मोन्नतिका विचार होनेके कारण यह सूक्त प्रत्यक्ष फलदायी है। आशा है कि, पाठक इसका अधिक मनन करके अधिकसे अधिक लाभ प्राप्त करेंगे।

जीवात्माका वर्णन ।

[२]

(ऋषिः- अथर्वा ' ब्रह्मवर्चसकामः ' । देवता- आत्मा)

अथर्वाणं पितरं देवबन्धुं मातुर्गर्भं पितुरसुं युवानम् ।
य इमं यज्ञं मनसा चिकेत प्र णो वोचस्तमिहेह ब्रवः ॥ १ ॥

अर्थ- (यः मनसा) जो मनसे (इमं यज्ञं अथर्वाणं पितरं) इस पूजनीय, अपने पास रहनेवाले पिता और (देवबंधुं) देवोंके साथ संबंध रखनेवाले (मातुः गर्भं) माताके गर्भमें आनेवाले (पितुः असुं) पिताके प्राण स्वरूप (युवानं) सदा तरुण आत्माको (चिकेत) जानता है, वह (इह तं नः प्रवोचः) यहां उसके विषयमें हमें ज्ञान कहे और (इह ब्रवः) यहां उसको बतलावे ॥ १ ॥

भावार्थ- जो ज्ञानी अपनी मननशक्तिद्वारा इस पूजनीय, अपने पास रहनेवाले, पिताके समान रक्षक, देवोंके साथ संबंध करनेवाले, माताके गर्भमें आनेवाले, पिताके प्राणको धारण करनेवाले, सदा तरुण अर्थात् कभी वृद्ध न होनेवाले और न कभी बालक रहनेवाले आत्माको जानता है, वह उसके विषयका ज्ञान यहां हम सबको कहे और उसका विशेष स्पष्टीकरण भी करे ॥ १ ॥

जीवात्माके गुण ।

इस सूक्तमें मुख्यतया जीवात्माके गुण वर्णन किये हैं । इनका मनन करनेसे जीवात्माका ज्ञान हो सकता है-

१ मातुः गर्भ= माताके गर्भको प्राप्त होनेवाला जीवात्मा है । जन्म लेनेके लिये यह माताके गर्भमें आता है । यजुर्वेदमें इसीके विषयमें ऐसा कहा है-

पूर्वो ह जातः स उ गर्भे अन्तः ।
स एव जातः स जनिष्यमाणः ।

वा० यजु० ३२ । ४

" यह पहिले उत्पन्न हुआ था, वही इस समय गर्भमें आया है, वह पहिले जन्माथा और भविष्यमें भी जन्म लेगा।" इस प्रकार यह वारंवार जन्म लेनेवाला जीवात्मा है।

२ पितुः असुं= पितासे यह प्राणशक्तिको धारण करता है। पितासे प्राणशक्ति और मातासे रयिशक्ति प्राप्त करके यह शरीर धारण करता है।

३ युवानं= यह सदा जवान है। यह न कभी बूढा होता है और न कभी बालक। इसका शरीर उत्पन्न होता है और छः विकारोंको प्राप्त होता है। (जायते) उत्पन्न होता है, (अस्ति) होता है, (वर्धते) बढता है, (विपरिणमते) परिणत होता है, (अपक्षीयते) क्षीण होता है और (विनश्यति) नाशको प्राप्त होता है। यह छः विकार शरीरको प्राप्त होते हैं। इन छः विकारोंको प्राप्त होनेवाले शरीरमें रहता हुआ यह जीवात्मा सदा तरुण रहता है। यह न तो शरीरके साथ बालक बनता है और न शरीर वृद्ध होनेसे यह भी बूढा होता है। यह अजर और अबालक है अर्थात् इस को युवावस्थामें रहनेवाला कहते हैं।

४ देवबंधुं—यह देवोंका भाई है। देवोंको अपने साथ बांध देनेवाला यह जीवात्मा है। पाठक यहां ही अपने देहमें देखें कि इस जीवात्माने अपने साथ सूर्यका अंश नेत्ररूपसे आंखके स्थानमें रखा है, वायुका अंश प्राणरूप से नासिका स्थानमें रखा है, इसी प्रकार अन्यान्य इंद्रियोंके देवतांशोंको लाकर रखा है। इन सब देवतांशोंको यह अपने साथ लाता है और अपने साथ लेजाता है। जिस प्रकार सब भाई भाई इकट्टे रहते हैं, उसी प्रकार यह जीवात्मा यहां इन देवताओंका बडाभाई है और ये देवतांश इसके छोटे भाई हैं। इस प्रकार यह देवोंका बन्धु है।

अथर्वाणं—(अथ+अर्वाक्=अथर्वा) अपने पास अपने अन्दर रहनेवाला यह है। इसको ढूंढनेके लिये बाहर भ्रमण करनेकी आवश्यकता नहीं है, क्यों कि यही सबसे समीप है, इससे समीप और कोई पदार्थ नहीं है।

६ पितरं—यह पिताके समान है। यह रक्षक है। जबतक यह शरीरमें रहता है तबतक यह शरीरकी रक्षा करता है, मानो इसकी शक्तिसे शरीर रक्षित होता है। जब

यह इस शरीरको छोड देता है तब इस शरीरकी कोई रक्षा नहीं कर सकता । इसके इस शरीरको छोड देनेके पश्चात् यह शरीर सडने लगता है ।

७ यज्ञं—यह यहां यजनीय अर्थात् पूजनीय है । इसीके लिये यहांके सब व्यवहार किये जाते हैं । अन्न, पान, भोग, नियम सब इसीकी संतुष्टीके उद्देश्यसे दिये जाते हैं । यदि यह न हो तो कोई कुछ न करेगा । जबतक यह इस शरीरमें है, तबतक ही सब भोग तथा त्याग किये जाते हैं ।

ये सात शब्द जीवात्माका वर्णन करनेके लिये इस सूक्तमें प्रयुक्त हुए हैं । जीवात्माके गुणधर्म इनका विचार करनेसे ज्ञात हो सकते हैं। इनका विचार (मनसा चिकेत) मननद्वारा ही होगा । जो पाठक अपने जीवात्माका ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं, वे इन शब्दोंका मनन करें । जब उत्तम मनन होगा तब वह ज्ञानी इस ज्ञानका (प्रवोचः) प्रवचन करे और (इह ब्रवः) यहां व्याख्या करे । कोई मनुष्य मनन के पूर्व प्रवचन न करे । अर्थात् जब मनन पूर्वक उत्तम ज्ञान प्राप्त हो, तब ही मनुष्य दूसरोंको इसका ज्ञान देवे ।

उपदेश देनेका अधिकार तब होता है कि जब स्वयं पूर्ण ज्ञान हुआ होता है । स्वयं उत्तम ज्ञान होनेके पूर्व जो उपदेश देनेका प्रयत्न होता है वह घातक होता है । ज्ञानी ही उपदेश करनेका सच्चा अधिकारी है ।

यदि यह जीवात्माका ज्ञान ठीक प्रकार हुआ, तब मनुष्य परमात्माको जाननेमें समर्थ होगा । इस विषयमें अथर्ववेदकी श्रुती यहां देखने योग्य है—

ये पुरुषे ब्रह्म विदुस्ते विदुः परमेष्ठिनम् ॥

अथर्व० १० । ७ । १७

"जो सबसे प्रथम पुरुषमें स्थित ब्रह्मको जानते हैं, वेही परमेष्ठी प्रजापतिको भी जानते है ।" यही ज्ञान प्राप्त करनेकी रीति है । अपने शरीरान्तर्गत आत्माको जाननेसे परमात्माका ज्ञान प्राप्त हो जाता है । इस रीतिसे इस मंत्रके मननसे प्रथम जीवात्माका ज्ञान होगा और उसीको परम सीमातक विस्तृत रूपमें देखनेसे यही ज्ञान परमात्माका बोध करनेमें समर्थ होगा ।

आत्मा का परमात्मामें प्रवेश।

[३]

(ऋषिः- अथर्वा। देवता- आत्मा)

अया विष्ठा जनयन्कर्वराणि स हि घृणिरुरुर्वराय गातुः।
स प्रत्युदैद्धरुणं मध्वो अग्रं स्वया तन्वा तन्वमैरयत ॥ १ ॥

अर्थ- (अया वि-स्था) इस प्रकारकी विशेष स्थिति से (कर्वराणि जनयन्) विविध कर्मोंको करता हुआ, (सः) वह (हि वराय उरुः गातुः) श्रेष्ठ देवकी प्राप्ति करनेके लिये विस्तृत मार्गरूप और (घृणिः) तेजस्वी बनता हुआ, (सः) वह (मध्वः धरुणं अग्रं प्रति उदैत्) मीठास का धारण करनेवाले अग्रभागके प्रति पहुंचनेके लिये ऊपर उठता है और (स्वया तन्वा) अपने सूक्ष्म शरीरसे उस देवके (तन्वं ऐरयत्) सूक्ष्मतम शरीरके प्रति अपने आपको प्रेरित करता है ॥ १ ॥

भावार्थ- इस प्रकार वह श्रेष्ठ कर्मोंको करता है और उस कारण वह स्वयं परमात्माके पास जानेका श्रेष्ठ मार्ग बतानेवाला होता है और दूसरोंको प्रकाश देता है। वह स्वयं मधुर अमृतका धारण करनेवाले परमात्माके समीप प्राप्त होनेके हेतुसे अपने आपको उच्च करता है और समाधिस्थितिमें अपने सूक्ष्म शरीरसे परमात्माके विश्वव्यापक सूक्ष्मतम कारण शरीरके पास पहुंचनेके लिये स्वयं अपने आपको प्रेरित करता है। इस प्रकार वह स्वयं परमात्मामें प्रविष्ट हो जाता है ॥ १ ॥

जीवकी शिवमें गति।

जीवात्माकी परममंगलमय शिवात्मामें गति किस प्रकार होती है इसका विचार इस सूक्तमें किया है। इसका अनुष्ठान क्रमपूर्वक कहते हैं।—

१ अया वि-स्था कर्-वराणि जनयन्=इस विशेष स्थितिमें रहकर वह मुमुक्षु जीव श्रेष्ठ कर्म करता है। विशेष स्थितिमें रहनेका अर्थ है सर्व साधारण मनुष्योंकी जैसी स्थिति होती है वैसी साधारण स्थितिमें न रहना। आहार, निद्रा, भय, मैथुन आदि विषयमें तथा रहने सहनेके विषयमें साधारण मनुष्य पशुके समान ही रहते हैं। इस सामान्य स्थितिका त्याग करके मनुष्य विशेष स्थितिमें रहे अर्थात् अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शुद्धता, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईशभक्ति करता हुआ मनुष्य अपने आपको विशेष परिस्थितिमें रखे और उस विशेष परिस्थितिके अनुरूप श्रेष्ठ कार्य करे। इससे उसको दो सिद्धियां प्राप्त होंगी, वे सिद्धियां ये हैं-

२ सः घृणिः—वह तेजस्वी बनता है, वह दूसरोंका मार्गदर्शक होता है, वह जनताको चेतना देनेवाला होता है, वह अपने तेजसे दूसरोंको प्रकाशित करता है। तथा-

३ सः वराय उरुः गातुः- वह श्रेष्ठ स्थान के पास जानेवाला विस्तृत मार्ग जैसा होता है। जिस प्रकार विस्तृत मार्गपर चलनेसे प्राप्तव्य स्थानके प्रति मनुष्य विना आयास जाता है, उसी प्रकार इस पुरुष का जीवन अन्य मनुष्योंके लिये विस्तृत मार्गवत् हो जाता है। अन्य मनुष्योंको दूसरे दूसरे मार्ग देखनेका कारण नहीं होता है, इसका जीवन चरित्र देखा और उसके अनुसार चलनेका कार्य किया, तो उनका जीवन सफल होजाता है और इस जगत्में जो वर अर्थात् श्रेष्ठ है, उस श्रेष्ठ परमात्माके पास वे सीधे पहुंच जाते हैं। इस रीतिसे वह सन्मार्गगामी पुरुष अन्य मनुष्योंके लिये मार्गदर्शक हो जाता है। वह मार्ग बताता नहीं परंतु लोग ही उसका चालचलन देखकर स्वयं उसका अनुकरण करते हुए सुधर जाते हैं। अर्थात् वह मार्गदर्शक नहीं बनता प्रत्युत लोगोंके लिये विस्तृत मार्गरूप बनता है।

४ सः मध्वः धरुणं अग्रं प्रति उत् ऐत्। वह मधुरताके धारक अन्तिम स्थानके प्रति जानेके लिये ऊपर उठता है। जिस प्रकार सूर्य उदय होकर ऊपर ऊपर चढता है और जैसा जैसा ऊपर चढता है वैसा वैसा अधिकाधिक तेजस्वी होता जाता है, इसी प्रकार यह मुमुक्षु पुरुष (उदैत्) ऊपर उठता है अर्थात् अधिकाधिक उच्च अवस्था प्राप्त करता है। इसके ऊपर उठनेका हेतु यह है कि, वह (मध्वः अग्रं) मीठासके धारक केन्द्रको प्राप्त करना चाहता है मधुरताकी जो जड है, जहांसे यह मधुरता फैलती है, उस स्थानको वह प्राप्त करनेका अभिलाषी होता है। और इस हेतुसे वह उच्चतर भूमिका को अपने प्रयत्नसे प्राप्त करता है। और अन्तमें—

५ स्वया तन्वा तन्वं ऐरयत= अपने सूक्ष्म (स्वभाव) से परमात्माके सूक्ष्मतम (स्वभाव) के प्रति अपने आपको प्रेरित करता है। इस मंत्रभागमें ' तनु ' शब्द है। लौकिक संस्कृतमें वह शरीरका वाचक है यह बात सत्य है, तथापि यहां 'तनु' शब्दके ' सूक्ष्म, बारीक, स्वभाव, गुण, विशेषता ' ये अर्थ विवक्षित हैं। ऊपर हमने तनु शब्दका सुप्रसिद्ध 'शरीर' यह अर्थ लेकर अर्थ लिखा है, तथापि हमारे मतसे इसका वास्तविक अर्थ " जीवात्मा अपने स्वभावधर्मसे परमात्माके स्वभावधर्ममें प्रेरित होता है " यह है। पाठक इसका अधिक विचार करें। आत्मोन्नतिकी अवस्थामें यह अवस्था सर्वोत्कृष्ट है। यह अवस्था प्राप्त होनेके लिये ही पूर्वोक्त सब अनुष्ठान हैं।

पाठक इस सूक्तके मननसे जान सकते हैं कि, इस विधिसे किया हुआ अनुष्ठान व्यर्थ नहीं जाता, परंतु हरएक अवस्थामें विशेष फल देनेवाला बनता है और अन्तमें जीवात्माकी शिवात्मामें गति होती है। यही उन्नतिकी परम सीमा है।

प्राणका साधन।

[४]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-वायुः)

एकया च दशभिश्चा सुहुते द्वाभ्यामिष्टये विंशत्या च ।
तिसृभिश्च वहसे त्रिंशता च वियुग्भिर्वाय इह ता वि मुञ्च ॥ १ ॥

अर्थ- हे (सुहुते वायो) उत्तम प्रकार बुलाने योग्य प्राण देवता! (एकया च दशभिः च) एक और दस से, (द्वाभ्यां विंशत्या च) दो और बीससे तथा (तिसृभिः च त्रिंशता च) तीन और तीस से तू (इष्टये वहसे) यज्ञके लिये जाता है। अतः तू (वियुग्भिः इह ताः विमुञ्च) विशेष योजनाओंसे उनको यहां मुक्त कर ॥ १ ॥

भावार्थ— हे प्रशंसायोग्य प्राण! तू ग्यारह, बाईस, और तैंतीस शक्तियों द्वारा इस जीवनयज्ञमें कार्य करता है, अतः तू अपनी विशेष योजनाओंद्वारा सब प्रजाओंको दुःखोंसे मुक्त कर ॥ १ ॥

प्राणसाधनसे मुक्ति।

इस शरीरमें प्राणका शासन सर्वत्र चलरहा है यह सब जानते हैं। स्थूल शरीरमें पञ्च ज्ञानेंद्रिय, पञ्च कर्मेंद्रिय और इन दस इंद्रियोंका संयोजक मस्तिष्क ये ग्यारह शक्तियां इस प्राणके आधीन है। इनमेंसे प्रत्येक में जाकर यह प्राण कार्य करता है अर्थात् ये ग्यारह प्राणके कार्यस्थान हैं। इसके नंतर सूक्ष्म शरीरमें येही वासना देहमें ग्यारह शक्तियां कार्य कर रही है, ये भी सब प्राणके ही आधीन हैं। स्थूल शरीरकी ग्यारह और सूक्ष्म शरीरकी ग्यारह, दोनों मिलकर बाईस शक्तियां प्राणके आधीन स्वभावस्थामें रहती है। तीसरे मज्जातन्तुओंके ग्यारह केन्द्र जो मस्तक से लेकर गुदा तक के पृष्ठवंशमें रहते हैं और जिनके आधीन शरीरके विविध भाग कार्य करते हैं, वे भी प्राणकी शक्तिसे ही अपना कार्य करनेमें समर्थ होते हैं। ये सब मिलकर तैतीस शक्ति केन्द्र हैं, जिनमें प्राणकी शक्ति कार्य कर रही है। मानो इन तैतीस केन्द्रों द्वारा प्राणको चलाया जाता है। अथवा ये तैतीस प्राणके रथके घोडे हैं, जिस रथमें बैठकर प्राण शरीरभर गमन करता है और वहांका कार्य करता है।

इस सूक्तमें ग्यारह, बाईस और तैतीस प्राणको चलाते हैं ऐसा कहा है। यह संख्या इन शक्तिकेन्द्रोंकी सूचक है। यह शरीर एक यज्ञशाला है, इसमें शतसांवत्सरिक यज्ञ चलाया जा रहा है। यह यज्ञ प्राणके द्वारा होता है और प्राण इन शक्तिकेन्द्रों द्वारा इस यज्ञभूमिमें आता और कार्य करता है।

प्राणकी योजना।

प्राणकी (वियुग्भिः विमुञ्च) विशेष योजनासे मुक्त कर अर्थात् प्राणकी विशेष योजना की जाय और उसके द्वारा मुक्ति प्राप्त की जाय। यहां विचार करना चाहिये कि प्राणकी (वियुग्भिः) विशेष योजनायें कौनसी हैं और उनसे मुक्ति किस प्रकार होती है। यह देखनेके लिये पूर्वोक्त शक्तियां क्या करती हैं और इनकी स्वभाव प्रवृत्ति कैसी है यह देखना चाहिये।

हमारे पास नेत्र है, यह यद्यपि देखनेके लिये बनाया है तथापि यह दूसरोंकी ओर बुरी दृष्टीसे देखता है। कान शब्दश्रवण करनेके लिये बनाया है तथापि वह बहुत बुरे शब्द सुनता है। मुख बोलनेके लिये बनाया है, परंतु वह ऐसे बुरे शब्द बोलता है कि जिससे विविध झगडे उत्पन्न होते हैं। उपस्थ इंद्रिय सुप्रजाजनन के लिये बनाया है, परंतु वह व्यभिचार के लिये प्रवृत्त होता है। इस प्रकार इस शतसांवत्सरिक यज्ञमें

संमिलित होनेवाली सब शक्तियां अयोग्य मार्गमें प्रवृत्त होती हैं। प्राणायाम करनेसे मनकी चंचलता दूर होती है और मन स्थिर होनेसे उक्त तैंतीस शक्तियां ठीक सीधे मार्गमें रहती हैं। प्राणकी विशेष योजनाएं यही हैं। इन विशेष योजनाओंद्वारा नियुक्त हुआ प्राण इन तैंतीस शक्तियोंका संयम करता है, उनको बुराईयोंके विचारसे मुक्त करता है, और सत्कार्यमें प्रेरित करता है। इस प्रकार प्राणसाधनसे मुक्तिका सीधा मार्ग आक्रमण करना सुगम होता है। पाठक इस दृष्टिसे इस सूक्तका विचार करें और प्राणसाधन द्वारा उन्नति सिद्ध करें।

आत्मयज्ञ।

[५]

(ऋषिः- अथर्वा। देवता-आत्मा।)

य॒ज्ञेन॑ य॒ज्ञम॑यजन्त दे॒वास्तानि॒ धर्मा॑णि प्रथ॒मान्या॑सन्।
ते ह॒ नाकं॑ महि॒मानः॑ सचन्त॒ यत्र॒ पूर्वे॑ सा॒ध्याः सन्ति॑ दे॒वाः ॥ १ ॥

अर्थ— (देवाः यज्ञेन यज्ञं अयजन्त) देवगण यज्ञसे यज्ञ पुरुषकी पूजा करते हैं। (तानि धर्माणि प्रथमानि आसन्) वे धर्म उत्कृष्ट हैं। (ते महिमानः नाकं सचन्ते) वे महत्व प्राप्त करते हुए सुखपूर्ण लोकको प्राप्त होते हैं, (यत्र पूर्वे साध्याः देवाः सन्ति) जहां पूर्वके साधनसंपन्न देव रहते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ—श्रेष्ठ याजक अपने आत्माके योगसे परमात्माकी उपासना करते हैं, वे मानसोपासनाके यज्ञविधि सबसे श्रेष्ठ और मुख्य हैं। इस प्रकारकी उपासना करनेवाले श्रेष्ठ उपासकही उस सुखपूर्ण स्वर्गधामको प्राप्त करते हैं कि, जहां पूर्वकालके साधन करनेवाले प्राप्त हुए हैं ॥ १ ॥

यज्ञो बभूव स आ बभूव स प्र जज्ञे स उ वावृधे पुनः ।
स देवानामधिपतिर्बभूव सो अस्मासु द्रविणमा दधातु ॥ २ ॥
यद् देवा देवान् हविषायजन्तामर्त्यान् मनसामर्त्येन ।
मदेम तत्र परमे व्योमन् पश्येम तदुदितौ सूर्यस्य ॥ ३ ॥
यत् पुरुषेण हविषा यज्ञं देवा अतन्वत ।
अस्ति नु तस्मादोजीयो यद् विहव्येनेजिरे ॥ ४ ॥

अर्थ- (यज्ञः बभूव) यज्ञ प्रकट हुआ, (सः आबभूव) वह सर्वत्र फैला, (सः प्रजज्ञे) वह विशेष रीतिसे ज्ञानका साधन हुआ और (सः उ पुनः वावृधे) वह फिर बढने लगा। (सः देवानां अधिपतिः बभूव) वह देवोंका अधिपति बन गया, (सः अस्मासु द्रविणं आ दधातु) वह हममें धन धारण करावे ॥ २ ॥

(देवाः यत् अमर्त्यान् देवान्) देव जहां अमर देवोंका (हविषा अमर्त्येन मनसा अयजन्त) अपने हविरूप अमर मनसे यजन करते हैं (तत्र परमे व्योमन् मदेम) वहां उस परम आकाशमें हम सब आनंद प्राप्त करते हैं। और वहां ही सूर्यस्य (उदितौ तत् पश्येम) सूर्यका उदय होनेपर उसका वह प्रकाश देखते हैं ॥ ३ ॥

(यत् देवाः) जो देवोंने (पुरुषेण हविषा यज्ञं अतन्वत) पुरुषरूपी हविसे यज्ञ किया, (तस्मात् ओजीयः नु अस्ति) उससे अधिक बलवान् क्या है ? (यत् विहव्येन ईजिरे) जो विशेष यजन द्वारा होता है ॥ ४ ॥

भावार्थ— यह मानसोपासनारूपी यज्ञ पहिले प्रकट हुआ, वह सर्वत्र फैला, उसको सबने जाना और वह फिर बहुत बढ गया। वह संपूर्ण उपासकोंका मानो, स्वामी बन गया। वह यज्ञ हमें धन समर्पण करे ॥ २ ॥

याजकोंने जब अमर देवोंकी उपासना अपने समर्पण शक्तिसे शुद्ध मन द्वारा की, तब सबको आनंद प्राप्त हुआ और जिस प्रकार सूर्योदय होनेसे प्रकाश प्राप्त होता है उस प्रकार यज्ञसे सबको आनंद मिला ॥ ३ ॥

याजक जो यज्ञ अपने आत्मारूपी हविसे किया करते हैं, उससे भला और कौनसा यज्ञ श्रेष्ठ है ? जो कि विविध हविर्द्रव्योंसे हवनसे प्राप्त हो सकता है ॥ ४ ॥

मुग्धा देवा उत शुनायजन्तोत गोरङ्गैः पुरुधायजन्त।
य इमं यज्ञं मनसा चिकेत प्र णो वोचस्तमिहेह ब्रवः ॥ ५ ॥

अर्थ-(मुग्धाः देवाः) मूढ याजक (उत शुना अयजन्त) कुत्तेसे यजन करते हैं (उत गोः अंगैः पुरुधा अयजन्त) गौके अवयवोंसे बहुत प्रकार यजन करते हैं। (यः इमं यज्ञं मनसा चिकेत) जो इस यज्ञको मनसे करना जानता है, वह (इह नः प्रवोचः) यहां हमें उसका ज्ञान देवे और (इह तं ब्रवः) यहां उसका उपदेश करे ॥ ५ ॥

भावार्थ— वे याजक मूढ हैं कि जो कुत्ते, गौ आदि पशुओंके अंगोंसे हवन करते हैं। जो याजक उस मानसिक यज्ञको मनसे करना जानता है वह ज्ञानीही यज्ञका उपदेश करे और यज्ञके महत्त्वका कथन करे ॥ ५ ॥

मानस और आत्मिक यज्ञ।

यज्ञ बहुत प्रकारके हैं, उनमें सबसे श्रेष्ठ मानस यज्ञ अथवा आत्मिक यज्ञ है। मनका समर्पण करनेसे मानस यज्ञ होता है। और आत्माका समर्पण करनेसे आत्म-यज्ञ हुआ करता है। दोनोंका करीब करीब भाव एकही है। यह समर्पण परमेश्वरके लिये करना होता है। परमेश्वरके कार्य इस जगत्में जो होते हैं, उनमेंसे—

(१) सज्जनों की रक्षा
(२) दुष्ट जनोंको दूर करना और
(३) धर्मकी व्यवस्था

ये तीन कार्य परमात्माके लिये मनुष्य कर सकता है। परमात्माके अनंत कार्य हैं, परंतु मनुष्य उन सब कार्योंको कर नहीं सकता। ये तीन कार्य अपनी शक्तिके अनुसार कर सकता है। इस लिये जब मनुष्य अपने आपको इन तीन कार्योंके लिये समर्पित करता है, तब उसका समर्पण परमेश्वरके लिये हुआ, ऐसा माना जाता है। मनसे और अपने आत्माकी शक्तियोंसे उक्त त्रिविध कार्य करनेका नामही अपने मनका और आत्माका परमेश्वरार्पण करना है।

प्रत्येक यज्ञमें भी तीन कार्य करने होते हैं।

(१) (पूजा) श्रेष्ठोंका सत्कार,
(२) अपने अंदर (संगतिकरण) संगतिकरण किंवा संघटन
(३) और (दान) दुर्बलोंकी सहायता।

प्रत्येक यज्ञमें ये तीन कार्य होने ही चाहिये। इनके बिना यज्ञ सुफल और सफल नहीं होगा। मनका और आत्माका समर्पण करके जो यज्ञ करना है, वह भी इन तीन कर्मोंके साथही है। मानो, इनके बिना यज्ञ ही नहीं होगा। अर्थात्—

(१) सज्जनोंकी रक्षा करके उनका सत्कार करना, (२) दुर्जनोंको दण्ड देकर दूर करना और पुनः दुर्जन कष्ट न देवें इस लिये अपनी उत्तम संघटना करना, और (३) धर्मकी व्यवस्था करके जो दुर्बल होंगे उनकी योग्य सहायता करना, यह त्रिविध यज्ञकर्म है।

यह त्रिविध कर्म अपने मनःसमर्पण और आत्मसमर्पण द्वारा करना चाहिये। यहां पाठक जानते हैं कि, जिस कार्यमें मन और आत्मा लग जाता है वही कार्य ठीक हो जाता है। अपने हस्तपादादि अवयव और इंद्रिय मनके बिना कार्य नहीं कर सकते मन और आत्माके समर्पण करनेका उपदेश करनेसे अपनी शक्तियोंका समर्पण हुआ, ऐसा ही मानना चाहिये। इस सूक्तके तृतीय मंत्रमें कहा है कि—

अमर्त्येन मनसा हविषा देवान् यजन्त। (मं० ३)

"अमर मन रूपी हविसे देवोंका यजन करते हैं।" घीका हवन करनेका अर्थ भी उस देवताके लिये समर्पित करना और उसका स्वयं उपभोग न करना। "इन्द्राय इदं हविः दत्तं न मम।" इन्द्र देवताके लिये यह घृतादि हवि समर्पित किया है इस पर अब मेरा अधिकार नहीं है और न मैं इसका अपने सुखके लिये उपयोग करूंगा। इसी प्रकार अपने मन और आत्माके समर्पण करनेका तात्पर्य ही यज्ञ है। अपना मन और आत्मा परमेश्वर के लिये दिया, उससे अब खुदगर्जीके कार्य नहीं किये जांयगे। जो पूर्वोक्त ईश्वरके कार्य है, वेही किये जांयगे। जिस प्रकार घृतादि पदार्थ यज्ञमें दिये जाते हैं, उसी प्रकार इस मानस-यज्ञमें मनका समर्पण किया जाता है और आत्मयज्ञमें आत्मसर्वस्वका समर्पण किया जाता है। अन्य घृतादि बाह्य पदार्थोंका समर्पण करने द्वारा जो यज्ञ किया जाता है, उससे कई गुणा श्रेष्ठ वह यज्ञ होगा कि, जो आत्मसमर्पण और मानस समर्पण से होगा। इसी लिये कहा है कि–

तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। (मं १)

"ये मानस यज्ञरूप कर्म प्रथम श्रेणीके है।" अर्थात् ये सबसे श्रेष्ठ कर्तव्य हैं। एक मनुष्य घृत, समिधा आदिके हवनसे यज्ञ करता है और दूसरा आत्मसमर्पणसे यज्ञ करता है, इन दोनोंमें आत्मसमर्पण करनेवालाही श्रेष्ठ है। इसका वर्णन इस सूक्तमें इन शब्दोंसे हुआ है—

यत् पुरुषेण हविषा यज्ञं देवा अतन्वत।
अस्ति नु तस्मादोजीयो यद्विहव्येनेजिरे ॥ (मं० ४)

"याजक लोग जो यज्ञ (अपने अंदरके प्रकृति पुरुषों में से) पुरुष अर्थात् आत्माके समर्पण द्वारा किया करते हैं, उससे कौनसा दूसरा यज्ञ श्रेष्ठ है, जो दूसरे यज्ञ (आत्मा-से भिन्न) प्राकृतिक पदार्थोंके समर्पणसे किये जाते हैं ? वे तो उससे निःसन्देह गौण हैं। मनुष्यके पास प्रकृति और पुरुष, जड और चेतन, देह और आत्मा ये दोही पदार्थ हैं, इनमें पुरुष अथवा चेतन आत्मा श्रेष्ठ और प्रकृति गौण है। अन्य यज्ञ प्राकृतिक पदार्थोंके समर्पणसे होते हैं इस लिये वे गौण हैं, और यह मानसिक अथवा आत्मिक यज्ञ आत्मसमर्पण द्वारा होता है, इसलिये वह श्रेष्ठ है। श्रेष्ठ यज्ञ तो ज्ञानी याजक ही कर सकते हैं, साधारण हीन अवस्थामें रहे मूढ मनुष्य जो करते हैं, वह तो एक निन्दनीय ही कर्म होता है, देखिये-

मुग्धा देवा उत शुनायजन्तोत गोरङ्गैः पुरुधायजन्त।
य इमं यज्ञं मनसा चिकेत प्र णो वोचस्तमिहेह ब्रवः ॥ (मं ५)

" मूढ याजक कुत्तेके अंगोंसे और गौवोंके अवयवोंसे यजन करते हैं। " मूढ लोगोंके इस कृत्यको मूढताकाही कृत्य कहा जाता है। इसको कोई श्रेष्ठ कर्म नहीं कह सकते। " जो श्रेष्ठ याजक इस आत्मयज्ञको मनसे करनेकी विधि जानते हैं, वेही यहां आकर उस यज्ञका उपदेश करें। " पूर्वोक्त मांसयज्ञकी अपेक्षा यह मानस यज्ञ बहुत श्रेष्ठ है। जो मानसयज्ञ करना जानते हैं वेही उपदेश करनेके अधिकारी हैं। इस मानसयज्ञकी महिमा देखिये-

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥ (मं०१)

" इस आत्मयज्ञसे याजक परमात्माकी पूजा करते हैं। आत्मयज्ञद्वारा परमात्म-पूजा करना श्रेष्ठ कार्य है। ये याजक श्रेष्ठ होकर उस स्वर्गधाममें पहुंचते हैं कि, जहां पहिले साधन करनेवाले पहुंच चुके हैं। " इस प्रकार इस आत्मयज्ञकी महिमा है। किसी दूसरे गौण यज्ञसे यह श्रेष्ठ फल प्राप्त नहीं हो सकता। यह आत्मयज्ञ ही सबसे श्रेष्ठ है, इस विषयमें मंत्र देखिये-

यज्ञो बभूव, स आबभूव, स प्रजज्ञे, स उ वावृधे पुनः।
स देवानामधिपतिर्बभूव, सोऽस्मासु द्रविणमादधातु ॥ (मं०२)

" यह आत्मयज्ञ प्रकट हुआ, यह आत्मयज्ञ सर्वत्र फैल गया, उसके महत्त्वको

सबने जान लिया, इस कारण वह बढ गया, यहांतक बढगया कि वह देवोंका भी अधिपति बनगया, उससे हमें महत्त्व प्राप्त होवे । ”

यह सबसे श्रेष्ठ आत्मयज्ञही हमारा महत्त्व बढानेमें समर्थ है । इसकी तुलना किसी दूसरे गौण यज्ञसे नहीं होसकती । इस यज्ञमें (**मनसा हविषा यजन्त** । (मं० ३) मनरूप हवि का समर्पण करना होता है । और इस यज्ञ के करनेसे-

तत्र परमे व्योमन् मदेम । (मं० ३)

'उस परम आकाशमें हम आनन्दको प्राप्त होंगे' यह इस यज्ञके करनेका फल है । इसमें 'परम' शब्द विशेष मनन करने योग्य है । "पर, परतर, परतम" ये शब्द एकसे एक श्रेष्ठत्वके दर्शक हैं, इनमेंसे "परतम" शब्दका ही संक्षिप्त रूप 'पर-म' है, बीचके 'त' कारका लोप हुआ । अर्थात् जो सबसे श्रेष्ठ होता है वह 'परतम किंवा परम' है। इस अवस्थाके पूर्वकी दो अवस्थाएं पर और परतर इन दो शब्दों द्वारा बतायी जाती हैं। अर्थात् व्योम तीन प्रकारके हैं (१)एक **पर व्योम**, (२) दूसरा **परतर व्योम** और (३) तीसरा परतम किंवा **परम व्योम** । आधुनिक परिभाषामें यदि यही भाव बोलना हो तो '**सूक्ष्म. कारण और महाकारण**' अवस्था इन तीन शब्दोंसे 'पर, परतर और परतम व्योम' इनका भाव व्यक्त होता है। 'व्योमन्' शब्द भी विशेष महत्त्व का है। इसमें 'वि+ओम्+अन्' ये तीन शब्द हैं, इनका क्रमपूर्वक अर्थ 'प्रकृति+परमात्मा और जीवात्मा' यह है । सूक्ष्म, कारण और महाकारण अवस्थाओंमें प्रकृति जीव और परमात्माका जो अनुभव होता है वह इन तीन शब्दोंसे व्यक्त होता है । इन तीन अनुभवोंमें सबसे श्रेष्ठ अनुभव 'परम व्योम' शब्दसे व्यक्त होता है । और यह इस सूक्तमें कहे आत्मयज्ञके करनेसे प्राप्त होता है । अन्य गौण यज्ञोंके करनेसे जो अनुभव मिलेंगे वे इससे न्यून श्रेणीके अर्थात् गौण होंगे क्योंकि, वे अन्य यज्ञ भी इस आत्मयज्ञसे गौण ही है । गौण का फल गौण और श्रेष्ठ कर्मका फल श्रेष्ठ होना स्वाभाविक ही है । इस आत्मयज्ञके करनेसे जो परम व्योममें उच्चतम अवस्था प्राप्त होकर फल अनुभवमें आता है । वह कैसा अनुभव हो इस विषयमें एक दृष्टांत देते है-

सूर्यस्य उदितौ तत् पश्येम । (मं० ३)

" सूर्यका उदय होनेपर जैसा उसका प्रकाश दिखाई देता है, उसी प्रकार हम उस आनन्दका प्रत्यक्ष अनुभव लेंगे । अर्थात् जैसा सूर्यप्रकाश भूमिपर रहनेवालोंको दिनमें प्रत्यक्ष होता है, उस प्रकार इस तृतीय व्योममें संचार करनेवाले श्रेष्ठ आत्माओंको वहांका सुख प्रत्यक्ष होता है । जैसा यहां का यह सूर्य प्रत्यक्ष है उसी प्रकार वहां भी

एक इस सूर्यका सूर्य होगा और वह यहां प्रत्यक्ष ही होगा।

इस प्रकार आत्मयज्ञका फल इस सूक्तमें कहा है। इस सूक्तमें (पुरुषेण हविषा। मं० ४) पुरुष अर्थात् आत्मारूपी हविसे यज्ञ तथा (मनसा हविषा। मं० ३) मन रूपी हविसे यज्ञ करनेका विधान है। जिस प्रकार 'सोम' का हवन होनेसे 'सोम-याग' कहा जाता है, अज संज्ञक बीजोंका हवन होनेसे 'अजमेध' कहा जाता है, उसी प्रकार 'पुरुष' अर्थात् आत्माका समर्पण होनेसे 'पुरुषयज्ञ, आत्मयज्ञ' तथा 'मन' का हवन होनेसे 'मानस यज्ञ' कहा जाता है। उसी प्रकार भगवद्गीता (भ० गी० अ०४) में 'द्रव्ययज्ञ, तपोयज्ञ, स्वाध्याययज्ञ, ज्ञानयज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, इंद्रिययज्ञ, विषययज्ञ, कर्मयज्ञ, योगयज्ञ, प्राणयज्ञ' इत्यादि यज्ञ कहे हैं। जिस यज्ञमें जिसका समर्पण होता है वह नाम उस यज्ञका होता है।

"पुरुष" रूपी हविका समर्पण होनेसे इस सूक्तमें वर्णित यज्ञको 'पुरुषयज्ञ' कहते हैं। यहां प्रकृतिपुरुषान्तर्गत पुरुष शब्द यहां विवक्षित है और वह आत्माका वाचक है। इस सूक्तमें 'पुरुषयज्ञ अथवा पुरुषमेध' का अर्थ स्पष्ट हुआ है। यह इस स्पष्टीकरणसे विशेष लाभ हुआ है और इसीलिये इस सूक्तका थोडासा अधिक स्पष्टीकरण यहां किया है।

पुरुषमेध।

पुरुषमेध प्रकरण पुरुषसूक्तमें है। यह पुरुष सूक्त ऋग्वेद (मं०१०।९०) में है, वा० यजुर्वेद (अ० ३०) में है। सामवेदमें थोडा है और अथर्ववेद (कां १९।६) में है।

इस पुरुषसूक्तमें जिस पुरुषमेध यज्ञ का वर्णन है, वही यज्ञ इस सूक्तमें कहा है। इस लिये इस सूक्त का विचार ठीक प्रकार होनेसे 'पुरुषसूक्त' के यज्ञका स्वरूप उत्तम प्रकार ध्यानमें आसकता है। दोनों सूक्तों में एकही विषयका वर्णन हुआ है। तथा इस सूक्तमें आये "यज्ञेन यज्ञमयजन्त०' तथा 'यत्पुरुषेण हविषा०' ये मंत्रभी पुरुष सूक्तमें आगये हैं। इससे दोनों सूक्तोंका विषय एकही है, यह बात सिद्ध होगी। पुरुषसूक्तमें कई लोग मनुष्य हवन का विषय है ऐसा मानते हैं, वह अत्यंत अयुक्त है, यह बात इस सूक्तके साथ पुरुष सूक्त का मनन करनेसे स्पष्ट होगी। हमारे मतसे पुरुषसूक्तमें भी इसी आत्मयज्ञकाही विषय है।

मातृभूमिका यश।

[६ (७)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-अदितिः)

अदि॑ति॒र्द्यौरदि॑तिर॒न्तरि॑क्ष॒मदि॑तिर्मा॒ता स पि॒ता स पु॒त्रः।
विश्वे॑ दे॒वा अदि॑तिः॒ पञ्च॒ जना॒ अदि॑तिर्जा॒तमदि॑ति॒र्जनि॑त्वम् ॥१॥
म॒हीमू॒ षु मा॒तरं॑ सुव्र॒ताना॑मृ॒तस्य॒ पत्नी॒मव॑से हवामहे।
तु॒वि॒क्ष॒त्राम॒जर॑न्तीमुरू॒चीं सु॒शर्मा॑ण॒मदि॑तिं सु॒प्रणी॑तिम् ॥ २ ॥

अर्थ- (अदितिः द्यौः) मातृभूमि स्वर्ग है, (अदितिः अन्तरिक्षं) मातृभूमि अन्तरिक्ष है, (अदितिः माता) मातृभूमि ही माता है, (सः पिता सः पुत्रः) वही पिता है और वही पुत्र है। (अदितिः विश्वेदेवाः) मातृभूमि ही सब देव हैं,(अदितिः पञ्च जनाः) मातृभूमि ही पांच प्रकारके लोग हैं। (अदितिः जातं) मातृभूमि ही उत्पन्न हुए पदार्थ हैं और (अदितिः जनित्वं) उत्पन्न होनेवाले पदार्थ भी मातृभूमि ही है ॥ १ ॥

(सुव्रतानां मातरं) उत्तम कर्म करनेवालोंका हित करनेवाली, (ऋतस्य पत्नीं) सत्यका पालन करनेवाली, (तुवि-क्षत्रां) बहुत प्रकारसे क्षात्र तेज दिखानेवाली, (अ-जरन्तीं) क्षीण न करनेवाली,(उरूचीं) विशाल, (सु-शर्माणं) उत्तम सुख देनेवाली, (सु-प्र-नीतिं) सुखसे योगक्षेम चलानेवाली और (अदितिं महीं) अन्न देनेवाली बडी मातृभूमिकी (अवसे सुहवामहे उ) रक्षाके लिये प्रशंसा करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—मातृभूमिही हमारा स्वर्ग है, वही अन्तरिक्ष है, वही माता, पिता और पुत्रपौत्र हैं, वही हमारी सब देवताएं हैं और वही हमारी जनता है, बना हुआ और बननेवाला सब कुछ हमारे लिये मातृभूमि ही है ॥ १ ॥

मातृभूमि उत्तम पुरुषार्थी मनुष्योंकी रक्षा करती है, सत्यकी रक्षक वही है, उसी मातृभूमिके लिये अनेक प्रकार के क्षात्रतेज प्रकाशित होते हैं, मातृभूमि क्षीण न करनेवाली है, विशाल सुख देनेवाली है, हमें उत्तम मार्गपर चलानेवाली और हमें अन्न देनेवाली है, उससे हमारी रक्षा होती है, इसलिये हम उसका यश गाते हैं ॥ २ ॥

सुत्रामाणं पृथिवीं द्यामनेहसं सुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम् ।
दैवीं नावं स्वरित्रामनागसो अस्रवन्तीमा रुहेमा स्वस्तये ॥ ३ ॥
वाजस्य नु प्रसवे मातरं महीमदितिं नाम वचसा करामहे ।
यस्या उपस्थ उर्वन्तरिक्षं सा नः शर्म त्रिवरूथं नि यच्छात् ॥ ४ ॥

अर्थ-(सुत्रामाणं उत्तम रक्षा करनेवाली, (द्यां अनेहसं) प्रकाशयुक्त और अहिंसक, (सुशर्माणं सुप्रणीतिं) उत्तम सुख देनेवाली और उत्तम योगक्षेम चलानेवाली (सुअरित्रां अस्रवन्तीं दैवीं नावं) उत्तम बल्लियों-वाली, न चूनेवाली दिव्य नौका पर चढनेके समान (पृथिवीं) मातृभूमि पर (स्वस्तये आरुहेम) कल्याणके लिये हम चढते हैं ॥ ३ ॥

(वाजस्य प्रसवे) अन्नकी उत्पति करनेके लिये (अदितिं मातरं महीं) अन्न देनेवाली बडी मातृभूमिका (नाम वचसा करामहे) वक्तृत्वमें यश गाते हैं । (यस्याः उपस्थे उरु अन्तरिक्षं) जिसकी गोदमें विशाल अन्तरिक्ष है, (सा नः त्रिवरूथं शर्म नियच्छात) वह मातृभूमि हम सबको त्रिगुणित सुख देवे ॥ ४ ॥

भावार्थ— उत्तम बल्लियोंवाली न चूनेवाली नौकाके ऊपर चढनेके समान हम उत्तम रक्षक, तेजस्वी, अविनाशक, सुखदायक, उत्तम चालक मातृभूमिके ऊपर हम अपने कल्याण के लिये उन्नत होते हैं ॥ ३ ॥

अन्नकी उत्पत्ति करनेके लिये अन्न देनेवाली मातृभूमिका यश हम गायन करते हैं । जिसके ऊपर यह बडा अन्तरिक्ष है, वह मातृभूमि हमें उत्तम सुख देवे ॥ ४ ॥

मातृभूमिका यश ।

इस सूक्तमें मातृभूमिका यश वर्णन किया है । मातृभूमि सचमुच उत्तम कल्याण करनेवाली है, इसका वर्णन देखिये—

१ अदितिः=(अदनात् अदितिः) अदन अर्थात् भक्षण करनेके लिये अन्न देती है । अपनी मातृभूमि हमें अन्न देती है, इसीलिये हमारा (द्यौः) स्वर्गधाम वही है । हमारी माता पिता भी वही है, क्यों कि माता पिताके समान मातृभूमि हमारी पालना करती है । पुत्रादि भी वही है, क्यों कि (पुनाति त्रायते) हमें पवित्र करनेवाली और

हमारी रक्षा करनेवाली वही है। इसके अतिरिक्त वह पुष्टी करती है और उस कारण हमें संतति उत्पन्न होती है, इसलिये वह उसीकी दयासे होती है, ऐसा मानना युक्ति-युक्त है। हमारे त्रिलोकी के सुख मातृभूमिके कारण ही हमें प्राप्त होते हैं। (मं० १)

२ विश्वेदेवाः अदितिः = सब देवताएं हमारे लिये हमारी मातृभूमि है। अर्थात् मातृभूमिकी उपासनासे सब देवताओंकी उपासना करनेका श्रेय प्राप्त होता है। (मंत्र१)

३ पञ्चजनाः अदितिः = हमारी मातृभूमी ही पांच प्रकारके लोग है। ज्ञानी, शूर, व्यापारी, कारीगर और अशिक्षित ये पांच प्रकारके लोग प्रत्येक राष्ट्रमें रहते हैं। मातृभूमि इन्हींसे पूर्ण होती है, इस लिये कहा जाता है कि, मातृभूमि ये पांच प्रकारके लोग है और ये पांच प्रकारके लोग ही मातृभूमि है। अर्थात् मातृभूमि का अर्थ इन पांच प्रकारके लोगोंके साथ अपनी भूमि है। (मं०१)

४ जातं जनित्वं अदितिः = पूर्व कालमें बना और भविष्यमें बननेवाला सब मातृभूमिमें ही रहता है। पूर्वकालमें हमने वर्ताव कैसा किया यह भी मातृभूमिकी आजकी अवस्था से पता लग सकता है और मातृभूमिकी अवस्था भविष्य कालमें कैसी होगी, यह भी आजके हमारे व्यवहार से समझमें आसकता है। (मं०१)

५ सुव्रतानां माता = उत्तम सत्कर्म करनेवाले मनुष्यों को यह मातृभूमि माताके समान हित करनेवाली है। (मं०२)

६ ऋतस्य पत्नी = सत्यव्रतका पालन करनेवाली अर्थात् सत्यनिष्ठ रहनेवालोंका पालन करनेवाली मातृभूमि है। (मं०२)

७ तुविक्षत्रा = जिसके कारण विविध शौर्य करनेके लिये उत्साह उत्पन्न होता है, ऐसी यह मातृभूमि है। (मं० २)

८ अजरन्ती = जो इसकी भक्ति करते हैं उनको यह क्षीण, दीन और अशक्त नहीं बनाती है। (मं० २)

९ सुशर्मा = उत्तम सुख देनेवाली मातृभूमि है। (मं० २-३)

१० सुप्रणीतिः = (सु-प्र-नीतिः) उत्तम मार्गसे चलानेवाली, उत्तम अवस्था को पहुंचानेवाली मातृभूमि है। (मं० २—३) नीति शब्द यहां चलानेके अर्थ में है।

११ अनेरस् = (अहननीया) जो घातपात करने अयोग्य अथवा जो घातपात नहीं करती है, ऐसी मातृभूमि है। (मं० ३)

१२ स्वस्तये आरुहेम = हमारा कल्याण होनेके लिये हम अपनी मातृभूमी में रहते है। मातृभूमिमें न रहे तो हमारा कल्याण नहीं होगा। जो अपनी मातृभूमिमें

रहते हैं उनका कल्याण होता है। (मं० ३)

१३ स्वरित्रा अस्रवन्ती दैवी नौः = जिस प्रकार उत्तम वल्लियोंवाली न चूनेवाली, दिव्य नौका समुद्रसे पार करनेमें सहायक होती है, उसी प्रकार यह मातृभूमी हमें दुःखसागरसे पार करनेके लिये दिव्य नौकाके समान है। (मं० ३)

१४ वाजस्य प्रसवे मातरं महीं वचसा नाम करामहे = अन्न की विशेष उत्पत्ति करनेके कार्यमें हम सब मातृभूमिका यश वाणीसे गान करते हैं। मातृभूमि हमें बहुत अन्न देती है, इस कारण उसकी हम बहुत प्रशंसा करते हैं। इस प्रकार मातृभूमिका गीत गाना प्रत्येक मनुष्यका कर्तव्य है। (मं० ४)

१५ सा नः त्रिवरूथं शर्म नियच्छात्—वह मातृभूमि हमें तीन गुणा सुख देती है। अर्थात् स्थूल शरीरका, इन्द्रियोंका और मनका सुख इस प्रकार यह त्रिविध सुख देती है। (मं० ४)

इस सूक्तमें मातृभूमिका गुणवर्णन किया है। यह प्रत्येक मनुष्यको ध्यानमें धारण करने योग्य है। मनुष्यके लिये मातापिता मातृभूमि ही है। इसीलिये जन्मभूमिको 'मातृभूमि' तथा 'पितृदेश' भी कहते हैं। इसी प्रकार पुत्रभूमि भी यही है। उत्तम पुरुषार्थी लोगोंके लिये यही स्वर्गधाम होता है अर्थात् पुरुषार्थ न करनेवालोंके लिये यह नरक होजाता है। इसका कारण मनुष्योंका गुण या दोष ही है। मातृभूमि ही मनुष्योंका सर्वस्व है। अतः सब लोग अपनी मातृभूमिकी उचित रीतिसे भक्ति करें और उन्नतिको प्राप्त करें।

अदिति शब्द।

'अदिति' शब्द वेदमें कई स्थानोंमें विलक्षण अर्थमें प्रयुक्त हुआ है। एक अदिति शब्द " अद=भक्षण करना " इस धातुसे बनता है। इसका अर्थ 'अन्न देनेवाली' ऐसा होता है। यह शब्द इस सूक्तमें है। ' गौ ' अदिति है क्योंकि वह दूध देती है, भूमि अदिति है क्यों कि वह अन्न, धान्य, वनस्पति आदि देती है, द्यौ अदिति है क्यों कि द्युलोकसे जल वर्षता है और उससे अन्नपान मनुष्योंको मिलता है। इस प्रकार अन्न देनेवालेके अर्थमें यह अदिति शब्द है। परन्तु इसका दूसरा भी अर्थ है अथवा मानो वह अदिति शब्द दूसराही है। वह (अ+दिति) जो दिति अर्थात् खण्डित अथवा प्रतिबंधयुक्त नहीं वह अदिति ' स्वतन्त्रता ' है। ये दो शब्द परस्पर भिन्न हैं। इनमें पहिला शब्द इस सूक्तमें प्रयुक्त है। इसका पाठक स्मरण रखें।

मातृभूमिके भक्तोंका सहायक ईश्वर ।

[७ (८)]

(ऋषिः- अथर्वा । देवता-अदितिः)

दितेः पुत्राणामदितेरकारिषमवं देवानां बृहतामनर्मणाम् ।
तेषां हि धाम गभिषक्समुद्रियं नैनान् नमसा परो अस्ति कश्चन ॥ १ ॥

अर्थ— (दितेः) प्रतिबंधताके (तेषां पुत्राणां) निर्माता उन पुत्रोंका (धाम समुद्रियं गभिषक् हि) निवास समुद्र के गंभीर स्थानमें है। वहांसे उनको (अदितेः बृहतां अनर्मणां देवानां) स्वाधीनतासे युक्त मातृभूमिके बडे अहिंसाशील दैवी गुणोंसे युक्त सुपुत्रोंके लिये (अव अकारिषं) हटाता हूं। क्यों कि (एनान् मनसा परः) इनसे मनसे अधिक योग्य (कश्चन न अस्ति) कोई भी नहीं है ॥ १ ॥

भावार्थ— पराधिनता फैलानेवाले राक्षस अथवा असुर समुद्रके मध्यमें अतिगंभीर स्थानमें रहते हैं। वहांसे उनको हटाता हूं और मातृभूमिकी स्वाधीनता संपादन करनेवाले श्रेष्ठ दैवी गुणोंसे युक्त अहिंसाशील सज्जनोंको योग्य स्थान करता हूं। क्यों कि इन सज्जनोंसे कोई दूसरा अधिक योग्य नहीं है।

दिति और अदिति ।

दिति और अदिति शब्दोंके अर्थ विशेष रीतिसे यहां देखने चाहिये। कोशोंमें इन शब्दोंके अर्थ निम्नलिखित प्रकार मिलते है—

(१) अदिति=स्वतन्त्रता,स्वातंत्र्य, मर्यादा न रहना, अमर्याद, अखण्डित; सुखी, पवित्र; पूर्णत्व; वाणी, पृथ्वी, गौ, देवमाता इत्यादि अर्थ अदितिके हैं।

(२) दिति= खण्डित, पराधीनता, मर्यादित; दुःखी, अपवित्र, अपूर्णत्व; राक्षस-माता ये अर्थ दितिके हैं।

अदितिकी प्रजा ' देवता ' है और दितिकी प्रजा ' राक्षस ' हैं। यह सब महाभार-

तादि ग्रंथोंमें वर्णन हुआ इसका विचार है। इस मन्त्रमें (दितेः पुत्राणां) दितिके पुत्रोंका स्थान अर्थात् राक्षसोंका स्थान नाश करके देवोंको सुख देता हूं, ऐसा परमेश्वर [illegible] कहा गया है। दितिके पुत्रोंका स्थान भयंकर गहरे स्थानमें है, पर एक उस स्थानमें प्रवेश योग्य न होनेकी बात है। वस्तुतः राक्षस ऐसे स्थानोंमें रहते हैं जो भूमिपर भी रहते हैं। गीतामें राक्षसोंके गुणोंका वर्णन इस प्रकार है—

दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च ।
अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ संपदमासुरीम् ।

भ० गी० १६।४

" दंभ, दर्प, अभिमान, क्रोध, कठोरता और अज्ञान ये राक्षसगुण हैं। " अर्थात् राक्षस वे हैं कि जो दंभी, घमण्डी, अभिमानी, क्रोधी, कठोर और अज्ञानी अर्थात् बन्धमुक्त होनेका ज्ञान जिनको नहीं है, ऐसे लोग राक्षस होते हैं। ये ऐसे हैं इसीलिये इनके व्यवहार से पारतन्त्र्य दुःख आदि फैलते हैं और जो इनकी संगतमें आते हैं, वे भी पराधीन बनते हैं। इसीलिये मन्त्रमें कहा है कि, ऐसे दुष्टोंको मैं उखाड देता हूं और देवोंका स्थान सुदृढ करता हूं।

अदितिके पुत्र देव हैं। परमेश्वर इनकी सहायता करता है। राक्षसोंका दूर करना भी इसीलिये है कि, वहां देव सुदृढ बनें। दैवी गुण ये हैं—

" निर्भयता, पवित्रता, बन्धमुक्त होनेका ज्ञान, दान, इंद्रियदमन, यज्ञ, स्वाध्याय, तप, सरलता, अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शान्ति, चुगली न करना, भूतोंपर दया, अलोभ, मृदुता, बुरा कर्म करनेके लिये लज्जा, तेजस्विता, क्षमा, धैर्य, शुद्धता, अद्रोह, घमण्ड न करना इत्यादि गुण देवोंके हैं। (भ० गी० १६। १-३) ये गुण जिनमें बढ गये हैं वे देव हैं। ये देवही स्वतन्त्रता स्थापन करनेका कार्य करते हैं।

परमेश्वर राक्षसवृत्तिवाले लोगोंका अन्तमें नाश करता है इसका कारण यही है कि, वे जगत्‌में पराधीनता और दुःख बढाते हैं। और वह दैवीवृत्तिवालोंकी सहायता इसीलिये करता है कि, वे देव जगत्‌में स्वातन्त्र्य वृत्ती फैलाते हैं और सबको सुखी करनेमें दत्तचित्त रहते हैं। इसलिये मन्त्रमें कहा है कि (एनान् परः कश्चन नास्ति) इन देवोंसे श्रेष्ठ कोई नहीं है। इसीलिये ईश्वरकी सहायता इनको मिलती है। यह विचार करके पाठक अपने अन्दर दैवी गुण बढाकर निर्भय बनें और ईशसहायता प्राप्त करें।

—:::—

कल्याण प्राप्त कर ।

[८ (९)]

(ऋषिः- उपरिबभ्रवः । देवता- बृहस्पतिः)

भुद्रादधि श्रेयः प्रेहि बृहस्पतिः पुरएता ते अस्तु ।
अथेममस्या वर आ पृथिव्या आरेशत्रुं कृणुहि सर्ववीरम् ॥ १ ॥

अर्थ— (भद्रात् अधि) सुखसे परे जाकर (श्रेयः प्रेहि) परम कल्याणको प्राप्त हो । (बृहस्पतिः ते पुरएता अस्तु) ज्ञानी तेरा मार्गदर्शक होवे । (अथ) और (अस्याः पृथिव्याः वरे) इस पृथ्वीके श्रेष्ठ स्थानमें (इमं सर्ववीरं) इस सब वीर समुदायको (आरे-शत्रुं कृणुहि) शत्रुसे दूर कर ॥ १ ॥

भावार्थ- हे मनुष्य ! तू सुख प्राप्त कर, परंतु सुख की अपेक्षा जिससे तुम्हारा परम कल्याण होगा, उस मार्गका अवलम्बन कर और वह परम कल्याणकी अवस्था प्राप्त कर । इस पृथ्वीके ऊपर जो जो श्रेष्ठ राष्ट्र हैं, उनमें सब प्रकारके वीर पुरुष उत्पन्न हों, उनके शत्रु दूर हो जांय । अर्थात् सब राष्ट्रोंमें उत्तम शान्ति स्थापित होवे ॥ १ ॥

यहां 'भद्र' शब्द साधारण सुख के लिये प्रयुक्त हुआ है । अभ्युदय का वाचक यह शब्द यहां है । जगत् में भौतिक साधनोंसे जो सुख मिलता है वह साधारण सुख है । आहार, निद्रा, निर्भयता और मैथुन संबंधी जो सुख है वह साधारण है । इससे जो श्रेष्ठ-सुख है उसको 'श्रेयः' कहते है । मनुष्यको यह परम कल्याण प्राप्त करनेका यत्न करना चाहियेः इसके लिये ज्ञानी (बृहस्पति) पुरुषको गुरू करके उसकी आज्ञाके अनुसार चलना चाहिये । ज्ञान भी वही है कि जो (मोक्षे धीः) बन्धन से छुटकारा पाने के लिये साधक हो । यह प्राप्त करना चाहिये । इसका उद्देश्य यह है कि इस पृथ्वीपर जो जो राष्ट्र हैं, वे श्रेष्ठ राष्ट्र बनें, और सब स्त्रीपुरुष तेजस्वी वीरवृत्तीवाले निर्भय बनें और किसी स्थानपर उनके लिये शत्रु न रहे । मनुष्यको यह अवस्था जगत्में स्थिर करना चाहिये ।

ईश्वरकी भक्ति ।

[९ (१०)]

(ऋषिः—उपरिबभ्रवः । देवता-पूषा)

प्रपथे पथामजनिष्ट पूषा प्रपथे दिवः प्रपथे पृथिव्याः ।
उभे अभि प्रियतमे सधस्थे आ च परा च चरति प्रजानन् ॥१॥
पूषेमा आशा अनु वेद सर्वाः सो अस्माँ अभयतमेन नेषत् ।
स्वस्तिदा आघृणिः सर्ववीरोऽप्रयुच्छन् पुर एतु प्रजानन् ॥ २ ॥

अर्थ— (पूषा) पोषक ईश्वर (दिवः प्रपथे) द्युलोक के मार्गमें (पथां प्रपथे) अन्तरिक्षके विविध मार्गोंमें और (पृथिव्याः प्रपथे) पृथ्वीके ऊपरके मार्गमें (अजनिष्ट) प्रकट होता है । (उभे प्रियतमे सधस्थे अभि) दोनों अत्यन्त प्रिय स्थानोंमें (प्रजानन् आ च परा च चरति) सबको ठीक ठीक जानता हुआ समीप और दूर विचरता है ॥ १ ॥

(पूषा सर्वाः इमाः आशाः अनुवेद) पोषणकर्ता देव सब इन दिशाओंको यथावत् जानता है । (सः अस्मान् अभयतमेन नेषत) वह हम सबको उत्तम निर्भयताके मार्गसे लेजाता है । वह (स्वस्ति-दाः आघृणिः) कल्याण करनेवाला, तेजस्वी, (सर्ववीरः) सब प्रकारसे वीर, (प्रजानन्) सबको यथावत् जानता हुआ और (अप्रयुच्छन्) कभी प्रमाद न करनेवाला (पुरः एतु) हमारा अगुवा होवे ॥ २ ॥

भावार्थ-परमेश्वर इस त्रिलोकीके संपूर्ण स्थानोंमें उपस्थित है । वह सब सुखदायक स्थानोंको अथवा अवस्थाओं को जानता है और वह हम सबके पासभी है और दूरभी है ॥ १ ॥

यह सबका पोषण करता है और सबको यथावत जानता है । वही हमको निर्भयताके मार्गसे ठीक प्रकार और सुरक्षित ले जाता है । वह हम सबका कल्याण करनेवाला, सब को तेज देनेवाला, सब में वीरवृत्ती उत्पन्न करनेवाला, सबकी उन्नतिका मार्ग जाननेवाला, और कभी प्रमाद न करनेवाला है, वही हम सबका मार्गदर्शक होवे, अर्थात् हम सब उसको अपना मार्गदर्शक मानें ॥ २ ॥

पूषन् तव व्रते वयं न रिष्येम कदा चन । स्तोतारस्त इह स्मसि ॥ ३ ॥

परि पूषा परस्ताद्धस्तं दधातु दक्षिणम् । पुनर्नो नष्टमाजतु सं नष्टेन गमेमहि ॥ ४ ॥

अर्थ-हे (पूषन्) पोषक देव ! (वयं तव व्रते कदाचन न रिष्येम) हम तेरे व्रतमें रहनेसे कभी नष्ट नहीं होंगे। (इह ते स्तोतारः स्मसि) यहां तेरे गुणोंका गान करते हुए हम रहेंगे ॥ ३ ॥

(पूषा परस्तात् दक्षिणं हस्तं परि दधातु) पोषकदेव अपना दायां हाथ हमें देवे। (नः नष्टं पुनः नः आजतु) हमारा विनष्ट हुआ पदार्थ पुनः हमें प्राप्त होवे। (नष्टेन सं गमेमहि) हम विनष्ट हुवे पदार्थ को पुनः प्राप्त करेंगे ॥ ४ ॥

भावार्थ- इस ईश्वरके व्रतानुष्ठानमें हम रहेंगे तो हम कभी विनाशको प्राप्त नहीं होंगे, इस लिये हम उसी ईश्वरके गुणगान करते हैं ॥ ३॥

वह पोषक ईश्वर अपना उत्तम सहारा हमें देवे। हमारे साधनों में जो विनष्ट हुआ हो, वह योग्य समयमें हमें पुनः प्राप्त होवे ॥ ४ ॥

भक्तका विश्वास ।

भक्तका ऐसा विश्वास होना चाहिये कि, परमेश्वर (पूषा) सब का पोषणकर्ता है। सबकी पुष्टी उसीकी पोषकशक्तिसे हो रही है। वह ईश्वर सर्वत्र उपस्थित है यह दूसरा विश्वास होना चाहिये कि, कोई स्थान उससे रिक्त नहीं है। तीसरा विश्वास ऐसा चाहिये कि,वह हमारे सब बुरे भले कर्मोंको यथावत् जानता है और वह जैसा हमारे पास है वैसाही दूर है। चौथा विश्वास ऐसा चाहिये कि, वह ईश्वर ही हमें निर्भयता देकर उत्तमसे उत्तम मार्गसे ले जाता है और कभी बुरे मार्गको नहीं चलाता। वह सबका कल्याण करता है और सबको प्रकाशित करता है। कभी प्रमाद नहीं करता और सबको उत्तम प्रकार चलाता है।

पांचवां विश्वास ऐसा चाहिये कि, उसके व्रतानुसार चलने से किसीका कभी नाश नहीं होगा। छठां विश्वास ऐसा चाहिये कि, वह हमें उत्तम प्रकार सहारा देता रहता है, हमको ही उसके सहारेकी अपेक्षा करना चाहिये। सातवां विश्वास ऐसा चाहिये कि, यदि किसी कारण हमारा कुछ नाश हुआ तो उसकी सहायता से वह सब ठीक हो सकता है। ये विश्वास रखकर सब मनुष्योंको उचित है कि, वे ईश्वरके गुणगान करें और उन गुणोंकी धारणा अपने अंदर करके अपनी उन्नतिका साधन करें।

सरस्वती।

[१० (११)]

(ऋषिः-शौनकः । देवता-सरस्वती)

यस्ते स्तनः शशयुर्यो मयोभूर्यः सुम्नयुः सुहवो यः सुदत्रः ।
येन विश्वा पुष्यसि वार्याणि सरस्वति तमिह धातवे कः ॥ १ ॥

अर्थ—हे सरस्वति ! (यः ते शशयुः स्तनः) जो तेरा शान्ति देनेवाला स्तन है और (यः मयोभूः यः सुम्नयुः) जो सुख देनेवाला, जो शुभ मनको देनेवाला, (यः सुहवः सुदत्रः) जो प्रार्थनीय और जो उत्तम पुष्टि देनेवाला है, (येन विश्वा वार्याणि पुष्यसि) जिससे तू सब वरणीय पदार्थोंकी पुष्टि करती है, (तं इह धातवे कः) उसको यहां हमारी पुष्टिके लिये हमारी ओर कर ॥ १ ॥

भावार्थ—सरस्वती देवी जगत्को सारवान् रस देती है, उसके स्तनमें वह पोषक दुग्ध है, वह सुख, शान्ति, सुमनस्कता, पुष्टी आदि देता है। इससे सबका ही पोषण होता है। हे देवी ! वह तुम्हारा पोषक गुण हमारे पास कर, जिससे उत्तम रस पीकर हम सब पुष्ट हो जांय ॥ २ ॥

❀ ❀ ❀

सरस्वती विद्या है। विद्याही सबका पोषण करती है, सबको शान्ति, सुख, सुमनस्कता और पुष्टी देती है। विद्यासेही इह लोकमें और परलोकमें उत्तम गति प्राप्त होती है। इसलिये यह विद्या हरएक को अवश्य प्राप्त करना चाहिये।

मेघोंमें सरस्वती ।

[११ (१२)]

(ऋषिः- शौनकः । देवता- सरस्वती ।)

यस्ते॑ पृ॒थु स्त॑नयि॒त्नुर्य ऋ॒ष्वो दैवः॑ के॒तुर्विश्व॑मा॒भूष॑ती॒दम् ।
मा नो॑ वधीर्वि॒द्युता॑ देव स॒स्यं मोत व॑धी र॒श्मिभिः॒ सूर्य॑स्य ॥ १ ॥

अर्थ- (यः ते पृथुः स्तनयित्नुः) जो तेरा विस्तृत, गर्जना करनेवाला, (ऋष्वः दैवः केतुः) प्रवाहित होनेवाला और दिव्य ध्वजाके समान मार्ग-दर्शक चिन्ह (इदं विश्वं आभूषति) इस जगत्को भूषित करता है, उस (विद्युता) विजुलीसे (नः मा वधीः) हमें मत मार। तथा हे देव ! (उत) और हमारा (सस्यं सूर्यस्य रश्मिभिः मा वधीः) खेत सूर्यके किरणोंसे मत नष्ट कर ॥ १ ॥

भावार्थ- हे सरस्वती ! जो तेरा विस्तृत और गर्जना करनेवाला, स्वयं वृष्टिरूपसे प्रवाहित होनेवाला, जिसमें विजुलीकी चमक होती है और जो इस विश्वका भूषण होता है, वह मेघ अपनी विजुलीसे हमारा नाश न करे, परंतु ऐसा भी न हो कि, आकाशमें बादल न आजांय, और सूर्यके तापसे हमारी सब खेती जल जावे। अर्थात् आकाशमें बादल आजांय, मेघ बरसे और खेती उत्तम हो जावे; परंतु मेघोंकी विद्युत्से किसीका नाश न होवे ॥ १ ॥

'सरस्वती' का दूसरा अर्थ (सरः) रसवाली है। अर्थात् जल देनेवाली। वह जल अथवा रस मेघोंमें रहता है और वह हमारे धान्यादिकी पुष्टी करता है। पूर्वसूक्तमें 'विद्या' अर्थ है और इसमें 'जल' अर्थ है।

राष्ट्रसभाकी अनुमति।

[१२ (१३)

(ऋषिः—शौनकः । देवता-सभा; १–२ सरस्वती; ३ इन्द्रः, ४ मन्त्रोक्ता)

सभा च मा समितिश्चावतां प्रजापतेर्दुहितरौ संविदाने ।
येना संगच्छा उप मा स शिक्षाचारु वदानि पितरः सङ्गतेषु॥१॥
विद्म ते सभे नाम नरिष्टा नाम वा असि ।
ये ते के च सभासदस्ते मे सन्तु सवाचसः ॥ २ ॥

अर्थ— (सभा च समितिः च) ग्रामसमिती और राष्ट्रसभा ये दोनों (प्रजापतेः दुहितरौ) प्रजाका पालन करनेवाले राजाके पुत्रीवत् पालने योग्य हैं और वे दोनों (संविदाने) परस्पर ऐकमत्य करती हुई (मा अवतां) मुझ राजाकी रक्षा करें। (येन संगच्छै) जिससे मैं मिलूं (सः मा उपशिक्षात्) वह मुझे शिक्षा देवे। हे (पितरः) रक्षको! (संगतेषु चारु वदानि) सभाओंमें मैं उत्तम रीतिसे बोलूंगा ॥ १ ॥

हे सभे! (ते नाम विद्म) तेरा नाम हमें विदित है। (नरिष्टा नाम वै असि) 'नरिष्टा' अर्थात् अहिंसक यह तेरा नाम वा यश है। (ये के च ते सभासदः) जो कोई तेरे सभासद हैं (ते मे सवाचसः सन्तु) वे मुझ राजासे समताका भाषण करनेवाले हों ॥ २ ॥

भावार्थ—ग्रामसमिति और राष्ट्रसभा राष्ट्रमें होनी चाहिये और राजाको उनका पुत्रीवत् पालन करना चाहिये। ये दोनों सभाएं एकमत से राष्ट्रका कार्य करें और प्रजारंजन करनेवाले राजाका पालन करें। राजा जिस सभासद् से राज्यशासनाविषयक संमति पूछे, वह सभासद् योग्य संमति राजाको देवे। राजा तथा अन्य सभासद सभाओंमें सभ्यतासे वादविवाद करें ॥ १ ॥

इन लोकसभाओंका नाम 'नरिष्टा' है, क्यों कि इनके होनेसे राजाका भी नाश नहीं होता और प्रजाका भी नाश नहीं होता है। इन सभाओंके जो सभासद हों, वे राजासे अपनी संमति निष्पक्षपातसे स्पष्ट शब्दों में कहें ॥ २ ॥

एषामहं समासीनानां वर्चो विज्ञानमा ददे।
अस्याः सर्वस्याः संसदो मामिन्द्र भगिनं कृणु ॥ ३ ॥
यद् वो मनः परागतं यद् बद्धमिह वेह वा।
तद् व आ वर्तयामसि मयि वो रमतां मनः ॥ ४ ॥

अर्थ- (एषां समासीनानां) इन बैठे हुए सभासदोंसे (विज्ञानं वर्चः अहं आददे) विशेष ज्ञानरूपी तेज मैं-राजा-स्वीकारता हूं। हे इन्द्र! (अस्याः सर्वस्याः संसदः) इस सब सभा का (मां भगिनं कृणु) मुझे भागी कर ॥ ३ ॥

हे सभासदो! (वः यत् मनः परागतं) आपका जो मन दूर गया है, (यत् वा इह वा इह वा बद्धं) जो इसमें अथवा इस विषयमें बंधा रहा है, (वः तत् आवर्तयामसि) आपके उस चित्तको मैं पुनः लौटा लेता हूं, अब आपका (मनः मयि रमतां) मन मेरे उपर रममाण होवे ॥ ४ ॥

भावार्थ- लोकसभाओंके सदस्योंसे राज्यशासनविषयक विशेष ज्ञान राजा प्राप्त करता है और तेजस्वी बनता है। अतः राजा ऐसे सभाओंसे राज्यशासनविषयक विज्ञानका भाग अवश्य प्राप्त करे और भाग्यवान् बने ॥ ३ ॥

लोकसभाका कार्य करनेके समय किसी सभासद्का मन इधर उधरके कार्यमें गया, तो उसको उचित है कि, मनको वापस लाकर राज्यशासनके कार्यमें ही लगा देवे। सब सभासद राजा और उसका राज्यशासन कार्य इसीमें अपना मन लगा देवें ॥ ४ ॥

राज्यशासनमें लोकसंमति।

ग्रामसभा।

राज्यशासन चलानेके लिये एक ग्रामसभा होनी चाहिये। ग्रामके लोगोंद्वारा चुने हुए सदस्य इस ग्रामसभा का कार्य करें। ग्राममें जो जो कार्य आरोग्य, न्याय, शिक्षा, धर्मरक्षा, उद्योगवृद्धि आदिके विषयमें होंगे, उनको निभाना इस ग्रामसभाका कार्य है। यह ग्राम-सभा अपने कार्य करनेके लिये पूर्ण स्वतंत्र होगी, इसका अर्थ यह है कि, प्रत्येक ग्राम अथवा नगर पूर्ण स्वराज्यके अधिकारोंसे युक्त होगा।

जिस प्रकार प्रत्येक मनुष्य अपनी उन्नतिका कार्य करनेके लिये स्वतंत्र होता है, परंतु सार्वजनिक सर्वहितकारी कार्य करनेके लिये परतंत्र होता है; ठीक उसी प्रकार प्रत्येक ग्राम या नगर अपनी सर्व प्रकारसे उन्नति साधन करनेके लिये पूर्ण स्वतंत्र है, परंतु सार्वदेशिक अथवा सार्वराष्ट्रीय उन्नतिके कार्योंके लिये प्रत्येक ग्राम राष्ट्रीय नियमोंसे बंधा रहेगा ।

राष्ट्रसभा ।

जैसी प्रत्येक ग्रामके लिये ग्रामसभा, नगरके लिये नगरसभा होती है, उसी प्रकार प्रांतके लिये प्रांतसभा और राष्ट्रके लिये " राष्ट्रीय महासभा " होती है और यह सब राष्ट्रका शासन करती है । ग्रामसभाका अधिकार ग्रामपर और राष्ट्रसभाका राष्ट्रपर होता है । येही दो सभाएं इस सूक्तमें कही हैं । ग्रामसभा और राष्ट्रीय महासमिति इन दोनोंका वर्णन होनेसे बीचकी नगरसभा और प्रांतसभा आदि सब सभाओंका वर्णन होचुका है, ऐसा समझना योग्य है । आदि और अन्तका ग्रहण करनेसे सब बीचमें स्थित अवस्थाओंका ग्रहण होजाता है । इस सार्वत्रिक नियमके अनुसार इन मंत्रोंमें ग्रामसभा और राष्ट्रसभाका वर्णन होनेसे बीचकी सब उपसभाओंका वर्णन हुआ है, ऐसा पाठक समझें ।

जनसभाका अधिकार ।

इन प्रजासभाओंका अधिकार क्या है, यह एक विचारणीय प्रश्न है; इसका उत्तर इन मंत्रोंका विचार करनेसे ही मिल सकता है । प्रथम मंत्रमें कहा है कि–

सभा च समितिः च प्रजापतेः दुहितरौ ॥ (मं० १)

" ग्रामसभा और राष्ट्रीय महासभा ये दोनों प्रजाका पालन करनेवाले राजाकी दो पुत्रियाँ हैं । " अर्थात् इन दोनों सभाओंका पिता राजा है और उसकी दो लड़कियां ये सभाएं हैं । यही उत्तर इनका अधिकार निश्चित करनेके लिये पर्याप्त है ।

पिता पुत्रीका जनक है, परंतु उसका भोग करनेवाला नहीं । पुत्री पिताके अधिकारके नीचे हमेशा नहीं रहेगी, पुत्रीपर अधिकार किसी और का होगा, पिताका नहीं । इसी प्रकार राजाकी आज्ञासे राष्ट्रसभा और ग्रामसभा स्थापित होती है, राजाकी अनुमतिसे इन सभाओंके सदस्य चुनने और सभाओंके चलानेके नियम बनते हैं, इसलिये राजाही इन सभाओंका पिता, जनक अथवा उत्पादक होता है । तथापि उत्पत्ति और रक्षा

करनेकाही अधिकारी राजा है, वह उन सभाओंपर पतिके समान शासन नहीं चला सकता। राजा इन सभाओंका पिता या जनक है, परंतु पति अथवा शासक नहीं। लोकसभा राजाकी भोग्य नहीं। राजाके अधिकारसे भिन्न लोकसभाका अधिकार स्वतंत्र है, इसी उद्देश्यसे उक्त मंत्रमें कहा है कि—

सभा च समितिः च प्रजापतेः दुहितरौ। (मं० १)

"ये दोनों सभाएं प्रजापालक राजाकी दुहिताएं हैं।" यहां दुहिता शब्द विशेष महत्त्वका है। श्रीमान् यास्काचार्यने इस शब्दकी व्युत्पत्ति इस प्रकार दी है।—

दुहिता दूरे हिता। (निरु० ३। १। ४)

"जो दूर रहनेपर हितकारक होती है वही दुहिता है।" धर्मपत्नी पास रखने योग्य है, दुहिता या पुत्री दूर रखनेयोग्य है। इस व्युत्पत्तिसे स्पष्ट होजाता है, यह लोकसभा राजाकी दुहिता होनेके कारण ही उसके अधिकारसे बाहर रहनी चाहिये। अर्थात् ये दोनों सभाएं स्वतंत्र हैं। राजाके नियंत्रणसे ये दोनों सभाएं बाहर हैं। यह लोकसभाका अधिकार है। लोकसभाके सभासद पूर्ण निर्भय हैं, सत्यमत प्रदर्शन करनेके लिये उनको राजासे भयभीत होना नही चाहिये। पूर्ण निडर होकर जो सत्य होगा, वह उनको कहना योग्य है।

ये सभाएं (संविदाना-ऐक्यमत्यं प्राप्ता) एकमतसे ही सब राष्ट्रका शासन-व्यवहार करें। सब सदस्योंका एकमत न हो सकनेकी अवस्थामें बहुमत से कार्य करना योग्य है। परंतु बहुमतसे कार्य करना आपत्कालही समझना चाहिये, क्योंकि वेदकी आज्ञा तो (संविदाना) एकमतसे अर्थात् सर्वसंमतिसेही कार्य करनेकी है। लोक-सभामें सब सदस्योंकी सर्वसंमति से जो निर्णय होगा, वह राजाके लिये भी बंधन-कारक होगा। इतना महत्त्व लोकसभाकी सर्वसंमतिका है। तथा यह निर्णय प्रजाके लिये भी बंधनकारक होगा।

राजाके पितर।

राष्ट्रसमितिके सभासद ये राजाके पितर हैं। इस सूक्तमें राजाने उनको, 'पितरः' करके ही संबोधन किया है देखिये—

चारु वदानि पितरः संगतेषु। (मं० १)

"हे पितरो! अर्थात् हे राष्ट्रमहासभाके सब सदस्यो! सभाओंमें मैं योग्य भाषण करूंगा।" अर्थात् सभ्यतासे युक्त भाषण करूंगा। कभी नियमबाह्य मेरा भाषण न होगा। हे सभासदो! सब सदस्य भी सदा इसी प्रकार सभ्यताके नियमोंके अनुकूल

करेगी, वह मैं मानूंगा और वैसा कार्य करूंगा । मैं उसके विरुद्ध आचरण कदापि न करूंगा । इस प्रकार जो राजा आचरण करेगा, वह भाग्यवान् बन जायगा, इसमें कोई संदेह नहीं है । अर्थात् राजाका भाग्य प्रजाका रंजन करनेसे ही बढता है, नहीं तो नहीं; यह बात यहां सिद्ध होगई है ।

दत्तचित्त सभासद ।

राष्ट्रसभाके, नगरसमितिके अथवा किसी सभाके सभासद अपनी अपनी सभाके कार्यमें दत्तचित्त रहें । किसीका मन इधर किसीका उधर ऐसा न हो । सब अपना मन सभाके कार्यमें स्थिर रखकर सभाका कार्य अपनी पूर्ण शक्ति लगाकर जहांतक हो सके वहांतक निर्दोष बनावें । इसका उपदेश इस सूक्तमें निम्नलिखित प्रकार है ।–

यद् वो मनः परागतं यद् बद्धमिह वेह वा ।—
तद् आवर्तयामसि ॥ (मं० ४)

“हे सभासदो ! यदि आपका मन दूर भागगया हो, अथवा यहां ही इधर उधरके अन्यान्य बातोंमें लगा हो, उसको मैं वापस लाता हूं ।” अर्थात् मन चंचल है, वह इधर उधर दौडता ही रहेगा । परंतु दृढनिश्चय करके उसको कर्तव्यकर्ममें स्थिर रखना चाहिये । और अपनी संपूर्ण शक्ति लगा कर अपना कर्तव्य जहांतक हो सके वहांतक निर्दोष बनाने का यत्न करना चाहिये । हरएक सभासद यदि अपने मनको कहीं और ही कार्यमें लगावेगा, तो सभा करनेका प्रयोजन कदापि सिद्ध नहीं हो सकता । इस लिये हरएक सभासदका कर्तव्य है कि, वह अपना मन सभाके कार्यमें लगावे और अपनी पूरी शक्ति लगाकर सभाका कार्य निर्दोष करनेके लिये अपनी पराकाष्ठा करे । इस मंत्रभागमें सभासदोंका कर्तव्य कहा है । सभाके सभासद इसका अवश्य विचार करें ।

नरिष्टा सभा ।

इस सूक्तके द्वितीय मंत्रमें सभाका नाम ‘नरिष्टा’ कहा है । ‘नरिष्टा’ के दो अर्थ हैं । एक (नरैः इष्टा) नर अर्थात् नेता मनुष्योंको जो इष्ट है, प्रिय है अथवा नेता जिसको चाहते हैं । सभाको मनुष्य चाहते हैं क्यों कि, इस सभाद्वाराही जनताके कष्ट राजाको विदित हो जाते हैं और तत्पश्चात् राजा उनको दूर कर सकता है । इस प्रकार सभाके होनेसे जनताका सुख बढ सकता है, इस लिये जनता सभाओंको पसंद करती है !

‘नरिष्टा’ शब्दका दूसरा अर्थ है (न-रिष्टा) अहिंसक अर्थात् जो किसीका नाश

नहीं करती और जिसका नाश कोई नहीं कर सकता। सभाके कारण प्रजाका नाश नहीं होता और जनमतके अनुसार चलनेवाले राजाकी भी रक्षा होजाती है, इसलिये राजाका भी नाश नहीं होता। इसी प्रकार जनता स्वयं राष्ट्रसभाका नाश नहीं करना चाहती और राजाका अधिकार ही नहीं है कि, जो इस राष्ट्रसभाका नाश कर सके। इस रीतिसे सब प्रकार यह सभा 'अविनाशक' है।

इस सूक्तमें इस प्रकार वैदिक राज्यशासनके कुछ सिद्धांत कहे हैं। इनका पाठक उचित मनन करें।

शत्रुके तेजका नाश।

[१२ (१४)]

(ऋषिः-अथर्वा द्विषोवर्चोहर्तुकामः। देवता-सोमः)

यथा सूर्यो नक्षत्राणामुद्यंस्तेजांस्याददे।
एवा स्त्रीणां च पुंसां च द्विषतां वर्च आ ददे ॥ १ ॥
यावन्तो मा सपत्नानामायन्तं प्रतिपश्यथ।
उद्यन्त्सूर्य इव सुप्तानां द्विषतां वर्च आ ददे ॥ २ ॥

॥ इति प्रथमोऽनुवाकः ॥

अर्थ—(यथा उद्यन् सूर्यः) जैसा उदय होता हुआ सूर्य (नक्षत्राणां तेजांसि आददे) तारोंके प्रकाशोंको लेता है. (एवा द्विषतां स्त्रीणां च पुंसां च) उसी प्रकार द्वेष करेनेवाले स्त्रियों और पुरुषोंका (वर्चः आददे) तेज मैं लेता हूं ॥ १ ॥

(सपत्नानां यावन्तः) शत्रुओंमें से जितने (मां आयन्तं प्रतिपश्यत) मुझे आते हुए देखते हैं. उन (सुप्तानां द्विषतां वर्चः आददे) सोते हुए शत्रुओंका तेज खींच लेता हूं। (सूर्यः इव) जैसा सूर्य लेता है ॥ २ ॥

भावार्थ— शत्रु स्त्री हो अथवा पुरुष हो, वह सोता हो अथवा जागता हो, जो कोई शत्रुता करता है उसका तेज कम करना चाहिये, अर्थात् उस से अपना तेज बढाना चाहिये ॥ १—२ ॥

शत्रुका तेज घटाना।

इस सूक्तमें शत्रुका तेज घटानेका उपाय कहा है। पाठक इसका उत्तम मनन करें। नक्षत्र और सूर्य की उपमासे यह विषय कहा है। जिस प्रकार सूर्य उदय होनेके पूर्व नक्षत्र चमकते रहते हैं, परंतु सूर्यका उदय होते ही नक्षत्रोंका तेज हलका हो जाता है। इसमें नक्षत्रोंका तेज घटानेके लिये सूर्य कोई यत्न नहीं करता है, परंतु सूर्य अपना तेज बढाता है जिससे आपही आप नक्षत्रोंका तेज घटता है। इसी प्रकार द्वेष करनेवालोंका विचार न करते हुए, अपना तेज बढानेका यत्न करना चाहिये। जो शत्रुके तेजको घटानेका यत्न करेंगे वे फंसेंगे, परंतु जो सूर्यके समान अपना तेज बढानेका यत्न करेंगे उनका अभ्युदय होगा। शत्रुका विचार करनेके समय 'सूर्य और नक्षत्रोंका दृष्टान्त' पाठक ध्यानमें धारण करें। इससे पाठकोंको पता लग जायगा कि, शत्रुका तेज घटानेके लिये हमें क्या करना चाहिये। शत्रुकी शक्तिसे कई गुणा अधिक शक्ति हमें प्राप्त करनी चाहिये, जिससे शत्रुकी शक्ति स्वयं घट जायगी और वह स्वयं नीचे दब जायगा।

उपासना।

[१४ (१५)]

(ऋषिः- अथर्वा। देवता- सविता।)

अभि त्यं देवं सवितारमोण्योः कविक्रतुम्।
अर्चामि सत्यसवं रत्नधामभि प्रियं मतिम्॥ १॥

अर्थ- (ओण्योः सवितारं) रक्षा करनेवाले द्युलोक और पृथ्वी लोकके (सवितारं) उत्पादक सूर्य, जो (कवि-क्रतुं) ज्ञानी और कर्मकर्ता है, (सत्य-सवं रत्नधां) सत्यका प्रेरक और रमणीयताका धारक है और जो (प्रियं मतिं) प्रिय और मननीय है, (त्यं देवं अभि अर्चामि) उस देवकी मैं पूजा करता हूं॥ १॥

भावार्थ-संपूर्ण जगत्की रक्षा करनेवाला, सबका उत्पादक, ज्ञानी, जगत्कर्ता, सत्यका प्रेरक, रमणीय पदार्थोंका धारणकर्ता, सबका प्यारा, सबके द्वारा ध्यान करने योग्य जो सविता देव है, उसकी मैं उपासना करता हूं॥ १॥

ऊर्ध्वा यस्यामतिर्भा अदिद्युतत् सवीमनि।
हिरण्यपाणिरमिमीत सुक्रतुः कृपात् स्वः ॥ २ ॥
सावीर्हि देव प्रथमाय पित्रे वर्ष्माणमस्मै वरिमाणमस्मै।
अथास्मभ्यं सवितर्वार्याणि दिवोदिव आ सुवा भूरि पश्वः ॥ ३ ॥
दमूना देवः सविता वरेण्यो दधद् रत्नं दक्षं पितृभ्य आयूंषि।
पिबात् सोमं ममददेनमिष्टे परिज्मा चित् क्रमते अस्य धर्मणि ॥ ४ ॥

अर्थ- (यस्य अमतिः भाः) जिसका अपरिमित तेज (सवीमनि ऊर्ध्वा अदिद्युतत) उसकी आज्ञामें रहकर ऊपर फैलता हुआ सर्वत्र प्रकाशित होता है। यह (सुक्रतुः हिरण्यपाणिः) उत्तम कर्म करनेवाला तेजही जिसका हस्त है, ऐसा यह देव (कृपात् स्वः अमिमीत) अपनी शक्तिसे प्रकाशको निर्माण करता है ॥ २ ॥

हे देव! तू (प्रथमाय पित्रे हि सावीः) पहिले पालकके लियेही इसको उत्पन्न करता है। और (अस्मै वर्ष्माणं) इसको देह। (अस्मै वरिमाणं) इसको श्रेष्ठता, हे (सवितः) सविता देव! (अथ अस्मभ्यं वार्याणि) हमारे लिये बहुत वरणीय पदार्थ, (भूरि पश्वः) बहुत पशु आदि सब (दिवः दिवः आसुव) प्रतिदिन प्रदान कर ॥ ३ ॥

हे देव! तू (सविता वरेण्यः) सबका प्रेरक, श्रेष्ठ, और (दमूनाः) शमदमयुक्त मनवाला है। तू (पितृभ्यः रत्नं दक्षं आयूंषि) पिताओंको रत्न, बल और आयु (दधत्) धारण करता रहा है। (अस्य धर्मणि सोमं पिबात्) इसीके धर्मशासनमें सोमरसरूपी अन्न लेते हैं। वह (एनं ममदत्) इसको आनंदित करता है। (परिज्मा इष्टे चित् क्रमते) वह गतिमान् इष्ट स्थानके प्रति संचार करता है ॥ ४ ॥

भावार्थ-जिसकी कान्ति अपरिमित है,जिसकी आज्ञामें रहकर उसीका तेज सर्वत्र फैलता है, जो उत्तम कार्य करता है और तेजके किरणही जिसके हाथ हैं, वह अपनी शक्तिसे आत्मतेज फैलाता है ॥ २ ॥

इस देवने जो प्रारंभमें मनुष्य जन्मे थे, उनके लिये सब कुछ आवश्यक पदार्थ उत्पन्न किये थे। इन मनुष्योंके लिये देह, श्रेष्ठता, आदि वही देता है। वही हमारे लिये बहुत पदार्थ, पशु आदि सब प्रतिदिन देगा ॥ ३ ॥

यह देव सबका प्रेरक, सबसे श्रेष्ठ, मानसिक शक्तियोंका दमन करनेवाला है। इसीने पूर्वकालके मनुष्योंको धन बल और आयु दी थी। इसीकी शक्तिसे प्रभावित हुई वनस्पतियां मनुष्यादि प्राणियोंको अन्नरस देकर पुष्टि करती हैं। इसीसे सबको आनंद मिलता है। यह देव सर्वत्र अप्रतिबद्ध रीतिसे संचार करता है ॥ ४ ॥

उपास्य देवका यह वर्णन स्पष्ट है। अतः इसका विशेष स्पष्टीकरण आवश्यक नहीं है। द्विजोंके गायत्री मंत्रकी जो देवता है, वही 'सविता' देवता इसकी है और गायत्री मंत्रके " देव, सविता, वरेण्य, " इत्यादि शब्द जैसेके वैसे ही इस सूक्तमें हैं, मानो गायत्री मंत्र का ही अधिक स्पष्टीकरण इस सूक्तमें है। यदि पाठक गायत्रीमंत्रके साथ इस सूक्तकी तुलना करके देखेंगे, तो उनको अर्थज्ञान के विषयमें बहुत लाभ हो सकता है।

[१५ (१६)]

(ऋषिः- भृगुः । देवता-सविता)

तां सवितः सत्यसवां सुचित्रामाहं वृणे सुमतिं विश्ववाराम् ।
यामस्य कण्वो अदुहत् प्रपीनां सहस्रधारां महिषो भगाय ॥ १ ॥

अर्थ—हे (सवितः) उत्पादक प्रभो ! (अहं सत्यसवां) मैं सत्यकी प्रेरणा करनेवाली, (सुचित्रां विश्ववारां तां सुमतिं) विलक्षण, सबकी रक्षा करनेवाली उस उत्तम बुद्धिको (आवृणे) स्वीकारता हूं, (यां सहस्रधारां प्रपीनां) जिस सहस्रधाराओंसे पुष्ट करनेवाली शक्तिको (अस्य भगाय) अपने भाग्यके लिये (महिषः कण्वः अदुहत्) बलवान् ज्ञानी दोहन करता है, प्राप्त करता है ॥ १ ॥

भावार्थ—जिस शक्तिको ज्ञानी लोग प्राप्त करते हैं और श्रेष्ठ बनते हैं, उस सत्यप्रेरक, विलक्षण शक्तिवाली, सबकी रक्षा करनेवाली, उत्तम मति रूप बुद्धि शक्तिको मैं स्वीकारता हूं ॥ १ ॥

गायत्री मंत्रमें कहा है कि, (धियो यो नः प्रचोदयात्) अपनी बुद्धियोंको सवितादेव चेतना देता है। वही वर्णन अन्य शब्दोंसे यहां है। गायत्रीमंत्रमें 'धी, धियः' शब्द है, उसके बदले यहां 'सुमति' शब्द है। पूर्व सूक्तके समान ही यह मंत्र गायत्री मंत्र का ही आशय विशेष स्पष्ट करता है।

सौभाग्य के लिये बढाओ।

[१६ (१७)]

(ऋषिः-भृगुः । देवता-सविता)

बृहस्पते सवितर्वर्धयैनं ज्योतयैनं महते सौभगाय ।
संशितं चित् संतरं सं शिशाधि विश्व एनमनु मदन्तु देवाः ॥१॥

अर्थ—हे (बृहस्पते सवितः) ज्ञानपते, हे उत्पादक देव ! (एनं वर्धय) इसको बढा, (एनं महते सौभगाय ज्योतय) इसको बडे सौभाग्यके लिये प्रकाशित कर। (संशितं सं-तरं चित् संशिशाधि) पहिले ही तीक्ष्ण बुद्धिवालेको अधिक उत्तम बनानेके लिये शिक्षासे युक्त कर। (विश्वे देवाः एनं अनु मदन्तु) सब देवतालोग इसका अनुमोदन करें ॥ १ ॥

भावार्थ— हे ज्ञानी देव ! हम सब मनुष्योंको बढाओ, हमें बडा ऐश्वर्य प्राप्त होनेके लिये तुम्हारा प्रकाश अर्पण करो। हममें जो पहिले से तेजस्वी लोग हैं, उनको अधिक तेजस्वी बनानेके लिये उत्तम शिक्षा प्राप्त होवे और दैवी शक्तियोंकी सहायता सबको प्राप्त होवे ॥ १ ॥

❁ ❁ ❁

पृथ्वी, आप, तेज, वायु, सूर्य वनस्पति आदि देवताओंकी सहायता हमें उत्तम प्रकार प्राप्त हो और उनकी शक्ति प्राप्त करके हम अपनी उन्नतिका साधन करेंगे और ऐश्वर्य के भागी हम बनेंगे। ईश्वर ऐसी परिस्थितिमें हमें रखे कि, जहां हमें उन्नति करनेके कार्यमें किसीका विरोध न होवे और हम अखंड उन्नतिका साधन कर सकें।

धन और सद्बुद्धिकी प्रार्थना।

[१७ (१८)]

(ऋषिः—भृगुः। देवता-धाता, सविता)

धाता दधातु नो रयिमीशानो जगतस्पतिः।
स नः पूर्णेन यच्छतु ॥ १ ॥

धाता दधातु दाशुषे प्राचीं जीवातुमक्षिताम्।
वयं देवस्य धीमहि सुमतिं विश्वराधसः ॥ २ ॥

धाता विश्वा वार्या दधातु प्रजाकामाय दाशुषे दुरोणे।
तस्मै देवा अमृतं सं व्ययन्तु विश्वे देवा अदितिः सजोषाः ॥ ३ ॥

अर्थ- (धाता जगतः पतिः ईशानः) धारणकर्ता, जगत् का स्वामी, ईश्वर (नः रयिं दधातु) हमें धन देवे। (सः नः पूर्णेन यच्छतु) वह हमें पूर्ण रीतिसे देवे ॥ १ ॥

(धाता दाशुषे) धारणकर्ता ईश्वर दाताके लिये (प्राचीं अक्षितां जीवातुं दधातु) प्राप्त करनेयोग्य अक्षय जीवनशक्ति देवे। (वयं विश्वराधसः देवस्य सुमतिं) हम संपूर्ण धनोंके स्वामी ईश्वरकी सुमतिका (धीमहि) ध्यान करते हैं ॥ २ ॥

(धाता प्रजाकामाय दाशुषे) धारक ईश्वर प्रजाकी इच्छा करनेवाले दाता के लिये (दुरोणे विश्वा वार्या) उसके घरमें संपूर्ण वरणीय पदार्थोंको (दधातु) धारण करे। (विश्वे देवाः) सब देव, (सजोषाः अदितिः) प्रीतियुक्त अनंत दैवी शक्ति, तथा (देवाः) अन्य ज्ञानी (तस्मै अमृतं सं व्ययन्तु) उसके लिये अमृत प्रदान करें ॥ ३ ॥

भावार्थ—जगत् का धारण और पालन करनेवाला ईश्वर हमें पूर्ण रीतिसे विपुल धन देवे। वह हमें दीर्घ जीवनकी शक्ति देवे। हम उसकी सुमतिका ध्यान करते हैं। संतानकी इच्छा करनेवाले दाताको उसके घरमें-गृहस्थ के घरमें-रहने योग्य सब पदार्थ प्राप्त हों। सब देव दाताको

धाता रातिः सवितेदं जुषन्तां प्रजापतिर्निधिपतिर्नो अग्निः।
त्वष्टा विष्णुः प्रजया संरराणो यजमानाय द्रविणं दधातु ॥ ४ ॥

अर्थ-(धाता रातिः सविता) धारक, दाता, उत्पादक, (निधिपतिः प्रजापतिः अग्निः) निधिका पालक, प्रजारक्षक, प्रकाशरूप देव (नः इदं जुषन्तां) हमें यह देवे। तथा (प्रजया संरराणः त्वष्टा विष्णुः) प्रजाके साथ आनंदमें रहनेवाला सूक्ष्म पदार्थोंको बनानेवाला व्यापक देव (यजमानाय द्रविणं दधातु) यज्ञकर्ताको धन देवे ॥ ४ ॥

अमरत्वकी प्राप्ति करावें। सब जगत्‌का धारक, धनदाता, संपूर्ण विश्व का उत्पादक, संसाररूपी खजानेका रक्षक, सबका पालक, एक प्रकाश स्वरूप देव है, वह हमें सब प्रकारका सुख देवे। सब सूक्ष्मसे सूक्ष्म पदार्थोंका निर्माता, व्यापक देव उपासक को धनादि पदार्थ देवे ॥ १-४ ॥

यह प्रार्थना सुबोध है अतः स्पष्टीकरण करनेकी आवश्यकता नहीं है।

खेतीसे अन्न।

[१८ (१९)]

(ऋषिः— अथर्वा। देवता-पृथिवी, पर्जन्यः)

प्र नभस्व पृथिवि भिन्द्धी३दं दिव्यं नभः।
उद्नो दिव्यस्य नो धातरीशानो वि ष्या दृतिम् ॥ १ ॥
न घ्रंस्तताप न हिमो जघान प्र नभतां पृथिवी जीरदानुः।
आपश्चिदस्मै घृतमित् क्षरन्ति यत्र सोमः सदमित् तत्र भद्रम् ॥ २ ॥

अर्थ-हे पृथिवि! तू (प्रनभस्व) उत्तम प्रकार चूर्ण हो। हे (धातः) धारक देव! तू (ईशानः) हमारा ईश्वर है इस लिये (इदं दिव्यं नभः भिन्धि) इस दिव्य मेघको छिन्नभिन्न कर और (दिव्यस्य उन्द्‌नः दृतिं विष्य) दिव्य जलके भरे बर्तन को खोल दे ॥ १ ॥

(घ्रन् न तताप) उष्णता करनेवाला सूर्य नहीं तपाता, (हिमः न

अन्विदनुमते त्वं मंससे शं च नस्कृधि ।
जुषस्व हव्यमाहुतं प्रजां देवि ररास्व नः ॥ २ ॥
अनु मन्यतामनुमन्यमानः प्रजावन्तं रयिमक्षीयमाणम् ।
तस्य वयं हेडसि मापि भूम सुमृडीके अस्य सुमतौ स्याम ॥३ ॥
यत् ते नाम सुहवं सुप्रणीतेऽनुमते अनुमतं सुदानु ।
तेना नो यज्ञं पिपृहि विश्ववारे रयिं नो धेहि सुभगे सुवीरम् ॥४॥

अर्थ- हे (अनुमते) अनुकूल बुद्धी ! (त्वं इदं अनुमंससे) तू इस कार्यके लिये अनुमति देती है। (नः च शं कृधि) हमारा कल्याण कर। (आहुतं हव्यं जुषस्व) हवन किये हुए पदार्थका स्वीकार कर। हे देवि ! (नः प्रजां ररास्व) हमें उत्तम संतान दे ॥ २ ॥

(अनुमन्यमानः) अनुमोदन करनेवाला (अक्षीयमाणं प्रजावन्तं धनं अनुमन्यतां) क्षीण न होनेवाले प्रजायुक्त धन प्राप्त करनेके लिये अनुमति देवे। (तस्य हेडसि वयं मा अपि भूम) उसके क्रोधमें हम क्षीण न हों। (अस्य सुमृडीके सुमतौ स्याम) इसकी सुखकृति और सुमति में हम रहें ॥ ३ ॥

हे (सु-प्र-नीते अनुमते) उत्तम प्रकार नीति रखनेवाली अनुमति! हे (विश्ववारे) सबको स्वीकारने योग्य ! (यत् ते सुदानु सुहवं अनुमतं नाम) जो तेरा उत्तम दानशील, उत्तम त्यागमय, अनुमतियुक्त यश है, (तेन नः यज्ञं पिपृहि) उससे हमारे सत्कर्मको पूर्ण कर। हे (सुभगे) सौभाग्यवाली ! (नः सुवीरं रयिं धेहि) उत्तम वीरोंसे युक्त धन हमें दे ॥ ४ ॥

भावार्थ- अनुकूल मति होनेसे ही यह सब कार्य होना है, इस लिये हमारी अनुमतिसे ऐसे कार्य होवें, कि जो हमारा कल्याण करने वाले हों। हम जो दान करते हैं वह सत्कर्ममें लगे और हमें उत्तम संतान प्राप्त होवे ॥ २ ॥ क्षीण न होनेवाला धन और उत्तम प्रजा प्राप्त होनेके लिये जैसा सत्कर्म करना चाहिये वैसा करने में हमारी मति अनुकूल होवे। अर्थात् सच्चा उत्तम सुख देनेवाली सुमति हमारे पास होवे ! और हम कभी क्रोधमें आकर सुमतिके विरुद्ध कार्य न करें ॥ ३ ॥ उत्तम नीति और सुमतिका यश बड़ा है और उस में दान, त्याग, आदि श्रेष्ठ गुण हैं। इन गुणोंसे युक्त हमारे सत्कर्म हों और हमें वीरोंसे युक्त धन मिले ॥ ४ ॥

एमं यज्ञमनुमतिर्जगाम सुक्षेत्रतायै सुवीरतायै सुजातम् ।
भद्रा ह्यस्याः प्रमतिर्बभूव सेमं यज्ञमवतु देवगोपा ॥ ५ ॥
अनुमतिः सर्वमिदं बभूव यत् तिष्ठति चरति यदु च विश्वमेजति ।
तस्यास्ते देवि सुमतौ स्यामानुमते अनु हि मंससे नः ॥ ६ ॥

अर्थ-(इमं सुजातं यज्ञं) इस प्रसिद्ध सत्कर्मके प्रति(अनुमतिः सुक्षेत्रतायै सुवीरतायै आजगाम) अनुमति उत्तम स्थान बनाने के लिये और उत्तम वीरता उत्पन्न होनेके लिये आगई है। (अस्याः प्रमतिः भद्रा बभूव) इसकी श्रेष्ठ बुद्धि कल्याण करनेवाली बनी है। (सा देवगोपा इमं यज्ञं आ अवतु) वह देवोंद्वारा रक्षित हुई सुमति सब प्रकारसे इस सत्कर्मकी रक्षा करे ॥ ५ ॥

(यत् तिष्ठति) जो स्थिर है, (यत् चरति) जो चलता है, (यत् च विश्वं एजति) जो सबको चला रहा है, (इदं सर्वं अनुमतिः बभूव) वह यह सब अनुमति ही बनती है। हे देवि! (तस्याः ते सुमतौ स्याम)उस तेरी सुमतिमें हम रहेंगे। हे अनुमति! (नः हि अनुमंससे) हमें तू अनुमति देती रह ॥ ६ ॥

भावार्थ-सुप्रसिद्ध सत्कर्म के लिये हमारी अनुकूलमति होवे, और उससे हमें उत्तम वीरत्व और उत्तम कार्यक्षेत्र प्राप्त हों। ऐसी जो सद्बुद्धि होती है वही कल्याण करती है। यह देवोंसे रक्षित होनेवाली बुद्धि हमारे चलाये सत्कर्म की रक्षा करे ॥ ५ ॥

जो स्थिर और चर पदार्थ हैं और जो उनकी चालक शक्ति है, यह सब अनुमतिसेही बने हैं। यह अनुमति हमें अनुकूल रहे अर्थात हमसे प्रतिकूल वर्ताव न करावे और हमें सदा सत्कर्म करने की ही प्रेरणा करती रहे ॥ ६ ॥

अनुमतिकी शक्ति।

'अनुकूल बुद्धि' को ही 'अनुमति' कहते है. जगत्में जो कुछ भी बन रहा है वह अनुकूल मतिसे ही बन रहा है। चोर चोरी करता है वह अपनी अनुमतिसे करता है, योगी योगाभ्यास करता है वह अपनी अनुमतिसे ही करता है और देशभक्त स्वराज्य-

युद्धमें संमिलित होकर अपना सिर कटवाता है वह भी अपनी अनुमतिसेही कटवाता है। तात्पर्य यह कि, जो जो मनुष्य जो कुछ कार्य,बुरा या भला, हितकारी या अहितकारी, देशोद्धारक या देशघातक, करता है वह सब अपनी अनुमतिसे ही निश्चित करके करता है। इस लिये इस सूक्तमें कहा है-

यत् तिष्ठति, चरति, यत् उ च विश्वमेजति,
इदं सर्वं अनुमतिः बभूव ॥ (मं० ६)

" जो स्थिर है, जो चंचल है, और जो सबको चलाता है, वह सब अनुमतिसे ही हुआ है। " यह मंत्र छोटे कार्यसे बडे विश्वव्यापक कार्यतक व्यापनेवाला तत्त्व कहरहा है। जो स्थिर जगत्की व्यवस्था है, जो चर जगत्का प्रबंध है और जो इस सब स्थिरचर जगत्को चलाना है वह सब विश्वका कार्य परमेश्वर अपनी अनुमतिसे करता है। यह संपूर्ण जगत् जो चल रहा है वह परमेश्वरकी अनुमतिसे ही चल रहा है। यहां तक अनुमतिकी शक्ति है यह पाठक अनुभव करें। इसी प्रकार मनुष्य भी जो अनुकूल या प्रतिकूल कार्य करते हैं वह सब उनकी अपनी निज अनुमतिसेही करते है। मनुष्य बचपनसे मरनेतक जो करता है वह सबका सब अपनी अनुमतिसेही करता है, इतना अनुमतिका साम्राज्य सब जगत्में चल रहा है। इसीलिये अपनी अनुमति अच्छे कार्योंके लिये ही होवे और बुरे कार्योंके लिये न होवे, ऐसी दक्षता धारण करना अत्यंत आवश्यक है। यह सूचना निम्नलिखित मंत्रभाग देते हैं-

देवेषु यज्ञं अनुमन्यताम्। (मं० १)
अनुमते ! त्वं अनुमंससे, नः शं कृधि। (मं० २)
वयं तस्य हेडसि मा अपि भूम। (मं० ३)
सुमृडीके सुमतौ स्याम। (मं० ३)
सुदानु सुहवं अनुमतं नाम। (मं० ४)
सुवीरं रयिं धेहि। (मं० ४)
सुमतौ स्याम। (मं० ६)

"देवोंमें चलनेवाले सत्कर्म के लिये अनुमति हो जावे, अर्थात् राक्षसोंके चलाये घातक कार्यके लिये कदापि अनुमति न होवे॥ अनुमतिसे ही सब कार्य होते हैं, इस लिये ऐसे कार्योंके लिये अनुमति होवे कि, जिससे कल्याण हो॥ हम कभी क्रोधके लिये अपनी अनुमति न करें, किसीके क्रोधके लिये हम अनुकूल न हों॥ सबका सुख बढानेके कार्योंमें और उत्तम बुद्धिके कार्योंमें हमारी अनुकूलमति हो, अर्थात् दुःख

बढानेवाले किसी कार्यके लिये हम अपनी अनुमति न दें ॥ जिसमें दान होता है और त्याग होता है, परोपकार जिसमें है ऐसे कार्योंके लिये जो अनुमति होती है, वही यश बढानेवाली होती है। अर्थात् जिसमें परोपकार नहीं, किसीका भला नहीं, बुराही बुरा है वैसे कार्योंको अनुमति देनेसे अकीर्तीही होती है ॥ सदा अनुमति ऐसे ही कार्योंके लिये रखना चाहिये कि, जो वीरतायुक्त धन बढानेवाले हों। भीरुता और नीचतासे, धन कमानेके कार्योंके लिये कभी कोई अपनी अनुमति न दें ॥ सारांश यह है कि, सुमति के लिये हमारी अनुमति होवे, और दुर्मतिके लिये कदापि अनुमति न होवे ॥"

इस सूक्तमें जो विशेष महत्त्वके उपदेश हैं वे ये हैं। अनुमतिकी शक्ति बडी है, इसलिये उस अनुमतिको अच्छे कार्योंमें ही लगाना योग्य है, अन्यथा हानि होगी। इस विषयमें सबसे पहिली आज्ञा यह है—

नः अनुमतिः देवेषु यज्ञं अद्य अनुमन्यताम् ॥ (मं० १)

" हमारी अनुमति देवोंमें चलाये जानेवाले सत्कर्मके लिये आजही अनुमोदन देवे।" यहां कलका वायदा नहीं, शुभकर्म आजही करना चाहिये, कलके लिये नहीं रखना चाहिये। जो सत्कर्म करना होगा वह आज ही शुरू कीजिये। सत्कर्मका लक्षण यह है कि (देवेषु यज्ञं) देवोंमें जो यज्ञ जैसा होता है, वह वैसा करनेके लिये अपनी अनुमति रखना चाहिये। देव कौनसा यज्ञ कर रहे हैं यह देखिये। देव वह हैं कि, जो दान देते हैं, प्रकाश देते हैं, परोपकार करते हैं। देखिये पृथिवी देवता है वह सबको आधार देती है, जल देवता है वह सबको शान्तिसुख देनेके लिये आत्मसमर्पण करता है, अग्नि देवता है वह शीतपीडितोंको गर्मी देकर सुख पहुंचाता है, सूर्य देवता सबको जीवन और प्रकाश देता है, वायु सबका प्राण बन कर सबको आयु प्रदान कर रहा है, चन्द्रमा स्वयं कष्ट भोग कर भी दूसरोंको शान्ति देनेमें तत्पर रहता है, इसी प्रकार अन्यान्य देवताएं अहर्निश परोपकारमें लगी हैं। यही देवताओंमें होनेवाला परोपकारमय यज्ञ है। ऐसे शुभ कर्मोंके लिये हमारी मति अनुकूल होवे। इन देवोंमें—

दाशुषे हव्यवाहनः अग्निः भवताम् (मं० २)

"दानी पुरुषके लिये हव्यवाहक अग्नि आदर्श होवे।" अग्नि ही परोपकारका आदर्श है क्यों कि वह स्वयं जलता रहनेपर भी दूसरोंको सुख देनेके लिये प्रकाशता है, हिमपीडितोंको गर्मी देता है और अपनी ऊर्ध्वगति कायम रखता है। हरएक अवस्था में अपनी उच्च गति स्थिर रखनेके कार्यमें अग्निही एक श्रेष्ठ आदर्श है। अग्निका गुण ही है (अग्नेः ऊर्ध्वज्वलनं) 'उच्च दिशाके प्रकाशित होकर प्रगति करनेका आदर्श' अग्निही

सबको देता है। हरएक अपनी बुद्धिमें यह आदर्श सदा रखे। और कोई मनुष्य अपनी गति हीन दिशासे कदापि होने न दें। सूर्य भी देखिये अग्निरूप होनेके कारण सबसे उच्च स्थानपर रहता हुआ प्रकाशता रहता है। इसी प्रकार मनुष्य भी उच्च से उच्च अवस्था प्राप्त करें और प्रकाशित हों। कभी नीच अवस्थामें पडकर सड न जांय और कभी अंधकार के कीचडमें न फंसें। किस कार्यको अनुमति देनी उचित है इस विषयमें निम्नलिखित मंत्रभाग देखिये-

अक्षीयमाणं प्रजावन्तं रयिं अनुमन्यताम्। (मं० ३)
सुवीरं रयिं (अनुमन्यतां)। (मं० ४)

"क्षीण न होनेवाला, प्रजायुक्त और वीरोंसे युक्त धन बढानेवाले जो जो श्रेष्ठ कर्म हों" उन कर्मोंको करनेकी अनुमति होनी चाहिये। अर्थात् कोई ऐसे दुष्ट व्यसन जिनमें धनका नाश होजाता है, वैसे करनेमें कदापि अनुमति नहीं होनी चाहिये। मनुष्यको क्या करना चाहिये, इस विषयमें निम्नलिखित मंत्रभाग मनन करने योग्य है-

सुक्षेत्रतायै सुवीरतायै अनुमतिः। (मं० ५)

"अपना प्रदेश उत्तम बने और उसमें वीरभाव बढे, इन दो कार्योंके लिये अपनी अनुमति देनी चाहिये।" हरएक प्रकारका क्षेत्र (सु-क्षेत्र) उत्तमसे उत्तम क्षेत्र बने, हरएक ग्राम, नगर और प्रांत सुधर जाय, हरएक राष्ट्र सुधर कर सबसे श्रेष्ठ बन जाय, इस कार्यके लिये प्रयत्न होने चाहिये और जिनसे यह सुधार हो जावे, ऐसे कार्य करनेके लिये अनुमति देनी चाहिये। जिससे स्थान हीन हो जिससे देशका देश दीन हो, ऐसे किसी कार्यको अनुमति नहीं देनी चाहिये। इसी प्रकार अपने देशमें नगर और ग्राममें घर घरमें और व्यक्ति व्यक्तिमें उत्तम वीरता उत्पन्न होने योग्य श्रेष्ठ कर्मोंके लिये अपनी अनुमति देनी चाहिये। कभी ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिये कि, जिससे अपने देशके किसी मनुष्यमें थोडी भी भीरुता उत्पन्न होवे। 'अवीरताका' का नाश करनेकी वेदमें आज्ञा स्पष्ट है।

सुमति हमेशा (देवगोपा) देवोंद्वारा रक्षित हुई मति होती है अर्थात् जो दुर्मति होती है वह राक्षसोंद्वारा रक्षित होती है। इसलिये अपनी मति राक्षसोंके आधीन करना किसीको भी योग्य नहीं है। देवोंद्वारा सुरक्षित हुई जो प्रमति और विशेष श्रेष्ठ बुद्धि होती है, वही 'भद्रा' अर्थात् सच्चा कल्याण करनेवाली होती है।

इस प्रकार इस सूक्तका उपदेश अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यदि पाठक इसका विशेष मनन इस प्रकार करेंगे, तो उनको अपनी मति किस प्रकार ' प्रमति, सुमति और भद्रा

अनुमति ' बनाई जा सकती है, इसका मार्ग ज्ञात हो सकता है। आत्मशुद्धि करनेवालोंको यह सूक्त उत्तम रीतिसे मार्गदर्शक होसकता है। इस दृष्टिसे इस सूक्तका एक-एक वाक्य बहुतही बोधप्रद है।

आत्माकी उपासना।

[२१ (२२)]

(ऋषिः- ब्रह्मा । देवता-आत्मा)

समेत विश्वे वचसा पतिं दिव एको विभूरतिथिर्जनानाम्।
स पूर्व्यो नूतनमाविवासत् तं वर्तनिरनु वावृत एकमित् पुरु ॥ १ ॥

अर्थ— (विश्वे) आप सब लोग (दिवः पतिं वचसा समेत) प्रकाशलोकके स्वामी आत्माको स्तुतिके वचनोंसे प्राप्त करो। वह (एकः जनानां विभूः अ-तिथिः) एक है,सब जनों अर्थात् प्राणियोंमें विभू है और उसकी आनेजानेकी तिथि निश्चित नहीं है। (सः पूर्व्यः) वह सबसे पूर्व अवस्थित होता हुआ (नूतनं आविवासत) नूतन उत्पन्न शरीरोंमें भी बसता है। (तं एकं इत्) उस एकके प्रति (पुरु वर्तनिः) बहुत प्रकारके मार्ग (अनुवावृते) पंहुंचते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ— सब लोग इकट्ठे हो कर प्रकाशके स्वामी आत्माकी अपने शब्दोंसे स्तुति करें। वह आत्मा एक है, और सब जनों तथा प्राणियोंके अन्दर विद्यमान है और उसकी आनेजानेकी तिथि निश्चित नहीं है। सबसे पूर्व वह विद्यमान था तथापि नूतनसे नूतन पदार्थ में भी वह रहता है। वह एकही है तथापि अनेक प्रकारके मार्ग उसके पास पंहुंचते हैं ॥ १ ॥

सब लोग आत्माका विचार करें। यह आत्मा एकही है अर्थात् संपूर्ण विश्वमें एकही है। यही स्वर्ग किंवा प्रकाशलोकका स्वामी है। हरएक मनुष्य इसके गुणोंका गान करे। यह अनेक उत्पन्न हुए पदार्थोंमें (विभूः) विद्यमान है और (अतिथिः) इसके आनेजानेकी तिथि किसीको पता नहीं लगती, अथवा (अतिथिः) यह सतत प्रेरणा करता है, सतत गति दे रहा है, विश्वको सतत घुमा रहा है किंवा यह अतिथिवत् पूज्य है। यह सब जगत् (पूर्व्यः) पूर्व भी था, यह कभी नहीं था ऐसा नहीं, यह पुराण पुरुष होता हुआ यह नूतन शरीरोंमें, नूतनसे नूतन पदार्थमें रहता है। सर्वत्र व्याप्त होनेके कारण यह किसी स्थानपर नहीं ऐसी बात नहीं, इसलिये पुरातन और नूतन सबही पदार्थोंमें रहता है। यह आत्मा यद्यपि एक है तथापि उसके पास पंहुचनेके मार्ग अनेक हैं। किसी मार्गसे गये तो अन्तमें उसी एककी प्राप्ति होती है। कोई मार्ग दूरका हो या कोई समीपका हो, परंतु प्रत्येक मार्ग वहांतक पंहुचता है इसमें संदेह नहीं है।

इस सूक्तका वर्णन परमात्माका और कुछ मर्यादासे जीवात्माका भी है। परमात्माका क्षेत्र बडा और जीवात्माका छोटा है और इस रीतिसे क्षेत्रोंकी न्यूनाधिक मर्यादासे यह एकही वर्णन दोनोंका हो सकता है यह बात पाठक इस सूक्तके विचारके समय ध्यानमें धारण करें। जीवात्मापरक 'अतिथि' शब्द 'अनिश्चित तिथिवाला' इस अर्थमें होगा, और परमात्मापरक अर्थ होनेपर 'गतिमान्' इस अर्थमें होगा। इस प्रकार पाठक अर्थ समझकर आत्माका गुणवर्णन दोनों क्षेत्रोंमें कैसा है, यह जानें और इसके विचारसे आत्माके गुणोंका अनुभव करें।

आत्माका प्रकाश

[२२ (२३)]

(ऋषिः-ब्रह्मा। देवता-मंत्रोक्ता, ब्रध्नः)

अयं सहस्रमा नो दृशे कवीनां मतिर्ज्योतिर्विधर्मणि ॥ १ ॥
ब्रध्नः समीचीरुषसः समैरयन्।
अरेपसः सचेतसः स्वसरे मन्युमत्तमाश्चिते गोः ॥ २ ॥
॥ इति द्वितीयोऽनुवाकः ॥

अर्थ—(अयं) यह परमात्मा (वि—धर्मणि) विरुद्ध अथवा विविध धर्मवाले पदार्थोंकी संकीर्णतामें (नः कवीनां सहस्रं दृशे) हमारे ज्ञानियों

से हजारों प्रकारके दर्शनके लिये (मतिः ज्योतिः आ) उत्तम बुद्धि और ज्योतिरूप होना है ॥ १ ॥

यह (ब्रध्नः) बडा आत्मा रूपी सूर्य(समीचीः अरेपसः) उत्तम रीतिसे चलनेवाली, निर्दोष (सचेतसः मन्युमत्तमाः) ज्ञान देनेवाली, उत्साह बढानेवाली (उषसः) उषःकालकी किरणांको (गोः स्वसरे चिते) इंद्रियोंके स्वसंचारके मार्गको बतलानेके कार्यमें (समैरयन्) प्रेरित करता है ॥ २ ॥

भावार्थ— विरुद्ध गुण धर्मवाले पदार्थोंमें व्यापनेवाला एक परमात्मा है। वह ज्ञानियोंको उत्तम मार्ग हजारों रीतियोंसे बताता है और उनको उत्तम बुद्धि तथा ज्योति देता है ॥ १ ॥

यह परमात्मा एक बडा सूर्यही है, उसकी ज्ञान देनेवाली किरणें अत्यंत निर्मल, उत्साह बढानेवाली, प्रकाश देनेवाली, हमारे इंद्रियोंको संचारका मार्ग बतानेवाली हैं, अर्थात् उनसे शक्ति प्राप्त करके हमारी इंद्रियां कार्य करती हैं ॥ २ ॥

इस सूक्तमें जगत्का भी वर्णन है और उसमें व्यापनेवाले परमात्माका भी वर्णन है और उसकी उपासना करनेवाले भक्तोंका भी वर्णन है।

जगत्का वर्णन करनेवाला शब्द यह है- (विधर्मणि) विरुद्ध गुणधर्मवाला जगत् है, देखिये इसमें अग्नि उष्ण है और जल शीत है, पृथ्वी स्थिर है और वायु चंचल है, पृथ्वी आदि पदार्थ सावयव हैं तो आकाश निरवयव है। ऐसे विरुद्ध गुणधर्मवाले पदार्थोंमें एक रस व्यापनेवाला यह आत्मा है। विरुद्ध गुणधर्मवाले पदार्थोंकी संगतिमें सदा रहनेपर भी इसके गुणधर्मोंमें अदल बदल नहीं होता है। इसी प्रकार विरुद्ध गुणधर्मवाले लोगोंको अपने पास रखकर स्वयं उनके दुर्गुणोंसे दूर रखकर अपने शुभगुणोंसे उनको उत्तेजित करना चाहिये।

जिस प्रकार परमात्मा सबको (मतिः ज्योतिः) सद्बुद्धि और प्रकाश देता है, उसी प्रकार अपने पास जो ज्ञान होगा वह अन्योंको देना और अपने पास जितना प्रकाश होगा उतना अंधेरेमें चलनेवाले दूसरे लोगोंको बतलाना चाहिये।

वह बडा है, उसकी किरणें निर्दोष हैं, वह मलहीन है, उत्साह देनेवाला है; इसी प्रकार मनुष्योंको उचित है कि, वे उच्च बनें, निर्दोष बनें, शुद्ध और पवित्र बनें, उत्साही बनें और दूसरोंको उच्च, निर्दोष, शुद्ध, पवित्र और उत्साही बनावें। इस प्रकार आत्माके गुणोंका विचार करके वे गुण अपनेमें बढाने चाहिये।

विपत्तिको हटाना।

[२३ (२४)]

(ऋषिः- यमः । देवता- दुःस्वप्ननाशनः)

दौष्वप्न्यं दौर्जीवित्यं रक्षो अभ्वमराय्यः ।
दुर्णाम्नीः सर्वा दुर्वाचस्ता अस्मन्नाशयामसि ॥ १ ॥

अर्थ— (दौष्वप्न्यं) दुष्ट स्वप्नोंका आना, (दौर्जीवित्यं) दुःखमय जीवन होना, (रक्षः) हिंसकोंका उपद्रव, (अ-भ्वं) अभूति, दरिद्रता, (अराय्यः) विपत्तिके कष्ट, (दुर्णाम्नीः) बुरे नामोंका उच्चार करना, (सर्वाः दुर्वाचः) सब प्रकारके दुष्ट भाषण (ताः अस्मत् नाशयामसि) उनको हम अपने स्थानसे नष्ट करते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ- बुरे स्वप्न, कष्टका जीवन, हिंसकोंका उपद्रव, विपत्ति, दारिद्र्य, दुष्टभाषण, गालियाँ देना आदि जो जो बुराईयां हममें हैं, उनको हम दूर करते हैं ॥ १ ॥

विपत्तियां अनेक प्रकारकी हैं, उनमें कुछ विपत्तियोंकी गणना इस स्थानपर की है। बुरे स्वप्न आना आदि विपत्ति तथा दुःखपूर्ण जीवनका अनुभव होना, ये विपत्तियां आरोग्य न रहनेसे होती हैं। आरोग्य उत्तम रीतिसे रखनेके लिये व्यायाम, योगासनोंका अनुष्ठान, यमनियमपालन, प्राणायाम, योग्य आहारविहार आदि उपाय हैं। इनके योग्य रीतिसे करनेसे ये दो विपत्तियां दूर होती हैं। हिंसकोंका उपद्रव दूर करनेके लिये अपने अंदर शूरवीर उत्पन्न करना और उस कार्यके लिये उनको लगाना चाहिये। इससे राक्षसोंके आक्रमणसे हम अपना बचाव कर सकते हैं। (अ-भ्वं) अभूति और (अराय्यः) निर्धनता ये दो आर्थिक आपत्तियां उद्योगवृद्धि करने और बेकारी दूर करनेसे दूर होती हैं। मनुष्य हरएक प्रकार आलसी न रहे, कुछ न कुछ उत्पादक काम धंदा करे और अपनी धन संपत्ति सुयोग्य उपायसे बढावे। इस प्रकार उद्योगवृद्धि करनेसे ये आर्थिक आपत्तियां दूर हो जाती हैं। गाली देना, बुरा भाषण करना, बुरे शब्द उच्चारण करना आदि जो आपत्तियां हैं, उनको दूर करनेके लिये अपनी वाणीकी शुद्धि करना चाहिये। निश्चयपूर्वक अपशब्दोंका उच्चार न करनेसे कुछ दिनोंके पश्चात् ये शब्द अपनी वाणीसे स्वयं दूर होते हैं। इस प्रकार आत्मशुद्धि करनेका मार्ग इस सूक्तने बताया है। पाठक इसका विचार करें और उचित बोध प्राप्त कराकर अपना उद्धार अपने प्रयत्नसे करें।

प्रजापालक ।

[२४ (२५)]

(ऋषिः—ब्रह्मा । देवता—सविता)

यत्र इन्द्रो अखनद् यदग्निर्विश्वे देवा मरुतो यत् स्वर्काः ।
तदस्मभ्यं सविता सत्यधर्मा प्रजापतिरनुमतिर्नि यच्छात् ॥ १ ॥

अर्थ—(यत्) जो इन्द्र, अग्नि, विश्वेदेव, (स्वर्काः मरुत्) उत्तम तेजस्वी मरुत् इनमेंसे प्रत्येक (नः अखनत्) हमारे लिये खोदता रहा है (तत्) वह (सत्यधर्मा प्रजापतिः अनुमतिः सविता) सत्य धर्मवाला प्रजापालक अनुमति रखनेवाला सविता (नियच्छात्) देवे ॥ १ ॥

हम सब प्राणिमात्रके लिये विद्युत्, अग्नि, पृथिवी आदि सब देव तथा विविध प्रकारके वायु जो लाभ करते हैं, वह लाभ हमें सूर्यसे प्राप्त होता है, परंतु उससे योग्य रीतिसे लाभ प्राप्त कराना चाहिये । क्यों कि सच्चा प्रजापालक यही सूर्य है ।

व्यापक और श्रेष्ठ देव ।

[२५ (२६)]

(ऋषिः– मेधातिथिः । देवता– सविता)

ययोरोजसा स्कभिता रजांसि यौ वीर्यैर्वीरतमा शविष्ठा ।
यौ पत्येते अप्रतीतौ सहोभिर्विष्णुमगन् वरुणं पूर्वहूतिः ॥ १ ॥

यस्येदं प्रदिशि यद् विरोचते प्र चानति वि च चष्टे शचीभिः ।
पुरा देवस्य धर्मणा सहोभिर्विष्णुमगन् वरुणं पूर्वहूतिः ॥ २ ॥

अर्थ– (ययोः ओजसा) जिन दोनोंके बलसे (रजांसि स्कभिता) लोक लोकान्तर स्थिर हुए हैं, (यौ वीर्यैः शविष्ठा वीरतमा) जो दो अपने परा-

क्रमोंसे बलवान् और अत्यंत शूर हैं, (यौ सहोभिः अप्रतीतौ प्रत्येते) जो दो अपने बलोंसे पीछे न हटते हुए आगे बढते हैं। उन दोनों (विष्णुं वरुणं) विष्णु अर्थात् व्यापक देवके प्रति और वरुण अर्थात् श्रेष्ठ देवके प्रति (पूर्वहूतिः अगन्) सबसे प्रथम प्रार्थना करता हुआ प्राप्त होता हूं ॥ १ ॥

(यस्य प्रदिशि) जिसकी दिशा उपदिशाओंमें (इदं यत् विरोचते) यह जो प्रकाशता है (प्र अनति च) और उत्तम रीतिसे प्राण धारण करता है,(देवस्य धर्मणा सहोभिः) इस देवके धर्म और बलोंसे (शचीभिः विचष्टे च) तथा शक्तियोंसे देखता है, उस (विष्णुं वरुणं च पूर्वहूतिः अगन्) व्यापक और श्रेष्ठ देवको सबसे प्रथम प्रार्थना करनेवाला होकर प्राप्त करता हूं ॥ २ ॥

भावार्थ—जिसने अपने बलसे यह त्रिलोकी को अपने स्थानमें स्थिर किया है, जो अपनी विविध शक्तियोंसे अत्यंत बलवान् और पराक्रमी हुआ है, जो कभी पीछे नहीं हटता परंतु आगे बढता है, उस व्यापक और श्रेष्ठ देवकी मैं सबसे प्रथम प्रार्थना करता हूं, क्यों कि वह सबसे श्रेष्ठ देव है ॥ १ ॥

जिसकी शक्तिसे दिशा और उपदिशाओंमें सर्वत्र प्रकाश फैल रहा है, जिसकी जीवनशक्तिसे सब प्राणीमात्र प्राण धारण करते हैं, जिस देवके निज धर्मसे और बलोंसे सब प्राणी देखते और अनुभव करते हैं। उस व्यापक और श्रेष्ठ देवकी मैं सबसे प्रथम प्रार्थना करता हूं क्यों कि वह सबसे वरिष्ठ देव है ॥ २ ॥

यह सूक्त स्पष्ट है अतः इसकी व्याख्या करनेकी कोई आवश्यकता नहीं है। इस सूक्तमें प्रथम मंत्रमें दो देव भिन्न भिन्न हैं ऐसा मानकर वर्णन किया है, परंतु दूसरे ही मंत्रमें इन दोनोंको एक माना है और एकवचनी प्रयोग हुआ है। इससे 'विष्णु और वरुण' इन दो शब्दोंसे एक अभिन्न देवताका ही वर्णन अभीष्ट है ऐसा दीखता है। पाठक इसका अधिक मनन करें।

सर्वव्यापक ईश्वर।

[२६ (२७)]

(ऋषिः-मेधातिथिः । देवता-विष्णुः)

विष्णोर्नु कं प्र वोचं वीर्याणि यः पार्थिवानि विममे रजांसि ।
यो अस्कभायदुत्तरं सधस्थं विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः ॥ १ ॥
प्र तद् विष्णुं स्तवते वीर्याणि मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः ।
परावत आ जगम्यात् परस्याः ॥ २ ॥

अर्थ— (विष्णोः वीर्याणि) सर्वव्यापक ईश्वरके पराक्रमोंका (कं प्रवोचं नु) सुख बढानेवाला वर्णन निश्चय पूर्वक करता हूं। (यः पार्थिवानि रजांसि विममे) जो पृथ्वीपरके लोकोंको विशेष रीतिसे निर्माण करता है। (यः उरुगायः) जो बहुत प्रकार प्रशंसित होता हुआ (त्रेधा विचक्रमाणः) तीन प्रकारसे पराक्रम करता हुआ। (उत्तरं सधस्थं अस्कभायत्) उच्चतर स्वर्गीय प्रकाशस्थानको स्थिर करता है ॥१॥ (तत् वीर्याणि)उसके पराक्रम दर्शानेके लिये (विष्णुः स्तवते) वही व्यापक ईश्वर प्रशंसित होता है। वह (भीमः मृगः न) भयानक सिंह जैसा (कु-चरः गिरि-ष्ठः) सर्वत्र संचार करनेवाला और गिरि गुहाओंमें रहने वाला है। वह (परस्याः परावतः) दूरसे दूरके प्रदेशसे (आजगम्यात्) समीप आता है ॥ २ ॥

भावार्थ—सर्वव्यापक परमेश्वरके पराक्रम बहुत हैं। जो अपना सुख बढाना चाहते हैं वे उनका वर्णन करें, उनका गायन करें। उसी परमेश्वरने तो सब पार्थिव पदार्थोंको विशेष कुशलतासे निर्माण किया है। इसी लिये उसकी सर्वत्र बहुत प्रशंसा होती है। वह तीनों लोकों में तीन प्रकारका पराक्रम करता है और उसीने सबसे ऊपरका द्युलोक निराधार स्थिर किया है ॥ १ ॥

इस परमेश्वरका गुणसंकीर्तन करनेसे उसके पराक्रमों का ज्ञान प्राप्त होता है और उससे उसका महत्त्व अनुभव करना सुगम होता है। जैसा सिंह गिरिकंदराओंमें संचार करता है,और भूमिपर घूमता है,उसी प्रकार पर भी हृदयगुफामें संचार करता है और इस लोकमें व्यापता है। वह दूरसे दूर रहनेपर भी भक्ति करनेपर समीपसे समीप आजाता है ॥२॥

यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा।
उरु विष्णो वि क्रमस्वोरु क्षयाय नस्कृधि।
घृतं घृतयोने पिब प्रप्र यज्ञपतिं तिर ॥ ३ ॥
इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा नि दधे पदा।
समूढमस्य पांसुरे ॥ ४ ॥
त्रीणि पदा वि चक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः।
इतो धर्माणि धारयन् ॥ ५ ॥

अर्थ-(यस्य उरुषु त्रिषु विक्रमणेषु) जिसके विशाल तीन विक्रमोंमें (विश्वा भुवनानि अधि क्षियन्ति) सब भुवन रहते हैं। हे (विष्णो, उरु विक्रमस्व) व्यापक देव! विशेष विक्रम कर। (नः क्षयाय उरु कृधि) हमारे निवासके लिये विस्तृत स्थान दे। हे (घृतयोने, घृतं पिब) रसको उत्पन्न करनेवाले! रसको पान कर और (यज्ञपतिं प्र प्र तिर) यज्ञकर्ताको पार ले जा ॥ ३ ॥

(विष्णुः इदं विचक्रमे) व्यापक देव इस जगत्‌में विक्रम कर रहा है। (पदा त्रेधा निदधे) अपने पांवसे तीन प्रकारसे पद रखा है। (अस्य पांसुरे समूढं) इसका जो पांव बीचके लोकमें है वह गुप्त है ॥ ४ ॥

(अदाभ्यः गोपाः विष्णुः) न दबनेवाला पालक और व्यापक देव (त्रीणि पदा विचक्रमे) तीन पावोंको इस जगत्‌में रखता है और (इतः धर्माणि धारयन्) यहांसे सब धर्मोंका धारण करता है ॥ ५ ॥

भावार्थ-पृथ्वी अन्तरिक्ष और द्युलोक इन तीनों लोकोंमें इस ईश्वरके तीन पराक्रम दिखाई देते हैं। उन पराक्रमोंसे ही इन तीन लोकोंका अस्तित्व हुआ है। इसलिये उस प्रभुकी विशेष प्रार्थना करते हैं कि वह हमें उत्तम और विस्तृत स्थान कार्य करनेके लिये अर्पण करे। हे प्रभो! यजमान जो सत्कर्म करता है उसका रस ग्रहण करके यजमानको इस दुःखसागरसे पार कर। ३ ॥

व्यापक देवका कार्य इस त्रिलोकीमें देख, उसने अपने तीन पांव तीन लोकोंमें रखकर वहांका कार्य किया है। पृथ्वीपर उसका कार्य दिखाई देता है, द्युलोकमें भी वैसा ही अनुभवमें आता है। परंतु मध्यस्थानीय

विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे ।
इन्द्रस्य युज्यः सखा ॥ ६ ॥
तद् विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः ।
दिवीव चक्षुराततम् ॥ ७ ॥
दिवो विष्ण उत वा पृथिव्या महो विष्ण उरोरन्तरिक्षात् ।
हस्तौ पृणस्व बहुभिर्वसव्यैराप्रयच्छ दक्षिणादोत सव्यात् ॥ ८ ॥

अर्थ- (विष्णोः कर्माणि पश्यत) व्यापक देवके ये कार्य देखो। (यतः व्रतानि पस्पशे) जहांसे सब गुणधर्मोको वह देखता है। (इन्द्रस्य युज्यः सखा) वह जीवात्माका योग्य मित्र है ॥ ६ ॥

(विष्णोः तत् परमं पदं) व्यापक देवका वह परम स्थान (सूरयः सदा पश्यन्ति) ज्ञानी जन सदा देखते हैं। (दिवि आततं चक्षुः इव) जैसा द्युलोकमें फैला हुआ चक्षुरूपी सूर्य होता है ॥ ७ ॥

हे (विष्णो) व्यापक देव ! (दिवः उत पृथिव्याः) द्युलोक और पृथिवीसे तथा (महः उरोः अन्तरिक्षात्) बडे विस्तृत अन्तरिक्षसे (बहुभिः वसव्यैः हस्तौ पृणस्व) बहुत धनोंसे अपने दोनों हाथ भर लें और दक्षिणात् उत सव्यात्) दायें तथा बायें हाथोंसे (आ अयच्छ) प्रदान करें ॥ ८ ॥

अन्तरिक्ष लोकमें उसका जो कार्य हो रहा है वह दिखाई नहीं देता ॥४॥

यह व्यापक देव किसी कारण भी न दबनेवाला और सबकी रक्षा करनेवाला है। इन तीनों लोकोंमें अपने तीन पांव रखता है और वहांका सब कार्य करता है। यहींसे उसके सब गुणधर्म प्रकट होते हैं ॥ ५ ॥

हे लोगो ! इस सर्वव्यापक ईश्वरके ये चमत्कार देखो। जिसके प्रभावसे उसके सब व्रत यथायोग्य रीतिसे चल रहे हैं। हरएक जीवका यह परमेश्वर एक उत्तम मित्र हैं ॥ ६ ॥

जिस प्रकार द्युलोकमें सूर्यको सब लोग देखते हैं, उसी प्रकार ज्ञानी लोग सदा उसको देखते है। अर्थात् वह ईश्वर इस प्रकार उनको प्रत्यक्ष होता है ॥ ७ ॥

हे सर्वव्यापक प्रभो ! पृथ्वी अन्तरिक्ष और द्युलोकमेंसे बहुत धन तू अपने हाथमें लेकर अपने दोनों हाथोंसे उस धनको हमें प्रदान कर ॥८॥

दो देवोंका महत्त्व।

[२९ (३०)]

(ऋषिः-मेधातिथिः। देवता-अग्नाविष्णू)

अग्नाविष्णू महि तद् वां महित्वं पाथो घृतस्य गुह्यस्य नाम।
दमेदमे सप्त रत्ना दधानौ प्रति वां जिह्वा घृतमा चरण्यात् ॥ १ ॥

अग्नाविष्णू महि धाम प्रियं वां वीथो घृतस्य गुह्या जुषाणौ।
दमेदमे सुष्टुत्या वावृधानौ प्रति वां जिह्वा घृतमुच्चरण्यात् ॥ २ ॥

अर्थ—हे (अग्नाविष्णू) अग्नि और विष्णु ! (वां तत् महि महित्वं नाम) आप दोनोंका वह बडा महत्त्वपूर्ण यश है, जो आप दोनों (गुह्यस्य घृतस्य पाथः) गुह्य घृतका पान करते हो। तथा (दमेदमे सप्त रत्ना दधानौ) प्रत्येक घरमें सात रत्नोंको धारण करते हो और (वां जिह्वा घृतं प्रति आ चरण्यात्) तुम दोनों की जिह्वा प्रत्येक यज्ञमें उस रसको प्राप्त करती है ॥ १ ॥

हे अग्नि और विष्णु ! (वां धाम महि प्रियं) आपका स्थान बडा प्रिय है। उसको (घृतस्य गुह्या जुषाणौ वीथः) घीके गुह्य रसका सेवन करते हुए प्राप्त करते हो। दमे दमे सुष्टुत्या वावृधानौ (प्रत्येक घरमें उत्तम स्तुतिसे वृद्धिको प्राप्त होते हुए (वां जिह्वा घृतं प्रति उत् चरण्यात्) आप दोनोंकी जिह्वा उस घृतको प्राप्त करती है ॥ २ ॥

भावार्थ—अग्नि और विष्णु ये दो देव एक स्थानमें रहते हैं, उन दोनों की बडी भारी महिमा है। वे दोनों गुप्त रीतिसे गुहामें बैठकर घी भक्षण करते हैं, प्रत्येक घरमें सात रत्नोंको रखते हैं और अपनी जिह्वासे गुह्य घी का स्वाद लेते हैं ॥ १ ॥

इन दोनों देवोंका एकही बडा भारी प्रिय स्थान है। ये दोनों घीके गुह्य रसका स्वाद लेते हैं। हरएक घरमें स्तुतिसे बढते हैं और गुह्य घीके पासही इनकी जिह्वा पंहुंचती है ॥ २ ॥

इस सूक्तमें एक स्थानमें रहनेवाले दो देव हैं ऐसा कहा है। एक अग्नि और दूसरा विष्णु है। 'विष्णु' शब्द द्वारा सर्वव्यापक परमेश्वरका वर्णन इसके पूर्वके २६ वे सूक्त में हो चुका है। 'विष्णु' शब्दका दूसरा अर्थ 'सूर्य' है, सूर्य, भी बहुतही बडा है और इस ग्रहमालाका आधार तथा कर्ता धर्ता है। उसकी अपेक्षा अग्नि बहुतही अल्प और छोटा है। सूर्यके साथ हमारे अग्निकी तुलना की जाय तो दावानलके साथ चिनगारीकी ही कल्पना हो सकती है। अग्नि उत्पन्न होती है, अर्थात् इसका जन्म होता है यह बात हम देखते हैं, जन्मके बाद वह कुछ समय जलती रहती है और पश्चात् बुझ जाती है। ठीक यह बात जीवात्मा के जन्म होने, उसकी आयुसमाप्तितक जीवित रहने और पश्चात् मरनेके साथ तुलना करके देखिये, तो पता लग जायगा कि यदि 'विष्णु' शब्द द्वारा सर्वव्यापक परमात्मा का ग्रहण किया जावे,तो यहां ' अग्नि ' शब्दसे छोटे जीवात्माका ग्रहण किया जा सकता है। उत्पन्न होना, जीवित रहना और बुझ जाना ये तीन बातें जैसी अग्निमें हैं वैसी ही जीवात्मामें हैं और उसके साथ सदा रहनेवाला विश्वव्यापक परमात्मा है हि। यह बात वेदमें अन्यत्र भी कही है-

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते ॥

"दो सुंदर पंखवाले पक्षी साथ रहते हैं, परस्पर मित्र है, ये दोनों एकही वृक्षपर रहते है।" ऋ० १। १६४। २०

यह जो दो पक्षी कहे है, उनमेंसे एक जीवात्मा है और दूसरा परमात्मा है। इसी प्रकार साथ रहनेवाले दो देव, एक अग्नि और दूसरा सूर्य, अथवा एक जीवात्मा और दूसरा परमात्मा है। यहां अग्निका जीवात्माके किन गुणोंके साथ साधर्म्य है वह ऊपर कहा है। देहके साथ वारंवार संबंधित होनेके कारण पूर्वोक्त तीनों धर्म जीवात्माके ऊपर आरोपित होते हैं, क्यों कि जीवात्मा तो न जन्मता है और न मरता है। शरीरके ये धर्म उसपर लगाये जाते है। ये दोनों— दमे दमे सप्त रत्ना दधानौ (मं० १) " घर घरमें सात रत्नोंको धारण करते हैं।" ये सात रत्न यहां प्रत्येक जीवात्माके प्रत्येक घरमें है। पांच ज्ञानेंद्रियाँ और मन तथा बुद्धि ये सात रत्न हैं, इसीसे साधारणतः सब प्राणी और विशेषतः मनुष्य सुशोभित होते हैं, इनमें रमणीयता है। ये मनुष्यके आभूषण है अतः ये रत्न ही है। जो जेवरोंमें पहने जाते हैं वे वस्तुतः रत्न नहीं हैं: ये आत्माके सात रत्न ठीक रहे तोही जेवर और भूषण शरीरको शोभा देते हैं, अन्यथा जेवरोंसे कोई शोभा नहीं होती। पाठक प्रत्येक शरीरमें रहे हुए इन सात रत्नोंको देखें। यजुर्वेदमें कहा है—

सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे, सप्त रक्षन्ति सदमप्रमादम्।
सप्तापः स्वपतो लोकमीयुः० ॥ यजु० ३४। ५५ ॥

"प्रत्येक शरीरमें सात ऋषि रखे हैं, ये सात इस सदाप्रमादकी गलती न करते हुए रक्षा करते हैं, ये सात नदियां सोनेवाले इस जीवात्माके लोकमें जाती हैं।" इत्यादि वर्णन भी इनही इंद्रियोंका ही वर्णन है, सात रत्न, सात ऋषि, सात रक्षक, सात जल-प्रवाह इत्यादि वर्णन इनही जीवात्माकी सात शक्तियोंका है। ये सात रत्न जबतक यह जीवात्मारूपी अग्नि इस शरीर रूपी हवन कुण्डमें जलता रहता है तब तक रहते हैं, जब यह बुझ जाता है, तब ये रत्न भी शोभा देना बंद करते हैं। ये दोनों अग्नि—

गुह्यस्य घृतस्य पाथः। (मं० १) घृतस्य गुह्या जुषाणौ वीथः। (मं० २)
वां जिह्वा घृतं प्रति आ (उत्) चरण्यात्। (मं० १-२)

" ये दोनों गुह्य घी पीते हैं। इनकी जिह्वा इस घीकी ओर जाती है।" यह गुह्य घृत कौनसा है? यह एक विचारणीय बात है। गुहामें जो होता है वह 'गुह्य' कहलाता है। यहां 'गुहा' शब्दसे 'बुद्धि' अथवा 'अन्तःकरण' विवक्षित है। इसमें जो इंद्रिय रूपी गौसे निचोडे हुए दूधका बनाया हुआ घी होता है, वह गुह्य किंवा गुप्त घी है। यह घी इस बुद्धिमें अथवा हृदयकंदरामें रखा रहता है और इसका ये गुप्त रीतिसे सेवन करते हैं। यह बात अब पाठकोंको विदित होगई होगी, कि इस रूपकका क्या तात्पर्य है। वां महि प्रियं धाम। (मं० २)

" इनका स्थान बडा है और प्रिय है।" क्यों कि यहां प्रेम भरा रहता है। सबको यह प्यारा है। सब इसकी ही प्राप्तिके लिये यत्न करते हैं। ऐसा इनका स्थान है। तथा-

दमेदमे सुष्टुत्या वावृधानौ। (मं० २)

"घर घरमें उत्तम स्तुतिसे वृद्धिको प्राप्त होते हैं।" अर्थात् हरएक शरीरमें जहां जहां उत्तम ईश्वरकी स्तुति होती है, जहां उसके शुभ गुणोंका गायन होता है, वहां एक तो परमेश्वर भावकी वृद्धि होती है, और उन गुणोंकी धारणासे जीवात्माकी शक्ति बढती है। यह तो जीवात्माकी वृद्धिका उपाय ही है।

यहां शरीरको 'दम' शब्द प्रयुक्त हुआ है। जिस शरीर में इंद्रियोंका शमन होता है और मनोवृत्तियोंका दमन होता है उसका नाम 'दम' है। दो प्रकारके शरीर हैं। एक में भोगवृत्ति बढती है और दूसरेमें दम वृत्ति बढायी जाती है। जिसमें दमवृत्ति बढती है उसका नाम यहां 'दम' रखा है और इस दमसे "सप्त रत्न" भी उत्तम तेजः-पुंज स्थितिमें रहते हैं और वहां ही आत्माकी शक्ति विकसित होती है। अस्तु॥

अञ्जन।

[३० (३१)]

(ऋषिः-भृग्वंगिराः। देवता- द्यावापृथिवी, मित्रः, ब्रह्मणस्पतिः, सविता च)

स्वाक्तं मे द्यावापृथिवी स्वाक्तं मित्रो अकरयम्।
स्वाक्तं मे ब्रह्मणस्पतिः स्वाक्तं सविता करत् ॥ १ ॥

अर्थ- (द्यावापृथिवी मे सु-आक्तं) द्युलोक और पृथ्वी लोक मेरी आंखोंको उत्तम अञ्जन करें। (अयं मित्रः स्वाक्तं अकः) यह मित्र मुझे अञ्जन करता है। (ब्रह्मणस्पतिः मे स्वाक्तं) ज्ञानपति देवने मुझे उत्तम अञ्जन किया है। (सविता स्वाक्तं करत्) सविताने भी मेरी आं[illegible]के लिये उत्तम अञ्जन किया है ॥ १ ॥

आंखमें अञ्जन डालकर आंखोंका आरोग्य बढानेकी सूचना इस मंत्रद्वारा मिलता है। द्युलोकसे पृथ्वीतक जो जो सृष्ट्यन्तर्गत सूर्यादि पदार्थ हैं, उनका जो तेजस्वी रूप है, वैसे मेरे आंख बनें। यह इच्छा इस सूक्तमें स्पष्ट है। यह मंत्र ज्ञानाञ्जनका भी सूचक माना जा सकता है। जिससे दृष्टि शुद्ध होती है वह अञ्जन होता है, फिर वह साधारन अञ्जन हो, अथवा ज्ञानाञ्जन हो।

अपनी रक्षा।

[३१ (३२)]

(ऋषिः- भृग्वंगिराः। देवता- [illegible])

इन्द्रोतिभिर्बहुलाभिर्नो अद्य याव[illegible] जिन्व।
यो नो द्वेष्ट्यधरः सस्पदीष्ट यमु द्विष्मस्तमु प्राणो जहातु [illegible]

अर्थ-हे इन्द्र! (यावत्-श्रेष्ठाभिः बहुलाभिः ऊतिभिः [illegible]

प्रकारकी रक्षाओंसे (अद्य नः जिन्व) आज हमें जीवित रख। हे (मघवन् शूर) हे धनवान् शूरवीर। (यः नः द्वेष्टि) जो हमारा द्वेष करता है (सः अधरः पदीष्ट) वह नीचे गिर जावे। (यं उ द्विष्मः) जिसका हम द्वेष करते हैं (तं उ प्राणः जहातु) उसको प्राण छोड देवें ॥ १ ॥

भावार्थ—हे धनवान् और शूर प्रभो! तुम्हारी जो अनेक प्रकारकी अतिश्रेष्ठ रक्षाएं हैं, वे सब हमें प्राप्त हों और उनसे हमारी रक्षा होवे और हमारा जीवन उनकी सहायतासे सुखकर होवे। जो दुष्ट हमारी विनाकारण निन्दा करता है, वह गिर जावे और जिस दुष्टका हम सब द्वेष करते हैं उसका जीवन ही समाप्त हो जावे ॥ १ ॥

हम परमेश्वरकी भक्ति करें और उसकी रक्षा प्राप्त करके सुरक्षित और स्वस्थ होकर आनन्दका उपभोग करें। परंतु जो दुष्ट मनुष्य हम सबका द्वेष करता है और उस कारण जिस दुष्टका हम सब द्वेष करते हैं, उसका नाश हो। दुष्टता और द्वेषका समूल नाश हो ॥

दीर्घायुकी प्रार्थना।

[३२ (३३)]

(ऋषिः-ब्रह्मा। देवता-आयुः)

उप॑ प्रि॒यं पनि॑प्नतं॒ युवा॑नमाहुती॒वृध॑म्।
अग॑न्म॒ बिभ्र॑तो॒ नमो॑ दी॒र्घमायुः॑ कृणोतु मे ॥ १ ॥

अर्थ—(प्रियं पनिप्नतं) प्रिय, स्तुतिके योग्य, (युवानं आहुतीवृधं) तरुण और आहुतियोंसे बढनेवाले अग्निके समीप (नमः बिभ्रतः उप अगन्म) अन्न धारण करते हुए हम प्राप्त होते हैं। वह (मे दीर्घं आयुः कृणोतु) मेरी दीर्घ आयु करे ॥ १ ॥

प्रतिदिन घर घरमें प्रज्वलित अग्निमें हवन करनेसे और उस में योग्य विहित हवनीय पदार्थोंका हवन करनेसे घरवालोंकी आयु वृद्धिंगत होती है।

प्रजा, धन और दीर्घ आयु।

[३३ (३४)]

(ऋषिः-ब्रह्मा। देवता-मन्त्रोक्ता)

सं मा सिञ्चन्तु मरुतः सं पूषा सं बृहस्पतिः।
सं मायमग्निः सिञ्चतु प्रजया च धनेन च दीर्घमायुः कृणोतु मे ॥ १॥

अर्थ- (मरुतः मा सं सिञ्चन्तु) मरुत् मेरे ऊपर प्रजा और धनका सिंचन करें। (पूषा बृहस्पतिः सं सं) पूषा और ब्रह्मणस्पति मेरे ऊपर उसीका उत्तम रीतिसे सिंचन करें। (अयं अग्निः प्रजया च धनेन च मा सं सिञ्चतु) यह अग्नि मेरे ऊपर प्रजा और धनका उत्तम सिंचन करे। और (मे दीर्घ आयुः कृणोतु) मेरी दीर्घ आयु करे ॥ १॥

देवताओंकी सहायतासे मुझे उत्तम संतान, विपुल धन और दीर्घ आयु प्राप्त होवे। जिस प्रकार मेघसे पानी बरसता है उस प्रकार मेरे ऊपर इनकी वृष्टि होवे। अर्थात् पर्याप्त प्रमाणमें ये मुझे प्राप्त हों। 'मरुत्' वायु किंवा प्राण है। शुद्ध वायुसे प्राण बलवान् होकर नीरोगता और दीर्घायु प्राप्त हो सकती है। 'ब्रह्मणस्पति' की सहायतासे ज्ञान और 'पूषा' की सहायतासे पुष्टी प्राप्त होगी। इसी प्रकार अग्नि शुद्धता करता है इस लिये इससे पवित्रता प्राप्त होगी और इन सबसे प्रजा, धन और दीर्घ आयुकी वृद्धि होगी।

निष्पाप होनेकी प्रार्थना।

[३४ (३५)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-जातवेदाः)

अग्ने जातान् प्र णुदा मे सपत्नान् प्रत्यजातान् जातवेदो नुदस्व।
अधस्पदं कृणुष्व ये पृतन्यवोऽनागसस्ते वयमदितये स्याम ॥ १॥

प्रकारकी रक्षाओंसे (अद्य नः जिन्व) आज हमें जीवित रख। हे (मघवन् शूर) हे धनवान् शूरवीर। (यः नः द्वेष्टि) जो हमारा द्वेष करता है (सः अधरः पदीष्ट) वह नीचे गिर जावे। (यं उ द्विष्मः) जिसका हम द्वेष करते हैं (तं उ प्राणः जहातु) उसको प्राण छोड देवे ॥ १ ॥

भावार्थ—हे धनवान् और शूर प्रभो! तुम्हारी जो अनेक प्रकारकी अतिश्रेष्ठ रक्षाएं हैं, वे सब हमें प्राप्त हों और उनसे हमारी रक्षा होवे और हमारा जीवन उनकी सहायतासे सुखकर होवे। जो दुष्ट हमारी विनाकारण निन्दा करता है, वह गिर जावे और जिस दुष्टका हम सब द्वेष करते हैं उसका जीवन ही समाप्त हो जावे ॥ १ ॥

हम परमेश्वरकी भक्ति करें और उसकी रक्षा प्राप्त करके सुरक्षित और स्वस्थ होकर आनन्दका उपभोग करें। परंतु जो दुष्ट मनुष्य हम सबका द्वेषका करता है और उस कारण जिस दुष्टका हम सब द्वेष करते हैं, उसका नाश हो। दुष्टता और द्वेषका समूल नाश हो ॥

दीर्घायुकी प्रार्थना।

[३२ (३३)]

(ऋषिः-ब्रह्मा। देवता-आयुः)

उप॑ प्रि॒यं पनि॑प्नतं॒ युवा॑नमाहुती॒वृध॑म्।
अग॑न्म॒ बिभ्र॑तो॒ नमो॑ दी॒र्घमायुः॑ कृणोतु मे ॥ १ ॥

अर्थ—(प्रियं पनिप्नतं) प्रिय, स्तुतिके योग्य, (युवानं आहुतीवृधं) तरुण और आहुतियोंसे बढनेवाले अग्निके समीप (नमः बिभ्रतः उप अगन्म) अन्न धारण करते हुए हम प्राप्त होते हैं। वह (मे दीर्घं आयुः कृणोतु) मेरी दीर्घ आयु करे ॥ १ ॥

प्रतिदिन घर घरमें प्रज्वलित अग्निमें हवन करनेसे और उस में योग्य विहित हवनीय पदार्थोंका हवन करनेसे घरवालोंकी आयु वृद्धिंगत होती है।

प्रजा, धन और दीर्घ आयु।

[३३ (३४)]

(ऋषिः-ब्रह्मा । देवता-मन्त्रोक्ता)

सं मा सिञ्चन्तु मुरुतः सं पूषा सं बृहस्पतिः ।
सं मायमग्निः सिञ्चतु प्रजया च धनेन च दीर्घमायुः कृणोतु मे ॥ १॥

अर्थ- (मरुतः मा सं सिञ्चन्तु) मरुत् मेरे ऊपर प्रजा और धनका सिंचन करें। (पूषा बृहस्पतिः सं सं) पूषा और ब्रह्मणस्पति मेरे ऊपर उसीका उत्तम रीतिसे सिंचन करें। (अयं अग्निः प्रजया च धनेन च मा सं सिञ्चतु) यह अग्नि मेरे ऊपर प्रजा और धनका उत्तम सिंचन करे। और (मे दीर्घं आयुः कृणोतु) मेरी दीर्घ आयु करे ॥ १ ॥

देवताओंकी सहायतासे मुझे उत्तम संतान, विपुल धन और दीर्घ आयु प्राप्त होवे। जिस प्रकार मेघसे पानी बरसता है उस प्रकार मेरे ऊपर इनकी वृष्टि होवे। अर्थात् पर्याप्त प्रमाणमें ये मुझे प्राप्त हों। 'मरुत्' वायु किंवा प्राण है। शुद्ध वायुसे प्राण बलवान् होकर नीरोगता और दीर्घायु प्राप्त हो सकती है। 'ब्रह्मणस्पति' की सहायतासे ज्ञान और 'पूषा' की सहायतासे पुष्टी प्राप्त होगी। इसी प्रकार अग्नि शुद्धता करता है इस लिये इससे पवित्रता प्राप्त होगी और इन सबसे प्रजा, धन और दीर्घ आयुकी वृद्धि होगी।

निष्पाप होनेकी प्रार्थना।

[३४ (३५)]

(ऋषिः-अथर्वा । देवता-जातवेदाः)

अग्ने जातान् प्र णुदा मे सपत्नान् प्रत्यजातान् जातवेदो नुदस्व ।
अधस्पदं कृणुष्व ये पृतन्यवोऽनागसस्ते वयमदितये स्याम ॥ १ ॥

पिपृहि) इस राष्ट्रको उत्तम समृद्धिके लिये परिपूर्ण करो । (विश्वे देवाः एनं अनुमदन्तु) सब देव इसको अनुमोदन दें ॥ १ ॥

(याः ते इमाः शतं हिराः) जो ये सौ नाडियां हैं, (उत सहस्रं धमनीः) और हजारों धमनियां हैं, (ते तासां सर्वासां बिलं) तेरी उन सब धमनियों का छिद्र (अहं अश्मना अपि अधां) मैं पत्थरसे बन्द करता हूं ॥ २ ॥

(ते योनेः परं) तेरे गर्भस्थानसे परे जो हैं उनको (अवरं कृणोमि) मैं समीप करता हूं । जिससे (प्रजा उत सूनुः) संतान अथवा पुत्र (त्वा मा अभिभूत्) तुझे तिरस्कृत न करे । (त्वा असुं प्रजसं कृणोमि) तुझे असुवाला अर्थात् प्राणवाला संतान करता हूं । और (अश्मानं ते अपिधानं कृणोमि) पत्थर तेरा आवरण करता हूं ॥ ३ ॥

इस सूक्तमें स्त्रीचिकित्साका विषय कहा है । विशेषकर योनिचिकित्साका महत्वपूर्ण विषय है । सूक्त अस्पष्ट है और समझने के लिये बहुत कठीण है । अतः इसका योग्य स्पष्टीकरण हम कर नहीं सकते । योनिस्थानकी सैकडों नाडियोंका छिद्र बंद करनेका विधान द्वितीय मंत्रमें है । अर्थात स्त्रियोंके रक्तस्रावके अथवा प्रमेह आदिके रोगको दूर करनेका तात्पर्य यहां प्रतीत होता है । रक्तस्राव को दूर करनेका साधन (अश्मा) पत्थर कहा है, यह किस जातीका पत्थर है इसकी खोज वैद्योंको करना चाहिये । यह कोई ऐसा पत्थर होगा कि जिसके घावपर लगानेसे, वहांसे होनेवाला रक्तप्रवाह बंद होगा और रोगीको आरोग्य प्राप्त होगा । तृतीयमंत्रमें भी इसी पत्थर-का उल्लेख है । घावपर इस पत्थरको ढक्कन जैसा रखना है । यह विधान इसलिये होगा कि यदि किसी घावका रक्तप्रवाह एकवार लगानेसे बंद न होता होगा, तो उसपर वह औषधिका पत्थर बहुत समय तक बांध देना उचित होगा ।

फिटकडीका पत्थर छोटे घावपर लगानेसे वहांका रक्तप्रवाह बंद होनेका अनुभव है । इसी प्रकारका यह कोई पत्थर होगा जो स्त्रियोंके योनिस्थान के रक्तप्रवाहको रोकनेवाला यहां कहा है ।

तृतीय मंत्रमें सन्तान न होनेवाली स्त्रीके योनिस्थान और गर्भाशयकी नाडीयों और धमनियोंका स्थान बदल देनेका उल्लेख है । इस प्रकार स्थान बदल देनेसे उस स्त्रीको सन्तान होते है । स्त्री और पुरुष सन्तान भी होते है । इस प्रकार धमनियोंका स्थान बदलने पर संतति उस माताका तिरस्कार नहीं करती (प्रजा मा अभि भूत्) ऐसा मंत्रका वाक्य है । प्रजा अथवा संतान द्वारा स्त्रीका तिरस्कार होनेका स्पष्ट अर्थ

यह है कि उस स्त्रीको संतान न होना। जो जिसका तिरस्कार करता है, वह उसके पास नहीं जाता। यहां सन्तान स्त्रीका तिरस्कार करता है, ऐसा कहनेसे उस स्त्रीको सन्तान नहीं होता यह बात सिद्ध है। ऐसी वंध्या स्त्रीको (असू-वं प्रजसं कृणोमि) प्राणवाली प्रजा करता हूं। पूर्वोक्त प्रकार स्त्रीकी धमनियोंका प्रवाह बदलनेसे वंध्या स्त्रीको भी प्राणवाली प्रजा होती है। ' अस्व ' शब्द ' असू-वन्, ' असु-वान् ' प्राणवाला इस अर्थमें यहां है। यहां ' अश्वं ' ऐसा भी पाठ है। यह पाठ माननेपर ' बलवान् ' ऐसा अर्थ होगा।

वंध्या दो प्रकारकी होती है, एक को संतान होती नहीं और दूसरीको सन्तान होती है परंतु मरजाती है। इन दोनों प्रकारकी वंध्याओंका योनिस्थानकी नाडीयोंका रुख बदल देनेसे सन्तानोत्पत्ति करनेमें समर्थ होनेका संभव यहां कहा है। शस्त्रवैद्य इसका विचार करें। यह शस्त्र प्रयोग करनेवाले कुशल डाक्तरोंका विषय है, इस लिये हम सूक्तपर विचार करना उनका कार्य है।

पतिपत्नीका परस्पर प्रेम।

[३६ (३७)]

(ऋषिः- अथर्वा। देवता- अक्षि)

अक्ष्यौ॒ नौ॒ मधु॑संकाशे॒ अनी॑कं नौ॒ स॒मञ्ज॑नम् ।
अ॒न्तः कृ॑णुष्व॒ मां हृ॒दि मन॒ इन्नौ॑ स॒हास॑ति ॥ १ ॥

अर्थ- (नौ अक्ष्यौ मधुसंकाशे) हम दोनोंकी आंखे मधुके समान मीठी हों। (नौ अनीकं समञ्जनं) हम दोनोंके आंखके अग्रभाग उत्तम अञ्जनसे युक्त हों। (हृदि मां अन्तः कृणुष्व) अपने हृदयमें मुझे अन्दर रख। (नौ मनः इत् सह असति) हम दोनोंका मन सदा परस्पर साथ मिला रहे ॥१॥

पतिपत्नीकी आंखें परस्परका अवलोकन प्रेमकी मीठी दृष्टिसे करें। एकको देखनेसे दूसरेको आनन्दका अनुभव हो। कभी पतिपत्नीमें ऐसा भाव न हो कि जिसके कारण एकको देखनेसे दूसरेके मनमें क्रोध और द्वेषका भाव जाग उठे। दोनोंके आंख, उत्तम अञ्जनसे शुद्ध, पवित्र और निर्दोष हुए हों। दृष्टि शुद्ध हो। किसीकी भी दृष्टिमें अपवित्रता न हो। आंखकी पवित्रता साधारण अञ्जन करता है, उसी प्रकार ज्ञानसे भी दृष्टि की पवित्रता होती है।

पति अपने हृदयमें पत्नीको अच्छा स्थान दे, वहां धर्मपत्निके सिवाय किसी दूसरी स्त्रीको स्थान न मिले। इसी प्रकार पत्नी भी अपने हृदयमें पतिको स्थान दे और कभी धर्मपतीके विना दूसरे किसी पुरुषको वहां स्थान प्राप्त न हो। (हृदि मां अन्तः कृणुष्व) पतिपत्नी एक दूसरेको हि अपने हृदयमें स्थान दें।

(मनः सह असति) पतिपत्नीका मन एक दूसरेके साथ मिला हो, कभी विभक्त न हो। इनमेंसे कोई एक व्यक्ति दूसरेके साथ न झगडे और अपना मन किसी दूसरी व्यक्तिके साथ न मिलाये।

इस प्रकार पतिपत्नी रहे और गृहाश्रमका व्यवहार करें। इस मंत्रमें पतिपत्नीके गृहस्थाश्रमका सर्वोत्तम आदर्श बताया है। पाठक इस सूक्तके उपदेशको अपने आचरणमें डाल देनेका यत्न करें और गृहस्थाश्रमका पूर्ण आनन्द प्राप्त करें।

पत्नी पतिके लिये वस्त्र बनावे।

[३७ (३८)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-लिंगोक्ता)

अभि त्वा मनुजातेन दधामि मम वाससा।
यथासो मम केवलो नान्यासां कीर्तयाश्चन॥ १॥

अर्थ— (मम मनुजातेन वाससा) मेरे विचारके साथ बनाये वस्त्रसे (त्वा अभि दधामि) तुझे मैं बांध देती हूं। (यथा केवलः मम असः) जिससे तू एक मात्र केवल मेरा पति होकर रह और (अन्यासां न चन कीर्तयाः) अन्य स्त्रियोंका नाम तक लेनेवाला न हो॥ १॥

स्त्री अपने हाथसे सूत कांते, चर्खा चलावे, वस्त्र निर्माण करे और अपनी कुशलता-पूर्वक निर्माण किये हुए कपडेसे पतिके पहिरनेके वस्त्र निर्माण करें। पत्नीके निर्माण किये सूतसे बने हुए वस्त्र पति पहने। सूत निर्माण करनेके समय पत्नी अपने आन्तरिक प्रेमके साथ सूत कांते और पति भी ऐसा कपडा पहनना अपना गौरव माने। इस प्रकार परस्पर प्रेमका व्यवहार करनेसे धर्मपति भी दूसरी स्त्री का नाम नहीं लेगा, और धर्मपत्नी भी दूसरे पुरुष का नाम नहीं लेगी। इस प्रकार दोनों गृहस्थाश्रमका आनन्द प्राप्त करते हुए सुखी हों।

यह सूक्त भी गृहस्थी लोगोंके ध्यानसे पाठ करने योग्य उपदेश देता है।

पतिपत्नीका एकमत।

[३८ (३९)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-वनस्पतिः)

इदं खनामि भेषजं मांपश्यमभिरोरुदम्।
परायतो निवर्तनमायतः प्रतिनन्दनम् ॥ १ ॥
येना निचक्र आसुरीन्द्रं देवेभ्यस्परि।
तेना नि कुर्वे त्वामहं यथा तेसानि सुप्रिया ॥ २ ॥

अर्थ—मैं (इदं औषधं खनामि) इस औषधि वनस्पतिको खोदती हूं। यह औषध (मां—पश्यं) मेरी ओर दृष्टि खींचानेवाला और (अभि—रोरुदं) सब प्रकारसे दुर्वर्तनसे रोकनेवाला, (परायतः निवर्तनं) दुर्मार्गमें दूर जानेवाले को भी वापस लानेवाला, और (आयतः प्रतिनन्दनं) संयममें रहनेवालेका आनन्द बढानेवाला है ॥ १ ॥

(आसुरी) आसुरी नामक औषधिने (येन देवेभ्यः परि इन्द्रं नि चक्रे) जिस गुणके कारण देवोंके ऊपर इन्द्रको अधिक प्रभावशाली बनाया, (तेन अहं त्वां निकुर्वे) उससे मैं तुझे प्रभावशाली बनाती हूं, (यथा ते सुप्रिया असानि) जिससे तेरी प्रिय धर्मपत्नी मैं बनूंगी ॥ २ ॥

भावार्थ-मैं इस औषधिको भूमिसे खोदकर लेती हूं, इससे मेरी ओर ही पतिकी आंखें लगेंगी, अर्थात् किसी अन्य स्थानमें नहीं जावेगी, सब प्रकारके दुर्वर्तनसे बचाव होगा, यदि दुर्मार्गमें उसका पांव पडा होगा, तो वह वापस आवेगा, और वह संयमसे रहकर अब आनंद प्राप्त कर सकेगा ॥ १ ॥

इसका नाम आसुरी वनस्पति है। इसके प्रभावसे इन्द्र सब देवोंमें विशेष प्रभावशाली होनेके कारण श्रेष्ठ बन गया। इस वनस्पतिसे मैं अपने पतिको प्रभावित करती हूं.जिससे मैं धर्मपत्नी अपने पतिकी प्रिय सखी बनकर रहूंगी ॥ २ ॥

प्रतीची सोममसि प्रतीच्युत सूर्यम् ।
प्रतीची विश्वान्देवान् तां त्वाच्छावदामसि ॥ ३ ॥
अहं वदामि नेत् त्वं सभायामह त्वं वद ।
ममेदसस्त्वं केवलो नान्यासां कीर्तयाश्चन ॥ ४ ॥
यदि वासि तिरोजनं यदि वा नद्यस्तिरः ।
इयं ह मह्यं त्वामोषधिर्बद्ध्वेव न्यानयत् ॥ ५ ॥
॥ इति तृतीयोऽनुवाकः ॥

अर्थ— तू (सोमं प्रतीची असि) चन्द्रके संमुख रहती है, (उत सूर्यं प्रतीची) और सूर्यके संमुख होती है, तथा (विश्वान् देवान् प्रतीची) सब देवोंके संमुख होती है। (तां त्वा अच्छा वदामसि) ऐसे तेरा मैं उत्तम वर्णन करता हूं ॥ ३ ॥

(अहं वदामि) मैं बोलती हूं, (न इत् त्वं) तू न बोल। (त्वं सभायां अह वद) तू सभामें निश्चयपूर्वक बोल। (त्वं केवलः मम इत असः) तू केवल मेराही होकर रह, (अन्यासां न चन कीर्तयाः) अन्योंका नाम तक न ले। ४।

(यदि वा तिरोजनं असि) यदि तू जनोंसे दूर जंगलमें रहा, (यदि वा नद्यः तिरः) यदि तू नदीके पार गया होगा, तो भी (इयं ओषधिः) यह औषधि (त्वां बध्वा) तुझे बांधकर (मह्यं नि आनयत् [illegible]) मेरे पास ले आवेगी ॥ ५ ॥

भावार्थ-यह वनस्पति चन्द्रके अभिमुख होकर [illegible] प्राप्त करती है, तथा सूर्यके संमुख रहकर तेजस्विता प्राप्त करती है और [illegible] अन्यान्य दिव्य गुण लेती है। इसीलिये इसकी प्रशंसा [illegible] ॥ ३

हे पति! घरमें मैं बोलूंगी, और मेरे भाषणका [illegible]। घरमें तूं न बोल। तू सभामें खूब वक्तृत्व [illegible] केवल मेरा प्रिय पति बनकर मेरे अनुकूल रह। ऐसा [illegible] अन्य स्त्रीका नाम तक लेनेकी आवश्यकता नहीं [illegible]

यदि तूं ग्राममें रहा या वनमें गया, यदि नदीके पार [illegible] ओर रहा, यह औषधि ऐसी है कि जिसके प्रभावसे तूं मेरे [illegible] होकर मेरे पासही आवेगा, और किसी दूसरे [illegible]

यह सूक्त स्पष्ट है इसलिये अधिक विवरण करनेकी आवश्यकता नहीं है। पतिके लिये एकही स्त्री धर्मपत्नी हो और पत्नीके लिये एकही पुरुष धर्मपती हो, यह विवाह का उच्चतम आदर्श इस सूक्तने पाठकोंके सन्मुख रखा है। कोई पुरुष अपनी विवाहित धर्मपत्नीको छोडकर किसी भी दूसरी स्त्रीकी अपेक्षा न करे और कोई स्त्री अपने विवाहित धर्मपतिको छोडकर किसी दूसरे पुरुषकी कभी अपेक्षा न करे।

दोनों एक दूसरेके साथ प्रेमसे वश होकर अत्यन्त प्रेमपूर्वक व्यवहार करें और गृहस्थाश्रमका व्यवहार सुखपूर्वक करें। इस सूक्तमें 'आसुरी' वनस्पतिका उपयोग कहा है। इसका सेवन करनेसे मनुष्य पराक्रमी और उत्साही होता है, मनुष्यकी प्रवृत्ति पापाचरणकी ओर नहीं होती। ऐसा इसका फल वर्णन हुआ है। यह औषधि कौनसी है इसका पता नहीं चलता। सुविज्ञ वैद्य इसका अन्वेषण करें और जनताकी भलाईके लिये उसके उपयोग का प्रयोग प्रकाशित करें।

उत्तम वृष्टि।

[३९ (४०)]

(ऋषिः-प्रस्कण्वः। देवता-मंत्रोक्ता)

दि॒व्यं सु॑प॒र्णं प॑य॒सं बृ॒हन्त॑म॒पां गर्भं॑ वृष॒भमोष॑धीनाम्।
अ॒भी॒प॒तो वृ॒ष्ट्या त॒र्पय॑न्त॒मा नो॑ गो॒ष्ठे र॑यि॒ष्ठां स्था॑पयाति ॥ १॥

अर्थ— (दिव्यं, पयसं सुवर्णं) आकाशमें रहनेवाले, जलको धारण करनेके कारण जलसे परिपूर्ण, (अपां बृहन्तं वृषभं) जलकी बडी वृष्टि करनेवाले, (ओषधीनां गर्भं) औषधिवनस्पतियोंका गर्भ बढानेवाले, (अभीपतः वृष्ट्या तर्पयन्तं) सब प्रकारसे वृष्टिद्वारा तृप्ति करनेवाले, (रयि-स्थां) शोभायुक्त स्थानमें रहनेवाले मेघको देव (नः गोष्ठे आ स्थापयतु) हमारी गोशालाकी भूमिमें स्थापन करे अर्थात हमारी भूमिमें उत्तम वृष्टी होवे ॥ १ ॥

मेघ आकाशमें संचार करता है, वह जलसे परिपूर्ण होता है, जलकी वृष्टी करता है, उसके जलसे सब औषधि वनस्पतियां गर्भयुक्त होती हैं, यह अन्य रीतिसे अपनी वृष्टी द्वारा सबकी तृप्ति करता है, सबकी शोभा बढाता है, यह सबका हित करनेवाला मेघ हमारी भूमिमें, जहां हमारी गौएं रहती हैं, वहां उत्तम वृष्टी करावे और हम सबको तृप्त करे।

अमृतरसवाला देव।

[४० (४१)]

(ऋषिः- प्रस्कण्वः । देवता- सरस्वान्)

यस्य॑ व्र॒तं प॒शवो॒ यन्ति॒ सर्वे॒ यस्य॑ व्र॒त उ॑पति॒ष्ठन्त॒ आप॑: ।
यस्य॑ व्र॒ते पु॑ष्टप॒तिर्निवि॑ष्ट॒स्तं सर॑स्वन्त॒मव॑से हवामहे ॥ १ ॥
आ प्र॒त्यञ्चं॑ दा॒शुषे॑ दा॒श्वंसं॒ सर॑स्वन्तं पुष्ट॒पतिं॑ रयि॒ष्ठाम् ।
रा॒यस्पोषं॑ श्रव॒स्युं॒ वसा॑ना इ॒ह हु॑वेम॒ सद॑नं रयी॒णाम् ॥ २ ॥

अर्थ- (सर्वे पशवः यस्य व्रतं यन्ति) सब पशु जिसके नियमके अनुसार जाते हैं, (यस्य व्रते आपः उपतिष्ठन्ति) जिसके कर्मके अनुसार जल उपस्थित होते हैं, (यस्य व्रते पुष्टपतिः निविष्टः) जिसके व्रतमें पोषणकर्ता कार्य करता है, (तं सरस्वन्तं अवसे हवामहे) उस अमृतरसवाले देवकी हमारी रक्षाके लिये हम प्रार्थना करते हैं ॥ १ ॥

(दाशुषे प्रत्यञ्चं दाश्वंसं) दाताको प्रत्येक समय संमुख होकर दान देनेवाले, (पुष्टपतिं सरस्वन्तं) पुष्टि करने वाले, अमृतरसवाले, (रयि स्थां) ऐश्वर्यमें स्थिर रहनेवाले, (रायस्पोषं श्रवस्युं) धनकी पुष्टि करनेवाले और अन्नवाले, (रयीणां सदनं) धनोंके आश्रयस्थानरूप देवकी (इह वसानाः) यहां रहनेवाले हम सब (आ हुवेम) प्रार्थना करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ- सब पशु पक्षी जिसके नियममें रहते हैं, जल जिसके नियम से बहता है, जिसके नियमसे सबकी पुष्टी होती है, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी रक्षा करे ॥ १ ॥

हरएक दाताको जो धन देता है, सबका जो पोषण करता है, जिसके कारण सबकी शोभा होती है, जो सबके ऐश्वर्यको बढाता है, और जिसके पास अन्न भी विपुल है, जिसके आश्रयसे सब धन रहते हैं, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि, उसकी कृपासे हम सब इस स्थानमें रहनेवाले लोग सुरक्षित हों ॥ २ ॥

ईश्वरके पास संपूर्ण अमृतरस है। वह स्वयं सबका पोषण करता है अतः हम उसकी प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी रक्षा करे, हमें पुष्ट करे, हमें धनसंपन्न करे और अमृत रससे युक्त करे।

यह सूक्त स्पष्ट है इसलिये अधिक विवरण करनेकी आवश्यकता नहीं है। पतिके लिये एकही स्त्री धर्मपत्नी हो और पत्नीके लिये एकही पुरुष धर्मपती हो, यह विवाह का उच्चतम आदर्श इस सूक्तने पाठकोंके सन्मुख रखा है। कोई पुरुष अपनी विवाहित धर्मपत्नीको छोडकर किसी भी दूसरी स्त्रीकी अपेक्षा न करे और कोई स्त्री अपने विवाहित धर्मपतिको छोडकर किसी दूसरे पुरुषकी कभी अपेक्षा न करे।

दोनों एक दूसरेके साथ प्रेमसे वश होकर अत्यन्त प्रेमपूर्वक व्यवहार करें और गृहस्थाश्रमका व्यवहार सुखपूर्वक करें। इस सूक्तमें 'आसुरी' वनस्पतिका उपयोग कहा है। इसका सेवन करनेसे मनुष्य पराक्रमी और उत्साही होता है, मनुष्यकी प्रवृत्ति पापाचरणकी ओर नहीं होती। ऐसा इसका फल वर्णन हुआ है। यह औषधि कौनसी है इसका पता नहीं चलता। सुविज्ञ वैद्य इसका अन्वेषण करें और जनताकी भलाईके लिये उसके उपयोग का प्रयोग प्रकाशित करें।

उत्तम वृष्टि।

[३९ (४०)]

(ऋषिः—प्रस्कण्वः। देवता—मंत्रोक्ता)

दिव्यं सुपर्णं पयसं बृहन्तमपां गर्भं वृषभमोषधीनाम्।
अभीपतो वृष्ट्या तर्पयन्तमा नो गोष्ठे रयिष्ठां स्थापयाति॥ १॥

अर्थ— (दिव्यं, पयसं सुवर्णं) आकाशमें रहनेवाले, जलको धारण करनेके कारण कारण जलसे परिपूर्ण, (अपां बृहन्तं वृषभं) जलकी बडी वृष्टि करनेवाले, (ओषधीनां गर्भं) औषधिवनस्पतियोंका गर्भ बढानेवाले, (अभीपतः वृष्ट्या तर्पयन्तं) सब प्रकारसे वृष्टिद्वारा तृप्ति करनेवाले, (रयि-स्थां) शोभायुक्त स्थानमें रहनेवाले मेघको देव (नः गोष्ठे आ स्थापयतु) हमारी गोशालाकी भूमिमें स्थापन करे अर्थात हमारी भूमिमें उत्तम वृष्टी होवे॥ १॥

मेघ आकाशमें संचार करता है, वह जलसे परिपूर्ण होता है, जलकी वृष्टी करता है, उसके जलसे सब औषधि वनस्पतियां गर्भयुक्त होती हैं, यह अन्य रीतिसे अपनी वृष्टी द्वारा सबकी तृप्ति करता है, सबकी शोभा बढाता है, यह सबका हित करनेवाला मेघ हमारी भूमिमें, जहां हमारी गौएं रहती हैं, वहां उत्तम वृष्टी करावे और हम सबको तृप्त करे।

अमृतरसवाला देव।

[४० (४१)]

(ऋषिः- प्रस्कण्वः । देवता- सरस्वान्)

यस्यं व्रतं पुशवो यन्ति सर्वे यस्यं व्रत उंपतिष्ठन्त आपंः ।
यस्यं व्रते पुंष्टपतिर्निविष्टस्तं सरंस्वन्तुमवंसे हवामहे ॥ १ ॥
आ प्रत्यञ्चं दाशुषें दाश्वंसं सरंस्वन्तं पुष्टपतिं रयिष्ठाम् ।
रायस्पोषं श्रवुस्युं वसाना इह हुवेम सदंनं रयीणाम् ॥ २ ॥

अर्थ- (सर्वे पशवः यस्य व्रतं यन्ति) सब पशु जिसके नियमके अनुसार जाते हैं, (यस्य व्रते आपः उपतिष्ठन्ति) जिसके कर्मके अनुसार जल उपस्थित होते हैं, (यस्य व्रते पुष्टपतिः निविष्टः) जिसके व्रतमें पोषणकर्ता कार्य करता है, (तं सरस्वन्तं अवसे हवामहे) उस अमृतरसवाले देवकी हमारी रक्षाके लिये हम प्रार्थना करते हैं ॥ १ ॥

(दाशुषे प्रत्यञ्चं दाश्वंसं) दाताको प्रत्येक समय संमुख होकर दान देनेवाले, (पुष्टपतिं सरस्वन्तं) पुष्टि करने वाले, अमृतरसवाले, (रयि-स्थां) ऐश्वर्यमें स्थिर रहनेवाले, (रायस्पोषं श्रवस्युं) धनकी पुष्टि करनेवाले और अन्नवाले, (रयीणां सदनं) धनोंके आश्रयस्थानरूप देवकी (इह वसानाः) यहां रहनेवाले हम सब (आ हुवेम) प्रार्थना करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ- सब पशु पक्षी जिसके नियममें रहते हैं, जल जिसके नियम से बहता है, जिसके नियमसे सबकी पुष्टी होती है, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी रक्षा करे ॥ १ ॥

हरएक दाताको जो धन देता है, सबका जो पोषण करता है, जिसके कारण सबकी शोभा होती है, जो सबके ऐश्वर्यको बढाता है, और जिसके पास अन्न भी विपुल है, जिसके आश्रयसे सब धन रहते हैं, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि, उसकी कृपासे हम सब इस स्थानमें रहनेवाले लोग सुरक्षित हों ॥ २ ॥

ईश्वरके पास संपूर्ण अमृतरस है। वह स्वयं सबका पोषण करता है अतः हम उसकी प्रार्थना करते है कि वह हमारी रक्षा करे, हमें पुष्ट करे, हमें धनसंपन्न करे और अमृत रससे युक्त करे।

यह सूक्त स्पष्ट है इसलिये अधिक विवरण करनेकी आवश्यकता नहीं है। पतिके लिये एकही स्त्री धर्मपत्नी हो और पत्नीके लिये एकही पुरुष धर्मपती हो, यह विवाह का उत्तम आदर्श इस सूक्तने पाठकोंके सन्मुख रखा है। कोई पुरुष अपनी विवाहित धर्मपत्नीको छोडकर किसी भी दूसरी स्त्रीकी अपेक्षा न करे और कोई स्त्री अपने विवाहित धर्मपतिको छोडकर किसी दूसरे पुरुषकी कभी अपेक्षा न करे।

दोनों एक दूसरेके साथ प्रेमसे वश होकर अत्यन्त प्रेमपूर्वक व्यवहार करें और गृहस्थाश्रमका व्यवहार सुखपूर्वक करें। इस सूक्तमें 'आसुरी' वनस्पतिका उपयोग कहा है। इसका सेवन करनेसे मनुष्य पराक्रमी और उत्साही होता है, मनुष्यकी प्रवृत्ति पापाचरणकी ओर नहीं होती। ऐसा इसका फल वर्णन हुआ है। यह औषधि कौनसी है इसका पता नहीं चलता। सुविज्ञ वैद्य इसका अन्वेषण करें और जनताकी भलाईके लिये उसके उपयोग का प्रयोग प्रकाशित करें।

उत्तम वृष्टि।

[३९ (४०)]

(ऋषिः-प्रस्कण्वः। देवता-मंत्रोक्ता)

दि॒व्यं सु॑प॒र्णं प॑य॒सं बृ॒हन्त॑म॒पां गर्भं॑ वृष॒भमोष॑धीनाम्।
अ॒भी॒प॒तो वृ॒ष्ट्या त॒र्पय॑न्त॒मा नो॑ गो॒ष्ठे र॑यि॒ष्ठां स्था॑पयाति ॥ १॥

अर्थ— (दिव्यं, पयसं सुवर्ण) आकाशमें रहनेवाले, जलको धारण करनेके कारण कारण जलसे परिपूर्ण, (अपां बृहन्तं वृषभं) जलकी बडी वृष्टि करनेवाले,(ओषधीनां गर्भं) औषधिवनस्पतियोंका गर्भ बढानेवाले, (अभीपतः वृष्ट्या तर्पयन्तं) सब प्रकारसे वृष्टिद्वारा तृप्ति करनेवाले, (रयि-स्थां) शोभायुक्त स्थानमें रहनेवाले मेघको देव (नः गोष्ठे आ स्थापयतु) हमारी गोशालाकी भूमिमें स्थापन करे अर्थात हमारी भूमिमें उत्तम वृष्टी होवे ॥ १ ॥

मेघ आकाशमें संचार करता है, वह जलसे परिपूर्ण होता है, जलकी वृष्टी करता है, उसके जलसे सब औषधि वनस्पतियां गर्भयुक्त होती हैं, यह अन्य रीतिसे अपनी वृष्टी द्वारा सबकी तृप्ति करता है,सबकी शोभा बढाता है,यह सबका हित करनेवाला मेघ हमारी भूमिमें, जहां हमारी गौएं रहती हैं, वहां उत्तम वृष्टी करावे और हम सबको तृप्त करे।

अमृतरसवाला देव ।

[४० (४१)]

(ऋषिः- प्रस्कण्वः । देवता- सरस्वान्)

यस्यं व्रतं पशवो यन्ति सर्वे यस्यं व्रत उपतिष्ठन्त आपः ।
यस्यं व्रते पुष्टपतिर्निविष्टस्तं सरस्वन्तमवसे हवामहे ॥ १ ॥
आ प्रत्यञ्चं दाशुषे दाश्वंसं सरस्वन्तं पुष्टपतिं रयिष्ठाम् ।
रायस्पोषं श्रवस्युं वसाना इह हुवेम सदनं रयीणाम् ॥ २ ॥

अर्थ- (सर्वे पशवः यस्य व्रतं यन्ति) सब पशु जिसके नियमके अनुसार जाते हैं, (यस्य व्रते आपः उपतिष्ठन्ति) जिसके कर्मके अनुसार जल उपस्थित होते हैं, (यस्य व्रते पुष्टपतिः निविष्टः) जिसके व्रतमें पोषणकर्ता कार्य करता है, (तं सरस्वन्तं अवसे हवामहे) उस अमृतरसवाले देवकी हमारी रक्षाके लिये हम प्रार्थना करते हैं ॥ १ ॥

(दाशुषे प्रत्यञ्चं दाश्वंसं) दाताको प्रत्येक समय संमुख होकर दान देनेवाले, (पुष्टपतिं सरस्वन्तं) पुष्टि करने वाले, अमृतरसवाले, (रयि स्थां) ऐश्वर्यमें स्थिर रहनेवाले, (रायस्पोषं श्रवस्युं) धनकी पुष्टि करनेवाले और अन्नवाले, (रयीणां सदनं) धनोंके आश्रयस्थानरूप देवकी (इह वसानाः) यहां रहनेवाले हम सब (आ हुवेम) प्रार्थना करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ- सब पशु पक्षी जिसके नियममें रहते हैं, जल जिसके नियम से बहता है. जिसके नियमसे सबकी पुष्टी होती है, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी रक्षा करे ॥ १ ॥

हरएक दाताको जो धन देता है, सबका जो पोषण करता है, जिसके कारण सबकी शोभा होती है, जो सबके ऐश्वर्यको बढाता है, और जिसके पास अन्न भी विपुल है, जिसके आश्रयसे सब धन रहते हैं. उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि, उसकी कृपासे हम सब इस स्थानमें रहनेवाले लोग सुरक्षित हों ॥ २ ॥

ईश्वरके पास संपूर्ण अमृतरस हैं । वह स्वयं सबका पोषण करता है अतः हम उसकी प्रार्थना करते है कि वह हमारी रक्षा करे, हमें पुष्ट करे, हमें धनसंपन्न करे और अमृत रससे युक्त करे ।

यह सूक्त स्पष्ट है इसलिये अधिक विवरण करनेकी आवश्यकता नहीं है। पतिके लिये एकही स्त्री धर्मपत्नी हो और पत्नीके लिये एकही पुरुष धर्मपती हो, यह विवाह का उच्चतम आदर्श इस सूक्तने पाठकोंके सन्मुख रखा है। कोई पुरुष अपनी विवाहित धर्मपत्नीको छोडकर किसी भी दूसरी स्त्रीकी अपेक्षा न करे और कोई स्त्री अपने विवाहित धर्मपतिको छोडकर किसी दूसरे पुरुषकी कभी अपेक्षा न करे।

दोनों एक दूसरेके साथ प्रेमसे वश होकर अत्यन्त प्रेमपूर्वक व्यवहार करें और गृहस्थाश्रमका व्यवहार सुखपूर्वक करें। इस सूक्तमें 'आसुरी' वनस्पतिका उपयोग कहा है। इसका सेवन करनेसे मनुष्य पराक्रमी और उत्साही होता है, मनुष्यकी प्रवृत्ति पापाचरणकी ओर नहीं होती। ऐसा इसका फल वर्णन हुआ है। यह औषधि कौनसी है इसका पता नहीं चलता। सुविज्ञ वैद्य इसका अन्वेषण करें और जनताकी भलाईके लिये उसके उपयोग का प्रयोग प्रकाशित करें।

उत्तम वृष्टि।

[२९ (३०)]

(ऋषिः-प्रस्कण्वः। देवता-मंत्रोक्ता)

दि॒व्यं सु॑प॒र्णं प॑य॒सं बृ॒हन्त॑म॒पां गर्भं॑ वृष॒भमोष॑धीनाम्।
अ॒भी॒प॒तो वृ॒ष्ट्या त॒र्पय॑न्त॒मा नो॑ गो॒ष्ठे र॑यि॒ष्ठां स्था॑पयाति ॥ १॥

अर्थ— (दिव्यं, पयसं सुवर्णं) आकाशमें रहनेवाले, जलको धारण करनेके कारण कारण जलसे परिपूर्ण, (अपां बृहन्तं वृषभं) जलकी बडी वृष्टि करनेवाले, (ओषधीनां गर्भं) औषधिवनस्पतियोंका गर्भ बढानेवाले, (अभीपतः वृष्ट्या तर्पयन्तं) सब प्रकारसे वृष्टिद्वारा तृप्ति करनेवाले, (रयि-स्थां) शोभायुक्त स्थानमें रहनेवाले मेघको देव (नः गोष्ठे आ स्थापयतु) हमारी गोशालाकी भूमिमें स्थापन करे अर्थात हमारी भूमिमें उत्तम वृष्टी होवे ॥ १ ॥

मेघ आकाशमें संचार करता है, वह जलसे परिपूर्ण होता है, जलकी वृष्टी करता है, उसके जलसे सब औषधि वनस्पतियां गर्भयुक्त होती हैं, यह अन्य रीतिसे अपनी वृष्टी द्वारा सबकी तृप्ति करता है, सबकी शोभा बढाता है, यह सबका हित करनेवाला मेघ हमारी भूमिमें, जहां हमारी गौएं रहती हैं, वहां उत्तम वृष्टी करावे और हम सबको तृप्त करे।

अमृतरसवाला देव ।

[४० (४१)]

(ऋषिः- प्रस्कण्वः । देवता- सरस्वान्)

यस्य॑ व्र॒तं प॒शवो॒ यन्ति॒ सर्वे॒ यस्य॑ व्र॒त उ॑पति॒ष्ठन्त॒ आप॑ः ।
यस्य॑ व्र॒ते पु॑ष्टप॑ति॒र्निवि॑ष्ट॒स्तं सर॑स्वन्त॒मव॑से हवामहे ॥ १ ॥
आ प्र॒त्यञ्चं॑ दा॒शुषे॑ दा॒श्वंसं॒ सर॑स्वन्तं पुष्ट॒पतिं॑ रयि॒ष्ठाम् ।
रा॒यस्पोषं॑ श्रव॒स्युं वसा॑ना इ॒ह हु॑वेम॒ सद॑नं रयी॒णाम् ॥ २ ॥

अर्थ- (सर्वे पशवः यस्य व्रतं यन्ति) सब पशु जिसके नियमके अनुसार जाते हैं, (यस्य व्रते आपः उपतिष्ठन्ति) जिसके कर्मके अनुसार जल उपस्थित होते हैं, (यस्य व्रते पुष्टपतिः निविष्टः) जिसके व्रतमें पोषणकर्ता कार्य करता है, (तं सरस्वन्तं अवसे हवामहे) उस अमृतरसवाले देवकी हमारी रक्षाके लिये हम प्रार्थना करते हैं ॥ १ ॥

(दाशुषे प्रत्यञ्चं दाश्वंसं) दाताको प्रत्येक समय संमुख होकर दान देनेवाले, (पुष्टपतिं सरस्वन्तं) पुष्टि करने वाले, अमृतरसवाले, (रयि-स्थां) ऐश्वर्यमें स्थिर रहनेवाले, (रायस्पोषं श्रवस्युं) धनकी पुष्टि करनेवाले और अन्नवाले, (रयीणां सदनं) धनोंके आश्रयस्थानरूप देवकी (इह वसानाः) यहां रहनेवाले हम सब (आ हुवेम) प्रार्थना करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ- सब पशु पक्षी जिसके नियममें रहते हैं, जल जिसके नियम से बहता है, जिसके नियमसे सबकी पुष्टी होती है, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी रक्षा करे ॥ १ ॥

हरएक दाताको जो धन देता है, सबका जो पोषण करता है, जिसके कारण सबकी शोभा होती है, जो सबके ऐश्वर्यको बढाता है, और जिसके पास अन्न भी विपुल है, जिसके आश्रयसे सब धन रहते हैं, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि, उसकी कृपासे हम सब इस स्थानमें रहनेवाले लोग सुरक्षित हों ॥ २ ॥

ईश्वरके पास संपूर्ण अमृतरस है । वह स्वयं सबका पोषण करता है अतः हम उसकी प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी रक्षा करे, हमें पुष्ट करे, हमें धनसंपन्न करे और अमृत रससे युक्त करे ।

अमृतरसवाला देव ।

[४० (४१)]

(ऋषिः- प्रस्कण्वः । देवता- सरस्वान्)

यस्य॑ व्र॒तं प॒शवो॒ यन्ति॒ सर्वे॒ यस्य॑ व्र॒त उ॑प॒तिष्ठ॑न्त॒ आपः॑ ।
यस्य॑ व्र॒ते पु॑ष्ट॒पति॒र्निवि॑ष्ट॒स्तं सर॑स्वन्त॒मव॑से हवामहे ॥ १ ॥
आ प्र॒त्यञ्चं॑ दा॒शुषे॑ दा॒श्वंसं॒ सर॑स्वन्तं पुष्ट॒पतिं॑ रयि॒ष्ठाम् ।
रा॒यस्पोषं॑ श्रव॒स्युं वसा॑ना इ॒ह हु॑वेम॒ सद॑नं रयी॒णाम् ॥ २ ॥

अर्थ- (सर्वे पशवः यस्य व्रतं यन्ति) सब पशु जिसके नियमके अनुसार जाते हैं, (यस्य व्रते आपः उपतिष्ठन्ति) जिसके कर्मके अनुसार जल उपस्थित होते हैं, (यस्य व्रते पुष्टपतिः निविष्टः) जिसके व्रतमें पोषणकर्ता कार्य करता है, (तं सरस्वन्तं अवसे हवामहे) उस अमृतरसवाले देवकी हमारी रक्षाके लिये हम प्रार्थना करते हैं ॥ १ ॥

(दाशुषे प्रत्यञ्चं दाश्वंसं) दाताको प्रत्येक समय संमुख होकर दान देनेवाले, (पुष्टपतिं सरस्वन्तं) पुष्टि करने वाले, अमृतरसवाले, (रयि-स्थां) ऐश्वर्यमें स्थिर रहनेवाले, (रायस्पोषं श्रवस्युं) धनकी पुष्टि करनेवाले और अन्नवाले, (रयीणां सदनं) धनोंके आश्रयस्थानरूप देवकी (इह वसानाः) यहां रहनेवाले हम सब (आ हुवेम) प्रार्थना करते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ- सब पशु पक्षी जिसके नियममें रहते हैं, जल जिसके नियम से बहता है, जिसके नियमसे सबकी पुष्टी होती है, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी रक्षा करे ॥ १ ॥

हरएक दाताको जो धन देता है, सबका जो पोषण करता है, जिसके कारण सबकी शोभा होती है, जो सबके ऐश्वर्यको बढाता है, और जिसके पास अन्न भी विपुल है, जिसके आश्रयसे सब धन रहते हैं, उस देवकी हम प्रार्थना करते हैं कि, उसकी कृपासे हम सब इस स्थानमें रहनेवाले लोग सुरक्षित हों ॥ २ ॥

ईश्वरके पास संपूर्ण अमृतरस है । वह स्वयं सबका पोषण करता है अतः हम उसकी प्रार्थना करते है कि वह हमारी रक्षा करे, हमें पुष्ट करे, हमें धनसंपन्न करे और अमृत रससे युक्त करे ।

मनुष्योंका निरीक्षक देव।

[४१ (४२)]

(ऋषिः—प्रस्कण्वः । देवता—श्येनः)

आति धन्वान्यत्यपस्ततर्द श्येनो नृचक्षा अवसानदर्शः।
तरन् विश्वान्यवरा रजांसीन्द्रेण सख्या शिव आ जगम्यात् ॥ १ ॥
श्येनो नृचक्षा दिव्यः सुपर्णः सहस्रपाच्छतयोनिर्वयोधाः
स नो नि यच्छाद् वसु यत् पराभृतमस्माकमस्तु पितृषु स्वधावत् ॥ २ ॥

अर्थ—(अवसान-दर्शः, नृचक्षाः, श्येनः) अन्तिम अवस्थाको समझनेवाला, सब मनुष्योंको यथावत् जाननेवाला, सूर्यवत् प्रकाशमान ईश्वर, (धन्वानि आति अपः आति ततर्द) रेतीले देशोंके ऊपर भी अत्यंत जलकी वृष्टि करता है । तथा (विश्वानि अवरा रजांसि) सब निम्नभागके लोकोंके प्रति (इन्द्रेण सख्या शिवः) अपने मित्र इन्द्रके साथ कल्याण रूप होकर (तरन्) सबको पार करता हुआ (आ जगम्यात) प्राप्त होता है ॥ १ ॥

(नृचक्षाः दिव्यः सुपर्णः) मनुष्योंका निरीक्षक, द्युलोक में रहनेवाला, जिसके उत्तम किरण हैं, (सहस्रपात् शतयोनिः) सहस्र पावोंसे सर्वत्र संचार करनेवाला, सेकडों प्रकारकी उत्पादक शक्तियोंसे युक्त, (वयोधाः श्येनः) अन्नको देनेवाला, सूर्यवत् प्रकाशमान देव (यत् पराभृतं वसु) जो अन्योंमें प्राप्त होनेवाला धन है, वह धन (सः नः नियच्छात्) वह देव हमें देवे । (अस्माकं पितृषु स्वधावत् अस्तु) हमारे पितरोंमें अन्नवाला भोग सदा रहे ॥ २ ॥

सब मनुष्योंकी अन्तिम अवस्था कैसी होगी इसका यथार्थ ज्ञान रखनेवाला, सब मनुष्योंके कर्मोंका योग्य निरीक्षण करनेवाला, द्युलोकमें प्रकाशसे पूर्ण होनेवाला, जो हजारों प्रकारकी गतियोंसे सर्वत्र संचार कर सकता है, और जो सेकडों प्रकारकी उत्पा-

दक शक्तियोंसे विविध पदार्थोंको उत्पन्न कर सकता है, जो सबको अन्न देता है, ऐसा प्रकाशमय देव रेतीले प्रदेशोंपर भी बहुत वृष्टी करता है, अर्थात् अन्यत्र वृक्षवनस्पतियों पर तो करता ही है । यह देव द्युलोक से अपनी ओर जो अन्यान्य लोक लोकान्तर हैं, उनका धारण करता है, उनका कल्याण करता है, सबको दुःखसे पार करता है । इन्द्र अर्थात् जीवात्माका परम मित्र यह है और यह भूमिपर भी सर्वत्र उपस्थित होता है । यह देव अन्योंसे जो धन प्राप्त होता है वह सब उपासकोंको देताही है, परंतु अन्य भी बहुत कल्याणकारी धन देता है । वह देव हमारे पितरोंको तथा हम सबको अन्नादि पदार्थ देवे ।

पापसे मुक्तता ।

[४२ (४३)]

(ऋषिः—प्रस्कण्वः । देवता—सोमारुद्रौ)

सोमारुद्रा वि वृहतं विषूचीममीवा या नो गयमाविवेश ।
बाधेथां दूरं निर्ऋतिं पराचैः कृतं चिदेनः प्र मुमुक्तमस्मत् ॥ १ ॥
सोमारुद्रा युवमेतान्यस्मद् विश्वा तनूषु भेषजानि धत्तम् ।
अवस्यतं मुञ्चतं यन्नो असत् तनूषु बद्धं कृतमेनो अस्मत् ॥ २ ॥

अर्थ—हे सोम और रुद्र ! (या अमीवा) जो रोग (नः गयं आविवेश) हमारे घरमें प्रविष्ट हुआ है, उस (विषूचीं विवृहतम्) फैलनेवाले रोगको दूर करो । (निर्ऋतिं पराचैः दूरं बाधेथां) दुर्गतिको विशेष रीतिसे दूर ही रोक दो । (कृतं चित् एनः) हमारा किया हुआ भी जो पाप हो, वह (अस्मत् प्रमुमुक्तं) हमसे छुडाओ ॥ १ ॥

हे सोम और रुद्र ! (युवं अस्मत तनुषु) तुम दोनों हमारे शरीरोंमें (एतानि विश्वा भेषजानि धत्तं) इन सब औषधियोंको धारण करो । (यत् नः तनुषु बद्ध एनः असत्) जो हमारा शरीरोंके संबंधसे हुआ पाप है, उससे (अवस्यतं) हमारा बचाव करो । (अस्मत् कृतं एनः मुमुक्तं) हमसे किये हुए पापसे हमारी मुक्तता करो ॥ २ ॥

' अमीव ' नाम उन रोगोंका है कि जो आम अर्थात् पचन न हुए अन्नसे होते हैं। पेटमें जो अन्न जाता है वह वहां हाजम न हुआ तो वहां ही उसका आम बनता है और उससे रोग उत्पन्न होते हैं। इन रोगोंको सोम और रुद्र ये दो देव दूर करनेमें समर्थ हैं। ' सोम ' शब्द वनस्पति और औषधियोंका वाचक है, अर्थात् योग्य औषधि के सेवनसे आमका दोष दूर होगा। यह एक उपदेश यह मंत्र दे रहा है।

' रुद्र ' नाम प्राणका है, जीवन शक्ति जो शरीरमें है। यह रौद्री शक्ति आपका दोष दूर करनेमें समर्थ है। प्राणायामसे एक तो रक्तकी शुद्धि होती है और आंतोंमें योग्य गति होनेसे शौचशुद्धि होनेके कारण आम का दोष दूर होता है।

शरीरकी सब दुर्गति आम विकारके कारण होती है अतः योग्य औषधि सेवनसे तथा प्राणायामके अभ्याससे उक्त दोष शरीरसे दूर करना योग्य है। शरीरसे कुछ नियमविरोधी आचरण होकर कुछ पाप भी बना हो, तो भी उक्त देवताओंकी सहायतासे वह दूर होगा और पापसे आनेवाली सब विपत्ति दूर होगी।

द्वितीय मंत्रमें (विश्वानि भेषजानि) संपूर्ण औषधियां सोम और रुद्रसे प्राप्त होती हैं ऐसा कहा है। सोम तो औषधियोंका राजा ही है, अतः उसके घरमें सब औषधियां रहती ही हैं। रुद्र भी जीवनशक्तिमय है इसलिये जहां जीवनशक्ति होगी, वहां रोग कैसे आसकते हैं ? इस प्राणसे भी सब औषधियां मनुष्यको प्राप्त हो सकती हैं। इनमें पूर्ववत् शरीरके दोष और सब पाप दूर हो जाते हैं। अतः सब मनुष्य इनसे अपना आरोग्य प्राप्त करें और नीरोग बनें।

वाणी।

[४३ (४४)]

(ऋषिः प्रस्कण्वः । देवता—वाक्)

शिवास्त एका अशिवास्त एकाः सर्वा बिभर्षि सुमनस्यमानः ।
तिस्रो वाचो निहिता अन्तरस्मिन् तासामेका वि पपातानु घोषम् ॥ १ ॥

अर्थ— (ते एकाः शिवाः) तेरे एक प्रकारके शब्द कल्याणकारक होते हैं, तथा (ते एकाः अशिवाः) तेरे दूसरे प्रकारके शब्द अशुभ भी होते हैं। (सुमनस्यमानः सर्वाः बिभर्षि) उत्तम मनवाला तू उन सबको धारण करता है। (तिस्रः वाचः अस्मिन् अन्तः निहिताः) तीन प्रकारकी वाणियां

इस मनुष्यके अन्दर गुप्त रहती हैं। (तासां एका घोषं अनु विपपात) उनमेंसे एक बड़े स्वरमें विशेष रीतिसे बाहर व्यक्त होती है ॥ १ ॥

परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी ये वाणीके चार नाम हैं, परा नाभिस्थानमें, पश्यन्ती हृदयस्थानमें, मध्यमा छातीके ऊपरके भागमें और वैखरी मुखमें होती है। जो शब्द उच्चारा जाता है वह इन चार स्थानोंसे गुजरता है। पहिली तीनों वाणियां गुप्त हैं और चतुर्थ वाणी प्रकट है जो सब लोग बोलते हैं। यह चतुर्थ वैखरी वाणी मनुष्य शुभ और अशुभ दोनों प्रकारसे बोलते है। अतः मनुष्यको योग्य है कि वह उत्तम शुभ संस्कार युक्त मनवाला होकर शुभ शब्दोंका ही प्रयोग करे। यही शुभ उच्चारी वाणी सबका कल्याण कर सकती है ॥

विजयी देव।

[४४ (४५)]

(ऋषिः- प्रस्कण्वः। देवता- इन्द्रः, विष्णुः)

उभा जिग्यथुर्न परा जयेथे न परा जिग्ये कतरश्चनैनयोः।
इन्द्रश्च विष्णो यदपस्पृधेथां त्रेधा सहस्रं वि तदैरयेथाम् ॥ १ ॥

अर्थ- (उभा) दोनों इन्द्र और विष्णु (जिग्यथुः) विजय करते हैं। वे कभी (न परा जयेथे) पराजित नहीं होते। (एनयोः कतरः चन न पराजिग्ये) इनमेंसे एक भी कभी पराजित नहीं होता। (इन्द्रः विष्णो च) हे इन्द्र और हे विष्णु ! (यत् अपस्पृधेथां) जब तुम दोनों स्पर्धासे युद्ध करते है, (तत् सहस्रं त्रेधा वि ऐरयेथां) तब हजारों शत्रुओंको तीन प्रकारसे भगा देते हैं ॥ १ ॥

'विष्णु' नाम व्यापक परमात्माका है और 'इन्द्र' नाम शरीरस्थ इंद्रियोंको अपनी शक्ति का प्रदान करनेवाले जीवात्माका है। ये दोनों विजयी हैं। ये ही नर और नारायण हैं ये शरीररूपी एकही रथपर रहते हैं और विजय प्राप्त करते हैं। ये दोनों तथा इनमेंसे एक एक भी विजयशाली हैं। ये अपने शत्रुको अनेक प्रकारसे भगा देते हैं। पाठक इस मंत्रसे यह भाव मनमें समझें कि विजयी इन्द्र तो उन्हीका जीवात्मा है और विष्णु उसका परम मित्र परमात्मा है। इनकी विजयी शक्ति इनके अन्दर है, इसलिये यदि वे इस शक्तिका योग्य उपयोग कर सकेंगे तो उनका निःसन्देह विजय होगा।

ईर्ष्यानिवारक औषध।

[४५ (४६, ४७)]

(ऋषिः-प्रस्कण्वः, ४७ अथर्वा। देवता-ईर्ष्यापनयनं, भेषजम्)

जनाद् विश्वजनीनात् सिन्धुतस्पर्याभृतम्।
दूरात् त्वा मन्य उद्भृतमीर्ष्याया नाम भेषजम् ॥ १ ॥
अग्नेरिवास्य दहतो दावस्य दहतः पृथक्।
एतामेतस्येर्ष्यामुद्नाग्निमिव शमय ॥ २ ॥

अर्थ- (विश्वजनीनात् जनात्) संपूर्ण जनोंके हितकारी जनपदसे तथा (सिन्धुतः परि आभृतं) समुद्रसे जो लाया है, वह (ईर्ष्यायाः नाम भेषजं) ईर्ष्याको दूर करनेवाला औषध है, हे औषध! (दूरात् त्वा उद्भृतं मन्ये) दूरसे तुझ औषधको यहां लाया है, यह मैं जानता हूं ॥ १ ॥

हे औषध! तू (अस्य दहतः अग्नेः इव) इस जलानेवाले अग्निको, (पृथक् दहतः दावस्य) अलग जलानेवाले दावानलको अर्थात् (एतस्य एतां ईर्ष्यां) इस मनुष्यकी इस ईर्ष्याको (उद्ना अग्निं इव शमय) उदकसे अग्निको शान्त करनेके समान शान्त कर ॥ २ ॥

❀ ❀

मनमें जो ईर्ष्या स्पर्धा और द्वेषभाव होता है, वह इस औषधके प्रयोगसे दूर होता है। सुविद्य वैद्योंको उचित है कि वे इन मनके ऊपर प्रभाव करनेवाली औषधियोंकी खोज करें। इस समय मानसिक रोगोंकी चिकित्सा वैद्य करनेमें असमर्थ समझे जाते हैं। यदि ये औषधियां प्राप्त हुई तो मनके रोगभी दूर होते हैं। इस सूक्तमें औषधिका नामतक नहीं है। यही इसकी खोजमें बडी कठिनता है।

सिद्धिकी प्रार्थना।

[४६ (४८)] (ऋषिः—अथर्वा । देवता—मंत्रोक्ता)

सिनीवालि पृथुष्टुके या देवानामसि स्वसा ।
जुषस्व हव्यमाहुतं प्रजां देवि दिदिड्ढि नः ॥ १ ॥
या सुबाहुः स्वङ्गुरिः सुषूमा बहुसूवरी ।
तस्यै विश्पत्न्यै हविः सिनीवाल्यै जुहोतन ॥ २ ॥
या विश्पत्नीन्द्रमसि प्रतीची सहस्रस्तुकाभियन्ती देवी ।
विष्णोः पत्नि तुभ्यं राता हवींषि पतिं देवि राधसे चोदयस्व ॥ ३ ॥

अर्थ—हे (सिनीवाली पृथु—ष्टुके) अन्नयुक्त और बहुतोंद्वारा प्रशंसित देवी! (या देवानां स्वसा असि) जो तू देवोंकी भगिनी है। हे देवि! तू (आहुतं हव्यं जुषस्व) हवन किये आहुतियोंका स्वीकार कर। और (नः प्रजां दिदिड्ढि) हमें उत्तम सन्तान दे ॥ १ ॥

(या सुबाहुः स्वङ्गुरिः) जो उत्तम बाहुवाली और उत्तम अंगुलियोंवाली, (सुषूमा बहु सूवरी) उत्तम अंगवाली और उत्तम सन्तान उत्पन्न करनेमें समर्थ है, (तस्यै विश्पत्न्यै सिनीवाल्यै) उस प्रजापालक अन्नयुक्त देवताके लिये (हविः जुहोतन) हवि प्रदान करो ॥ २ ॥

(या विश्पत्नी इन्द्रं प्रतीची असि) जो प्रजापालन करनेवाली तू प्रभुके सन्मुख रहती है। तथा (सहस्र—स्तुका देवी अभियन्ती) हजारों कवियों द्वारा प्रशंसित तू देवी आगे बढती है। हे (विष्णोः पत्नि) विष्णुकी पत्नी! हे देवि। (तुभ्यं हवींषि राता) तुम्हारे लिये मैं हवन अर्पण करता हूं। हमारी (राधसे पतिं चोदयस्व) सिद्धिकी प्राप्तिके लिये अपने पतिको प्रेरित कर ॥ ३ ॥

इस सूक्तमें 'विष्णु' अर्थात व्यापक देवकी पत्नी अर्थात् उसकी शक्तिकी प्रार्थना है। यह व्यापक ईश्वर की शक्ति संपूर्ण अन्य देवताओंमें जाकर कार्य करती है, सब जगत् की पालना इसी शक्तिसे होती है। हजारों ज्ञानी जन इस शक्तिका अनुभव करते हैं, और वे इस की विविध प्रकारसे स्तुति करते हैं। यह शक्ति अपने पति सर्वव्यापक ईश्वरको प्रेरित करे और वह हमें सब प्रकारकी सिद्धि देवे।

पुष्टिकी प्रार्थना।

[४८ (५०)]

(ऋषिः—अथर्वा । देवता—मंत्रोक्ता)

राकामहं सुहवां सुष्टुती हुवे शृणोतु नः सुभगा बोधतु त्मना ।
सीव्यत्वपः सूच्याच्छिद्यमानया ददातु वीरं शतदायमुक्थ्यम् ॥ १ ॥
यास्ते राके सुमतयः सुपेशसो याभिर्ददासि दाशुषे वसूनि ।
ताभिर्नो अद्य सुमना उपागहि सहस्रापोषं सुभगे रराणा ॥ २ ॥

अर्थ—(अहं सुहवां सुष्टुती राकां हुवे) मैं उत्तम बुलानेयोग्य और स्तुती करनेयोग्य पूर्ण चन्द्रमा के समान आल्हाददायिनी देवीको हम बुलाते हैं। (शृणोतु) वह हमारी पुकार सुनें और (सुभगा नः त्मना बोधतु) वह उत्तम ऐश्वर्यवाली देवी हमें अपनी शक्तिसे जगावे। (अच्छिद्यमानया सूच्या अपः सीव्यतु) कभी न टूटनेवाली सूईसे वह अपने कपडे सीनेके काम सीवे और (उक्थ्यं शतदायं वीरं ददातु) वह प्रशंसनीय सेकडों दान देनेवाले वीर पुत्रको हमें प्रदान करे ॥ १ ॥

हे (राके (शोभा देनेवाली देवी ! (याः ते सुपेशसः सुमतयः) जो तेरे उत्तम सुन्दर सुमतियां हैं, (याभिः दाशुषे वसूनि ददासि) जिनसे तू दाताको धन देती है। हे (सुभगे) उत्तम ऐश्वर्यसे युक्त देवी ! (ताभिः रराणा सुमनाः) उन शक्तियोंसे शोभनेवाली उत्तम मनवाली देवी तू (अद्य नः सहस्रपोषं उपागहि) आज हमें हजारों पुष्टिको समीप स्थानमें लाकर दे ॥ २ ॥

पूर्णचन्द्रमायुक्त राका होती है। इससे जैसी प्रसन्नता प्राप्त होती है वैसी ही प्रसन्नता ईश्वरके तेजसे कई गुणा बढकर होती है। इस अनुभवसे उस अनुभवका अनुमान पाठक कर सकते हैं। इस सूक्तमें पूर्ण चन्द्रप्रमा के वर्णन के मिषसे आध्यात्मिक परमात्माकी शक्तिका वर्णन किया है। यह परमात्मशक्ति हमें ज्ञान देवे, अज्ञानसे जगा कर प्रबुद्ध करे, और ज्ञानद्वारा हमारी उन्नति करे। इसी प्रकार हमें पुष्टि और उत्तम वीरसंतति देवे और हमारी सब प्रकारकी उन्नति करे।

सुखकी प्रार्थना ।

[४९ (५१)]

(ऋषिः- अथर्वा । देवता-देवपत्न्यौ)

देवानां पत्नीरुशतीरवन्तु नः प्रावन्तु नस्तुजये वाजसातये ।
याः पार्थिवासो या अपामपि व्रते ता नो देवीः सुहवाः शर्म यच्छन्तु ॥१॥
उत ग्ना व्यन्तु देवपत्नीरिन्द्राण्य१ग्नाय्यश्विनी राट् ।
आ रोदसी वरुणानी शृणोतु व्यन्तु देवीर्य ऋतुर्जनीनाम् ॥ २ ॥

अर्थ-(उशतीः देवानां पत्नीः नः अवन्तु) हमारी इच्छा करनेवाली देवोंकी पत्नियां हमारी रक्षा करें। वे (तुजये वाजसातये नः प्रावन्तु) सन्तान और अन्नकी विपुलताके लिये हमारी रक्षा करें। (याः पार्थिवासः) जो पृथ्वीपर स्थित और (याः अपां व्रते अपि) जो कार्योंकी नियमव्यवस्थामें स्थित हैं, (ताः सुहवाः देवीः) वे उत्तम प्रशंसित देवियां (नः शर्म यच्छतु) हमें सुख देवें ॥ १ ॥

(उत देवपत्नीः ग्नाः व्यन्तु) और देवोंकी पत्नियां ये देवियां हमारे हितकी इच्छा करें। (इन्द्राणी) इन्द्रकी पत्नी, (अग्नायी) अग्निकी पत्नी, (अश्विनी राट्) अश्विनी देवोंकी पत्नी रानी, (रोद [illegible]) रुद्रकी पत्नी, (वरुणानी) जलदेव वरुणकी पत्नी (आशृणोतु) हमारी पुकार सुनें। (जनीनां यः ऋतुः) स्त्रियोंका जो ऋतुकाल है उस समय (देवीः व्यन्तु) ये देवियां हमारा हित करें ॥ २ ॥

देवताओंकी शक्तियां देवोंकी पत्नियां हैं। अग्नि, जल, पृथ्वी, वायु, आदि अनेक देव हैं, उनकी शक्तियां भी विविध हैं। येही इनकी पत्नियां हैं। पत्नी पालन करनेवाली होती है। अग्नि शक्ति अग्निका पालन करती है, वायुशक्ति वायुका पालन करती है, इसी प्रकार अन्यान्य देवोंकी शक्तियां अन्य देवोंको उनके स्वरूपमें रखती हैं, जितने देव हैं उतनी उनकी पत्नियां हैं। ये सब देवशक्तियां हम सब मनुष्योंको सुख और शान्तिका प्रदान करें।

कर्म और विजय।

[५० (५२)]

(ऋषिः—अङ्गिराः । देवता-इन्द्रः)

यथा वृक्षमशनिर्विश्वाहा हन्त्यप्रति ।
एवाहमद्य कितवानक्षैर्बध्यासमप्रति ॥ १ ॥

तुराणामतुराणां विशामवर्जुषीणाम् ।
समैतु विश्वतो भगो अन्तर्हस्तं कृतं मम ॥ २ ॥

अर्थ- (यथा अशनिः) जिस प्रकार विद्युत (वृक्षं विश्वाहा अप्रति हन्ति) वृक्षको सर्वदा अतुल रीतिसे नाश करती है, (एव अहं अद्य अक्षैः कितवान्) वैसे मैं आज पाशोंके साथ जुआडियोंको (अप्रति वध्यासं) अतुल रीतिसे मारूंगा ॥ १ ॥

(तुराणां अतुराणां) त्वरा करनेवाली तथा मन्द किंवा सुस्त और (अवर्जुषीणां विशां) बुराईका वर्जन न करनेवाली प्रजाओंका (भगः विश्वतः समैतु) ऐश्वर्य सब ओरसे इकठ्ठा होवे और वह (मम अन्तर्हस्तं कृतं) मेरे हस्तके अंदर हुएके समान होवे ॥ २ ॥

भावार्थ— जिस प्रकार बिजलीसे वृक्षोंका नाश होता है, उस प्रकार मैं पाशोंके साथ जुआडीयोंका नाश करता हूं ॥ १ ॥

किसी कार्यको त्वरासे समाप्त करनेवाले सुस्तीसे समाप्त करनेवाले और बुराइयोंको दूर न करनेवाले प्रजा जन होते हैं। उन सब प्रजाजनोंका धन एक स्थानपर जमा होवे और वह मेरे हाथमें रहे धन के समान रहे ॥ २ ॥

ईडे अग्निं स्वावसुं नमोभिरिह प्रसक्तो वि चयत् कृतं नः ।
रथैरिव प्र भरे वाजयद्भिः प्रदक्षिणं मरुतां स्तोममृध्याम् ॥ ३ ॥
वयं जयेम त्वया युजा वृतमस्माकमंशमुदवा भरेभरे ।
अस्मभ्यमिन्द्र वरीयः सुगं कृधि प्र शत्रूणां मघवन् वृष्ण्या रुज ॥ ४ ॥
अजैषं त्वा संलिखितमजैषमुत संरुधम् । अविं वृको यथा मथदेवा मथ्नामि ते कृतम् ५

अर्थ— (स्ववसुं अग्निं नमोभिः ईडे) अपने निज धनसे युक्त प्रकाशक देवकी नमस्कारोंद्वारा पूजा करता हूं। (इह प्रसक्तः नः कृतं विचयत) यहां रहा हुआ यह देव हमारे किये कर्मको संगृहित करे, जैसा (वाजयद्भिः रथैः इव प्रभरे) अन्नयुक्त रथोंसे स्थान भर देते हैं। पश्चात् मैं (मरुतां प्रदक्षिणं स्तोमं ऋध्यां) मरुतोंका श्रेष्ठ स्तोत्र सिद्ध करता हूँ ॥ ३ ॥

(वयं त्वया युजा वृतं जयेम) हम तेरी सहायतासे युक्त होकर घेरने-वाले शत्रुको जीतेंगे। (भरे भरे अस्माकं अंशं उद् अव) प्रत्येक युद्धमें हमारे कार्यभागकी उत्कृष्ट रक्षा कर। हे इन्द्र ! अस्मभ्यं वरीयः सुगं कृधि) हमारे लिये वरिष्ठ स्थान सुखसे जाने योग्य कर। हे (मघवन्) धनवान् इन्द्र ! (शत्रूणां वृष्ण्या प्र रुज) शत्रुओंके बलोंको तोड ॥ ४ ॥

(सं लिखितं त्वा अजैषं) हरएक रीतिसे खुरचनेवाले तुझ शत्रुको मैं जीत लेता हूं। (उत संरुधं अजैषं) और रोकनेवाले तुझ जैसे शत्रुको भी मैं जीतता हूं। (यथा अविं वृकः मथत्) जैसा भेडको भेडिया मथता है (एवा ते कृतं मथ्नामि) ऐसे तेरे किये शत्रुभूत कर्मको मैं मथ डालता हूं ॥ ५ ॥

भावार्थ— मैं ईश्वरकी भक्ति और उपासना करता हूं। यह देव हमारे कर्मोंका निरीक्षण करे। और जिस प्रकार रथोंसे धन इकट्ठा करते हैं उस प्रकार हमारे सब सत्कर्मोंका फल इकट्ठा होवे। उसका उपभोग करते हुए हम उत्तम स्तोत्रोंका गायन करके आनन्दसे रहेंगे ॥ ३ ॥ हम ईश्वरकी सहायतासे सब शत्रुको जीतेंगे। ईश्वरकी कृपासे हर एक युद्धमें हमारे प्रयत्न सुरक्षित हों। हे देव ! हमारे शत्रुओंका बल कम करो, और हमें वरिष्ठस्थान सुखसे प्राप्त हो ॥ ४ ॥ पीडा देनेवाले और प्रतिबन्ध करनेवाले शत्रुको मैं जीतता हूं। जिस प्रकार भेडिया भेडको पराजित करता है वैसा मैं शत्रुके किये उत्तमसे उत्तम प्रयत्नको निःसत्त्व करता हूं ॥ ५ ॥

उत प्रहामतिदीवा जयति कृतमिव श्वघ्नी वि चिनोति काले ।
यो देवकामो न धनं रुणद्धि समित् तं रायः सृजति स्वधाभिः ॥ ६ ॥
गोभिष्टरेमामतिं दुरेवां यवेन वा क्षुधं पुरुहूत विश्वे ।
वयं राजसु प्रथमा धनान्यरिष्टासो वृजनीभिर्जयेम ॥ ७ ॥
कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहितः । गोजिद् भूयासमश्वजिद् धनंजयो हिरण्यजित् ८

अर्थ-(उत अतिदीवा प्रहां जयति) और अत्यंत विजयेच्छु वीर प्रहार करने वालेको भी जीत लेता है। (श्वघ्नी [स्व-घ्नी] काले कृतं इव विचिनोति) अपने धनका नाश करनेवाला मूढ समयपर अपने किये हुए कर्मकोही विशेष रीतिसे प्राप्त करता है । (यः देवकामः धनं न रुणद्धि) जो देवकी तृप्तिकी इच्छा करनेवाला धनको केवल अपने लिये ही रोक रखता, (तं इत् रायः स्वधाभिः संसृजाति) उसीको सब धन अपनी धारक शक्तियोंसे उत्तम प्रकार संयुक्त होता है ॥ ६ ॥

(दुरेवां अमतिं गोभिः तरेम) दुर्गतिरूप कुमतिको गौओंसे पार करेंगे । हे (पुरुहूत) बहुतों द्वारा प्रशंसित देव ! (विश्वे यवेन वा क्षुधं) और हम सब जैसे भूखको पार करेंगे । (वयं राजसु प्रथमाः अरिष्टासः) हम सब राजाओंमें उत्कृष्ट होकर विनाशको न प्राप्त होते हुए (वृजनीभिः धनानि जयेम) निज शक्तियोंसे धनोंको जीतेंगे ॥ ७ ॥

(कृतं मे दक्षिणे हस्ते) पुरुषार्थ मेरे दाये हाथमें है और (मे सव्ये जयः आहितः) मेरे बाये हाथमें विजय रखा है । अतः मैं (गोजित् अश्व-जित्) गौओं और घोडोंका विजेता, । (हिरण्यजित् धनंजयः भूयासं) सुवर्ण और धनका विजेता होऊं ॥ ८ ॥

भावार्थ- विजयेच्छु वीर घातक शत्रुको भी जीत लेता है। आत्मघात करनेवाला मूढ मनुष्य अपने कृत कर्मको ही भोगता है। जो मनुष्य देव-कार्यके लिये अपना धन समर्पण करता है और ऐसे समयमें अपने पास रोक नहीं रखता, उसीको विशेष धन प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

दुर्गति और कुमतिको गौओंकी रक्षा करके हटा देंगे। इसी प्रकार जैसे भूखको हटा देंगे । हम राजाओंमें उत्कृष्ट राजा बनेंगे और निजशक्ति-योंसे यथेष्ट धन कमायेंगे ॥ ७ ॥

ईडे अग्निं स्वावसुं नमोभिरिह प्रसक्तो वि चयत् कृतं नः ।
रथैरिव प्र भरे वाजयद्भिः प्रदक्षिणं मरुतां स्तोममृध्याम् ॥ ३ ॥
वयं जयेम त्वया युजा वृतं_स्माकमंशमुदवा भरेभरे ।
अस्मभ्यमिन्द्र वरीयः सुगं कृधि प्र शत्रूणां मघवन् वृष्ण्या रुज ॥ ४ ॥
अजैषं त्वा संलिखितमजैषमुत संरुधम् । अविं वृको यथा मथदेवा मध्नामि ते कृतम् ५

अर्थ— (स्ववसुं अग्निं नमोभिः ईडे) अपने निज धनसे युक्त प्रकाशक देवकी नमस्कारोंद्वारा पूजा करता हूं। (इह प्रसक्तः नः कृतं विचयत) यहां रहा हुआ यह देव हमारे किये कर्मको संगृहित करे, जैसा (वाजयद्भिः रथैः इव प्रभरे) अन्नयुक्त रथोंसे स्थान भर देते हैं। पश्चात् मैं (मरुतां प्रदक्षिणं स्तोमं ऋध्यां) मरुतोंका श्रेष्ठ स्तोत्र सिद्ध करता हूँ ॥ ३ ॥

(वयं त्वया युजा धृतं जयेम) हम तेरी सहायतासे युक्त होकर घेरनेवाले शत्रुको जीतेंगे। (भरे भरे अस्माकं अंशं उद् अव) प्रत्येक युद्धमें हमारे कार्यभागकी उत्कृष्ट रक्षा कर। हे इन्द्र ! (अस्मभ्यं वरीयः सुगं कृधि) हमारे लिये वरिष्ठ स्थान सुखसे जाने योग्य कर। हे (मघवन्) धनवान् इन्द्र ! (शत्रूणां वृष्ण्या प्र रुज) शत्रुओंके बलोंको तोड ॥ ४ ॥

(सं लिखितं त्वा अजैषं) हरएक रीतिसे खुरचनेवाले तुझ शत्रुको मैं जीत लेता हूं। (उत संरुधं अजैषं) और रोकनेवाले तुझ जैसे शत्रुको भी मैं जीतता हूं। (यथा अविं वृकः मथत्) जैसा भेडको भेडिया मथता है (एवा ते कृतं मथ्नामि) ऐसे तेरे किये शत्रुभूत कर्मको मैं मथ डालता हूं ॥ ५ ॥

भावार्थ— मैं ईश्वरकी भक्ति और उपासना करता हूं। यह देव हमारे कर्मोंका निरीक्षण करे। और जिस प्रकार रथोंसे धन इकट्ठा करते हैं उस प्रकार हमारे सब सत्कर्मोंका फल इकट्ठा होवे। उसका उपभोग करते हुए हम उत्तम स्तोत्रोंका गायन करके आनन्दसे रहेंगे ॥ ३ ॥ हम ईश्वरकी सहायतासे सब शत्रुको जीतेंगे। ईश्वरकी कृपासे हर एक युद्धमें हमारे प्रयत्न सुरक्षित हों। हे देव ! हमारे शत्रुओंका बल कम करो, और हमें वरिष्ठस्थान सुखसे प्राप्त हो ॥ ४ ॥ पीडा देनेवाले और प्रतिबन्ध करनेवाले शत्रुको मैं जीतता हूं। जिस प्रकार भेडिया भेडको पराजित करता है वैसा मैं शत्रुके किये उत्तमसे उत्तम प्रयत्नको निःसत्त्व करता हूं ॥ ५ ॥

उत प्रहामतिदीवा जयति कृतमिव श्वघ्नी वि चिनोति काले ।
यो देवकामो न धनं रुणद्धि समित् तं रायः सृजति स्वधाभिः ॥ ६ ॥
गोभिष्टरेमामतिं दुरेवां यवेन वा क्षुधं पुरुहूत विश्वे ।
वयं राजसु प्रथमा धनान्यरिष्टासो वृजनीभिर्जयेम ॥ ७ ॥
कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहितः । गोजिद् भूयासमश्वजिद् धनंजयो हिरण्यजित् ८

अर्थ-(उत अतिदीवा प्रहां जयति) और अत्यंत विजयेच्छु वीर प्रहार करने वालेको भी जीत लेता है।(श्वघ्नी [स्व-घ्नी] काले कृतं इव विचिनोति) अपने धनका नाश करनेवाला मूढ समयपर अपने किये हुए कर्मकोही विशेष रीतिसे प्राप्त करता है । (यः देवकामः धनं न रुणद्धि) जो देवकी तृप्तिकी इच्छा करनेवाला धनको केवल अपने लिये ही रोक रखता, (तं इत् रायः स्वधाभिः संसृजाति) उसीको सब धन अपनी धारक शक्तियोंसे उत्तम प्रकार संयुक्त होता है ॥ ६ ॥

(दुरेवां अमतिं गोभिः तरेम) दुर्गतिरूप कुमतिको गौओंसे पार करेंगे । हे (पुरुहूत) बहुतों द्वारा प्रशंसित देव ! (विश्वे यवेन वा क्षुधं) और हम सब जौसे भूखको पार करेंगे । (वयं राजसु प्रथमाः अरिष्टासः) हम सब राजाओंमें उत्कृष्ट होकर विनाशको न प्राप्त होते हुए (वृजनीभिः धनानि जयेम) निज शक्तियोंसे धनोंको जीतेंगे ॥ ७ ॥

(कृतं मे दक्षिणे हस्ते) पुरुषार्थ मेरे दाये हाथमें है और (मे सव्ये जयः आहितः) मेरे बाये हाथमें विजय रखा है । अतः मैं (गोजित् अश्व-जित्) गौओं और घोडोंका विजेता, । (हिरण्यजित् धनंजयः भूयासं) सुवर्ण और धनका विजेता होऊं ॥ ८ ॥

भावार्थ- विजयेच्छु वीर घातक शत्रुको भी जीत लेता है। आत्मघात करनेवाला मूढ मनुष्य अपने कृत कर्मको ही भोगता है। जो मनुष्य देव-कार्यके लिये अपना धन समर्पण करता है और ऐसे समयमें अपने पास रोक नहीं रखता, उसीको विशेष धन प्राप्त होता है । ६ ॥

दुर्गति और कुमतिको गौओंकी रक्षा करके हटा देंगे। इसी प्रकार जौसे भूखको हटा देंगे । हम राजाओंमें उत्कृष्ट राजा बनेंगे और निजशक्ति-योंसे यथेष्ट धन कमायेंगे ॥ ७ ॥

अक्षाः फलवतीं द्युवं दत्त गां क्षीरिणीमिव ।
सं मा कृतस्य धारया धनुः स्नाव्नेव नह्यत ॥ ९ ॥

अर्थ—हे (अक्षाः) ज्ञान विज्ञानो ! (क्षीरिणीं गां इव) दूधवाली गौके समान (फलवतीं द्युवं दत्त) फलवाली विजिगीषा हमें दो। (स्नाव्ना धनुः इव) जैसा तांतसे धनुष्य संयुक्त होता है वैसा (मा कृतस्य धारया सं नह्यत) मुझको कृतकर्मकी धारा प्रवाहसे युक्त कर ॥ ९ ॥

भावार्थ-मेरे दायें हाथमें पुरुषार्थ है और बायें हाथमें विजय है। [illegible] हम गौवें, घोडे, सुवर्ण और अन्य धन प्राप्त करेंगे ॥ ८ ॥

ज्ञानविज्ञान मेरी आंखें बनें और उनसे बहुत दूध देनेवाली गौके समान उत्तम फल देनेवाली विजयेच्छा हममें स्थिर रहे। जिस प्रकार [illegible] धनुष्यके दोनों नोक जुडे रहते हैं, उस प्रकार मेरा पुरुषार्थ मुझे [illegible] साथ बांध देवे ॥ ९ ॥

पुरुषार्थ और विजय।

[illegible] मंत्र हरएक मनुष्यको सदा ध्यानमें धारण करने योग्य है, उसका [illegible] है—

कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहितः ।
गोजिद् भूयासमश्वजिद्धनंजयो हिरण्यजित ॥ (मं० ८)

[illegible] प्रयत्न मेरे दायें हाथमें है और विजय मेरे बायें हाथमें है। [illegible] धन और सुवर्णका जीत कर प्राप्त करनेवाला होऊंगा।"

[illegible] धारण करने चाहिये और उसके [illegible] प्रयत्न करना [illegible] उनका विजय [illegible] हो जावे। अपना विजय [illegible] वह अपने प्रयत्नके फलरूपसे प्राप्त होगा। [illegible] विजय हो, इस के लिये प्रयत्न करना मनुष्य [illegible] है

[illegible] प्रकारके [illegible] होते हैं, [illegible] —

कलिः शयानो भवति संजिहानस्तु द्वापरः ।
उत्तिष्ठंस्त्रेता भवति कृतं संपद्यते चरन् ॥ ऐ० ब्रा० ७।१५

" सो जाना कलि है, निद्राका त्याग द्वापर है, उठकर तैयार होना त्रेता कहलाता है, कार्य करना कृत कहलाता है । " अर्थात् सुस्तिसे कलियुग बनता है और पूर्ण पुरुषार्थसे कृत युग होता है, और बीचकी अवस्थाएं द्वापर और त्रेता युगकी हैं । कृत, त्रेता, द्वापर और कलि ये चार नाम पुरुषार्थके चार दर्जोंके सूचक हैं। जो पुरुष प्रयत्न करके अपने हाथमें कृत नामक पुरुषार्थ लेता है, वह दूसरे हाथसे निश्चयपूर्वक विजय प्राप्त कर लेता है । ' कृत ' पुरुषार्थ मानो एक बडे जलप्रवाहकी प्रचंड धारा है, वह धारा निःसंदेह विजय पंहुचा देती है—

कृतस्य धारया मा सं नह्यत् । (मं० ९)

" कृत नाम श्रेष्ठ पुरुषार्थकी प्रवाह धारासे संयुक्त होकर उद्दिष्ट स्थानको मैं पहुंच जाऊं । " कृतनामक पुरुषार्थका लक्षण क्या है ? कृतके साथ ' सत्य, अहिंसा प्रबल पुरुषार्थ शक्ति, उद्यम, सरलता, धैर्य, आदि सात्विक गुणोंका साहचर्य हमेशा रहता है । सत्ययुग कृतयुगको ही कहते हैं । सत्ययुगके मनुष्योंके जो गुण पुराणोंमें वर्णन किये हैं, वेही सात्विक शुभ गुण इस कृत नामक पुरुषार्थके साथ सदा रहते हैं, ऐसा यहां समझना चाहिये, तब कृत पुरुषार्थका महत्त्व पाठकोंके सन्मुख आसकता है ।

' कलि ' यह कोई पुरुषार्थ नहीं है, यह शब्द पुरुषार्थहीनताका द्योतक है । जहां बिलकुल पुरुषार्थ नहीं है वहां कलि रहता है, आपसके झगडे, अनाचार, अधर्म अनीति, अधःपातका व्यवहार सब इसके साथ रहता है । इससे मनुष्योंकी अधोगति होती है । इसलिये इससे मनुष्योंको बचना आवश्यक है । बीचके दो पुरुषार्थ इन दो स्थितियोंके बीचमें हैं ।

जुआडीको दूर करो ।

अपने समाजमेंसे जुआडीको दूर करनेके विषयमें इस सूक्तका पहिलाही मंत्र बडा बोधप्रद है, देखिये—

यथा वृक्षमशनिर्विश्वाहा हन्त्यप्रति ।
एवाहमद्य कितवानक्षैर्बध्यासमप्रति ॥ (मं० १)

"जैसे आकाशकी विद्युत् वृक्षका नाश करती है उस प्रकार मैं अपने समाजसे पाशोंके साथ जुआडीयोंको दूर करता हूं ।" समाजसे जुआडियोंको दूर करता हूं,

अर्थात् समाजमें एकभी जुआडीको नहीं रहने देता हूं। समाजसे जुआडियोंको दूर करना ही समाजके जुआडियोंका वध है। वध कोई शरीरके नाशसे ही होता है और अन्य रीतिसे नहीं होता, ऐसी बात नहीं है। समाजमें जब तक जुआडी रहेंगे, तबतक समाजमें पुरुषार्थका सामर्थ्य बढेगा नहीं, क्यों कि थोडे प्रयत्नसे ही धनी होनेका भाव जुएसे जनतामें बढता है। अतः समाज पुरुषार्थी होनेके लिये समाजमें जुआडी न रहे, ऐसा प्रबंध करना चाहिये।

तीन प्रकारके लोग।

समाजमें तीन प्रकारके लोग होते हैं, 'तुर, अतुर और अवर्जुष' अर्थात् त्वरासे काम करनेवाले, प्रत्येक कार्यमें अत्यंत शीघ्रता करनेवाले, जलदी जलदीसे कार्य करके कार्यको बिगाडनेवाले जो होते हैं वे भी पुरुषार्थ के लिये योग्य नहीं होते, क्यों कि वे शीघ्रतासे ही हाथमें लिये कामको बिगाड देते हैं। दूसरे 'अतुर' अर्थात् शिथिल किंवा सुस्त, ये अपनी सुस्तीके कारण कार्यका बिगाड करते हैं, अतः ये पुरुषार्थ के लिये निकम्मे होते हैं। तीसरे 'अवर्जुष' अर्थात् वर्जन करनेयोग्य बातोंको भी दूर नहीं करते, बुराईको भी अपने पास रख देते हैं। ये लोग भी कभी पुरुषार्थ करके अपनी उन्नति नहीं कर सकते। ये तीनों प्रकारके लोग सदा हीन अवस्थामें ही रहेंगे, इनकी उन्नतिकी कोई आशा नहीं है। इसलिये मंत्रमें कहा है कि—

तुराणामतुराणां विशामवर्जुषीणाम्।
समैतु विश्वतो भगो अन्तर्हस्तं कृतं मम॥ (मं० २)

"शीघ्रता करनेवाले, सुस्त तथा बुराइयोंको भी दूर न करनेवाले ये जो तीन प्रकारके लोग अपनी उन्नतिकी साधना नहीं करते, वे सदा दुर्भाग्यमें ही रहेंगे। अतः उनके पास जानेवाला धन मेरे हाथमें रहनेके समान हो जावे, क्यों कि मैं [illegible] करता हूं।" इसका आशय यह है, कि पूर्वोक्त तीन दोषोंवाले लोग ये सदा दुर्भा[illegible] ही रहेंगे और विश्वके धनका जो भाग उनको प्राप्त होना था, वह उनका भाग [illegible] लोगोंके हस्तगत होगा। उदाहरण के लिये यह मान लीजिये कि जगत् में १०० [illegible] है और संपूर्ण जगत्में १० लोगही हैं। उनमें पांच पुरुषार्थी हैं और पांच पूर्वो[illegible] दोषोंसे युक्त हैं। ऐसा होनेसे उक्त धन पांचही पुरुषार्थी लोगोंमें बांटा [illegible] पांच लोग दुर्भाग्य में ही सडते रहेंगे। यह मंत्र इस दृष्टिसे पाठकोंको [illegible] योग्य है। एकही ग्राममें कई लोग [illegible] से धन [illegible] सुस्तीसे [illegible] अवस्थामें रहते हैं, इसका कारण [illegible] है।

तृतीय मंत्रमें कहा है कि प्रकाशक देवकी हम उपासना करते हैं और उससे पर्याप्त धन हमें मिल सकता है। चतुर्थ मन्त्रमें भी यही आशय स्पष्ट हुआ है—

वयं जयेम त्वया युजा। (मं० ४)

"हम तेरे (ईश्वरके) साथ रहनेसे विजय प्राप्त कर सकते हैं।" ईश्वरके साथ रहनेसे अर्थात् ईश्वरके भक्त होनेसे विजय प्राप्त होता है, यह विजय सच्चा विजय होता है। ईश्वरके सत्य भक्त होनेसे बडी शक्ति प्राप्त होती है। देखिये इस विषयमें पञ्चम मंत्रका कथन यह है—

अजैषं त्वा संलिखितमजैषमुत संरुधम्। (मं० ५)

"खुरचनेवाले अर्थात् विविध प्रकारसे दुःख देनेवाले और प्रतिबंध करनेवाले तुझ जैसे शत्रुको मैं जीत लेता हूं।" अर्थात् मै ईश्वरभक्त होनेके कारण अब मुझे सत्य मार्गसे आगे बढनेके लिये कोई डर नहीं है। मैं अपने पुरुषार्थ से अपनी उन्नति निःसन्देह सिद्ध करूंगा। पुरुषार्थकी सिद्धता होनेके विषयमें एक नियम है। वह यह कि धार्मिक दृष्टिसे निर्दोष पुरुषार्थ प्रयत्न करनेवाला ही जीत लेता है, अन्तमें इसीका विजय होता है। अधार्मिक का कुछ देर विजयसा हुआ, तो भी अन्तमें उसका नाश निश्चयसे होता है, इस विषयमें षष्ठ मन्त्रकी घोषणा विचार करने योग्य है—

उत प्रहामतिदीवा जयति।
कृतमिव श्वघ्नी विचिनोति काले॥ (मं० ६)

"निःसन्देह यह बात है कि (अतिदीवा) अत्यंत विजिगीषु पुरुषार्थी मनुष्य (प्रहां जयति) प्रहार करनेवालेको जीतता है। और (श्व-घ्नी, स्वघ्नी) अपना आत्मघात करनेवाला मनुष्य (काले) समयमें अपने कृतकर्मका फल प्राप्त करता है।

इस मंत्रमें दो शब्द विशेष महत्त्वके हैं। उनका विचार करना अत्यंत आवश्यक है।

१ श्व-घ्नी=[स्व-घ्नी]=आत्मघात करनेवाला मनुष्य। जो मनुष्य अपना नाश होने योग्य कुकर्म करता रहता है। जिससे अपनी अधोगति होती है ऐसे कुकर्म जो करता है वह आत्मघातकी है। आत्मघातकी लोगोंकी अधोगति होती है इस विषयका वर्णन ईशोपनिषद् (वा० यजु० ४० । ३) में है, वहां पाठक वह वर्णन अवश्य देखें।

२ अतिदीवा=इस शब्दमें 'दिव्' धातु "विजिगीषा, व्यवहार, स्तुति, मोद, गति" इत्यादि अर्थमें है, अतः "दीवा" शब्दका अर्थ-" विजिगीषा अर्थात् जयकी इच्छा करनेवाला, व्यवहार उत्तम रीतिसे करनेवाला, स्तुति ईशभक्ति करनेवाला, आनन्द

अर्थात् समाजमें एकभी जुआडीको नहीं रहने देता हूं। समाजसे जुआडियोंको दूर करना ही समाजके जुआडियोंका वध है। वध कोई शरीरके नाशसे ही होता है और अन्य रीतिसे नहीं होता, ऐसी बात नहीं है। समाजमें जब तक जुआडी रहेंगे, तबतक समाजमें पुरुषार्थका सामर्थ्य बढेगा नहीं, क्यों कि थोडे प्रयत्नसे ही धनी होनेका भाव जुएसे जनतामें बढता है। अतः समाज पुरुषार्थी होनेके लिये समाजमें जुआडी न रहे, ऐसा प्रबंध करना चाहिये।

तीन प्रकारके लोग।

समाजमें तीन प्रकारके लोग होते हैं, 'तुर, अतुर और अवर्जुप' अर्थात् त्वरासे काम करनेवाले, प्रत्येक कार्यमें अत्यंत शीघ्रता करनेवाले, जलदी जलदीसे कार्य करके कार्यको बिगाडनेवाले जो होते हैं वे भी पुरुषार्थ के लिये योग्य नहीं होते, क्यों कि वे शीघ्रतासे ही हाथमें लिये कामको बिगाड देते हैं। दूसरे 'अतुर' अर्थात् शिथिल किंवा सुस्त, ये अपनी सुस्तीके कारण कार्यका बिगाड करते हैं, अतः ये पुरुषार्थ के लिये निकम्मे होते हैं। तीसरे 'अवर्जुप' अर्थात् वर्जन करनेयोग्य बातोंको भी दूर नहीं करते, बुराईको भी अपने पास रख देते हैं। ये लोग भी कभी पुरुषार्थ करके अपनी उन्नति नहीं कर सकते। ये तीनों प्रकारके लोग सदा हीन अवस्थामें ही रहेंगे, इनकी उन्नतिकी कोई आशा नहीं है। इसलिये मंत्रमें कहा है कि—

तुराणामतुराणां विशामवर्जुपीणाम्।
समैतु विश्वतो भगो अन्तर्हस्तं कृतं मम॥ (मं० २)

"शीघ्रता करनेवाले, सुस्त तथा बुराइयोंको भी दूर न करनेवाले ये जो तीन प्रकारके लोग अपनी उन्नतिकी साधना नहीं करते, वे सदा दुर्भाग्यमें ही रहेंगे। अतः उनके पास जानेवाला धन मेरे हाथमें रहनेके समान हो जावे, क्यों कि मैं पुरुषार्थ करता हूं।" इसका आशय यह है, कि पूर्वोक्त तीन दोषोंवाले लोग ये सदा दुर्भाग्यमें ही रहेंगे और विश्वके धनका जो भाग उनको प्राप्त होना था, वह उनका भाग पुरुषार्थी लोगोंके हस्तगत होगा। उदाहरण के लिये यह मान लीजिये कि जगत् में १००) रु० है और संपूर्ण जगत्में १० लोगही हैं। उनमें पांच पुरुषार्थी हैं और पांच पूर्वोक्त तीन दोषोंसे युक्त हैं। ऐसा होनेसे उक्त धन पांचही पुरुषार्थी लोगोंमें बांटा जायगा और पांच लोग दुर्भाग्य में ही सडते रहेंगे। यह मंत्र इस दृष्टिसे पाठकोंको विचार करने योग्य है। एकही ग्राममें कई लोग पुरुषार्थ से धन कमाते हैं और सुस्तीसे कई निर्धन अवस्थामें रहते हैं, इसका कारण इस मंत्रमें उत्तम रीतिसे कहा है।

तृतीय मंत्रमें कहा है कि प्रकाशक देवकी हम उपासना करते हैं और उससे पर्याप्त धन हमें मिल सकता है। चतुर्थ मन्त्रमें भी यही आशय स्पष्ट हुआ है—

वयं जयेम त्वया युजा। (मं० ४)

"हम तेरे (ईश्वरके) साथ रहनेसे विजय प्राप्त कर सकते हैं।" ईश्वरके साथ रहनेसे अर्थात् ईश्वरके भक्त होनेसे विजय प्राप्त होता है, यह विजय सच्चा विजय होता है। ईश्वरके सत्य भक्त होनेसे बडी शक्ति प्राप्त होती है। देखिये इस विषयमें पञ्चम मंत्रका कथन यह है—

अजैषं त्वा संलिखितमजैषमुत संरुधम्। (मं० ५)

"खुरचनेवाले अर्थात् विविध प्रकारसे दुःख देनेवाले और प्रतिबंध करनेवाले तुझ जैसे शत्रुको मैं जीत लेता हूं।" अर्थात् मैं ईश्वरभक्त होनेके कारण अब मुझे सत्य मार्गसे आगे बढनेके लिये कोई डर नहीं है। मैं अपने पुरुषार्थ से अपनी उन्नति निःसन्देह सिद्ध करूंगा। पुरुषार्थकी सिद्धता होनेके विषयमें एक नियम है। वह यह कि धार्मिक दृष्टिसे निर्दोष पुरुषार्थ प्रयत्न करनेवाला ही जीत लेता है, अन्तमें इसीका विजय होता है। अधार्मिक का कुछ देर विजयसा हुआ, तो भी अन्तमें उसका नाश निश्चयसे होता है, इस विषयमें षष्ठ मन्त्रकी घोषणा विचार करने योग्य है—

उत प्रहामतिदीवा जयति।
कृतमिव श्वघ्नी विचिनोति काले॥ (मं० ६)

"निःसन्देह यह बात है कि (अतिदीवा) अत्यंत विजिगीषु पुरुषार्थी मनुष्य (प्रहां जयति) प्रहार करनेवालेको जीतता है। और (श्व-घ्नी. स्वघ्नी) अपना आत्मघात करनेवाला मनुष्य (काले) समयमें अपने कृतकर्मका फल प्राप्त करता है।

इस मंत्रमें दो शब्द विशेष महत्त्वके हैं। उनका विचार करना अत्यंत आवश्यक है।

१ श्व-घ्नी=[स्व-घ्नी]=आत्मघात करनेवाला मनुष्य। जो मनुष्य अपना नाश होने योग्य कुकर्म करता रहता है। जिससे अपनी अधोगति होती है ऐसे कुकर्म जो करता है वह आत्मघातकी है। आत्मघातकी लोगोंकी अधोगति होती है इस विषयका वर्णन ईशोपनिषद् (वा० यजु० ४० । ३) में है, वहां पाठक वह वर्णन अवश्य देखें।

२ अतिदीवा=इस शब्दमें 'दिव्' धातु "विजिगीषा, व्यवहार, स्तुति, मोद, गति" इत्यादि अर्थमें है, अतः "दीवा" शब्दका अर्थ-" विजिगीषा अर्थात् जयकी इच्छा करनेवाला, व्यवहार उत्तम रीतिसे करनेवाला, स्तुति ईशभक्ति करनेवाला, आनन्द

बढानेवाले कार्य करनेवाला, प्रगति करनेवाला " इस प्रकारका होता है। 'अतिदीवा' शब्दका अर्थ ' अत्यंत विजयका पुरुषार्थ करनेवाला ' इत्यादि प्रकारका होता है। यह विजय करनेवाला अपने शत्रुको अवश्यही जीत लेता है।

ये अर्थ लेकर पाठक इस मंत्रका उचित विचार करें।

देवकाम मनुष्य।

कई मनुष्य देवकामी होते हैं और कई असुरकामी होते हैं। देवोंके समान जिनकी इच्छा होती है, वे देवकामी मनुष्य और राक्षसोंके समान जिनकी कामना होती है, वे असुर-कामी मनुष्य समझने योग्य हैं। ये क्या करते हैं इस विषयका वर्णन इसी मंत्रमें किया है, वह अब देखिये। इसी मंत्रके शब्द निम्न प्रकार रखनेसे दोनोंके लक्षण स्पष्ट हो जाते हैं-

देवकामः धनं न रुणाद्धि।
[असुरकामः] धनं रुणाद्धि। (मं० ६)

"देवकामनावाला मनुष्य अपने धनको अपने पासही बंद नहीं रखता, परंतु आसुरी कामनावाला मनुष्य अपने पास धन बंद करके रखता है।" यह मंत्रभाग इन दोनोंके व्यवहारका स्वरूप अच्छी प्रकार बता रहा है। कंजुस लोग धन अपने पास संग्रह करते हैं, उसको बाहर व्यवहारमें जाने नहीं देते, अथवा अपने स्वार्थी भोगोंके लिये रखते हैं, अतः ये राक्षसी कामनाएं हैं। परंतु जो मनुष्य दैवी प्रवृत्तीके होते हैं,वे धन अपने पास कभी नहीं रोकते, परंतु अपने सर्वस्वको सब जनताकी भलाई के लिये समर्पित करते हैं, अपनी संपूर्ण शक्तियां उसी कार्यमें लगाते हैं, इसलिये ये लोग उन्नतिके भागी होते हैं। यही बात इसी मंत्रके अंतमें कही है-

तं रायः स्वधाभिः संसृजति। (मं० ६)

" उसीको सब प्रकारके धन अपनी सब धारक शक्तियोंके साथ प्राप्त होते हैं।" जो अपना धन देवकार्यके लिये लगाता है वही विशेष धन प्राप्त कर सकता है और वही बडा विजय प्राप्त कर सकता है।

यहां देवकार्य कौनसा है, इसका भी विचार करना चाहिये। " साधुजनोंका परि-त्राण करना, दुष्कर्म करनेवालोंका नाश करना और धर्ममर्यादा की स्थापना करना " यह त्रिविध कार्य देवकार्य कहलाता है। अर्थात् इसके विरुद्ध जो कार्य होगा वह राक्षस या आसुर कार्य समझना योग्य है। यह देवकार्य जो करता है और इस देव कार्यमें

अपनी शक्ति और धन जो लगाता है वह देवकाम मनुष्य समझना योग्य है। इसके विरुद्ध कार्य करनेवाला मनुष्य आसुरी कामनावाला कहलाता है और वह अवनतिको प्राप्त होता है।

गोरक्षा।

सप्तम मंत्रमें गोरक्षा का महत्त्व वर्णन किया है। यदि दुर्गतिसे बचनेका कोई सच्चा साधन है तो एक मात्र गोरक्षा ही है देखिये-

दुरेवां अमतिं गोभिः तरेम। (मं० ७)

"दुरवस्थाकी जो बुद्धिहीन स्थिति है वह हम गौओंकी रक्षासे दूर करेंगे।" अर्थात् गौओंकी सहायतासे हम अपनी दुरवस्था हटा देंगे। देशमें उत्तम गोरक्षा हुई और विपुल दूध हरएकको प्राप्त होने लगा तो देशकी दुरवस्था निःसन्देह दूर होगी। मनुष्यका सुधार करनेका यह एकमात्र उपाय है। इसी प्रकार-

विश्वे यवेन क्षुधं [तरेम]। (मं० ७)

"हम सब जौसे भूखको दूर करेंगे।" अर्थात् जौ आदि धान्य का भक्षण करके ही हम अपनी भूखका शमन करेंगे। यहां मांस आदि पदार्थोंका भूखकी निवृत्तिके लिये उल्लेख नहीं है, यह बात विशेष ध्यानमें धारण करने योग्य है। गौका दूध पीना और जौ गेहूं चावल आदि धान्यका सेवन करना, ये दो रीतियां हैं जिनसे मनुष्य उन्नत होता है और अत्यंत सुखी हो सकता है। अब अन्तिम मंत्रका उपदेश देखिये-

अक्षाः फलवतीं द्युवं दत्त। (मं० ९)

"हे ज्ञान विज्ञानो! फलवाला विजय हमें दो।" यहां 'अक्ष' शब्द है, यह शब्द कोशोंमें निम्नलिखित अर्थोंमें आया है- "गाडीका मध्य दण्ड, आधार स्तंभ, रथ, गाडी, चक्र, तुलाका दण्ड, तोलनेका वजन (कर्ष), बिभीतक (भिलावॉ), रुद्राक्षका वृक्ष, रुद्राक्ष, इन्द्राक्ष, सर्प, गरुड, आत्मा, ज्ञान, सत्यज्ञान, विज्ञान, तारक ज्ञान, ब्रह्मज्ञान, कानून (लॉ, law) कानूनी कार्यवाही, विधिनियम," हमारे मतसे यहांका 'अक्ष' शब्द अन्तिम आठ या नौ अर्थोंको यहां व्यक्त कर रहा है और इसीलिये हमने इसका अर्थ ज्ञान विज्ञान ऐसा किया है।

द्यु और दीवा की उत्पत्ति एकही दिव् धातुसे होनेके कारण 'अतिदीवा' शब्दके प्रसंगमें जो अर्थ बताया है वही 'द्युवं' का यहां अर्थ है। 'विजिगीषा' यह इसका यहां अर्थ अभिप्रेत है। 'ज्ञान विज्ञानसे हमें फल युक्त विजय प्राप्त हो' यह इस मंत्रभागका यहां आशय है। ज्ञान विज्ञानसे ही सुफल युक्त विजय प्राप्त हो सकता है।

विजय ऐसा हो कि जैसी (गौओंकी गौ इव) सदा दूध देनेवाली गौ होती है। विजय प्राप्त करनेसे उसका मधुर फल भविष्यमें मिलता रहे और पुनः हमारा अवपात कभी न होवे, यह आशय यहां है।

(कृतस्य कार्यस्य मा संनमाम। मं० ८) अपने किये हुए पुरुषार्थके यशसे मैं उत्कर्षको सरलतया प्राप्त होऊं। बीचमें किसी प्रकारकी रुकावट न हो। जो ज्ञान विज्ञानयुक्त होकर इस प्रकार परमपुरुषार्थ करेंगे वे ही निःसन्देह यशके भागी होंगे।

पुरुषार्थ विजय प्राप्त करनेवाले हम सूक्तका इस प्रकार विचार करें और बोध प्राप्त करें।

रक्षाकी प्रार्थना।

[५१ (५६)]

(ऋषिः—अङ्गिराः। देवता—इन्द्राबृहस्पती)

बृहस्पतिर्नः परि पातु पश्चादुतोत्तरस्मादधरादघायोः।
इन्द्रः पुरस्तादुत मध्यतो नः सखा सखिभ्यो वरीयः कृणोतु ॥ १ ॥

॥ इति चतुर्थोऽनुवाकः ॥

अर्थ—(बृहस्पतिः नः पश्चात्, उत उत्तरस्मात्) ज्ञानका स्वामी हमें पीछेसे, उत्तर दिशासे, (अधरात् अघायोः पातु) नीचेके भागसे पापी पुरुषसे बचावे। (सखा इन्द्रः) मित्र प्रभु (पुरस्तात् उत मध्यतः) आगेसे और बीचमें से (सखिभ्यः वरीयः नः कृणोतु) मित्रोंमें श्रेष्ठ हमें बनावे॥ १ ॥

भावार्थ—ज्ञानदेनेवाला पीछेसे, ऊपरसे और नीचेसे अर्थात बाहरसे हमारी रक्षा करे और मित्र हमारी रक्षा संमुखसे और बीचके स्थानसे करे ॥ १ ॥

ज्ञान देनेवाला और सहायक मित्र ये दोनों रक्षा करते हैं, एक बाहरसे रक्षा करता है और एक से करता है। परमात्मा ज्ञान देकर बाहरसे और मित्र होकर हमारी रक्षा करता है। पाठक इस रक्षाका अनुभव करें और सच्चा मित्र मानें।

उत्तम ज्ञान ।

[५२ (५४)]

(ऋषिः-अथर्वा । देवता-सांमनस्यं, अश्विनौ)

संज्ञानं नः स्वेभिः संज्ञानमरणेभिः ।
संज्ञानमश्विना युवमिहास्मासु नि यच्छतम् ॥ १ ॥
सं जानामहै मनसा सं चिकित्वा मा युष्महि मनसा दैव्येन ।
मा घोषा उत स्थुर्बहुले विनिर्हते मेषुः पप्तदिन्द्रस्याहन्यागते ॥ २ ॥

अर्थ— हे (अश्विनौ) अश्विदेवो ! (नः स्वेभिः संज्ञानं) हमें स्वजनोंके साथ उत्तम ज्ञान प्राप्त हो । तथा (अरणेभिः संज्ञानं) निम्न श्रेणीके जो लोग हैं उनके साथभी हमें उत्तम ज्ञान प्राप्त हो । (इह) इस संसार में (युवं अस्मासु संज्ञानं नियच्छतं) तुम दोनों हम सबमें उत्तम ज्ञान रखो ॥ १ ॥

(मनसा संजानामहै) हम मनसे उत्तम ज्ञान प्राप्त करें, (चिकित्वा सं) ज्ञान प्राप्त करके एकमतसे रहें । (मा युष्महि) परस्पर विरोध न मचावें । (दैव्येन मनसा) दिव्य मनसे हम युक्त होवें । (बहुले विनिर्हते घोषा मा उत् स्थुः) बहुतोंका वध होनेके पश्चात् दुःखके शब्द न उत्पन्न हों । (आगते अहनि) भविष्य समयमें (इन्द्रस्य इषुः मा पप्तत्) इन्द्रका बाण हमपर न गिरे ॥ २ ॥

दीर्घायु ।

[५३ (५५)]

(ऋषिः- ब्रह्मा । देवता-आयुः, बृहस्पतिः, अश्विनौ च)

अमुत्रभूयादधि यद् यमस्य बृहस्पतेरभिशस्तेरमुञ्चः ।
प्रत्यौहतामश्विना मृत्युमस्मद् देवानामग्ने भिषजा शचीभिः ॥ १ ॥

अर्थ-हे बृहस्पते ! हे अग्ने ! तू (यत् अमुत्र-भूयात्) जो परलोकमें होनेवाले (यमस्य अभिशस्तेः अमुञ्चः) यमकी यातनाओंसे मुक्त करता है ।

सं क्रामतं मा जहीतं शरीरं प्राणापानौ ते सयुजाविह स्ताम् ।
शतं जीव शरदो वर्धमानोऽग्निष्टे गोपा अधिपा वसिष्ठः ॥ २ ॥
आयुर्यत् ते अतिहितं पराचैरपानः प्राणः पुनरा ताविताम् ।
अग्निष्टदाहार्निर्ऋतेरुपस्थात् तदात्मनि पुनरा वेशयामि ते ॥ ३ ॥

हे (देवानां भिषजौ अश्विनौ) देवोंके वैद्य अश्विनी देवो ! (शचीभिः मृत्युं अस्मत् प्रति औहतां) शक्तियोंसे मृत्युको हमसे दूर करो ॥ १ ॥

हे प्राण और अपानो ! (सं क्रामतां) शरीरमें उत्तम प्रकार संचार करो । (शरीरं मा जहीतं) शरीरको मत छोडो । वे दोनों इह ते सयुजौ स्ताम्) यहां तेरे सहचारी होकर रहें । (वर्धमानः शरदः शतं जीव) बढता हुआ तूं सौ वर्ष जीवित रह । (ते अधिपाः वसिष्ठः गोपाः अग्निः) तेरा अधिपति निवासक और रक्षक तेजस्वी देव है ॥ २ ॥

(ते यत् आयुः पराचैः आतिहितं) तेरी जो आयु विरुद्ध गतियोंसे घट गयी है, उस स्थानपर (तौ प्राणः अपानः पुनः आ इतां) वे प्राण और अपान पुनः आवें । (अग्निः निर्ऋतेः उपस्थात् तत् पुनः आहाः)वह तेजस्वी देव दुर्गतिके समीपसे पुनः लाता है, (ते आत्मनि तत पुनः आवेश· यामि) तेरे अन्दर उसको पुनः स्थापन करते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थ— परलोकमें देहपातके पश्चात् जो दुःख होते हैं उनसे मनुष्य का बचाव होवे, और मनुष्यकी शक्तियोंकी उन्नति होकर उसका मृत्युसे बचाव होवे ॥ १ ॥

मनुष्यके शरीरमें प्राण और अपान ठीक प्रकार संचार करते रहें। वे शरीरको शीघ्र न छोड दें । ये ही जीव के सहचारी दो मित्र हैं। मनुष्य बढता हुआ सौ वर्षतक जीवित रहे, मनुष्यका रक्षक, पालक, संवर्धक और यहां का जीवन सुखमय करनेवाला एकमात्र परमेश्वर है ॥ २ ॥

जो आयु विरुद्ध आचरणोंके कारण घट जाती है, उसको प्राण और अपान पुनः ले आवें और यहां स्थापित करें । वही तेजस्वी देव दुर्गतिसे आयुको वापस ले आवे और इसके अन्दर सुरक्षित रखे ॥ ३ ॥

मेमं प्राणो हासीन्मो अपानोऽवहाय परा गात् ।
सप्तर्षिभ्य एनं परि ददामि त एनं स्वस्ति जरसे वहन्तु ॥ ४ ॥
प्र विशतं प्राणापानावनड्वाहाविव व्रजम् ।
अयं जरिम्णः शेवधिररिष्ट इह वर्धताम् ॥ ५ ॥
आ ते प्राणं सुवामसि परा यक्ष्मं सुवामि ते ।
आयुर्नो विश्वतो दधदयमग्निर्वरेण्यः ॥ ६ ॥

अर्थ- (इमं प्राणः मा हासीत) इसको प्राण न छोडे और (अपानः अवहाय परा मा गात् उ) अपान भी इसको छोड कर दूर न जावे। (सप्तर्षिभ्यः एनं परिददामि) सात ऋषियोंके समीप इसको देता हूं, (ते एनं जरसे स्वस्ति वहन्तु) वे इसको वृद्धावस्थातक सुखपूर्वक ले जावें ॥४॥

हे प्राण और अपान ! (व्रजं अनड्वाहौ इव प्रविशतं) जैसे गोशाला में बैल घुसते हैं उस प्रकार तुम दोनों प्रविष्ट होवो ! (अयं जरिम्णः शेवधिः) यह वार्धक्यतककी पूर्ण आयुका खजाना है, यह (इह अरिष्टः वर्धतां) यहां न घटता हुआ बढ जावे ॥ ५ ॥

(ते प्राणं आ सुवामसि) तेरे प्राणको मैं प्रेरित करता हूं। (ते यक्ष्मं परा सुवामि) तेरे क्षयरोगको मैं दूर करता हूं । (अयं वरेण्यः अग्निः) यह श्रेष्ठ अग्नि (नः आयुः विश्वतः दधत्) हमारे अन्दर आयु सब प्रकारसे धारण करे ॥ ६ ॥

भावार्थ- इस मनुष्यको प्राण और अपान न छोडें । सप्तर्षिसे बने जो सप्त ज्ञानेंद्रिय हैं, उनके समीप इस जीवको छोड देते हैं । वे इसको सौ वर्षकी पूर्ण आयु प्रदान करे ॥ ४ ॥

शरीरमें प्राण और अपान वेगसे संचार करें और इस शरीर में रखा हुआ दीर्घायुका खजाना बढावें ॥ ५ ॥

तेरे प्राणोंको प्रेरित करनेसे तेरे रोग दूर होंगे और तेरी आयु वृद्धिंगत होगी ॥ ६ ॥

उद् व॒यं तम॑स॒स्परि॒ रोह॑न्तो॒ नाक॑मुत्त॒मम् ।
दे॒वं दे॑व॒त्रा सूर्य॒मग॑न्म॒ ज्योति॑रुत्त॒मम् ॥ ७ ॥

अर्थ-(वयं तमसः परि उत्) हम अन्धकार के ऊपर चढें, वहांसे (उत्तरं नाकं रोहन्तः) श्रेष्ठ स्वर्गमें आरोहण करते हुए (देवत्रा उत्तमं ज्योतिः सूर्यं अगन्म) सब देवोंके रक्षक उत्तम तेजस्वी सूर्य—सबके उत्पादक-देवको प्राप्त होंगे ॥ ७ ॥

भावार्थ-हम अन्धकार को छोडकर प्रकाशकी प्राप्तिके लिये ऊपर चढते हैं, ऊपर स्वर्गमें आरोहण करते हुए सबके रक्षक तेजस्वी देवताको प्राप्त करते हैं ॥ ७ ॥

दीर्घ आयु कैसी प्राप्त होगी ?

इस सूक्तमें दीर्घ आयु प्राप्त करनेका उपाय बताया है । इसलिये दीर्घायु होनेकी इच्छा करनेवाले पाठक इस सूक्तका अधिक मनन करें । दीर्घ आयु करनेवाले दो देव हैं, वे अपनी शक्तियोंसे मनुष्यकी मृत्युसे रक्षा करते हैं, ये दो देव अश्विनी देव हैं । अश्विनी देव कौन हैं और कहां रहते हैं, इसका विचार करके निश्चय करना चाहिये । इसका विचार इस प्रकार होता है—

देवोंके वैद्य ।

अश्विनी कुमार ये देवोंके दो वैद्य हैं, इस मंत्रमें भी इनको—

देवानां भिषजौ (मं० १)

'देवोंके दो वैद्य ये हैं' ऐसा कहा है । यहां देव कौनसे हैं और उनकी चिकित्सा करनेवाले ये वैद्य कौनसे हैं, यह एक विचारणीय प्रश्न है । इनके नामोंका मनन करनेसे एक नाम हमारे सन्मुख विशेष प्रामुख्यसे आता है, जो 'नासत्यौ' है । (नास-त्यौ=नासा-स्थौ) नासिकाके स्थानपर रहनेवाले । नासिका यह प्राणका स्थान है । प्राणके स्थानपर रहनेवाले ये दो 'श्वास उच्छ्वास' अथवा 'प्राण अपान' ही हैं । प्राण और अपान ये दो देव इस शरीरमें रहकर इस शरीरमें जो इंद्रियस्थानोंमें अनेक देवगण हैं उनकी चिकित्सा करते हैं । प्राण से पुष्टि प्राप्त होती है और अपानसे दोष दूर होते हैं । इस प्रकार दोष दूर करके पुष्टि देने द्वारा ये दो देव इन सब इंद्रियोंकी चिकित्सा करते हैं । यहां यह अर्थ देखनेसे इनका 'नास-त्य' नाम बिलकुल सार्थ प्रतीत होता है । प्राण और अपान अशक्त हुए, अथवा इनमेंसे कोई

भी एक अपना कार्य करनेमें असमर्थ हुआ, तो इंद्रियगण भी अपना अपना कार्य करनेमें असमर्थ होते हैं। इतना इंद्रियोंके आरोग्यके साथ प्राणोंके स्वास्थ्यका संबंध है। अर्थात् वेदोंमें और पुराणोंमें 'देवोंके वैद्य अश्विनी कुमार' करके जो प्रसिद्ध वैद्य हैं, वे अध्यात्मपक्षमें अपने देहमें प्राण और अपान हैं, और येही इंद्रियरूपी देवोंकी चिकित्सा करते हुए इस मनुष्यको दीर्घायु देते हैं। यदि प्राणोंकी कृपा न हुई तो कोई दूसरा उपाय ही नहीं है कि जिससे मनुष्य दीर्घायु प्राप्त कर सके। यह विचार ध्यानमें रखकर यदि पाठक निम्नलिखित मंत्र देखेंगे तो उनको उसका ठीक अर्थ ध्यानमें आसकता है, देखिये--

(हे) देवानां भिषजौ अश्विनौ !

शचीभिः मृत्युं अस्मत् प्रत्यौहताम्। (मं० १)

'हे देवोंके वैद्य प्राण और अपानो! अपनी विविध शक्तियोंसे मृत्युको हमसे दूर करो।' अर्थात् प्राण और अपानही इस देहस्थानीय सब अवयवों और अंगोंकी चिकित्सा करते हैं और उनको पूर्ण निर्दोष करते हुए मनुष्यको मृत्युसे बचाते हैं। अतः मृत्यु दूर करनेके लिये उनकी प्रार्थना यहां की है। जो देव जिस वस्तुको देनेवाले है उनकी प्रार्थना उस वस्तुकी प्राप्तिके लिये करना योग्य ही है। इसी अर्थको मनमें धारण करके निम्नलिखित मंत्र देखिये—

(हे) प्राणापानौ! सं क्रामतं, शरीरं मा जहीतम्। (मं० २)

"हे प्राण और अपानो! शरीरमें उत्तमरीतिसे संचार करो, और शरीरको मत छोडो।" यहां अश्विनौ देवताके बदले 'प्राणापानौ' शब्द ही है, और यह बताता है कि हमने जो अश्विनौ का अर्थ 'प्राण और अपान' किया है वह ठीक ही है। ये प्राण और अपान शरीरमें उत्तम प्रकार संचार करें। शरीरको इनके उत्तम संचार के लिये योग्य बनाना नीरोग रहने के लिये अत्यंत आवश्यक है। शरीरको प्राणसंचारके योग्य बनानेके लिये योगशास्त्र में कहे धौती, बस्ति, नेति आदि क्रियाएं हैं। इनसे शरीर शुद्ध होता है, दोषरहित बनता है और प्राणसंचार द्वारा सर्वत्र [illegible] स्थिर होता है। शरीरमें प्राणापानोंका यह महत्त्व है। पाठक इस बातको मनमें दृढ रखें और योगसाधन के प्राण साधनसे दीर्घायु प्राप्त करें, प्राणापानोंका इतना महत्त्व है, इसीलिये कहा है कि—

इह प्राणापानौ ते सयुजौ स्ताम्। (मं० ३)

'यहां प्राण और अपान ये दोनों तेरे सहचारी मित्र बन कर रहें।' तेरे [illegible]

उद् वयं तमसस्परि रोहन्तो नाकमुत्तमम्।
देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम् ॥ ७ ॥

अर्थ-(वयं तमसः परि उत्) हम अन्धकार के ऊपर चढें, वहांसे (उत्तमं नाकं रोहन्तः) श्रेष्ठ स्वर्गमें आरोहण करते हुए (देवत्रा उत्तमं ज्योतिः सूर्यं अगन्म) सब देवोंके रक्षक उत्तम तेजस्वी सूर्य—सबके उत्पादक-देवको प्राप्त होंगे ॥ ७ ॥

भावार्थ-हम अन्धकार को छोडकर प्रकाशकी प्राप्तिके लिये ऊपर चढते हैं, ऊपर स्वर्गमें आरोहण करते हुए सबके रक्षक तेजस्वी देवताको प्राप्त करते हैं ॥ ७ ॥

दीर्घ आयु कैसी प्राप्त होगी ?

इस सूक्तमें दीर्घ आयु प्राप्त करनेका उपाय बताया है। इसलिये दीर्घायु होनेकी इच्छा करनेवाले पाठक इस सूक्तका अधिक मनन करें। दीर्घ आयु करनेवाले दो देव हैं, वे अपनी शक्तियोंसे मनुष्यकी मृत्युसे रक्षा करते हैं, ये दो देव अश्विनी देव हैं। अश्विनी देव कौन हैं और कहां रहते हैं, इसका विचार करके निश्चय करना चाहिये। इसका विचार इस प्रकार होता है—

देवोंके वैद्य।

अश्विनी कुमार ये देवोंके दो वैद्य हैं, इस मंत्रमें भी इनको—

देवानां भिषजौ (मं० १)

'देवोंके दो वैद्य ये हैं' ऐसा कहा है। यहां देव कौनसे हैं और उनकी चिकित्सा करनेवाले ये वैद्य कौनसे हैं, यह एक विचारणीय प्रश्न है। इनके नामोंका मनन करनेसे एक नाम हमारे सन्मुख विशेष प्रामुख्यसे आता है, जो 'नासत्यौ' है। (नास-त्यौ=नासा-स्थौ) नासिकाके स्थानपर रहनेवाले। नासिका यह प्राणका स्थान है। प्राणके स्थानपर रहनेवाले ये दो 'श्वास उच्छ्वास' अथवा 'प्राण अपान' ही हैं। प्राण और अपान ये दो देव इस शरीरमें रहकर इस शरीरमें जो इंद्रियस्थानोंमें अनेक देवगण हैं उनकी चिकित्सा करते हैं। प्राण से पुष्टि प्राप्त होती है और अपानसे दोष दूर होते हैं। इस प्रकार दोष दूर करके पुष्टि देने द्वारा ये दो देव इन सब इंद्रियोंकी चिकित्सा करते हैं। यहां यह अर्थ देखनेसे इनका 'नास-त्य' नाम बिलकुल सार्थ प्रतीत होता है। प्राण और अपान अशक्त हुए, अथवा इनमेंसे कोई

भी एक अपना कार्य करनेमें असमर्थ हुआ, तो इंद्रियगण भी अपना अपना कार्य करनेमें असमर्थ होते हैं । इतना इंद्रियोंके आरोग्यके साथ प्राणोंके स्वास्थ्यका संबंध है । अर्थात् वेदोंमें और पुराणोंमें 'देवोंके वैद्य अश्विनी कुमार' करके जो प्रसिद्ध वैद्य हैं, वे अध्यात्मपक्षमें अपने देहमें प्राण और अपान हैं, और येही इंद्रियरूपी देवोंकी चिकित्सा करते हुए इस मनुष्यको दीर्घायु देते हैं । यदि प्राणोंकी कृपा न हुई तो कोई दूसरा उपाय ही नहीं है कि जिससे मनुष्य दीर्घायु प्राप्त कर सके । यह विचार ध्यानमें रखकर यदि पाठक निम्नलिखित मंत्र देखेंगे तो उनको उसका ठीक अर्थ ध्यानमें आसकता है, देखिये--

(हे) देवानां भिषजौ अश्विनौ !
शचीभिः मृत्युं अस्मत् प्रत्यौहताम् । (मं० १)

'हे देवोंके वैद्य प्राण और अपानो ! अपनी विविध शक्तियोंसे मृत्युको हमसे दूर करो ।' अर्थात् प्राण और अपानही इस देहस्थानीय सब अवयवों और अंगोंकी चिकित्सा करते हैं और उनको पूर्ण निर्दोष करते हुए मनुष्यको मृत्युसे बचाते है । अतः मृत्यु दूर करनेके लिये उनकी प्रार्थना यहां की है । जो देव जिस वस्तुको देनेवाले है उनकी प्रार्थना उस वस्तुकी प्राप्तिके लिये करना योग्य ही है । इसी अर्थको मनमें धारण करके निम्नलिखित मंत्र देखिये—

(हे) प्राणापानौ ! सं क्रामतं, शरीरं मा जहीतम् । (मं० २)

" हे प्राण और अपानो ! शरीरमें उत्तमरीतिसे संचार करो, और शरीरको मत् छोडो । " यहां अश्विनौ देवताके बदले ' प्राणापानौ " शब्द ही है, और यह बताता है कि हमने जो अश्विनौ का अर्थ ' प्राण और अपान ' किया है वह ठीक ही है । ये प्राण और अपान शरीरमें उत्तम प्रकार संचार करें । शरीरको इनके उत्तम संचार के लिये योग्य बनाना नीरोग रहने के लिये अत्यंत आवश्यक है । शरीरको प्राणसंचारके योग्य बनानेके लिये योगशास्त्र में कहे धौती, बस्ति, नेति आदि क्रियाएं हैं । इनसे शरीर शुद्ध होता है, दोषरहित बनता है और प्राणसंचार द्वारा सर्वत्र आरोग्य स्थिर होता है । शरीरमें प्राणापानोंका यह महत्त्व है । पाठक इस बातको मनमें दृढ रखें और योगसाधन के प्राण साधनसे दीर्घायु प्राप्त करें, प्राणापानोंका इतना महत्त्व है, इसीलिये कहा है कि-

इह प्राणापानौ ते सयुजौ स्ताम् । (मं० २)

' यहां प्राण और अपान ये दोनों तेरे सहचारी मित्र बन कर रहें । ' तेरे विरोध

करनेवाले न बनें। सहचारी मित्र सदा साथ रहते हैं और सदा हित करनेवाले होते हैं इस प्रकार ये प्राणापान मनुष्यके सहचारी मित्र हैं। मनुष्य इनको ऐसा समझे और उनकी मित्रता न छोडे। ऐसा करनेसे क्या होगा सो इसी मंत्रमें लिखा है—

वर्धमानः शतं शरदः जीव। (मं० २)

'वृद्धि और पुष्टिको प्राप्त होता हुआ तू सौ वर्ष जीवित रहेगा' अर्थात् प्राण और अपानको अपने अंदर उत्तम अवस्थामें रखेगा तो तू पुष्ट और बलिष्ठ होकर सौ वर्षकी दीर्घायु प्राप्त कर सकेगा। दीर्घायु प्राप्त करनेका यह उपाय है, मनुष्य योगशास्त्रमें कहे उपायोंका अवलंबन करके तथा प्राणायामका अभ्यास करके अपने शरीरमें प्राणापानोंको बलवान् करके कार्यक्षम बनावे, जिससे मनुष्य दीर्घायु बन सकता है। प्राण अपान ये ऐसे सहायक हैं कि वे दोषोंसे घटीहुई आयुको भी पुनः प्राप्त करा देते हैं, देखिये—

यत् ते आयुः पराचैः अतिहितं
प्राणः अपानः तौ पुनः आ इताम्॥ (मं० ३)

"जो तेरी आयु हीन दोषोंके कारण घटगई है, वे प्राण और अपान, पुनः उस स्थानपर आवें और वे उस आयुको वहां पुनः स्थापन करें।" यह है प्राणापानोंका अधिकार। कुमार अथवा तरुण अवस्थामें कुछ अनियमके कारण यदि कोई ऐसे कुव्यवहार होगये, और उस कारण यदि आयु क्षीण होगई तो युक्तिसे प्राण और अपान उस दोषको हटा देते हैं और दीर्घ आयु प्राणोपासना करनेवाले मनुष्यको अर्पण करते हैं। इस लिये कहा है—

इमं प्राणः मा हासीत्, अपानः अवहाय मा परा गात्॥ (मं० ४)

"इसको प्राण न छोड देवे और अपान भी इसको छोडकर दूर न चला जावे।" क्योंकि प्राण और अपान इस मनुष्यके देहको छोडने लगे तो कोई दूसरी शक्ति मनुष्यको आयु देनेमें समर्थ नहीं होसकती। इनके रहनेपरही अन्य शक्तियां सहायक होती हैं। अन्य शक्तियां इस मंत्रमें सप्तर्षि नामसे कही हैं, जो इस देहमें रहकर मनुष्यकी सहायता करती हैं—

सप्तर्षिभ्य एनं परिददामि
त एनं स्वस्ति जरसे वहन्तु॥ (मं० ४)

"मैं इस मनुष्यको सप्त ऋषियोंके पास देता हूं, वे इसको बुढापेतक उत्तम कल्याणके मार्गसे ले चलें।" ये सप्त ऋषि सप्त ज्ञानेंद्रियां-पंच ज्ञानेंद्रियां और मन तथा बुद्धि-

हैं, इनके विषयमें पूर्व स्थल में कईवार लिखा जा चुका है। जब प्राण और अपान उत्तम अवस्थामें रहते हैं तब ये सातों इंद्रियां उत्तम अवस्थामें रहती हैं और मनुष्य दीर्घ जीवन प्राप्त करता है। ये प्राणापान शरीरमें बलवान् रहने चाहिये। इनका बल कैसा चाहिये इस विषयमें निम्नमंत्र देखिये—

अनड्वाहौ व्रजं इव प्राणापानौ प्रविशतम्। (मं० ५)

"जैसे बैल गोशालामें वेगसे प्रवेश करते हैं, वैसे प्राण और अपान वेगसे शरीरमें प्रवेश करें। प्राणका अंदर प्रवेश बलसे होवे और अपानका बाहर निःसरण भी वेगके साथ हो। इनमें निर्बलता न रहे यही तात्पर्य यहां है। अस्वाभाविक वेग उत्पन्न हो यह इसका मतलब नहीं है। इस प्रकार मनका वेग योग्य प्रमाणमें रहा, तो यह वार्धक्य तक आयुका खजाना ठीक अवस्थामें रहेगा। इस विषयमें मंत्र देखिये-

अयं जरिम्णः शेवधिः इह अरिष्टः वर्धताम् (मं०५)

"यह दीर्घ आयुका खजाना, न्यून न होता हुआ यहां बढे।" अर्थात् पूर्वोक्त प्रकार प्राणापान अपना अपना कार्य करनेके लिये समर्थ हुए तो दीर्घायुका खजाना बढता जाता है। दीर्घायु प्राप्त करनेका उपाय प्राणापान को बलवान् बनाना ही है। इसी विषयमें और देखिये—

ते प्राणं आसुवामि, ते यक्ष्मं परा सुवामि। (मं०६)

"प्राणसे तेरा जीवन बढाता हूं, और अपानसे तेरा क्षय दूर करता हूं।" प्राण अपने साथ जीवन की शक्ति लाता है तथा शरीर जीवनमय करता है और अपान अपने साथ शरीरके क्षयको बाहर निकालता है, जिससे शरीर निर्दोष होता है। इस प्रकार ये दोनों शरीरको जीवनपूर्ण और निर्दोष बनाते हुए इसको दीर्घजीवन देते हैं। यही बात निम्नलिखित मंत्रभागमें कही है-

वरेण्यः अग्निः नः आयुः विश्वतः दधत्। (मं० ६)

"प्राणसे उत्पन्न होनेवाला श्रेष्ठ अग्नि हमारी आयु सब प्रकारसे धारण करे।" यहां प्राणके साथ रहनेवाला जीवनाग्नि अपेक्षित है। प्राणायाम करनेसे, विशेष कर भस्त्रा करनेसे शरीरमें अग्नि बढनेका अनुभव तत्काल आता है। इस सूक्तमें कहा अग्नि यही शरीरस्थान की उष्णता है। यहां बाह्य अग्नि अपेक्षित नहीं है।

अगले सप्तम मंत्रमें कहा है कि हम अंधकारसे दूर होकर उत्तम प्रकाशमें आवेंगे, और सूर्यकी ज्योतिको प्राप्त होंगे। इस मंत्रमें जो यह बात कही है, आयुष्य बढानेकी दृष्टीसे इसकी बडी आवश्यकता है। इससे निम्नलिखित बोध मिलता है-

करनेवाले न बनें। सहचारी मित्र सदा साथ रहते हैं और सदा हित करनेवाले होते हैं इस प्रकार ये प्राणापान मनुष्यके सहचारी मित्र हैं। मनुष्य इनको ऐसा समझे और उनकी मित्रता न छोडे। ऐसा करनेसे क्या होगा सो इसी मंत्रमें लिखा है—

वर्धमानः शतं शरदः जीव। (मं० २)

'वृद्धि और पुष्टिको प्राप्त होता हुआ तू सौ वर्ष जीवित रहेगा' अर्थात् प्राण और अपानको अपने अंदर उत्तम अवस्थामें रखेगा तो तू पुष्ट और बलिष्ठ होकर सौ वर्षकी दीर्घायु प्राप्त कर सकेगा। दीर्घायु प्राप्त करनेका यह उपाय है, मनुष्य योगशास्त्रमें कहे उपायोंका अवलंबन करके तथा प्राणायामका अभ्यास करके अपने शरीरमें प्राणापानोंको बलवान् करके कार्यक्षम बनावे, जिससे मनुष्य दीर्घायु बन सकता है। प्राण अपान ये ऐसे सहायक हैं कि वे दोषोंसे घटीहुई आयुको भी पुनः प्राप्त करा देते हैं, देखिये—

यत् ते आयुः पराचैः अतिहितं
प्राणः अपानः तौ पुनः आ इताम्॥ (मं० ३)

" जो तेरी आयु हीन दोषोंके कारण घटगई है, वे प्राण और अपान, पुनः उस स्थानपर आवें और वे उस आयुको वहां पुनः स्थापन करें। " यह है प्राणापानोंका अधिकार। कुमार अथवा तरुण अवस्थामें कुछ अनियमके कारण यदि कोई ऐसे कुव्यवहार होगये, और उस कारण यदि आयु क्षीण होगई तो युक्तिसे प्राण और अपान उस दोषको हटा देते हैं और दीर्घ आयु प्राणोपासना करनेवाले मनुष्यको अर्पण करते हैं। इस लिये कहा है—

इमं प्राणः मा हासीत्, अपानः अवहाय मा परा गात्॥ (मं० ४)

" इसको प्राण न छोड देवे और अपान भी इसको छोडकर दूर न चला जावे। " क्योंकि प्राण और अपान इस मनुष्यके देहको छोडने लगे तो कोई दूसरी शक्ति मनुष्यको आयु देनेमें समर्थ नहीं होसकती। इनके रहनेपरही अन्य शक्तियां सहायक होती हैं। अन्य शक्तियां इस मंत्रमें सप्तर्षि नामसे कही हैं, जो इस देहमें रहकर मनुष्यकी सहायता करती हैं—

सप्तर्षिभ्य एनं परिददामि
त एनं स्वस्ति जरसे वहन्तु॥ (मं० ४)

" मैं इस मनुष्यको सप्त ऋषियोंके पास देता हूं, वे इसको बुढापेतक उत्तम कल्याणके मार्गसे ले चलें। " ये सप्त ऋषि सप्त ज्ञानेंद्रियां-पंच ज्ञानेंद्रियां और मन तथा बुद्धि-

है, इनके विषयमें पूर्व स्थल में कईवार लिखा जा चुका है । जब प्राण और अपान उत्तम अवस्थामें रहते हैं तब ये सातों इंद्रियां उत्तम अवस्थामें रहती हैं और मनुष्य दीर्घ जीवन प्राप्त करता है । ये प्राणापान शरीरमें बलवान् रहने चाहिये । इनका बल कैसा चाहिये इस विषयमें निम्नमंत्र देखिये—

अनड्वाहौ व्रजं इव प्राणापानौ प्रविशतम् । (मं० ५)

" जैसे बैल गोशालामें वेगसे प्रवेश करते हैं, वैसे प्राण और अपान वेगसे शरीरमें प्रवेश करें । प्राणका अंदर प्रवेश बलसे होवे और अपानका बाहर निःसरण भी वेगके साथ हो । इनमें निर्बलता न रहे यही तात्पर्य यहां है । अस्वाभाविक वेग उत्पन्न हो यह इसका मतलब नहीं है । इस प्रकार मनका वेग योग्य प्रमाणमें रहा, तो यह वार्धक्य तक आयुका खजाना ठीक अवस्थामें रहेगा । इस विषयमें मंत्र देखिये-

अयं जरिम्णः शेवधिः इह अरिष्टः वर्धताम् (मं०५)

" यह दीर्घ आयुका खजाना, न्यून न होता हुआ यहां बढे । " अर्थात् पूर्वोक्त प्रकार प्राणापान अपना अपना कार्य करनेके लिये समर्थ हुए तो दीर्घायुका खजाना बढता जाता है । दीर्घायु प्राप्त करनेका उपाय प्राणापान को बलवान् बनाना ही है । इसी विषयमें और देखिये—

ते प्राणं आसुवामि, ते यक्ष्मं परा सुवामि । (मं०६)

" प्राणसे तेरा जीवन बढाता हूं, और अपानसे तेरा क्षय दूर करता हूं । " प्राण अपने साथ जीवन की शक्ति लाता है तथा शरीर जीवनमय करता है और अपान अपने साथ शरीरके क्षयको बाहर निकालता है, जिससे शरीर निर्दोष होता है । इस प्रकार ये दोनों शरीरको जीवनपूर्ण और निर्दोष बनाते हुए इसको दीर्घजीवन देते हैं । यही बात निम्नलिखित मंत्रभागमें कही है-

वरेण्यः अग्निः नः आयुः विश्वतः दधत् । (मं० ६)

" प्राणसे उत्पन्न होनेवाला श्रेष्ठ अग्नि हमारी आयु सब प्रकारसे धारण करे । " यहां प्राणके साथ रहनेवाला जीवनाग्नि अपेक्षित है । प्राणायाम करनेसे, विशेष कर भस्त्रा करनेसे शरीरमें अग्नि बढनेका अनुभव तत्काल आता है । इस सूक्तमें कहा अग्नि यही शरीरस्थान की उष्णता है । यहां बाह्य अग्नि अपेक्षित नहीं है ।

अगले सप्तम मंत्रमें कहा है कि हम अंधकारसे दूर होकर उत्तम प्रकाशमें आवेंगे, और सूर्यकी ज्योतिको प्राप्त होंगे । इस मंत्रमें जो यह बात कही है, आयुष्य बढानेकी दृष्टीसे इसकी बडी आवश्यकता है । इससे निम्नलिखित बोध मिलता है-

१ वयं तमसः परि उत् रोहन्तः—हम अंधकारके ऊपर चढेंगे। अर्थात् अंधकारके स्थानमें निवास करना आयुको घटानेवाला है, अतः हम अंधकारके स्थानको छोडते हैं और ऊपर चढते हैं और—

२ उत्तमं नाकं रोहन्तः—उत्तम सुखदायक प्रकाशपूर्ण स्थान को प्राप्त करते हैं, क्यों कि प्रकाश ही जीवन देनेवाला और रोगादि दोषोंको दूर करनेवाला है, इसलिये—

३ देवत्रा देवं उत्तमं ज्योतिः सूर्यं अगन्म—सब देवोंके रक्षक उत्तम तेजस्वी सूर्यदेवको प्राप्त करते हैं। सूर्यही सब स्थावर जंगमका प्राण है अतः प्राणरूपी सूर्यको प्राप्त करनेके कारण हम अवश्य दीर्घजीवी बनेंगे।

दीर्घायु प्राप्त करनेकी इच्छा करनेवाले लोग सूर्य प्रकाश वाले घरमें रहें और कभी अंधेरे कमरोंमें न रहें। इस प्रकार दीर्घायु बननेके दो उपाय इस सूक्तमें कहे हैं। एक प्राण और अपान को बलवान् बनाना और सूर्य प्रकाशको प्राप्त करना और अंधेरे कमरोंमें न रहना। पाठक इस प्रकार इस सूक्तका विचार करें और इसके अमूल्य आदेशसे लाभ उठावें—

ज्ञान और कर्म।

[५४ (५६, ५७—१)]

(ऋषिः- भृगुः। देवता—इन्द्रः)

ऋचं साम यजामहे याभ्यां कर्माणि कुर्वते।
एते सदसि राजतो यज्ञं देवेषु यच्छतः ॥ १ ॥

अर्थ—(याभ्यां कर्माणि कुर्वते) जिनके द्वारा कर्म करते हैं उन (ऋचं साम यजामहे) ऋचाओं और सामोंसे हम संगतिकरण करते हैं। (एते सदसि राजतः) ये दोनों इस यज्ञस्थलमें प्रकाशमान होते हैं। और ये (देवेषु यज्ञं यच्छतः) देवोंमें श्रेष्ठ कर्मका अर्पण करते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ— ऋचा और साम इन मन्त्रोंसे मानवी उन्नतिके सब कर्म होते हैं, इसलिये हम इन वेदोंका अध्ययन करते हैं। ये ही वेद इस जगत्की कर्म भूमिमें प्रकाश देनेवाले मार्गदर्शक हैं। क्यों कि येही देवों में सत्कर्मकी स्थापना करते हैं ॥ १ ॥

ऋचं साम यदप्राक्षं हविरोजो यजुर्बलम् ।
एष मा तस्मान्मा हिंसीद् वेदः पृष्टः शचीपते ॥ २ ॥

अर्थ- (यत् ऋचं साम, यजुः) जिन् ऋचा, साम और यजु तथा (हविः ओजः बलं अप्राक्षं) हवन, ओज, और बलके विषयमें मैंनें पूछा, हे (शचीपते) बुद्धिमान् ! (तस्मात् एषः पृष्टः वेदः) उस कारण यह पूछा हुआ वेद (मा मा हिंसीत्) मेरी हिंसा न करे ॥ २ ॥

भावार्थ— मैं गुरुसे ऋचा, साम और यजुके विषयमें पूछता हूं, और हवन की विधि, शारीरिक बल कमानेका उपाय और मानसिक बल प्राप्त करनेका उपाय भी पूछता हूं। यह सब प्राप्त किया हुआ ज्ञान मेरी उन्नति का सहायक होवे और बाधक न बने ॥ २ ॥

इस सूक्तमें कहा है कि ऋचा, यजु और साम ये ज्ञान देनेवाले मंत्र हैं और इनसे श्रेष्ठतम कर्म किया जाता है। इन कर्मोंको करके मनुष्य उन्नतिको प्राप्त करता है और ओज तथा बल को बढाता है। उक्त मन्त्रोंसे मनुष्य ज्ञान प्राप्त करता है और उस ज्ञानसे कर्म करके उन्नत होता है। परन्तु किसी किसी समय मनुष्य मोहवश होकर ज्ञानका दुरुपयोग भी करता है और अपना नाश कर लेता है। उदाहरणार्थ कोई मनुष्य बल प्राप्तिके उपायका ज्ञान प्राप्त करता है और उसका अनुष्ठान करके बहुत बल कमाता है। शरीरमें बल बढनेसे उसको घमण्ड होती है और वही मनुष्य निर्बलोंको सताने लगाता है और गिरता है। अतः इस सूक्तके अन्तिम मन्त्रमें प्रार्थना की है कि वह प्राप्त हुआ ज्ञान हमारा घात न करें। ज्ञान एक शक्ति है जो उपयोग कर्ताके भले बुरे प्रयोगके अनुसार भला बुरा परिणाम करनेवाली होती है। इसीलिये परमेश्वर से प्रार्थना की जाती है कि वह हमारी सत्प्रवृत्ति रखे और हमें घातपातके मार्गमें जाने ही न दें।

प्रकाशका मार्ग।

[५५ (५७-२)] (ऋषिः- भृगुः । देवता-इन्द्रः)

ये ते पन्थानोऽव दिवो येभिर्विश्वमैरयः ।
तेभिः सुम्नया धेहि नो वसो ॥ १ ॥

अर्थ- हे (वसो) सबके निवासक प्रभो ! (ये ते दिवः पन्थानः) जो

तेरे प्रकाशके मार्ग हैं, (येभिः विश्वं अव ऐरयः) जिनसे तू सब जगतको चलाता है, (तेभिः नः सुम्नया धेहि) उनके साथ हम सबको सुखसे युक्त रख ॥ १ ॥

भावार्थ— हे प्रभो ! जो तेरे प्रकाशके मार्ग हैं और जिन से तू सब जगत्‌को चलाता है, उनसे हमें सुखके मार्गसे ले चल और हमें सुख दे ॥ १ ॥

मार्ग दो हैं। एक प्रकाश का और दूसरा अन्धेरेका। ईश्वर प्रकाशका मार्ग सबको बताता है और सबको सुखी करता है। परन्तु जो इस प्रभुको छोडकर अन्धेरेके मार्गसे जाते हैं वे दुःख भोगते हैं। इसीलिये इस प्रभुकी ही प्रार्थना करना चाहिये कि वह अपना प्रकाशका मार्ग हमें दर्शावे और हमें ठीक मार्गसे ले चले।

विषचिकित्सा।

[५६ (५८)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-वृश्चिकादयः, २ वनस्पतिः, ४ ब्रह्मणस्पतिः।)

तिरश्चिराजेरसितात् पृदाकोः परि संभृतम्।
तत् कङ्कपर्वणो विषमियं वीरुदनीनशत् ॥ १ ॥

अर्थ— (तिरश्चि-राजेः असितात्) तिरछी रेषावाले, काले, (पृदाकोः कंकपर्वणः) नाग और कौवे जैसे पर्ववाले सांपसे (संभृतं तत् विषं) इकट्ठे हुए उस विषको (इयं वीरुत् परि अनीनशत्) यह वनस्पती नाश करती है ॥ १ ॥

भावार्थ— जिसपर तिरछी लकीरें होती हैं और जिसके पर्व होते हैं ऐसे सांपके विषको मधु नामक वनस्पति दूर करती है ॥ १ ॥

इयं वीरुन्मधुंजाता मधुश्चुन्मधुला मधूः ।
सा विह्रुतस्य भेषज्यथों मशकजम्भनी ॥ २ ॥
यतों दुष्टं यतों धीतं ततस्ते निर्ह्वयामसि ।
अर्भस्य तृप्रदंशिनों मशकस्यारसं विषम् ॥ ३ ॥
अयं यो वक्रो विपरुर्व्यङ्गो मुखानि वक्रा वृजिना कृणोषि ।
तानि त्वं ब्रह्मणस्पत इषीकामिव सं नमः ॥ ४ ॥

अर्थ—(इयं वीरुत् मधु-जाता मधुला) यह वनस्पति मधुरताके साथ उत्पन्न हुई मधुरता देनेवाली (मधुश्चुत् मधूः) मधुरताको चुआनेवाली स्वयं मधुर है। (सा विह्रुतस्य भेषजी) वह कुटिल सांपके विषकी औषधि है और वह (मशक-जम्भनी) मच्छरोंका नाश करनेवाली है ॥ २ ॥

(यतः दष्टं) जहां काटा गया है, (यतः धीतं) जहांसे खून पिया है, (ततः) वहांसे (तृप्रदंशिनः अर्भस्य मशकस्य) तीक्ष्ण काटनेवाले छोटे मच्छरके (अरसं विषं निः ह्वयामसि) रसहीन विषको हम हटा देते हैं ॥ ३ ॥

हे (ब्रह्मणस्पते) ज्ञानके स्वामिन् ! (यः अयं वक्रः वि-परुः) जो यह टेढा और संधिस्थानमें शिथिल और (व्यंगः) कुरूप अंगवाला हुआ है और जो (मुखानि वक्रा वृजिना कृणोषि) मुख टेढे मेढे और विरूप करता है,(तानि त्वं इषिकां इव सं नमः) उनको तू मूञ्जके समान सीधा कर ॥ ४ ॥

भावार्थ— यह वनस्पति मीठे रसवाली है, मीठास के लिये प्रसिद्ध है, इसका नाम मधु है। यह विषबाधासे टेढेमेढे हुए रोगीके लिये उत्तम औषधी है। इससे मच्छर भी दूर होते हैं ॥ २ ॥

जहां काटा है और जहांसे रक्त पीया है, वहांसे मच्छर आदिके विषको उक्त औषधिके प्रयोगसे हटा देते हैं ॥ ३ ॥

विषबाधासे जो रोगी टेढा मेढा, विरूप अंगवाला, ढीले संधियोंवाला होगया है और जो अपने मुख टेढे मेढे करता है, उस रोगीको इस औषधीद्वारा ठीक किया जा सकता है ॥ ४ ॥

तेरे प्रकाशके मार्ग हैं, (येभिः विश्वं अव ऐरयः) जिनसे तू सब जगत्को चलाता है, (तेभिः नः सुम्नया धेहि) उनके साथ हम सबको सुखसे युक्त रख ॥ १ ॥

भावार्थ— हे प्रभो ! जो तेरे प्रकाशके मार्ग हैं और जिन से तू सब जगत्को चलाता है, उनसे हमें सुखके मार्गसे ले चल और हमें सुख दे ॥ १ ॥

मार्ग दो हैं। एक प्रकाश का और दूसरा अन्धेरेका। ईश्वर प्रकाशका मार्ग सबको बताता है और सबको सुखी करता है। परन्तु जो इस प्रभुको छोडकर अन्धेरेके मार्गसे जाते हैं वे दुःख भोगते हैं। इसीलिये इस प्रभुकी ही प्रार्थना करना चाहिये कि वह अपना प्रकाशका मार्ग हमें दर्शावे और हमें ठीक मार्गसे ले चले।

विषचिकित्सा ।

[५६ (५८)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-वृश्चिकादयः, २ वनस्पतिः, ४ ब्रह्मणस्पतिः।)

तिरश्चिराजेरसितात् पृदाकोः परि संभृतम्।
तत् कङ्कपर्वणो विषमियं वीरुदनीनशत्॥ १ ॥

अर्थ— (तिरश्चि-राजेः असितात्) तिरछी रेषावाले, काले, (पृदाकोः कंकपर्वणः) नाग और कौवे जैसे पर्ववाले सांपसे (संभृतं तत् विषं) इकट्ठे हुए उस विषको (इयं वीरुत् परि अनीनशत्) यह वनस्पती नाश करती है ॥ १ ॥

भावार्थ— जिसपर तिरछी लकीरें होती हैं और जिसके पर्व होते हैं ऐसे सांपके विषको मधु नामक वनस्पति दूर करती है ॥ १ ॥

इयं वीरुन्मधुजाता मधुश्चुन्मधुला मधूः ।
सा विह्रुतस्य भेषज्यथो मशकजम्भनी ॥ २ ॥
यतो दष्टं यतो धीतं ततस्ते निर्ह्वयामसि ।
अर्भस्य तृप्रदंशिनो मशकस्यारसं विषम् ॥ ३ ॥
अयं यो वक्रो विपरुर्व्यङ्गो मुखानि वक्रा वृजिना कृणोषि ।
तानि त्वं ब्रह्मणस्पत इषीकामिव सं नमः ॥ ४ ॥

अर्थ—(इयं वीरुत् मधु-जाता मधुला) यह वनस्पति मधुरताके साथ उत्पन्न हुई मधुरता देनेवाली (मधुश्चुत् मधूः) मधुरताको चुआनेवाली स्वयं मधुर है। (सा विह्रुतस्य भेषजी) वह कुटिल सांपके विषकी औषधि है और वह (मशक-जम्भनी) मच्छरोंका नाश करनेवाली है ॥ २ ॥

(यतः दष्टं) जहां काटा गया है, (यतः धीतं) जहांसे खून पिया है, (ततः) वहांसे (तृप्रदंशिनः अर्भस्य मशकस्य) तीक्ष्ण काटनेवाले छोटे मच्छरके (अरसं विषं निः ह्वयामसि) रसहीन विषको हम हटा देते हैं ॥ ३ ॥

हे (ब्रह्मणस्पते) ज्ञानके स्वामिन् ! (यः अयं वक्रः वि-परुः) जो यह तेढा और संधिस्थानमें शिथिल और (व्यंगः) कुरूप अंगवाला हुआ है और जो (मुखानि वक्रा वृजिना कृणोषि) मुख तेढे मेढे और विरूप करता है,(तानि त्वं इषिकां इव सं नमः) उनको तू मूञ्जके समान सीधा कर ॥ ४ ॥

भावार्थ— यह वनस्पति मीठे रसवाली है, मीठास के लिये प्रसिद्ध है, इसका नाम मधु है। यह विषबाधासे तेढेमेढे हुए रोगीके लिये उत्तम औषधी है। इससे मच्छर भी दूर होते हैं ॥ २ ॥

जहां काटा है और जहांसे रक्त पीया है, वहांसे मच्छर आदिके विषको उक्त औषधिके प्रयोगसे हटा देते हैं ॥ ३ ॥

विषबाधासे जो रोगी तेढा मेढा, विरूप अंगवाला, ढीले संधियोंवाला होगया है और जो अपने मुख तेढे मेढे करता है, उस रोगीको इस औषधीद्वारा ठीक किया जा सकता है ॥ ४ ॥

तेरे प्रकाशके मार्ग हैं, (येभिः विश्वं अव ऐरयः) जिनसे तू सब जगतको चलाता है, (तेभिः नः सुम्नया धेहि) उनके साथ हम सबको सुखसे युक्त रख ॥ १ ॥

भावार्थ— हे प्रभो ! जो तेरे प्रकाशके मार्ग हैं और जिन से तू सब जगत्को चलाता है, उनसे हमें सुखके मार्गसे ले चल और हमें सुख दे ॥ १ ॥

मार्ग दो हैं। एक प्रकाश का और दूसरा अन्धेरेका। ईश्वर प्रकाशका मार्ग सबको बताता है और सबको सुखी करता है। परन्तु जो इस प्रभुको छोडकर अन्धेरेके मार्गसे जाते हैं वे दुःख भोगते हैं। इसीलिये इस प्रभुकी ही प्रार्थना करना चाहिये कि वह अपना प्रकाशका मार्ग हमें दर्शावे और हमें ठीक मार्गसे ले चले।

विषचिकित्सा।

[५६ (५८)]

(ऋषिः—अथर्वा। देवता—वृश्चिकादयः, २ वनस्पतिः, ४ ब्रह्मणस्पतिः।)

तिरश्चिराजेरसितात् पृदाकोः परि संभृतम्।
तत् कङ्कपर्वणो विषमियं वीरुदनीनशत् ॥ १ ॥

अर्थ— (तिरश्चि-राजेः असितात्) तिरछी रेषावाले, काले, (पृदाकोः कंकपर्वणः) नाग और कौवे जैसे पर्ववाले सांपसे (संभृतं तत् विषं) इकट्ठे हुए उस विषको (इयं वीरुत् परि अनीनशत्) यह वनस्पती नाश करती है ॥ १ ॥

भावार्थ— जिसपर तिरछी लकीरें होती हैं और जिसके पर्व होते हैं ऐसे सांपके विषको मधु नामक वनस्पति दूर करती है ॥ १ ॥

इयं वीरुन्मधुजाता मधुश्चुन्मधुला मधूः ।
सा विहुतस्य भेषज्यथो मशकजम्भनी ॥ २ ॥
यतो दष्टं यतो धीतं ततस्ते निर्ह्वयामसि ।
अर्भस्य तृप्रदंशिनो मशकस्यारसं विषम् ॥ ३ ॥
अयं यो वक्रो विपरुर्व्यङ्गो मुखानि वक्रा वृजिना कृणोषि ।
तानि त्वं ब्रह्मणस्पत इषिकामिव सं नमः ॥ ४ ॥

अर्थ— (इयं वीरुन् मधु-जाता मधुला) यह वनस्पति मधुरताके साथ उत्पन्न हुई मधुरता देनेवाली (मधुश्चुत् मधूः) मधुरताको चुआनेवाली स्वयं मधुर है। (सा विह्रुतस्य भेषजी) वह कुटिल सांपके विषकी औषधि है और वह (मशक-जम्भनी) मच्छरोंका नाश करनेवाली है ॥ २ ॥

(यतः दष्टं) जहां काटा गया है, (यतः धीतं) जहांसे खून पिया है, (ततः) वहांसे (तृप्रदंशिनः अर्भस्य मशकस्य) तीक्ष्ण काटनेवाले छोटे मच्छरके (अरसं विषं निः ह्वयामसि) रसहीन विषको हम हटा देते हैं ॥ ३ ॥

हे (ब्रह्मणस्पते) ज्ञानके स्वामिन् ! (यः अयं वक्रः वि-परुः) जो यह टेढा और संधिस्थानमें शिथिल और (व्यंगः) कुरूप अंगवाला हुआ है और जो (मुखानि वक्रा वृजिना कृणोषि) मुख टेढे मेढे और विरूप करता है,(तानि त्वं इषिकां इव सं नमः) उनको तू मूंजके समान सीधा कर ॥ ४ ॥

भावार्थ— यह वनस्पति मीठे रसवाली है, मीठासके लिये प्रसिद्ध है, इसका नाम मधु है। यह विषबाधासे टेटमेटे हुए रोगीके लिये उत्तम औषधी है। इससे मच्छर भी दूर होते हैं ॥ २ ॥

जहां काटा है और जहांसे रक्त पीया है, वहांसे मच्छर आदिके विषको उक्त औषधिके प्रयोगसे हटा देते हैं ॥ ३ ॥

विषबाधासे जो रोगी टेढा मेढा, विरूप अंगवाला, ढीले संधियोंवाला होगया है और जो अपने मुख टेढे मेढे करता है, उस रोगीको इस औषधीद्वारा ठीक किया जा सकता है ॥ ४ ॥

अरसस्य शर्कोटस्य नीचीनस्योपसर्पतः ।
विषं ह्यस्यादिष्यथो एनमजीजभम् ॥ ५ ॥
न ते बाह्वोर्बलमस्ति न शीर्षे नोत मध्यतः ।
अथ किं पापयामुया पुच्छे बिभर्ष्यर्भकम् ॥ ६ ॥
अदन्ति त्वा पिपीलिका वि वृश्चन्ति मयूर्यः ।
सर्वे भल ब्रवाथ शार्कोटमरसं विषम् ॥ ७ ॥
य उभाभ्यां प्रहरसि पुच्छेन चास्येन च ।
आस्ये न ते विषं किमु ते पुच्छधावसत् ॥ ८ ॥

अर्थ- (अरसस्य नीचीनस्य उपसर्पतः) नीरस और नीचेसे आनेवाले (अस्य शार्कोटस्य विषं) इस बिच्छू या सर्पके विषको (आ अदिषि) [illegible] करता हूं, (अथो एनं अजीजभं) और इसको मार डालता हूं ॥५॥

हे बिच्छू (ते बाह्वोः बलं न अस्ति) तेरी बाहुओंमें बल नहीं है। (न शीर्षे उत न मध्यतः) सिरमें नहीं और ना ही मध्य भागमें है। (अथ किं अमुया पापया) फिर क्यों इस पापवृत्तीसे (पुच्छे अर्भकं बिभर्षि) पूंछ में थोडासा विष धारण करता है? ॥ ६ ॥

(पिपीलिकाः त्वा अदन्ति) कीडियां तुझे खाती हैं, (मयूर्यः विवृश्चन्ति) मोरनियां काट डालती हैं। (सर्वे भल ब्रवाथ) सब भलीप्रकार कहते [illegible] (शार्कोटं विषं अरसं) बिच्छू का विष खुष्की करनेवाला है ॥ ७

(यः पुच्छेन च आस्येन च उभाभ्यां) जो तू पूंछ और मुख इन [illegible] (प्रहरसि) प्रहार करता है, परन्तु (ते आस्ये विषं न) तेरे [illegible] नहीं है, (किं उ पुच्छधौ असत्) फिर क्यों पूंछमें है? ॥ ८ ॥

भावार्थ-नीचे से आनेवाले खुष्की पैदा करनेवाले सांपके या [illegible] हम इससे दूर करते हैं और उनको हम मार भी देते हैं ॥

बिच्छू का बल बाहुओंमें, सिरमें अथवा मध्यभागमें नहीं है। पूंछके अग्रभागमें उसका विष रहता है ॥ ६ ॥

कीडियां, मोरनियां या मुर्गियां उसको (बिच्छू और सांपको) खा जाती हैं, इनका विष खुष्कता उत्पन्न करनेवाला है किंवा इस [illegible] सब निर्विष हो जाता है ॥ ७ ॥

विच्छू पूंछसे प्रहार करता है, मुखसे भी कुछ चेतना देता है। इसके मुखमें विष नहीं है केवल पूछमें है ॥ ८ ॥

इसमें सर्पविष अथवा विच्छूका विष दूर करनेके लिये मधुनामक औषधि का उपयोग करनेको कहा है। यह शर्तिया औषध है। परंतु यह कौनसी वनस्पति है इसका पता नहीं चलता। विषबाधासे शरीरपर जो परिणाम होता है, उसका वर्णन चतुर्थ मंत्रमें है। भयंकर सर्पविषसे मनुष्य ऐसा कुरूप और टेढामेढा हो जाता है। इस सूक्तमें कहा अन्य भाग सुबोध है। इस लिये उस विषयमें अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं है।

मनुष्यकी शक्तियां।

[५७ (५९)]

(ऋषिः- वामदेवः। देवता-सरस्वती)

यदाशसा वदतो मे विचुक्षुभे यद् याचमानस्य चरतो जनाँ अनु।
तदात्मनि तन्वो मे विरिष्टं सरस्वती तदा पृणद् घृतेन ॥ १ ॥

अर्थ— (यत् आशसा वदतः मे विचुक्षुभे) जो [illegible] मेरा क्षोभित हो गया है, (यत् जनान् अनुचरतः याचमानस्य) [illegible] लोगोंकी सेवा करते हुए याचना करनेवालेका [illegible] हो गया है, (तत् आत्मनि मे तन्वः विरिष्टं) जो अपनी आत्मामें और मेरे शरीरमें [illegible] हीनता होगई है, (तत् सरस्वती घृतेन [illegible]) उसको [illegible] घृतसे भर देवे ॥ १ ॥

भावार्थ— [illegible] करनेके समय [illegible] लिये प्रार्थना करनेके समय [illegible] शरीरमें अथवा मनमें या आत्मामें [illegible] हो [illegible] करे। १ ॥

सप्त क्षरन्ति शिशवे मरुत्वते पित्रे पुत्रासो अप्यवीवृतन्नृतानि ।
उभे इदस्योभे अस्य राजत उभे यतेते उभे अस्य पुष्यतः ॥ २ ॥

अर्थ-(मरुत्वते शिशवे सप्त क्षरन्ति) प्राणवाले बालकके लिये सात प्राण अथवा सात इन्द्रियशक्तियां जीवनरस देती हैं। जिस प्रकार (पित्रे पुत्रासः ऋतानि अपि अवीवृतन्) पिता के लिये पुत्र सत्य कर्मोंको करते हैं। (अस्य उभे इत्) इसके पास दो शक्तियां हैं, (अस्य उभे राजतः) इसकी दोनों शक्तियां प्रकाशती हैं, (उभे यतेते) दोनों प्रयत्न करती हैं और (अस्य उभे पुष्यतः) इसकी दोनों पोषण करती हैं ॥ २ ॥

भावार्थ- चैतन्यपूर्ण बालकमें सात दैवी शक्तियां कार्य करती हैं। ये शक्तियां उसका ऐसा कार्य करती हैं कि जैसा बालक अपने पिताका कार्य करते हैं। उसके पास दो शक्तियां होती हैं जो तेज बढाती, कार्य कराती और पोषण करती हैं ॥ २ ॥

जनसेवा।

जनसेवा करनेके समय जो कष्ट होते हैं (जनान् अनुचरतः यद् विचुक्षुभे। मं० १) जनताकी सेवा करनेके समय जो क्षोभ होता है, जो मानसिक क्लेश होते हैं अथवा जो शारीरिक क्लेश भोगने पडते हैं, वे सरस्वती अर्थात् विद्या देवीकी सहायतासे दूर हों। अर्थात् मनुष्यको जनताकी सेवा करना चाहिये और उस पवित्र कार्यके करनेके समय जो कष्ट होंगे, उनको आनंदसे रहना चाहिये। विद्या उत्तम प्रकार प्राप्त होनेके पश्चात् यह सहन शक्ति प्राप्त होती है। ज्ञानी मनुष्य ऐसे कष्टोंकी पर्वाह नहीं करता।

मानवी बालकके तथा बडे मनुष्यके शरीरमें सात शक्तियां रहती हैं। बुद्धि, मन और पांच ज्ञानेंद्रियां, ये सात शक्तियां हैं जो हरएक मानवी बालकमें जन्मसे रहती हैं। मानो ये सातों इसके पुत्र ही हैं। पुत्रवत् ये इसकी सहायता करती हैं। जिस प्रकार पुत्र अपने पिताके कार्य सद्भावनासे करते हैं और कोई कपट नहीं करते, उसी प्रकार ये शक्तियां इसके कार्य अपनी शक्तिके अनुसार निष्कपट भावसे करती हैं।

इसके पास प्राण और अपान ये दो और विशेष प्रकार के बल हैं, इन दोनों बलोंसे इसका तेज बढता है, इन दोनोंके कारण यह प्रयत्न कर सकता है और इन दोनोंकी सहायतासे इसकी पुष्टी होती है।

इन सब शक्तियोंसे मनुष्यकी उन्नति होती है। इनके साथ सरस्वती अर्थात् सार· वाली विद्यादेवी है जो मनुष्यकी सहायक देवता है। मानवी उन्नति इनसे होती है यह जानकर मनुष्य इन शक्तियोंकी रक्षा और वृद्धी करे और अपनी उन्नति अपने प्रयत्नसे सिद्ध करे।

बलदायी अन्न।

[५८ (६०)]

(ऋषिः-कौरुपथिः । देवता—मंत्रोक्ता· इन्द्रावरुणौ)

इन्द्रा॑वरुणा सुतपावि॒मं सु॒तं सोमं॑ पिब॒तं मद्यं॑ धृतव्रतौ ।
यु॒वो रथो॑ अध्व॒रो दे॒ववी॑तये॒ प्रति॒ स्वस॑र॒मुप॑ यातु पी॒तये॑ ॥ १ ॥
इन्द्रा॑वरुणा॒ मधु॑मत्तमस्य॒ वृष्णः॒ सोम॑स्य वृष॒णा वृ॑षेथाम् ।
इ॒दं वा॒मन्धः॒ परि॑षिक्तमा॒सद्या॒स्मिन् ब॒र्हिषि॑ मादयेथाम् ॥ २ ॥

अर्थ— हे (सुतपौ धृतव्रतौ इन्द्रावरुणा) उत्तम तप करनेवाले, नियम के अनुसार चलनेवाले इन्द्र और वरुणो ! (इमं सुतं मद्यं सोमं पिवतं) इस निचोडे हुए आनंद वढानेवाले सोमरस का पान करो। (युवोः अध्वरः रथः) तुम दोनोंका अहिंसावाला रथ (देववीतये, पीतये प्रतिस्वसरं उपयातु) देवप्राप्ति और रक्षा करनेके लिये प्रतिध्वनि करता हुआ जावे ॥ १ ॥

हे (वृषणा इन्द्रावरुणा) वलवान इन्द्र और वरुण ! (मधुमत्तमस्य वृष्णः सोमस्य वृषेथां) अत्यन्त मधुर वलकारी सोमरस की वर्षा करो अथवा इससे वल प्राप्त करो। (इदं परिषिक्तं वां अन्धः) यह रखा हुआ तुम दोनोंका अन्न है। (अस्मिन् वर्हिषि आसद्य मादयेथां) इस आसन· पर वैठकर आनन्द करो ॥ २ ॥

इस सूक्तमें मनुष्य किस प्रकार रहे और क्या खाएं और किस प्रकार आनंद प्राप्त करें इस विषय में लिखा है देखिये-

सप्त क्षरन्ति शिशवे मरुत्वते पित्रे पुत्रासो अप्यवीवृतन्नृतानि।
उभे इदस्योभे अस्य राजत उभे यतेते उभे अस्य पुष्यतः ॥ २ ॥

अर्थ-(मरुत्वते शिशवे सप्त क्षरन्ति) प्राणवाले बालकके लिये सात प्राण अथवा सात इन्द्रियशक्तियां जीवनरस देती हैं। जिस प्रकार (पित्रे पुत्रासः ऋतानि अपि अवीवृतन्) पिता के लिये पुत्र सत्य कर्मोंको करते हैं। (अस्य उभे इत्) इसके पास दो शक्तियां हैं, (अस्य उभे राजतः) इसकी दोनों शक्तियां प्रकाशती हैं, (उभे यतेते) दोनों प्रयत्न करती हैं और (अस्य उभे पुष्यतः) इसकी दोनों पोषण करती हैं ॥ २ ॥

भावार्थ- चैतन्यपूर्ण बालकमें सात दैवी शक्तियां कार्य करती हैं। ये शक्तियां उसका ऐसा कार्य करती हैं कि जैसा बालक अपने पिताका कार्य करते हैं। उसके पास दो शक्तियां होती हैं जो तेज बढाती, कार्य कराती और पोषण करती हैं ॥ २ ॥

जनसेवा।

जनसेवा करनेके समय जो कष्ट होते हैं (जनान् अनुचरतः यद् विचुक्षुभे। मं० १) जनताकी सेवा करनेके समय जो क्षोभ होता है, जो मानसिक क्लेश होते हैं अथवा जो शारीरिक क्लेश भोगने पडते हैं, वे सरस्वती अर्थात् विद्या देवीकी सहायतासे दूर हों। अर्थात् मनुष्यको जनताकी सेवा करना चाहिये और उस पवित्र कार्यके करनेके समय जो कष्ट होंगे, उनको आनंदसे रहना चाहिये। विद्या उत्तम प्रकार प्राप्त होनेके पश्चात् यह महान शक्ति प्राप्त होती है। ज्ञानी मनुष्य ऐसे कष्टोंकी पर्वाह नहीं करता।

मानवी बालकके तथा बडे मनुष्यके शरीरमें सात शक्तियां रहती हैं। बुद्धि, मन और पांच ज्ञानेंद्रियां, ये सात शक्तियां हैं जो हरएक मानवी बालकमें जन्मसे रहती हैं। मानो ये सातों इसके पुत्र ही हैं। पुत्रवत् ये इसकी सहायता करती हैं। जिस प्रकार पुत्र अपने पिताके कार्य सद्भावनासे करते हैं और कोई कपट नहीं करते, उसी प्रकार ये शक्तियां इसके कार्य अपनी शक्तिके अनुसार निष्कपट भावसे करती हैं।

इसके पास प्राण और अपान ये दो और विशेष प्रकार के बल हैं, इन दोनों बलोंसे इसका तेज बढता है, इन दोनोंके कारण यह प्रयत्न कर सकता है और इन दोनोंकी सहायतासे इसकी पुष्टी होती है।

इन सब शक्तियोंसे मनुष्यकी उन्नति होती है । इनके साथ सरस्वती अर्थात् सार· वाली विद्यादेवी है जो मनुष्यकी सहायक देवता है । मानवी उन्नति इनसे होती है यह जानकर मनुष्य इन शक्तियोंकी रक्षा और वृद्धी करे और अपनी उन्नति अपने प्रयत्नसे सिद्ध करे ।

बलदायी अन्न ।

[५८ (६०)]

(ऋषिः-कौरुपथिः । देवता—मंत्रोक्ता· इन्द्रावरुणौ)

इन्द्रा॑वरुणा सुतपावि॒मं सु॒तं सोमं॑ पिबतं॒ मद्यं॑ धृतव्रतौ ।
यु॒वो रथो॑ अध्व॒रो दे॑ववी॑तये॒ प्रति॒ स्वस॑र॒मुप॑ यातु पी॒तये॑ ॥ १ ॥
इन्द्रा॑वरु॒णा मधु॑मत्तमस्य॒ वृष्ण॒ः सोम॑स्य वृ॒ष॒णा वृ॑षेथाम् ।
इ॒दं वा॒मन्ध॒ः परि॑षिक्तमा॒सद्या॒स्मिन् ब॒र्हिषि॑ मादयेथाम् ॥ २ ॥

अर्थ— हे (सुतपौ धृतव्रतौ इन्द्रावरुणा) उत्तम तप करनेवाले, नियम के अनुसार चलनेवाले इन्द्र और वरुणो ! (इमं सुतं मद्यं सोमं पिबतं) इस निचोडे हुए आनंद बढानेवाले सोमरस का पान करो । (युवोः अध्वरः रथः) तुम दोनोंका अहिंसावाला रथ (देववीतये, पीतये प्रतिस्वसरं उपयातु) देवप्राप्ति और रक्षा करनेके लिये प्रतिध्वनि करता हुआ जावे ॥ १ ॥

हे (वृषणा इन्द्रावरुणा) बलवान इन्द्र और वरुण ! (मधुमत्तमस्य वृष्णः सोमस्य वृषेथां) अत्यन्त मधुर बलकारी सोमरस की वर्षा करो अथवा इससे बल प्राप्त करो । (इदं परिषिक्तं वां अन्धः) यह रखा हुआ तुम दोनोंका अन्न है । (अस्मिन् बर्हिषि आसद्य मादयेथां) इस आसन· पर बैठकर आनन्द करो ॥ २ ॥

इस सूक्तमें मनुष्य किस प्रकार रहें और क्या खाएं और किस प्रकार आनंद प्राप्त करें इस विषय में लिखा है देखिये-

१ सुतपौ= मनुष्य उत्तम तप करनेवाले हों, शीत उष्ण आदि द्वंद्वोंको सहन करनेकी शक्ति अपने अंदर बढावे।

२ धृतव्रतौ= नियमोंका पालन करें। नियमके विरुद्ध आचरण कदापि न करें। सब अपना आचरण उत्तम नियमानुकूल रखें।

३ वृषणौ=मनुष्य बलवान बनें, अशक्त न रहें।

४ इन्द्रावरुणौ=मनुष्य इन्द्र के समान शूरवीर ऐश्वर्यवान्, धीर गंभीर, शत्रुओंको दबाने और परास्त करनेवाला बने। वरुण के समान वरिष्ठ और श्रेष्ठ बने। जो जो इन्द्रके और वरुण के गुण वेदमें अन्यत्र वर्णन किये हैं, पाठक उन गुणोंको अपने अंदर धारण करें और इंद्रके समान तथा वरुणके समान बननेका यत्न करें!

५ अध्वरः रथः=हिंसा रहित, कुटिलतारहित रथ हो। अर्थात् जहां गमन करना हो वहां अहिंसा और अकुटिलताका संदेश स्थापन करनेका यत्न किया जावे।

६ देववीतये=देवत्व की प्राप्ति के लिये प्रयत्न होता रहे। राक्षसत्वसे निवृत्ति होवे और दिव्य गुणोंका धारण हो।

७ पीतये=रक्षा करनेका प्रयत्न हो। आत्मरक्षा, समाजरक्षा, राष्ट्ररक्षा, जनरक्षाके लिये प्रयत्न होवे।

८ इदं वां अन्धः=यह तुम्हारा अन्न है। हे मनुष्यो यही अन्न तुम खाओ। कौनसा यह अन्न है? देखिये यह अन्न है-(मद्यं सुतं सोमं) हर्ष उत्पन्न करनेवाला सोम आदि औषधि वनस्पतियोंसे संपादित रस आदि तथा (वृष्णः मधुमत्तमस्य सोमस्य वृषेथां) बलवर्धक तथा मधुर सोमादि औषधियों के रससे तुम सब लोग बलवान बनो।

इस प्रकार देवों का वर्णन अपने जीवन में ढालने का प्रयत्न होनेसे वेदका ज्ञान अपने जीवन में उतरता है और जो श्रेष्ठ अवस्था मनुष्यको प्राप्त करनी होती है वह प्राप्त हो सकती है। इस प्रकार देवतावर्णनवाले वेदमंत्रोंका अध्ययन करके पाठक बहुत बोध प्राप्त कर सकते हैं।

शापका परिणाम ।

[५९ (६१)]

(ऋषिः- बादरायणिः । देवता-अरिनाशनम्)

यो नः शपादशपतः शपतो यश्च नः शपात् ।
वृक्ष इव विद्युता हत आ मूलादनु शुष्यतु ॥ १ ॥

॥ इति पञ्चमोऽनुवाकः ॥

अर्थ- (यः अशपतः नः शपात्) जो शाप न देते हुए भी हमें शाप देवे और (यः च शपतः नः शपात्) जो शाप देते हुए हमें शाप देवे वहः (आ मूलात् अनु शुष्यतु) जडसे सूख जावे, जैसा (विद्युता आहतः वृक्षः इव) बिजलीसे आहत हुआ वृक्ष सूख जाता है ॥ १ ॥

किसीको शाप देना, गाली देना या बुराभला कहना या निन्दा करना बहुत ही बुरा है । उससे गाली देनेवालेका ही नुकसान हो जाता है ।

रमणीय घर ।

[६० (६२)] (ऋषिः-ब्रह्मा । देवता-गृहाः, वास्तोष्पतिः)

ऊर्जं बिभ्रद्वसुवनिः सुमेधा अघोरेण चक्षुषा मित्रियेण ।
गृहानैमि सुमना वन्दमानो रमध्वं मा बिभीत मत् ॥ १ ॥

अर्थ— (ऊर्जं बिभ्रत् वसुवनिः) अन्नको धारण करनेवाला, धनका दान करनेवाला, (सुमेधाः) उत्तम बुद्धिमान् (अघोरेण मित्रियेण चक्षुषा सुमनाः) शान्त और मित्रकी दृष्टि धारण करनेके कारण उत्तम मनवाला होकर तथा (वन्दमानः) सब श्रेष्ठ पुरुषोंको नमन करता हुआ, मैं (गृहान् एमि) अपने घरके पास प्राप्त होता हूं । यहां तुम (रमध्वं) आनन्दसे रहो. (मत् मा बिभीत) मुझसे मत् डरो ॥ १ ॥

भावार्थ- मैं स्वयं उत्तम अन्न, विपुलधन, श्रेष्ठबुद्धि, और मित्रकी दृष्टि को धारण करके उत्तम विचारोंके साथ पूजनीयोंका सत्कार करता हुआ घरमें प्रवेश करता हूं, सब लोग यहां आनन्दसे रहें और किसी प्रकार यहां मेरेसे डर उत्पन्न न हो ॥ १ ॥

इमे गृहा मयोभुव ऊर्जस्वन्तः पयस्वन्तः । पूर्णा वामेन तिष्ठन्तस्ते नो जानन्त्वायतः ॥२॥
येषामध्येति प्रवसन् येषु सौमनसो बहुः । गृहानुप ह्वयामहे ते नो जानन्त्वायतः ॥३॥
उपहूता भूरिधनाः सखायः स्वादुसंमुदः । अक्षुध्या अतृष्या स्त गृहा मास्मद् बिभीतन ॥४॥
उपहूता इह गाव उपहूता अजावयः । अथो अन्नस्य कीलाल उपहूतो गृहेषु नः ॥५॥

अर्थ- (इमे गृहाः) ये हमारे घर (मयो-भुवः ऊर्जस्वन्तः पयस्वन्तः) सुखदायी, बलदायक धान्यसे युक्त, और दूधसे युक्त हैं। ये (वामेन पूर्णाः तिष्ठन्तः) सुखसे परिपूर्ण हैं, (ते नः आयतः जानन्तु) वे हम आनेवाले सबको जानें ॥ २ ॥

(प्रवसन् येषां अध्येति) अन्दर रहता हुआ जिनके विषयमें जानता है, कि (येषु बहुः सौमनसः) जिनमें बहुत सुख है, ऐसे (गृहान् उप-ह्वयामहे) घरोंके प्रति हम इष्ट मित्रोंको बुलाते हैं; (ते नः आयतः जानन्तु) वे आनेवाले हम सबको जानें ॥ ३ ॥

(भूरिधनाः स्वादुसंमुदः सखायः उपहूताः) बहुत धन वाले, मीठेपन से आनन्दित होनेवाले अनेक मित्र बुलाये हैं। हे (गृहाः) घरो! तुम (अ-क्षुध्याः अ-तृष्याः स्त) क्षुधावाले और तृषावाले न हो, तथा (अस्मत् मा बिभीतन) हमसे मत डरो ॥ ४ ॥

(इह गावः उपहूताः) यहां गौवें बुलाई गईं तथा (अज-अवयः उप-हूताः) बकरियां और भेडें लाई गईं। (अथो अन्नस्य कीलालः) और अन्नका मन्थभाग भी (नः गृहेषु उपहूतः) हमारे घरमें लाया है ॥ ५ ॥

भावार्थ- इन घरोंमें हमें सुख मिले, बल प्राप्त हो, और सब आनन्द मे रहें ॥ २ ॥

इन घरोंमें रह कर हमें सुख का अनुभव हो, हम यहां इष्टमित्रोंको बुलावें और सब आनन्दमें रहें ॥ ३ ॥

बहुत धनी, आनन्दवृत्तीवाले बहुतमित्र घरमें बुलाये हैं, उनको यहां जितना चाहे उतना खानपान प्राप्त हो, यहां सबकी विपुलता रहे और कोई भूखा प्यासा न रहे ॥ ४ ॥

हमारे घरमें गौवें, बकरियां और भेडें रहें, सब प्रकारका मन्थवाला अन्न रहे, किसी प्रकार न्यूनता न रहे ॥ ५ ॥

सूनृतावन्तः सुभगा इरावन्तो हसामुदाः ।
अतृष्या अक्षुध्या स्त गृहा मास्मद् बिभीतन ॥ ६ ॥
इहैव स्त मानु गात विश्वा रूपाणि पुष्यत ।
ऐष्यामि भद्रेणा सह भूयांसो भवता मया ॥ ७ ॥

अर्थ-हे (गृहाः) घरो ! तुम (सूनृता-वन्तः सुभगाः) सत्ययुक्त और उत्तम भाग्यवाले,(इरावन्तः हसा-मुदाः) अन्नवान् और जहां हास्य विनोद चलरहे हैं ऐसे, (अतृष्याः अक्षुध्याः) जहां क्षुधा और तृषा का भय नहीं ऐसे (स्त) हो। (अस्मत् मा बिभीतन) हमसे मत डरो ॥ ६ ॥

(इह एव स्त) यहांही रहो, (मा अनु गात) हमसे मत भाग जाओ, (विश्वा रूपाणि पुष्यत) विविधरूपवाले प्राणियोंको पुष्ट करो, (भद्रेण सह आ एष्यामि) कल्याणके साथ मैं तुम्हें प्राप्त होता हूं। (मया भूयांसः भवत) मेरे साथ बहुत हो जाओ ॥ ७ ॥

भावार्थ- घर घरमें सत्य, भाग्य, अन्न, आनन्द, हास्य और खान और पान की विपुलता रहे ॥ ६ ॥

घर सुदृढ हों, अस्थिर न हों, घरमें सबका उत्तम पोषण होता रहे। कल्याण और सुख सबको प्राप्त हो और हमारी वृद्धि होती रहे ॥ ७ ॥

रमणीय घर कैसा होना चाहिये, यह विषय इस सूक्तमें सुबोध रीतिसे कहा है। घरमें प्रेम रहे, द्वेष न रहे, सब लोग आनन्दसे रहें, परस्पर डरावा न हो, वहां धनधान्यकी सुख समृद्धि हो, गोरस विपुल हो, किसी प्रकार सुखभोग की न्यूनता न हो। इष्टमित्र आवें, आनन्द करें, कोई कभी भूखा न रहे, अन्नपान सत्ववाला हो, हरएक हृष्टपुष्ट हो, कोई किसी कारण पीडित न हो। इस प्रकारके घर होने चाहिये। यही गृहस्थाश्रम है।

तपसे मेधाकी प्राप्ति।

[६१ (६२)] (ऋषिः—अथर्वा। देवता—अग्निः)

यदग्ने तपसा तप उप तप्यामहे तपः ।
प्रियाः श्रुतस्य भूयास्मायुष्मन्तः सुमेधसः ॥ १ ॥
अग्ने तपस्तप्यामह उप तप्यामहे तपः ।
श्रुतानि शृण्वन्तो वयमायुष्मन्तः सुमेधसः ॥ २ ॥

अर्थ-हे अग्ने ! (तपसा यत् तपः) तपसे जो तप किया जाता है। उस (तपः उप तप्यामहे) तपको हम करते हैं। उससे हम (श्रुतस्य प्रियाः) ज्ञानके प्रिय (आयुष्मन्तः सुमेधसः भूयास्म) दीर्घायुषी और उत्तम बुद्धिमान् हो जांयगे ॥ १ ॥

हे अग्ने ! (तपः तप्यामहे) हम तप करते हैं और (तपः उपतप्यामहे) तप विशेष रीतिसे करते हैं। (वयं श्रुतानि शृण्वन्तः) हम ज्ञानोपदेश श्रवण करते हुए (आयुष्मन्तः सुमेधसः) दीर्घायुषी और उत्तम बुद्धिमान् होंगे ॥ २ ॥

भावार्थ—हम तप करके ज्ञान प्राप्त करेंगे और दीर्घायु, बुद्धिमान् और ज्ञानको चाहनेवाले बनेंगे ॥ १—२ ॥

तप करनेसे यह सिद्धि प्राप्त होती है यह इस सूक्त का आशय है, अतः जो दीर्घायु और बुद्धिमान् बनना चाहते हैं वे तप करें।

शूर वीर।

[६२ (६४)] (ऋषिः- मारीचः कश्यपः। देवता-अग्निः)

अयमग्निः सत्पतिर्वृद्धवृष्णो रथीव पत्तीनजयत् पुरोहितः।
नाभा पृथिव्यां निहितो दविद्युतदधस्पदं कृणुतां ये पृतन्यवः ॥ १ ॥

अर्थ- (अयं अग्निः) यह अग्नि समान तेजस्वी पुरुष (सत्पतिः वृद्ध-वृष्णः) सज्जनोंका पालक, महाबलवान्, (पुरः-हितः) सबका अग्रणी (रथी इव पत्तीन् अजयत्) महारथी जैसा पैदल सैनिकोंको जीतता है, वैसा जीतता है। (पृथिव्यां नाभा निहितः) भूमिपर केन्द्रमें रखा है, (दविद्युतत्) वह प्रकाशता है, वह (ये पृतन्यवः अधस्पदं कृणुतां) जो सेना लेकर चढाई करते हैं उनको पांवके नीचे करे ॥ १ ॥

भावार्थ— यह तेजस्वी पुरुष सज्जनोंका पालन करे, बलवान् बने, जनोंका अग्रणी बने शत्रुसेनाका पराभव करे, महारथी होवे, पृथ्वीके केन्द्र स्थानपर आरूढ होवे, तेजसे प्रकाशित होवे और सैन्य लेकर चढाई करनेवालोंको पांवके तले दबा देवे ॥ १ ॥

मनुष्य इसप्रकार अपने गुण कर्म प्रकाशित करे और अपने राष्ट्रके केन्द्रमें विराजमान रहे।

बचानेवाला देव ।

[६३ (६५)] (ऋषिः—मारीचः कश्यपः । देवता—जातवेदाः)

पृतनाजितं सहमानमग्निमुक्थैर्हवामहे परमात् सधस्थात् ।
स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा क्षामत् देवोति दुरितान्यग्निः ॥ १ ॥

अर्थ—(पृतनाजितं सहमानं अग्निं !) शत्रुसेनाका पराजय करनेवाले सामर्थ्यवान् तेजस्वी देवको हम (उक्थैः परमात् सधस्थात् हवामहे) स्तोत्रोंसे उत्कृष्ट स्थानसे बुलाते हैं । (सः नः विश्वा दुर्गाणि अति पर्षत्) वह हमें सब दुखोंसे पार ले जावें । और (वह अग्निः देवः) तेजस्वी देव (दुरितानि अति क्षामत्) दुरवस्थाओंका नाश करे ॥ १ ॥

भावार्थ—शत्रुका पराभव करनेवाला और शत्रुके आक्रमणोंको सहने वाला तेजवी प्रभु है, उसका हम गुणगान करते हैं और उसको अपने श्रेष्ठ स्थानसे यहां हमारे पास बुलाते हैं । वह निःसन्देह हमें कष्टोंसे बचावेगा और कठिनताओंसे पार करेगा ॥ १ ॥

इस प्रभुकी स्तुति, प्रार्थना, उपासना हरएक मनुष्य करे और उसके ये गुण अपनेमें बढावे । अर्थात् उपासक भी शत्रुसेना का पराभव करे, शत्रुके हमलेको सहे अर्थात् न भाग जावे, दूसरोंको कष्टोंसे बचावे और दुरवस्थामें उनका सहायक बने ।

पापसे बचाव ।

[६४ (६६)] (ऋषिः— यमः । देवता—मंत्रोक्ता, निर्ऋतिः)

इदं यत् कृष्णः शकुनिरभिनिष्पतन्नपीपतत् ।
आपो मा तस्मात् सर्वस्माद् दुरितात् पान्त्वंहसः ॥ १ ॥
इदं यत् कृष्णः शकुनिरवामृक्षन्निर्ऋते ते मुखेन ।
अग्निर्मा तस्मादेनसो गार्हपत्यः प्र मुञ्चतु ॥ २ ॥

अर्थ—(इदं यः कृष्णः शकुनिः) यह जो काला शकुनी पक्षी (अभि-निष्पतन् अपीपतत) झुकता हुआ गिरता है । (तस्मात् सर्वस्मात् दुरि-तात् अंहसः) उस सब गिरावटके पापसे (आपः मा पान्तु) जल मेरी रक्षा करे ॥ १ ॥

हे (निर्ऋते) दुर्गति ! (इदं यः कृष्णः शकुनिः) यह जो काला शकुनी पक्षी (ते मुखेन अवामृक्षत्) तेरे पास मुखके साथ गिरता है (गार्हपत्यः अग्निः) गार्हपत्य अग्नि (तस्मात् एनसः) उस पापसे (मा प्रमुञ्चतु) मुझे छुडावे ॥ २ ॥

इन दोनों मन्त्रोंके प्रथम चरण दुर्बोध हैं। दूसरे चरणोंमें जल और अग्नि दोषमुक्त करके पापसे बचाते हैं यह बात सूचित की है। पहिले चरणोंसे प्रतीत होता है कि शकुनि-पक्षीका गिरना या उडना अशुभ या शुभका सूचक है। परन्तु ये मन्त्र खोजके योग्य हैं।

अपामार्ग औषधी।

[६५ (६७)] (ऋषिः—शुक्रः। देवता—अपामार्ग वीरुत्)

प्रतीचीनफलो हि त्वमपामार्ग रुरोहिथ। सर्वान् मच्छपथाँ अधि वरीयो यावया इतः ॥१
यद् दुष्कृतं यच्छमलं यद् वा चेरिम पापया। त्वया तद् विश्वतोमुखापामार्गाप मृज्महे ॥२
श्यावदता कुनखिना बण्डेन यत्सहासिम। अपामार्ग त्वया वयं सर्वं तदप मृज्महे ॥३॥

अर्थ- हे (अपामार्ग) अपामार्ग औषधी ! (त्वं प्रतीचीनफलः हि रुरोहिथ) तू उलटे मोडे हुए फलवाली होकर उगती है। अतः (मत् सर्वान् शपथान्) मुझसे सब शापोंको (इतः वरीयः अधियावय) यहांसे दूर हटा दे ॥ १ ॥

(यत् दुष्कृतं) जो पाप, (यत् शमलं) जो दोष या कलंक मैंने किया होगा अथवा (यत् वा पापया चेरिम) जो पापीके साथ व्यवहार किया हो, हे (विश्वतो-मुख अपामार्ग) सर्वतोमुख अपामार्ग ! (त्वया तत् अप मृज्महे) तेरेसे उसको हम दूर करते हैं ॥ २ ॥

(यत् श्यावदता) काले दांतवाले (कुनखिना) जो बुरे नाखूनोंवाले (बण्डेन सह आसिम) विरूपके साथ हम बैठते हैं, हे अपामार्ग ! (तत् सर्वं वयं त्वया अपमृज्महे) वह सब दोष हम तेरेसे हटादेते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थ— अपामार्ग औषधिके फल उलटी दिशासे बढते हैं, इसलिये इस वनस्पतिसे उलटे आचरणके सब दोष हटाये जाते हैं। दुराचार, पाप, दोष, पापीका सहवास, दन्तदोष, बुरे नाखून तथा रक्तदोषीका सहवास, ये स्वयं आचरित अथवा संगतसे आये दोष अपामार्गके प्रयोगसे दूर होते हैं ॥ १—३ ॥

वैद्योंको इस सूक्तका विशेष विचार करना चाहिये । दन्तदोष अपामार्ग का दान्तन करनेसे दूर होता है, यह अनुभव है । पाठक भी इसका अनुभव लें, अपामार्ग औषधी दोषनिवारक है तथापि इसका विविध रोगोंपर कैसा उपयोग करना चाहिये, यह विषय अन्वेष्टव्य है । महाराष्ट्रमें विशेषतः ऋषिपञ्चमीकेतेहवार में अपामार्ग के काष्ठसे ही दन्तधावन करनेकी परिपाठी इस दिन तक चली आयी है । प्रायः इसका पालन इस समय स्त्रियां ही करती हैं । तथापि इस मन्त्रमें दन्तरोगका दूर होना अपामार्ग प्रयोग से कहा है और यहांकी परिपाठी भी वैसीही है। अतः इसकी अधिक खोज करना योग्य है।

ब्रह्म ।

[६६ (६८)] (ऋषिः-ब्रह्मा । देवता-ब्रह्म)

यद्यन्तरिक्षे यदि वात आस यदि वृक्षेषु यदि वोलपेषु ।
यदश्रवन् पशव उद्यमानं तद् ब्राह्मणं पुनरस्मानुपैतु ॥ १ ॥

अर्थ— (यदि अन्तरिक्षे यदि वाते) यदि अन्तरिक्षमें और यदि वायुमें (यदि वृक्षेषु यदि वा उलपेषु) यदि वृक्षोंमें अथवा यदि घासमें आप देखेंगे तो उसमें जो (आस) सदा रहा है, (यत् पशवः अस्रवन्) जो प्राणियोंमें स्रवता है, (तत् उद्यमानं ब्राह्मणं) वह प्रकट होनेवाला ब्रह्म (पुनः अस्मान् उपैति) पुनः हमें प्राप्त होता है ॥ १ ॥

भावार्थ—जो ब्रह्म इस अवकाशमें, वायुमें, वृक्षोंमें, घासमें विराजता है, जो पशुओंमें अर्थात् प्राणियोंमें प्रवाहित होता है अर्थात् जो स्थिर चर में विद्यमान है, वह सर्वत्र प्रकाशित होनेवाला ब्रह्म हमें प्राप्त होता है ।

ब्रह्म नाम महान् आत्मतत्त्व जो सर्वत्र स्थिर चरमें व्यापक है, वह सर्वत्र प्रकाशित होता है, जिसकी शक्तिसे संपूर्ण जगत्को यह सुंदर रूप मिला है, वह ब्रह्म हम सब मनुष्योंको प्राप्त हो सकता है । अतः उसकी प्राप्तिके लिये मनुष्य प्रयत्न करे ।

आत्मा ।

[६७ (६९)] (ऋषिः— ब्रह्मा । देवता— आत्मा)

पुनर्मैत्विन्द्रियं पुनरात्मा द्रविणं ब्राह्मणं च ।
पुनरग्नयो धिष्ण्या यथास्थाम कल्पयन्तामिहैव ॥ १ ॥

अर्थ— (मा इन्द्रियं पुनः एतु) मुझे इन्द्रियशक्ति पुनः प्राप्त हो। (आत्मा द्रविणं ब्राह्मणं च पुनः) मुझे आत्मा चेतना और ब्रह्म पुनः प्राप्त हो। (धिष्ण्याः अग्नयः यथा—स्थाम) वुद्धि आदि स्थानकी अग्नियां यथायोग्य स्थानमें (इह एव पुनः कल्पयन्तां) यहांही पुनः समर्थ हों ॥१॥

भावार्थ— सब इन्द्रियकी शक्तियां, ज्ञान, चेतना, आत्मा, बुद्धि, मन आदिकी सब चैतन्यशक्तियां मुझे प्राप्त हों और यहां उक्त उन्नत हों ॥१॥

इंद्रियां ज्ञानेन्द्रियां पांच और कर्मेन्द्रियां पांच मिलकर दस हैं, आत्मा नाम जीवका है, द्रविणका अर्थ यहां मनका उत्साह अथवा चैतन्य है, ब्राह्मणका अर्थ ब्रह्म-आत्मा-की ज्ञानशक्ति है। धिषणा-धिष्ण्या का अर्थ बुद्धि अथवा अन्तःकरणकी शक्तियां हैं। ये अग्निस्वरूप चेतन हैं। ये सब आत्माकी शक्तियां यहां स्थिर रहें, उन्नत हों और प्रकाशरूप होकर मुझे सहायक हों।

सरस्वती।

[६८ (७०, ७१)] (ऋषिः—शन्तातिः । देवता-सरस्वती)

सरस्वती व्रतेषु ते दिव्येषु देवि धामसु । जुषस्व हव्यमाहुतं प्रजां देवि ररास्व नः॥१॥
इदं ते हव्यं घृतवत् सरस्वतीदं पितॄणां हविरास्यं१ यत् ।
इमानि त उदिता शंतमानि तेभिर्वयं मधुमन्तः स्याम ॥ २ ॥
शिवा नः शंतमा भव सुमृडीका सरस्वति । मा ते युयोम संदृशः ॥ ३ ॥

अर्थ—हे सरस्वति देवि ! (ते दिव्येषु धामसु व्रतेषु) तेरे दिव्य धामोंके व्रतोंमें (आहुतं हव्यं जुषस्व) हवन किया हुआ हवन सेवन कर और हे देवि ! (नः प्रजां ररास्व) हमें प्रजा दे ॥ १ ॥

हे सरस्वति ! (ते इदं घृतवत् हव्यं) तेरा यह घीवाला हवन है। (इदं पितॄणां हविः यत् आस्यं=आद्यं) यह पितरोंका हवि है जो खाने योग्य है। (ते इमानि उदिता शंतमानि) तेरे ये प्रकाशित कल्याणकारी सामर्थ्य हैं, (तेभिः वयं मधुमन्तः स्याम) उनसे हम मीठे बनेंगे ॥ २ ॥

हे सरस्वति ! (नः सुमृडीका शिवा शंतमा भव) हमारे लिये स्तुति-करने योग्य, शुभ और सुखकारी हो, (ते संदृशः मा युयोम) तेरी दृष्टिसे हम कदापि वियुक्त न हों ॥३॥ [सरस्वतीके उपासकोंका सदा कल्याण होता है।]

सुख ।

[६९ (७२)] (ऋषिः—शन्तातिः । देवता—सुखं)

शं नो वातो वातु शं नस्तपतु सूर्यः ।
अहानि शं भवन्तु नः शं रात्री प्रति धीयतां शमुषा नो व्युच्छतु ॥ १ ॥

अर्थ— (नः वातः शं वातु) हमारे लिये वायु सुखकर रीतिसे वहे । (नः सूर्यः शं तपतु) हमारे लिये सूर्य सुखकारी होकर तपे । (नः अहानि शं भवन्तु) हमारे दिन सुखदायक हों । (रात्री शं प्रतिधीयतां) रात्री सुखकरी हो । (उषा नः शं व्युच्छतु) उषःकाल हमें सुख देवे ॥ १ ॥

वायु, सूर्य, दिन, रात और उषा ये तथा अन्य सब पदार्थ हमें सुखदायक हों। हमारी आन्तरिक अवस्था ऐसी रहे कि हमें बाह्य जगत् सदा सुखकारी होवे और कभी दुःखदायी न हो ।

शत्रुदमन ।

[७० (७३)] (ऋषिः—अथर्वा । देवता—श्येनः, मन्त्रोक्ता)

यत् किं चासौ मनसा यच्च वाचा यज्ञैर्जुहोति हविषा यजुषा ।
तन्मृत्युना निर्ऋतिः संविदाना पुरा सत्यादाहुतिं हन्त्वस्य ॥ १ ॥
यातुधाना निर्ऋतिरादु रक्षस्ते अस्य घ्नन्त्वनृतेन सत्यम् ।
इन्द्रेषिता देवा आज्यमस्य मथ्नन्तु मा तत् सं पादि यदसौ जुहोति ॥ २ ॥

अर्थ- (असौ यत् किं च मनसा) यह शत्रु जो कुछ भी मनसे और (यत् च वाचा) जो कुछ वाणीसे करता है तथा जो कुछ (यजुषा हविषा यज्ञैः जुहोति) यजु, हवि और यज्ञोंसे हवन करता है । (अस्य यत् संविदाना निर्ऋतिः) इसका वह उद्देश्य जाननेवाली संहारशक्ति (सत्यात् पुरा मृत्युना आहुतिं हन्तु) यज्ञकी पूर्णता होनेके पूर्वही मृत्युसे उसकी आहुति नष्ट करे ॥ १ ॥

(यातुधानाः रक्षः निर्ऋतिः) यातना देनेवाले, राक्षस और विनाशशक्ति ये सब (आत् उ अस्य सत्यं अनृतेन घ्नन्तु) निश्चयपूर्वक इस दुष्टशत्रुके सत्यका भी अनृतसे घात करें । (इन्द्र-इषिताः देवाः) इन्द्रद्वारा

अजिराधिराजौ श्येनौ संपातिनाविव ।
आज्यं पृतन्यतो हतां यो नः कश्चाभ्यघायति ॥ ३ ॥
अपाञ्चौ त उभौ बाहू अपि नह्याम्यास्यम् । अग्नेर्देवस्य मन्युना तेन तेऽवधिषं हविः ॥४॥
अपि नह्यामि ते बाहू अपि नह्याम्यास्यम् । अग्नेर्घोरस्य मन्युना तेन तेऽवधिषं हविः॥५॥

प्रेरित देव (अस्य आज्यं मथ्नन्तु) इस दुष्ट शत्रुके घृतको मथें। और (यत् असौ जुहोति तत् मा संपादि) जिस उद्देश्यसे यह हवन करता है वह सिद्ध न हो ॥ २ ॥

(आजिर-अधिराजौ संपातिनौ श्येनौ इव) शीघ्रगामी पक्षिराज बाज जैसे एक दूसरेपर आघात करते हैं,उस प्रकार (यः कः च नः अभि अघायति) जो कोई हमें पापसे कष्ट देता है उस (पृतन्यतः आज्यं हतां) सेनावाले शत्रुका घी नष्ट करें ॥ ३ ॥

(ते उभौ बाहू अपाञ्चौ) तुझ शत्रुके दोनों बाहू में पीछे मोडकर बान्धता हूं तथा (आस्यं अपि नह्यामि) तेरा मुह मैं बांध देता हूं। (अग्नेः देवस्य तेन मन्युना) अग्निदेवके उस क्रोधसे (ते हविः अवधिषं) तेरे हविका मैं नाश करता हूं ॥ ४ ॥

(ते बाहू अपि नह्यामि) तुझ शत्रुके दोनों बाहुओंको बांधता हूं (आस्यं अपि नह्यामि) मुखको भी बांधता हूं। (घोरस्य अग्नेः तेन मन्युना) भयानक अग्निके उस क्रोधसे (ते हविः अवधिषं) तेरे हविका मैं नाश करता हूं ॥ ५ ॥

जो शत्रु अपने (पृतन्यतः) सैन्यसे हमें सताता है, और (नः अघायति) हमें पापी युक्तियोंसे विविध कष्ट देता है, उस दुष्ट शत्रुके अन्य सब यज्ञादि प्रयत्नभी सफल न हों। ऐसे दुष्ट शत्रु जो भी सत्य कर्म करते हैं उसका उद्देश्य इतनाही होता है कि उससे उनकी शक्ति बढे और उस शक्तिका उपयोग हमें दबाने की युक्तियोंमें वे करें। दुष्ट लोग जो कुछ सत्कर्म करते हैं, वह सत्यके प्रेमसे नहीं करते, परंतु अपनी शक्ति बढानेके लिये करते हैं और वे मनमें यही इच्छा धारण करते हैं कि, इस शक्तिसे हम निर्बलोंको लूटेंगे और अपने भोग बढावेंगे। अतः इस सूक्तमें ऐसी प्रार्थना की है कि ऐसे दुष्टोंके सत्कर्मभी सफल नहों और उनकी शक्ति न बढे; दुष्टोंकी शक्ति घटनेसे जगत् में शान्ति रह सकती है।

प्रभुका ध्यान ।

[७१ (७४)]

[ऋषिः—अथर्वा । देवता-अग्निः)

परि॑ त्वाग्ने पुरं॑ व॒यं विप्रं॑ सहस्य धीमहि ।
धृ॒षद्व॑र्णं दि॒वेदि॑वे ह॒न्तारं॑ भङ्गु॒राव॑तः ॥ १ ॥

अर्थ—हे (सहस्य अग्ने) बलवान तेजस्वी देव ! (वयं पुरं विप्रं धृषद्वर्णं) हम सब परिपूर्ण, ज्ञानी, शत्रुका धर्षण करनेवाले (भंगुरावतः हन्तारं) विनाशकको मारनेवाले (त्वा दिवे दिवे परि धीमहि) तुझ ईश्वरकी प्रतिदिन सब ओरसे स्तुति गाते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ—परमेश्वर बलवान, अग्नि समान तेजस्वी, सर्वत्र परिपूर्ण, ज्ञानी, शत्रुका पराजय करनेवाला, घातपात करने वालेका विनाश करनेवाला है, अतः उसकी सब प्रकारसे स्तुति करना योग्य है ॥ १ ॥

मनुष्य ईश्वरके गुणगान गावे, उन गुणोंको अपने अंदर धारण करे और ईश्वरके गुणोंको अपनेमें बढावे । मनुष्य इन गुणोंका धारण करे यह बतानेके लिये ही ईश्वरके गुणोंका वर्णन स्थान स्थानपर किया होता है । यहां अग्नि नामसे ईश्वरका वर्णन है । अग्निभी उसी प्रभुकी आग्नेयशक्ति लेकर अग्नि गुणसे युक्त बना है । इसी प्रकार अन्यान्य नाम उसी एक प्रभुके लिये प्रयुक्त होते है ।

खान पान ।

[७२ (७५, ७६)]

(ऋषिः—अथर्वा । देवता—इन्द्रः)

उत् ति॑ष्ठ॒ताव॑ पश्य॒तेन्द्र॑स्य भा॒गमृ॒त्वियम् ।
यदि॑ श्रा॒तं जु॒होत॑न॒ यद्यश्रा॑तं म॒मत्त॑न ॥ १ ॥
श्रा॒तं ह॒विरो॒ ष्वि॑न्द्र॒ प्र या॑हि ज॒गाम॒ सूरो॒ अध्व॑नो॒ वि मध्य॑म् ।
परि॑ त्वासते नि॒धिभिः॒ सखा॑यः कुल॒पा न व्रा॒जप॑तिं॒ चर॑न्तम् ॥ २ ॥

श्रातं मन्य ऊधनि श्रातमग्नौ सुशृतं मन्ये तदृतं नवीयः ।
माध्यन्दिनस्य सवनस्य दध्नः पिबेन्द्र वज्रिन् पुरुकृज्जुषाणः ॥ ३ ॥

अर्थ—(उत् तिष्ठत) उठो और (इन्द्रस्य ऋत्वियं भागं अवपश्यत) प्रभुके ऋतुके अनुकूल भागको देखो। (यदि श्रातं) यदि परिपक्व हुआ हो तो (जुहोतन) स्वीकार करो और (यदि अश्रातं ममत्तन) यदि परिपक्व हुआ हो तो उसके परिपाक होनेतक आनन्द करो ॥ १ ॥

हे (इन्द्र) प्रभो ! (श्रातं हविः ओ सुप्रयाहि) हवि सिद्ध हुआ है, उसके प्रति तू उत्तम प्रकार प्राप्त हो, (सूरः अध्वनः मध्यं वि जगाम) सूर्य अपने मार्गके मध्यमें गया है। (सखायः निधिभिः त्वा परि आसते) समान विचारवाले लोग अपने संग्रहोंके साथ तेरे चारों ओर बैठते हैं। (कुलपाः व्राजपतिं चरन्तं न) जैसे कुलपालक पुत्र संघपति पिताके विचरते हुए उसके पास आते हैं ॥ २ ॥

(ऊधनि श्रातं मन्ये) गायके स्तनमें परिपक्व हुआ है ऐसा मैं मानता हूं। तत्पश्चात् (अग्नौ श्रातं) अग्निपर परिपक्व हुआ है अतः (तत् ऋतं नवीयः सुश्रृतं मन्ये) वह सच्चा नवीन दुग्ध उत्तम प्रकार परिपक्व हुआ है ऐसा मैं मानता हूं। हे (पुरुकृत् वज्रिन् इन्द्र) बहुत कर्म करनेवाले वज्रधारी प्रभो ! (जुषाणः) उसका सेवन करता हुआ (माध्यंदिनस्य सवनस्य दध्नः पिब) मध्यदिनके समय सवनके दहीको पान कर ॥ ३ ॥

भावार्थ-उठो और ईश्वरने दिये ऋतुके अनुकूल अन्न भागको देखो। जो परिक्व हुआ हो उसको लो और यदि कुछ अन्नभाग परिपक्व न हुआ हो, तो उसके परिपाक होने तक आनंदसे रहो ॥ १ ॥

हे प्रभो ! यह अन्नभाग परिपक्व हुआ है,यह सिद्ध है, यहां प्राप्त हो, सूर्य मध्यान्ह में आगया है। सब मित्र अपने अपने संग्रहोंको लिये हुए प्राप्त हुए हैं। जैसे पुत्र पिताके पास इकट्ठे होते हैं वैसे हम सब तेरे पास इकट्ठे हुए हैं ॥ २ ॥

मैं मानता हूं कि एक तो गायके स्तनोंमें दूध परिपक्व होता है, पश्चात् अग्निपर परिपक्व होता है। नव अन्न इस प्रकार सिद्ध होता है। हे प्रभो मध्यदिनके समय इसका सेवन करो और दही पीओ ॥ ३ ॥

भोजनका समय ।

[illegible] मध्यान्हके अनंतर भोजन करना चाहिये, यह बात इस सूक्तसे प्रतीत होती है. देखिये–

सूरः अध्वनः मध्यं विजगाम । श्रातं हविः सुप्रयाहि । (मं० २)

"सूर्य मार्गके मध्यमें पहुंच चुका है अतः परिपक्व हुए अन्नके प्रति प्राप्त हो।" यह बताता भोजनका समय दोपहरके बारह बजे का या उसके किंचित पश्चात् का है. इस बातको स्पष्ट करता है । हवि नाम अन्नका है । यह अन्न परिपक्व हुआ हो । अन्न पहिले स्वयं (ऊधनि श्रातं) गायके स्तनोंमें परिपक्व होता है, जिसको हम दूध कहते हैं, यह दूध निचोडे जानेके पश्चात् (अग्नौ श्रातं) अग्निपर पकाया जाता है । एक स्वभावतः परिपक्वता होती है पश्चात् अग्निपर परिपक्वता होती है, पश्चात् देवताओंको समर्पण करके भोजन करना होता है । दूध पकनेके पश्चात् उसका दही बनाया जाता है । यह दही (मध्यन्दिनस्य दध्नः पिब) मध्यान्हके भोजनके समय पीना योग्य है । रात्रीके समय, या सबेरे दही पीना उचित नहीं, क्यों कि दही शीतवीर्य होता है इस कारण वह दोपहरके उष्ण समयमें ही पीना योग्य है ।

जैसा गायके स्तनमें दूध परिपक्व होता है, उसी प्रकार ' गो ' नाम भूमिके अंदर धान्य आदिकी उत्पत्ति होती है । इसको भी परिपक्व दशामें लेना चाहिये. पश्चात् अग्निपर पकाकर या भूनकर उसको सेवन करना चाहिये । यह अन्न दूध हो या अन्य धान्यादि हो वह (ऋतं नवीयः) सच्चा नया लेना योग्य है । दूध भी ताजा लेना चाहिये और धान्य भी बहुत पुराना लेना योग्य नहीं । अन्न भी पकते ही लेना चाहिये अर्थात् दोचार दिनके बासे पदार्थ लेने योग्य नहीं है । भगवद्गीतामें कहा है कि—

यातयामं गतरसं पूतिर्युषितं च यत् ।
उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम् ॥ भ० गी० १७।१०

"जो अन्न तैयार होकर तीन घण्टे व्यतीत हुए है, जो नीरस है, जो दुर्गंधयुक्त है, जो उच्छिष्ट है और अपवित्र है वह तामस लोगोंको प्रिय होता है ।" अर्थात् अन्न पकाकर तीन घंटोंके पश्चात् उसका सेवन करना योग्य नहीं; तबतक पकनेके तीन घंटेतक उसको (ऋतं नवीयः) नया या ताजा कहते हैं, इसी अवस्थामें उसका सेवन करना चाहिए ।

परमेश्वर (ऋत्वियं भागं) ऋतुके योग्य अन्न भागको देता है । जिस ऋतुमें जो

सेवन करने योग्य होता है वह अन्न, फूल, फल, रस आदि देता है। उसके पक्क अवस्थामें प्राप्त करना चाहिये और पश्चात् उसका सेवन करना चाहिये। यदि कोई फल पका न हो तो उसकी प्रतीक्षा आनंदके साथ करना चाहिये।

सब परिवारके तथा (सखायः) इष्टमित्र अपनी अपनी थालीमें (निधिभिः) अपने अन्न संग्रहको लें और साथ साथ पंक्तिमें बैठें, सब अपने अन्नभागसे कुछ भाग देवताओंके उद्देश्यसे समर्पण करें। सब इष्टमित्र ऐसा मानें की वह ईश्वर अपने बीचमें है अथवा हम उसके चारों ओर हैं और जो अन्न भाग मिले वह आनंदके साथ सेवन करें।

गाय और यज्ञ।

[७३ (७७)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता अश्विनौ)

समिद्धो अग्निर्वृषणा रथी दिवस्तप्तो घर्मो दुह्यते वामिषे मधु।
वयं हि वां पुरुदमासो अश्विना हवामहे सधमादेषु कारवः ॥ १ ॥

अर्थ— हे (वृषणौ अश्विनौ) दोनों बलवान अश्विदेवो! (दिवः रथी अग्निः समिद्धः) प्रकाशका रथ जैसा अग्नि प्रदीप्त हुआ है। यह (घर्मः तप्तः) तपी हुई गर्मीही है। यह (वां इषे मधु दुह्यते) आप दोनों के लिये मधुर रस का दोहन करता है। (वयं पुरु-दमासः कारवः सध-मादेषु वां हवामहे) हम सब बहुत घरवाले और कार्य करनेवाले पुरुष साथ साथ मिलकर आनंद करनेके समय तुम दोनोंको बुलाते है ॥ १ ॥

भावार्थ—हवनकी अग्नि प्रदीप्त हो चुकी है, गौका दोहन किया जाता है और हम सब ऋत्विज देवताओंको बुलाते हैं ॥ १ ॥

समिद्धो अग्निरश्विना तप्तो वां घर्म आ गतम् ।
दुह्यन्ते नूनं वृषणेह धेनवो दस्रा मदन्ति वेधसः ॥ २ ॥
स्वाहाकृतः शुचिर्देवेषु यज्ञो यो अश्विनोश्चमसो देवपानः ।
तमु विश्वे अमृतासो जुषाणा गन्धर्वस्य प्रत्यास्ना रिहन्ति ॥ ३ ॥
यदुस्रियास्वाहुतं घृतं पयोयं स वामश्विना भाग आ गतम् ।
माध्वी धर्तारा विदथस्य सत्पती तप्तं घर्मं पिबतं रोचने दिवः ॥ ४ ॥

अर्थ- हे (वृषणौ अश्विनौ) बलवान् अश्विदेवो ! (अग्निः समिद्धः) अग्नि प्रदीप्त हुआ है, (वां घर्मः तप्तः) आपके लिये हि यह दूध तप रहा है। इसलिये (आगतं) आओ। (नूनं इह धेनवः दुह्यन्ते) निश्चयसे यहां गौवें दूही जाती हैं। हे (दस्रौ) दर्शनीय देवो ! (वेधसः मदन्ति) ज्ञानी आनंद करते हैं ॥ २ ॥

(यः अश्विनोः देवपानः चमसः यज्ञः) जो अश्विदेवोंका देव जिससे रसपान करते हैं ऐसा चमसरूपी यज्ञ है वह (देवेषु स्वाहाकृतः शुचिः) देवोंके अंदर स्वाहा किया हुआ अतएव पवित्र है। विश्वे अमृतासः तं उ जुषाणाः) सब देव उसीका सेवन करते हैं और (तं उ गंधर्वस्य आस्ना प्रत्यारिहन्ति) उसीकी गंधर्वके मुखसे पूजाभी करते हैं ॥ ३ ॥

हे (अश्विनौ) अश्विदेवो ! (यत उस्रियासु आहुतं घृतं पयः) जो गौओंमें रखा हुआ घृतमिश्रित दूध है, (अयं सः वां भागः) यह वह आपका भाग है, तुम दोनों (आगतं) आओ। हे (माध्वी) मधुरतायुक्त (विदथस्य धर्तारौ) यज्ञके धारक, (सत्पती) उत्तम पालको ! (दिवः रोचने तप्तं घर्मं पिबतं) द्युलोकके प्रकाशमें तपाहुआ यह दूध रूपी तेज पीओ ॥ ४ ॥

भावार्थ- हे देवो ! अग्नि प्रदीप्त हुई है, दूध तप रहा है, इसलिये यहां आओ. यह गौवें दोही जाती हैं जिससे ज्ञानी आनंदित होते हैं ॥ २ ॥

यह यज्ञ ऐसा है कि जिसमें देवतालोग रसपान करते हैं, और वे इस पवित्र यज्ञका सेवन करते हैं और सत्कार करते हैं ॥ ३ ॥

गौके दूधमें देवोंका भाग है. इसलिये इस यज्ञमें पधारो। और इस तपे हुए मधुर गोरसको पीओ ॥ ४ ॥

तप्तो वां घर्मो नक्षतु स्वहोता प्र वामध्वर्युश्चरतु पयस्वान् ।
मधोर्दुग्धस्याश्विना तनाया वीतं पातं पयस उस्रियायाः ॥ ५ ॥
उप द्रव पयसा गोधुगोषमा घर्मे सिञ्च पय उस्रियायाः ।
वि नाकमख्यत् सविता वरेण्योनुप्रयाणमुषसो वि राजति ॥ ६ ॥
उप ह्वये सुदुघां धेनुमेतां सुहस्तो गोधुगुत दोहदेनाम् ।
श्रेष्ठं सवं सविता साविषन्नोभीद्धो घर्मस्तदु षु प्र वोचत् ॥ ७ ॥

अर्थ- हे (अश्विनौ) अश्विदेवो ! (तप्तः घर्मः वां नक्षतु) तपा हुआ तेज रूपी यह दूध तुम दोनोंको प्राप्त होवे । (स्वहोता पयस्वान् अध्वर्युः वां प्रचरतु) हवनकर्ता दूध लिये हुए अध्वर्यु तुम दोनोंकी सेवा करे । (तनायाः उस्रियायाः मधोः दुग्धस्य पयसः) हृष्टपुष्ट गौके दुहे हुए मधुर दूधको (वीतं पातं) प्राप्त करो और पीओ ॥ ५ ॥

हे (गोधुक्) गायका दोहन करनेवाले ! (पयसा ओषं उपद्रव) दूधके साथ अतिशीघ्र यहां आ, (उस्रियायाः पयः घर्मे आसिञ्च) गौका दूध कढाईमें रख, और तपा। (वरेण्यः सविता नाकं वि अख्यत्) श्रेष्ठ सविता सुखपूर्ण स्वर्गधाम को प्रकाशित करता है और वह (उषसः अनुप्रयाणं विराजति) उषः कालके गमनके पश्चात् विराजता है ॥ ६ ॥

(सुहस्तः एतां सुदुघां धेनुं उपह्वये) उत्तम हाथवाला मैं इस सुखसे दोहनेयोग्य धेनुको बुलाता हूं । (उत गोधुक् एनां दोहत्) और गायका दोहन करनेवाला इसका दोहन करे । (सविता श्रेष्ठं सवं नः साविषत्) सविता यह श्रेष्ठ अन्न हमें देवे । (अभीद्धः घर्मः तत् उ सु प्रवोचत्) प्रदीप्त तेज रूपी दूध यही बता देवे ॥ ७ ॥

भावार्थ-हे देवो ! यह तपा हुआ रस तुम्हें प्राप्त हो। गौके इस मधुर गोरसका पान करो ॥ ५ ॥

हे गौका दोहन करनेवाले ! दूध लेकर यज्ञमें आओ। गायका दूध तपाओ। हवन करो, श्रेष्ठ सविताने यह सुखमय स्वर्ग तुम्हारे लिये खुला किया है ॥ ६ ॥

मैं दूध दोहनेमें कुशल हूं, और गायको दोहनेके लिये बुलाता हूं। दोहनेवाला इसका दोहन करे। सविताने इस श्रेष्ठ रसको दिया है ॥ ७ ॥

हिङ्कृण्वती वसुपत्नी वसूनां वत्समिच्छन्ती मनसा न्यागन् ।
दुहामश्विभ्यां पयो अघ्न्येयं सा वर्धतां महते सौभगाय ॥ ८ ॥
जुष्टो दमूना अतिथिर्दुरोण इमं नो यज्ञमुप याहि विद्वान् ।
विश्वा अग्ने अभियुजो विहत्य शत्रूयतामा भरा भोजनानि ॥ ९ ॥
अग्ने शर्ध महते सौभगाय तव द्युम्नान्युत्तमानि सन्तु ।
सं जास्पत्यं सुयममा कृणुष्व शत्रूयतामभि तिष्ठा महांसि ॥ १० ॥

अर्थ— (हिंकृण्वती वसूनां वसुपत्नी) हीं हीं करनेवाली ऐश्वर्योंका पालन करनेवाली (मनसा वत्सं इच्छन्ती नि आगात्) मनसे बछडेकी कामना करती हुई समीप आगई है । (इयं अघ्न्या अश्विभ्यां पयः दुहां) यह गौ दोनों अश्विदेवोंके लिये दूध देवे । और (सा महते सौभगाय वर्धतां) वह बडे सौभाग्य के लिये बढे ॥ ८ ॥

(दमूना अतिथिः दुरोणे जुष्टः) दमन किये हुए मनवाला अतिथि घरमें सेवित होकर यह (विद्वान्) ज्ञानी (नः इमं यज्ञं उपयाहि) हमारे इस यज्ञमें आवे । हे अग्ने ! (विश्वा अभियुजः विहत्य) सब शत्रुओंका वध करके (शत्रूयतां भोजनानि आभर) शत्रुता करनेवालोंके अन्न हमारे पास ला ॥ ९ ॥

हे (शर्ध अग्ने) बलवान अग्ने । (तव उत्तमानि द्युम्नानि महते सौभगाय सन्तु) तेरे उत्तम तेज बडे सौभाग्य बढानेवाले हों । (जास्पत्यं सुयमं सं आकृणुष्व) स्त्रीपुरुष संबंध उत्तम संयमपूर्वक होवे । (शत्रूयतां महांसि अभितिष्ठा) शत्रुता करनेवालोंके बलोंका मुकाबला कर ॥ १० ॥

भावार्थ- हींहीं करती हुई, मनसे बछडेकी इच्छा करनेवाली गौ यहां आगई है। यह अहननीय गौ देवोंके लिये दूध देवे और बडे सौभाग्य की वृद्धि करे ॥ ८ ॥

यह इन्द्रियसंयमी अतिथि विद्वान् हमारे यज्ञमें आवे । हमारे सब शत्रु- ओंका नाश करके, शत्रुओंके भोग हमारे पास ले आवे ॥ ९ ॥

हे देव ! जो तेरे उत्तम तेज हैं वह हमारा भाग्य बढावे ! स्त्रीपुरुष- संबंधमें उत्तम नियम रहे, अनियमसे व्यवहार न हो ; शत्रुता करनेवालों- का पराभव करो ॥ १० ॥

सूयवसाद् भगवती हि भूया अधा वयं भगवन्तः स्याम।
अद्धि तृणमघ्न्ये विश्वदानीं पिब शुद्धमुदकमाचरन्ती ॥ ११ ॥
॥ इति षष्ठोऽनुवाकः ॥

अर्थ- हे (अघ्न्ये) न मारने योग्य गौ! तू (सु-यवस-अद् भगवती हि भूयाः) उत्तम घास खानेवाली भाग्यशालिनी हो! (अधा वयं भगवन्तः स्याम) और हम भाग्यवान् होंगे। (विश्वदानीं तृणं अद्धि) सदा तृण भक्षण कर और (आचरन्ती शुद्धं उदकं पिब) भ्रमण करती हुई शुद्ध जल पी ॥ ११ ॥

भावार्थ— हे गौ! तू उत्तम घास खा, और भाग्यवान् बन। तुझसे हम भाग्यशाली बनेंगे। गाय घास खावे और इधर उधर भ्रमण करती हुई शुद्ध पानी पीवे ॥ ११ ॥

गोरक्षा।

गौकी रक्षा कैसी की जावे इस विषयमें इस सूक्तके आदेश स्मरण रखने योग्य हैं। देखिये—

१ सूयवस-अद्=उत्तम घास खानेवाली, अर्थात् बुरा घास अथवा बुरे जौ न खानेवाली गौ हो। गायके दूधमें खाये हुए पदार्थका सत्त्व आता है, इसलिये यदि गाय उत्तम घास खावेगी तो दूध भी नीरोग और पुष्टिकारक होगा। इसलिये यह आदेश स्मरण रखने योग्य है। साधारण अनाडी लोग प्रातःकाल गायको भ्रमणके लिये ले जाते हैं, और उस समय गौको मनुष्य का शौच-विष्ठा-भी खिलाते हैं। पाठक ही विचार कर सकते हैं कि ऐसे पदार्थ खिलाकर उत्पन्न हुआ दूध कैसा होगा। विष्ठामें जो बुरे पदार्थ होंगे, जो कृमि होंगे, उन सबका परिणाम उस दूधपर होगा, और वैसा दूध रोगकारक होगा। अतः यह वेदका संदेश गोपालना करनेवाले लोग अवश्य ध्यानमें धारण करें। (मं० ११)

२ शुद्धं उदकं पिबन्ती=शुद्ध जल पीनेवाली गौ हो। अशुद्ध, मलीन, गंदा, दुर्गंधयुक्त जल गौ न पीवे। इसका कारण ऊपर दिया हुआ समझना योग्य है। (मं०११)

३ आचरन्ती= भ्रमण करनेवाली। गौ इधर उधर अच्छी प्रकार भ्रमण करे। गौ केवल घरमें बंधी नहीं रहनी चाहिये। वह सूर्यप्रकाशमें भ्रमण करनेवाली हो। सूर्य-प्रकाशमें घूमनेवाली गौका दूध ही पीने योग्य होता है। (मं० ११)

४ विश्वदानीं तृणं अद्धि=गौ सदा तृण-घास—ही खावे। दूसरे दूसरे पदार्थ न खावे। जौके खेतमें भ्रमण करे और जौ खावे। इस प्रकारकी गौका दूध उत्तम होता है। (मं०११)

५ भगवतीः भूयाः=बलवती, प्रेममयी, शुभगुणयुक्त गौ हो। गायपर प्रेम करनेसे वह भी घरवालों पर प्रेम करती है। इस प्रकार प्रेम करनेवाली गौका दूध पीनेसे पीनेवालेका कल्याण होता है। (मं ११)

ये शब्द गायकी पालना कैसी करनी चाहिये, इस बातकी सूचना देते है। पाठक इसका विचार करें और अपनी गौकी पालना इस प्रकार करें।

६ सुदुघा=जो विना आयास दोही जाती है। दोहन करनेके समय जो कष्ट नहीं देती। (मं० ७)

७ सुहस्तः गोधुक् एनां दोहत् = उत्तम हाथवाला मनुष्य ही गौका दोहन करे। अर्थात् दोहन करनेवाला मनुष्य अपने हाथ पहिले स्वच्छ करे, निर्मल करे और गौको दुहे। अपने हाथको फोडा फुन्सी नहीं है, ऐसा देखकर वैसे उत्तम हाथसे दोहन करे। इस आदेशका अत्यंत महत्त्व है। जो दोष गवालियोंके हाथपर होगा, वह दोष दूधमें उतरेगा और वह सीधा पीनेवालोंके पेटमें जावेगा। अतः हाथ स्वच्छ रखकर गायका दोहन करना चाहिये। (मं० ७)

८ अघ्न्या = गाय अवध्य है, अतः उसको ताडन भी नहीं करना चाहिये। अपनी माताके समान प्रेमसे उसकी पालना करना योग्य है। (मं०८)

९ सा महते सौभगाय वर्धतां=ऐसी पाली हुई गौ बडे सौभाग्यके साथ बढे। हरएक घरमें ऐसी गोमाता रहे, हमारी भी यही इच्छा है। (मं० ८)

१० वत्सं इच्छन्ती=गौ बछडेवाली हो। मृतवत्सा न हो। मृतवत्सा गौका दूध पीनेसे पीनेवालोंके घरमें भी वही बात बन जायगी। क्यों कि यदि गौके दूधके दोषके कारण उसका बछडा मरा हो, तो वह दोष पीनेवालोंके वीर्यमें भी आ जावेगा। अतः बछडेवाली गाय हो और बछडेकी इच्छा करनेवाली वह प्रेमसे पाली जावे। (मं० ८)

११ गोधुक् पयसा उपद्रव, आश्रियायाः पयः एतं [illegible] दोहन करनेवाला मनुष्य दूध लेकर शीघ्रतासे आवे और वह ताजा दूध [illegible]। इसका मतलब यह है कि बहुत देर तक दूध पडा न रखा जावे। [illegible] निचोरते ही पीवे, परंतु रखना हो तो शीघ्रही [illegible] नाना प्रकारके क्रिमी हवामेंसे आकर [illegible] और वहां [illegible]

अवस्थामें दूध बहुत देरतक रखना नहीं चाहिये। शीघ्रही अग्निपर चढाना चाहिये। (मं० ६)

१२ मधु दुह्यते=गायका दोहन करके जो निचोडा जाता है वह मधु अर्थात् शहद ही है। क्यों कि वह बडा मीठा होता है। (मं० १)

१३ तप्तं पिबतं= तपा हुआ दूध पीओ। इसका कारण ऊपर दिया ही है (मं० ४)

इसी प्रकारके दूधका देवोंके लिये समर्पण करना चाहिये। विशेषतः अश्विनी देवोंका भाग गायका दूध और घी ही है, यह बात चतुर्थ मंत्रमें कही है। अश्विनी देव स्वयं देवोंके वैद्य हैं अतः उनको मालूम है कि कौनसा दूध अच्छा है और कौनसा अच्छा नहीं है। अश्विनी देव दूसरा दूध पीते ही नहीं और दूसरा घी भी नहीं सेवन करते। यह बात हम सबको स्मरण रखने योग्य है। अतः मनुष्योंको गायका ही दूध और घी पीना चाहिये, और भैंसका नहीं, यह बात भी इस प्रकार यहां सिद्ध हुई। इसी प्रकार बाजारका दूध भी नहीं लेना चाहिये, क्यों कि वह दूध इतनी स्वच्छतासे रखा होता है इसमें कोई प्रमाण नहीं है। अतः घरघरमें गौ पालनी चाहिये और उसका दूध यज्ञमें समर्पण करना चाहिये और हुतशेष भक्षण करना चाहिये।

गण्डमाला-चिकित्सा।

[७४ (७८)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-मन्त्रोक्ता, ४ जातवेदाः)

अपचितां लोहिनीनां कृष्णा मातेति शुश्रुम।
मुनेर्देवस्य मूलेन सर्वा विध्यामि ता अहम् ॥ १ ॥

अर्थ—(लोहिनीनां अपचितां) लाल गण्डमालाकी (कृष्णा माता इति शुश्रुम) कृष्णा उत्पादक है ऐसा सुना जाता है। (ताः सर्वाः) उस सब गण्डमालाओंको (देवस्य मुनेः मूलेन अहं विध्यामि) मुनि नामक दिव्य वनस्पतिकी मूली—जड—से मैं नाश करता हूं ॥ १ ॥

भावार्थ-लाल रंगवाली गण्डमालाका नाश करनेके लिये मुनि नामक औषधी की जड बडी उपयोगी है ॥ १ ॥

विध्याम्यासां प्रथमां विध्याम्युत मध्यमाम् ।
इदं जघन्यामासामा छिनद्मि स्तुकामिव ॥ २ ॥
त्वाष्ट्रेणाहं वचसा वि त ईर्ष्याममीमदम् ।
अथो यो मन्युष्टे पते तमु ते शमयामसि ॥ ३ ॥
व्रतेन त्वं व्रतपते समक्तो विश्वाहा सुमना दीदिहीह ।
तं त्वा वयं जातवेदः समिद्धं प्रजावन्त उप सदेम सर्वे ॥ ४ ॥

अर्थ-(आसां प्रथमां विध्यामि) इनके पहिली गण्डमाला को मैं वेधता हूं, (उत मध्यमां विध्यामि) और मध्यमको वेधता हूं। (आसां जघन्यां इदं आ छिनद्मि) इनकी नीचली को मैं यह छेदता हूं (स्तुकां इव) जिस प्रकार ग्रंथीको खोलते हैं ॥ २ ॥

(त्वाष्ट्रेण वचसा) सूक्ष्मता उत्पन्न करनेवाली वाणीसे (अहं ते ईर्ष्यां वि अमीमदम्) मैं तेरी ईर्ष्या दूर करता हूं। हे पते ! (अथ यः ते मन्युः और जो तेरा क्रोध है, (ते तं शमयामसि) तेरे उस क्रोधको हम शान्त करते हैं ॥ ३ ॥

हे (व्रतपते) व्रतपालन करनेवाले ! (त्वं व्रतेन समक्तः) तूं व्रतसे संयुक्त होकर (इह विश्वाहा सुमनाः दीदिहि) यहां सर्वदा उत्तम मनवाला होकर प्रकाशित हो। हे (जातवेदः) अग्ने ! (सर्वे वयं तं त्वा समिद्धं) हम सब उस तुझ प्रदीप्त हुए को (प्रजावन्तः उपसेदिम) प्रजावाले होकर प्राप्त होंगे ॥ ४ ॥

भावार्थ-इससे पहिली बीचकी और अन्तकी गण्डमाला दूर होती है॥२॥
क्रोध और ईर्ष्या सूक्ष्मविचार के द्वारा दूर किये जांय ॥ ३ ॥
नियमपालन से सदा उत्तम मन रहता है और मनुष्य प्रकाशमान हो सकता है। इस प्रकार हम सब तेजस्वी होकर, बालबच्चोंको साथ लेते हुए हम तेजस्वी ईश्वरकी उपासना करेंगे ॥ ४ ॥

मुनि नाम " दमनक, बक, पलाश, प्रियाल, मदन " इत्यादि अनेक औषधियोंका है, उनमेंसे कौनसी औषधि गण्डमाला दूर करनेवाली है इसका निश्चय वैद्योंको करना चाहिये। क्रोध मनसे हटाना, पथ्य के नियमोंका पालन करना इत्यादि बातें आरोग्य देनेवाली हैं इसमें संदेह नहीं है।

गायकी पालना।

[७५ (७९)]

(ऋषिः-उपरिबभ्रवः। देवता-अघ्न्याः)

प्रजावतीः सूयवसे रुशन्तीः शुद्धा अपः सुप्रपाणे पिबन्तीः।
मा व स्तेन ईशत माघशंसः परि वो रुद्रस्य हेतिर्वृणक्तु ॥ १ ॥
पदज्ञा स्थ रमतयः संहिता विश्वनाम्नीः। उप मा देवीर्देवेभिरेत ॥
इमं गोष्ठमिदं सदो घृतेनास्मान्त्समुक्षत ॥ २ ॥

अर्थ—(प्रजावतीः) उत्तम बछडोंवाली (सूयवसे चरन्तीः) उत्तम घासके लिये विचरती हुई (सु-प्र-पाने शुद्धाः अपः पिबन्तीः) उत्तम जलस्थानपर शुद्ध जल पान करनेवाली गौवें हों। हे गौवो! (स्तेनः वः मा ईशत) चोर तुमपर शासन न करे। (मा अघशंसः) पापी भी तुमपर हुकूमत न करे। (रुद्रस्य हेतिः वः परि वृणक्तु) रुद्रका शस्त्र तुम्हारी रक्षा करे ॥ १ ॥

हे (रमतयः) आनन्द देनेवाली गौवो! (पदज्ञाः स्थ) अपने निवास-स्थानको जाननेवाली हो। तुम (संहिताः विश्वनाम्नीः देवीः) इकट्ठी हुई बहुत नामवाली दिव्य गौवें (देवेभिः मा उप एत) दिव्य बछडोंके साथ मेरे पास आओ। (इमं गो-स्थं, इदं सदं) इस गोशालाको और इस घरको तथा (अस्मान्) हम सबको (घृतेन सं उक्षत) घीसे युक्त करो ॥२॥

भावार्थ—गौवें उत्तम घास खानेवाली और शुद्धजल पीनेवाली हों। उनको बहुत बछडे हों। कोई चोर और कोई पापी उनको अपने आधीन न करे। महावीरके शस्त्र उनकी रक्षा करें ॥ १ ॥

गौवें हमें आनंद दें। वे अपने निवासस्थानको पहचानें, मिलकर रहें, अनेक नामवाली दिव्य गौवें अपने बछडोंके साथ हमारे पास आवें। और हमें भरपूर घी देवें ॥ २ ॥

इसमें भी गोपालनके आदेश दिये हैं वे स्मरण रखने योग्य हैं। पाठक इस सूक्तके साथ ७३ (७७) वां सूक्त अवश्य देखें ॥

गण्डमाला की चिकित्सा।

[७९ (८०, ८१)]

(ऋषिः—अथर्वा। देवता-१,२ अपचिद्भैषज्यं। ३—६ जायान्यः, इन्द्रः।)

आ सुस्रसः सुस्रसो असतीभ्यो असत्तराः।
सेहोररसतरा लवणाद् विक्लेदीयसीः ॥ १ ॥
या ग्रैव्या अपचितोथो या उपपक्ष्याः।
विजाम्नि या अपचितः स्वयंस्रसः ॥ २ ॥
यः कीकसाः प्रशृणाति तलीद्यमवतिष्ठति।
निर्हास्तं सर्वं जायान्यं यः कश्च ककुदि श्रितः ॥ ३ ॥

अर्थ-(सुस्रसः सुस्रसः आ) बहनेवालीसे भी अधिक बहनेवाली, (असतीभ्यः असत्तराः) बुरीसेभी बुरी, (सेहोः अरसतराः) शुष्कसेभी अधिक शुष्क और (लवणात् विक्लेदीयसीः) नमकसेभी अधिक पानी निकालनेवाली गण्डमाला है ॥ १ ॥

(याः अपचितः ग्रैव्याः) जो गण्डमाला गलेमें होती है, (अथो याः उपपक्ष्याः) और जो कन्धों या बगलोंमें होती है तथा (याः अपचितः विजाम्नि) जो गंडमाला गुप्तस्थानपर होती है, ये सब (स्वयं स्रसः) स्वयं बहनेवाली है ॥ २ ॥

(यः कीकसाः प्रशृणाति) जो पसलियोंको तोडता है, जो (तलीद्यं अवतिष्ठति) तलवेमें बैठता है, (यः कः च ककुदि श्रितः) जो रोग पीठमें जम गया होता है, (तं सर्वं जायान्यं) उस सब स्त्रीद्वारा आनेवाले रोग को (निः हाः) निकाल दो ॥ ३ ॥

भावार्थ— सब गण्डमाला बहनेवाली, बुरी, खुष्की उत्पन्न करनेवाली और द्रव उत्पन्न करनेवाली होती है ॥ १ ॥

कई गण्डमाला गलेमें, कन्धेमें, गुप्तस्थानपर होती है और ये सब स्राव करनेवाली होती हैं ॥ २ ॥

हड्डीमें, तलवेमें, पीठमें एक रोग होता है वह स्त्रीसंबंधसे रोग होता है ॥ ३ ॥

पक्षी जायान्यः पतति स आ विशति पूरुषम् ।
तदक्षितस्य भेषजमुभयोः सुक्षतस्य च ॥ ४ ॥
विद्म वै ते जायान्य जानं यतो जायान्य जायसे ।
कथं ह तत्र त्वं हनो यस्य कृण्मो हविर्गृहे ॥ ५ ॥
धृषत् पिब कलशे सोममिन्द्र वृत्रहा शूर समरे वसूनाम् ।
माध्यंदिने सवन आ वृषस्व रयिष्ठानो रयिमस्मासु धेहि ॥ ६ ॥

अर्थ— (पक्षी जायान्यः पतति) पक्षीके समान यह स्त्रीसे उत्पन्न रोग उडता है और (सः पूरुषं आविशति) वह मनुष्य के पास पहुंचता है । (तत् अक्षितस्य सुक्षतस्य उभयोः च) वह चिरकालसे रोगग्रस्त न हुए अथवा उत्तम क्षत किंवा व्रणयुक्त बने दोनोंका (भेषजं) औषध है ॥ ४ ॥

हे (जायान्य) स्त्रीसे उत्पन्न होनेवाले क्षयरोग ! (यतः जायसे) जहां से तू उत्पन्न होता है, (ते जानं विद्म वै) तेरा जन्म हम जानते हैं। (त्वं तत्र कथं हनः) तू वहां कैसा मारा जाता है (यस्य गृहे हविः कृण्मः जिसके घरमें हम हवन करते हैं ॥ ५ ॥

हे (शूर धृषत् इन्द्र) शूर, शत्रुको दबानेवाले इन्द्र ! (कलशे सोमं पिब) पात्रमें रखा सोमरस पीओ,। तू (वसूनां समरे वृत्रहा) धनोंके युद्धमें शत्रुका पराजय करनेवाला है। (माध्यन्दिने सवने आवृषस्व) मध्यदिनके सवन के समय तू बलवान हो। (रयि-स्थानः अस्मासु रयिं धेहि) तू धनके स्थान में रहकर हमें धन दे ॥ ६ ॥

भावार्थ— इसके बीज पक्षीके समान हवामें उडते हैं, ये मनुष्यमें जाते हैं और रोग उत्पन्न करते हैं। जो लोग ऐसे रोगसे चिरकालसे ग्रस्त होते हैं, अथवा जिनमें व्रण होते हैं, ऐसे रोगको भी औषधसे उपचार करना चाहिये ॥ ४ ॥

स्त्रीसे उत्पन्न होनेवाला क्षयरोग कैसा उत्पन्न होता है यह जानना चाहिये। जिसके घरमें हवन होता है वहांके रोगबीज हवनसे जलजाते हैं ॥ ५ ॥

हे शूर प्रभो ! इस सोमरसका सेवन करो। तू शत्रुओंका नाश करनेवाला और बलवान है। हमें धन दे ॥ ६ ॥

गण्डमाला।

इस एक सूक्तमें वस्तुतः भिन्न भिन्न दो सूक्त हैं। और एक का दूसरेके साथ कोई संबंध नहीं। परंतु यदि इन दो सूक्तोंका संबंध देखना हो, तो एकही विचारसे देखा जा सकता है। पहिले दो मंत्रोंमें जिस गण्डमालाका उल्लेख है, वह गण्डमाला क्षयरोगसे उत्पन्न होती है जो क्षयरोग स्त्रीके विषयातिरेकसे उत्पन्न होता है। इस प्रकार संबंध देखनेसे ये दो सूक्त विभिन्न होते हुए भी एक स्थानपर क्यों रखे हैं, इसका ज्ञान हो सकता है।

यह गण्डमाला बहनेवाली, खुष्की बढानेवाली, नमक जैसी गीली रहनेवाली, बुरा परिणाम करनेवाली, गलेमें उत्पन्न होनेवाली, पसुलियोंमें उत्पन्न होनेवाली, जिसकी उत्पत्ति गुप्त स्थानके विषयातिरेकसे होती है।

इसके रोगबीज पसलियों और हड्डियोंको कमजोर करते हैं, हाथ पांवके तलवोंमें बैठकर गर्मी पैदा करते हैं, पीठ की रीढमें रहते हैं। इन स्थानोंसे इनको हटाना चाहिये।

इस क्षयके रोगबीज पक्षी जैसे हवामें उडते हैं और वे—

पक्षी जायान्यः पतति। स पूरुषं आविशति॥ (मं० ४)

"पक्षी जैसे क्षयरोगके बीज उडते हैं, और वे मनुष्यमें प्रवेश करते हैं" तथा ये (जायान्यः) स्त्रीसंबंधसे उत्पन्न होते हैं अर्थात् स्त्रीसे अति संबंध करनेसे शरीर वीर्य-हीन होता है और इन को बढनेका अवसर मिलता है।

हवनसे नीरोगता।

यस्य गृहे हविः कृष्णाः, तत्र हनः। (मं० ५)

"जिसके घरमें हवन करते है वहां इनका नाश होता है" ये क्षयरोगके बीज हवामें उडकर आते है और हवन होते ही इनका नाश होता है। यह हवनका महत्त्व है। पाठक इसका अवश्य स्मरण रखें। हवन आरोग्य देनेवाला है। इस प्रकार नीरोग बने मनुष्य शूर होते हैं, वे सोमरस पान करें, और अपने शत्रुओंका दमन करनेद्वारा अपने लिये यश और धन संपादन करें।

बंधनसे मुक्ति।

[७७ (८२)] (ऋषिः—अंगिराः । देवता–मरुतः)

सांतपना इदं हविर्मरुतस्तज्जुजुष्टन । अस्माकोती रिशादसः ॥ १ ॥

यो नो मर्तो मरुतो दुर्हृणायुस्तिरश्चित्तानि वसवो जिघांसति ।
द्रुहः पाशान् प्रति मुञ्चतां सस्तपिष्ठेन तपसा हन्तना तम् ॥ २ ॥

संवत्सरीणा मरुतः स्वर्का उरुक्षयाः सगणा मानुपासः ।
ते अस्मत् पाशान् प्र मुञ्चन्त्वेनसः सांतपना मत्सरा मादयिष्णवः ॥ ३ ॥

अर्थ—हे (सां-तपनाः मरुतः=मर्-उतः) अच्छी प्रकार शत्रुको तपानेवाले मरनेके लिये तैयार वीरो ! (इदं तत् हविः जुजुष्टन) इस हवि-अन्नका सेवन करो। हे (रिश-अदसः) शत्रुओंका नाश करनेवालो ! (अस्माक ऊती) हमारी रक्षा करो ॥ १ ॥

हे (वसवः मरुतः) निवासक मरुतो ! (यः नः मर्तः दुर्हृणायुः) हममेंसे जो मनुष्य दुष्टभावसे युक्त होकर (चित्तानि तिरः जिघांसति) हमारे चित्तोंको छिपकर नाश करना चाहता है। (सः द्रुहः पाशान् प्रतिमुञ्चतां) उसपर द्रोहीके पाश छोडो और (तं तपिष्ठेन तपसा हन्तन) उसको तापदायक तपनसे मार डालो ॥ २ ॥

(संवत्सरीणाः सु—अर्काः) वर्ष भरतक प्रकाशनेवाले. (सगणाः उरुक्षयाः) सेनासमूहके साथ बडे घरोंमें रहनेवाले, (मानुपासः) मानवी वीर (सांतपनाः मादयिष्णवः मत्सराः) शत्रुको संताप देनेवाले हर्ष बढानेवाले प्रसन्न (ते मर्-उतः) वे मरनेतक लडनेवाले वीर (एनसः पाशान् अस्मत् प्रमुञ्चंतु) पापके पाशोंको हमसे छुडावें ॥ ३ ॥

भावार्थ— शत्रुको ताप देनेवाले वीर हमने दिये अन्नभागको स्वीकार करके, शत्रुओंका नाश कर, हमारी रक्षा करें ॥ १ ॥

हममें से कोई दुष्ट मनुष्य यदि छिपकर हमारे मनोंका नाश करना चाहे, तो उसको पाशोंसे बांध कर मार डालो ॥ २ ॥

सालभर रहनेवाले, तेजस्वी, अनुयायियोंके साथ बडे घरोंमें रहनेवाले, शत्रु को ताप देनेवाले मानवी वीर पापसे हमें बचावे ॥ ३ ॥

इसमें क्षत्रियधर्म बताया है। क्षत्रिय शत्रुको ताप देनेवाला शूरवीर हो, स्वजनोंको रक्षा करे, अपनेमें यदि कोई दुष्ट मनुष्य निकल आवे, तो उसको भी दण्ड देवे, सबको निर्भय बनावे और पापसे जनोंको दूर रखे।

बंधमुक्तता।

[७८ (८३)]

(ऋषिः—अथर्वा। देवता—अग्निः)

वि ते मुञ्चामि रशनां वि योक्त्रं वि नियोजनम्।
इहैव त्वमजस्र एध्यग्ने ॥ १ ॥
अस्मै क्षत्राणि धारयन्तमग्ने युनज्मि त्वा ब्रह्मणा दैव्येन।
दीदिह्यस्मभ्यं द्रविणेह भद्रं प्रेमं वोचो हविर्दां देवतासु ॥ २ ॥

अर्थ—हे अग्ने! (ते रशनां विमुञ्चामि) तेरी रस्सीको मै खोलता हूं। तेरे (योक्त्रं वि) बंधनको भी मै छोडता हूं। (नियोजनं वि) तेरे खींचकर बांधनेवाले बंधको भी मै छोडता हूं। (इह एव त्वं अजस्रः एधि) यहां ही तू अहिंसित होकर रह ॥ १ ॥

हे अग्ने! (अस्मै क्षत्राणि धारयन्तं त्वा) इसके लिये यहां क्षत्रधर्मका धारण करनेवाले तुझको (दैव्येन ब्रह्मणा) दिव्यज्ञानके साथ (युनज्मि) युक्त बनाता हूं। (अस्मभ्यं इह द्रविणा दीदिहि) हमारे लिये यहां धन दे। (इमं देवतासु हविर्दां प्रवोचः) इसके विषयमें देवताओंमें हविसमर्पण करनेवाला करके वर्णन किया जाता है ॥ २ ॥

भावार्थ—पहिला, बीचका और निचला इस प्रकार तीनों बंधनोंको मैं खोलकर तुम्हें मुक्त करता हूं, इस प्रकार तू मुक्त होकर यहां आ ॥ १ ॥

वीरता धारण कर, दिव्यज्ञानसे युक्त हो, धन समर्पण कर, देवताओंमें हवि अर्पण कर, इसीसे तुम्हारा यश बढेगा ॥ २ ॥

तीन बंधन।

बंधन तीन प्रकारके रहते हैं, एक मनका बंधन, दूसरा अथवा बीचका वाणीका और तीसरा अथवा निचला देहका। इन तीन बंधनोंसे मनुष्य बंधा है अर्थात् बद्ध

हुआ है। इससे उसको मुक्त होना है। ये बंध जब खोले जाते हैं तब वह मुक्त होता है, तबतक उसकी बद्ध स्थिति है ऐसा कहते हैं।

बंधसे छूटनेके लिये क्षत्र अर्थात् पुरुषार्थ करनेका सामर्थ्य अवश्य चाहिये। इसके विना कोई मनुष्य बंधमुक्त होनेका यत्न भी नहीं कर सकता। इसके पश्चात् उसको ज्ञान चाहिये। ज्ञानके विना बंधनसे मुक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। ज्ञानका अर्थ (मोक्षे धीर्ज्ञानं) बंधमुक्त होनेका उपाय जानना है। पुरुषार्थ द्वारा धन आदि प्राप्त करना और उस प्राप्त धनका ईश्वरार्पण बुद्धिसे समर्पण करना, ये दो कार्य करना मनुष्यको योग्य है। इसीसे मनुष्यके बंध दूर होते हैं। विशेष कर अपने धनका समर्पण अर्थात् त्याग, (देवतासु हविर्दा) देवताओंको समर्पण करनेसे मनुष्य बंधनसे मुक्त होता है।

यह सूक्त थोडासा अस्पष्ट है, तथापि उक्त प्रकार इसका विचार करनेसे इसका भाव समझमें आ सकता है।

अमावास्या।

[७९ (८४)]

(ऋषिः—अथर्वा। देवता—अमावास्या)

यत् ते॑ दे॒वा अकृ॑ण्वन् भाग॒धेय॒ममा॑वास्ये सं॒वस॑न्तो महि॒त्वा।
तेना॑ नो य॒ज्ञं पि॑पृहि विश्ववारे र॒यिं नो॑ धेहि सुभगे सु॒वीर॑म् ॥ १ ॥

अर्थ—हे (अमावास्ये) अमावास्ये! (ते महित्वा) तेरे महत्वसे (संवसन्तः देवाः) एकत्र निवास करनेवाले देव (यत् भागधेयं अकृण्वन्) जो भाग्य बनाते हैं, (तेन नः यज्ञं पिपृहि) उससे हमारे यज्ञकी पूर्णता कर। हे (विश्ववारे सुभगे) सबको वरनेयोग्य उत्तम भाग्यवती देवी! (सुवीरं रयिं नः धेहि) उत्तम वीरवाला धन हमें दो ॥ १ ॥

भावार्थ— सब देव जो भाग्य देते हैं वह हमें प्राप्त होवे और उससे हमारा यज्ञ पूर्ण होवे, तथा हमें ऐसा धन प्राप्त होवे कि जिसके साथ वीर हों ॥ १ ॥

अहमेवास्म्यमावास्या३मामा वसन्ति सुकृतो मयीमे ।
मयि देवा उभये साध्याश्चेन्द्रज्येष्ठाः समगच्छन्त सर्वे ॥ २ ॥
आगन् रात्री सङ्गमनी वसूनामूर्जं पुष्टं वस्वावेशयन्ती ।
अमावास्यायै हविषा विधेमोर्जं दुहाना पयसा न आगन् ॥ ३ ॥
अमावास्ये न त्वदेतान्यन्यो विश्वा रूपाणि परिभूर्जजान ।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥ ४ ॥

अर्थ—(अहं एव अमावास्या अस्मि) मैं ही अमावास्या हूं। (मां इमे सुकृतः मयि आवसन्ति) मेरी इच्छा करते हुए ये पुण्य करनेवाले लोग मेरे आश्रयसे रहते हैं। (साध्याः इन्द्रज्येष्ठाः सर्वे उभये देवाः) साध्य और इन्द्र आदि सब दोनों प्रकारके देव (मयि समगच्छन्त) मुझमें आकर मिलते हैं ॥ २ ॥

(वसूनां संगमनी) सब वसुओंको मिलानेवाला, (पुष्टं ऊर्जं वसु आवेशयन्ती) पुष्टिकारक और बलवर्धक धन देनेवाली (रात्री आगन्) रात्री आगई है। (अमावास्या वै हविषा विधेम) अमावास्याके लिये हम हवनसे यजन करते हैं। क्यों कि वह (ऊर्जं दुहाना पयसा नः आगन्) अन्न देनेवाली दूध के साथ आगई है ॥ ३ ॥

हे अमावास्ये ! (त्वत् अन्यः एतानि विश्वा रूपाणि) तेरेसे भिन्न इन सब रूपोंको (परिभूः न जजान) घेरकर कोई नहीं बना सकता। (यत् कामाः ते जुहुमः) जिसकी इच्छा करते हुए हम तेरा यजन करते हैं, (तत् नः अस्तु) वह हमें प्राप्त होवे। (वयं रयीणां पतयः स्याम) हम धनोंके स्वामी बनेंगे ॥ ४ ॥

भावार्थ-मैं अमावास्या हूं, अतः साध्य आदि सब देव तथा पुण्यकर्म करनेवाले मनुष्य मेरे आश्रयसे रहते हैं ॥ २ ॥

अमावास्या सब धन देती है, पुष्टि, बल और धन भी देती है, अतः इसके लिये हवन किया जावे ॥ ३ ॥

हे अमावास्ये ! तेरेसे भिन्न दूसरा कोईभी नहीं है कि जो इस जगत् को घेरकर बना सकता है। जिस कामनासे हम तेरा यजन करते हैं वह कामना हमारी पूर्ण होवे और हम धन के स्वामी बनें ॥ ४ ॥

अमावास्या।

'अमावास्या' का अर्थ है 'एकत्र वास करानेवाली'। सूर्य और चन्द्र एक स्थानपर रहते हैं अतः इस तिथिको अमावास्या कहते हैं। सूर्य उग्रस्वरूप है और चन्द्र शान्त स्वरूप है। उग्र और शान्तको एक घरमें रखनेवाली यह अमावास्या है। इसी प्रकार सब देवोंको एकत्र निवास करानेवाली भी यही है। यह गुण मनुष्योंको अपने अंदर धारण कराना चाहिये। परस्पर विरोधी स्वभाववाले जितने अधिक मनुष्योंको धारण करनेका सामर्थ्य मनुष्यमें हो उतनी उसकी योग्यता होगी। 'अमावास्या' से यह-बोध मनुष्योंको प्राप्त हो सकता है।

अमावास्या पर यह सूक्त एक सुंदर काव्य है। यह काव्यरस देता हुआ मनुष्यको उत्तम बोध देता है। विभिन्न प्रकृतिवाले मनुष्योंको एक घरमें, एक जातीमें, एक धर्ममें, एक राष्ट्रमें, एक कार्यमें रखकर, उन सबसे एकही कार्य कराना और उन सबकी उन्नति सिद्ध करना, यह इस सूक्तका उपदेशविषय है। जो हरएक व्यवहारमें निःसन्देह बोधप्रद होगा।

पूर्णिमा।

[८० (८५)]

[ऋषिः—अथर्वा। देवता-पौर्णमासी, प्रजापतिः)

पूर्णा प॒श्चादु॒त पूर्णा पु॒रस्ता॒दुन्म॑ध्य॒तः पौ॑र्णमा॒सी जि॑गाय।
तस्यां॑ दे॒वैः सं॒वस॑न्तो महि॒त्वा नाक॑स्य पृ॒ष्ठे समि॒षा म॑देम ॥ १ ॥

अर्थ—(पश्चात् पूर्णा) पीछेसे परिपूर्ण, (उत पुरस्तात् पूर्णा) और आगेसे भी पूर्ण तथा (मध्यतः) बीचमें से भी परिपूर्ण (पौर्णमासी उत् जिगाय) पूर्णिमा हुई है। (तस्यां देवैः संवसन्तः) उसमें देवोंके साथ रहते हुए हम सब (महित्वा नाकस्य पृष्ठे इषा संमदेम) महिमासे स्वर्गके पृष्ठपर इच्छाके अनुसार आनन्दका उपभोग करेंगे ॥ १ ॥

भावार्थ— सब प्रकारसे परिपूर्ण होनेसे पौर्णमासीको पूर्णिमा कहते हैं। इस समय जो लोग देवोंकी सभामें—यज्ञमें—लगे होते हैं, वे अपनी महिमासे स्वर्गधाम प्राप्त करते हैं ॥ १ ॥

वृषभं वाजिनं वयं पौर्णमासं यजामहे ।
स नो ददात्वक्षितां रयिमनुपदस्वतीम् ॥ २ ॥
प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा रूपाणि परिभूर्जजान ।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥ ३ ॥
पौर्णमासी प्रथमा यज्ञियासीदह्नां रात्रीणामतिशर्वरेषु ।
ये त्वां यज्ञैर्यज्ञिये अर्धयन्त्यमी ते नाके सुकृतः प्रविष्टाः ॥ ४ ॥

अर्थ-(वृषभं वाजिनं पौर्णमासं) बलवान अन्नवान पौर्णमासका (वयं यजामहे) हम यजन करते हैं । (सः नः) वह हम सबको (अक्षितां अन्-उपदस्वतीं रयिं ददातु) अक्षय और अविनाशी धन देवे ॥ २ ॥

हे प्रजापते ! (त्वत् अन्यः) तेरेसे भिन्न (एतानि विश्वा रूपाणि) इन संपूर्ण रूपोंको (परिभूः न जजान) सर्वत्र व्यापकर कोई नहीं उत्पन्न कर सकता । (यत्-कामाः ते जुहुमः) इसकी कामना करते हुए हम तेरा यजन करते हैं, (तत् नः अस्तु) वह हमें प्राप्त हो । (वयं रयीणां पतयः स्याम) हम सब धनोंके स्वामी बनेंगे ॥ ३ ॥

(पौर्णमासी) पूर्णिमा (अह्नां रात्रीणां अतिशर्वरेषु) दिनोंमें तथा रात्रीयोंके अंधेरोंमें (प्रथमा यज्ञिया आसीत) प्रथम पूजनीय है । हे (यज्ञिये) पूजनीय ! (ये त्वां यज्ञैः अर्धयन्ति) जो तुम्हें यज्ञके द्वारा पूजते हैं, (ते अमी सुकृतः नाके प्रविष्टाः) वे ये सत्कर्म करनेवाले स्वर्गके पीठपर प्रविष्ट होते हैं ॥ ४ ॥

भावार्थ-पूर्णमास बल और अन्नसे युक्त होता है, इसी लिये हम सब उसका यजन करते हैं । इससे हम अक्षय धन प्राप्त करेंगे ॥ २ ॥

इस जगत्के अनन्त रूपोंको उत्पन्न करनेवाला प्रजापतिसे भिन्न कोई नहीं है । जिस कामनासे हम यज्ञ करते हैं वह पूर्ण हो और हम धन संपन्न बनेंगे ॥ ३ ॥

पूर्णिमा दिनमें और रात्रीमें पूजनेयोग्य है । हे पूर्णिमा ! तेरा यजन हम करते हैं, हमें स्वर्गधाममें प्रवेश प्राप्त होवे ॥ ४ ॥

ये दोनों सूक्त अमावास्या और पौर्णमासीके 'दर्श और पूर्णमास' यज्ञोंके सूचक हैं ।

अमावास्याके समय जैसा यजन करना चाहिये उसी प्रकार पूर्णिमाके समय भी करना चाहिये। इससे इहपर लोकमें लाभ होता है।

इसीका वर्णन इन सूक्तोंमें पाठक देख सकते हैं। दर्शपूर्णमास यज्ञकी आवश्यकता इन दो सूक्तोंमें स्पष्ट शब्दोंमें कही है।

घरके दो बालक।

[८१ (८६)]

(ऋषिः—अथर्वा। देवता—सावित्री)

पूर्वापरं चरतो माययैतौ शिशू क्रीडन्तौ परि यातोर्णवम्।
विश्वान्यो भुवना विचष्टे ऋतूँरन्यो विदधज्जायसे नवः ॥ १ ॥

अर्थ—(एतौ शिशू क्रीडन्तौ) ये दोन बालक अर्थात सूर्य और चन्द्र, खेलते हुए (मायया पूर्वापरं चरतः) शक्तिसे आगे पीछे चलते हैं। और (अर्णवं परि यातः) समुद्रतक भ्रमण करते हुए पहुंचते हैं। (अन्यः विश्वा भुवना विचष्टे) उनमेंसे एक सब भुवनोंको प्रकाशित करता है। और (अन्य, ऋतून् विदधत् नवः जायसे) दूसरा ऋतुओंको बनाता हुआ नया नया बनता है ॥ १ ॥

भावार्थ— इस घरमें दो बालक हैं, वे एकके पीछे दूसरा, अपनी शक्ति से ही खेलते हैं। खेलते हुए समुद्रतक पहुंचते हैं, उनमें से एक सब जगत को प्रकाशित करता है और दूसरा ऋतुओंको बनाता हुआ वारंवार नवीन नवीन बनता है ॥ १ ॥

नवोंनवो भवसि जायमानोह्नां केतुरुषसामेष्यग्रम् ।
भागं देवेभ्यो वि दधास्यायन् प्र चन्द्रमस्तिरसे दीर्घमायुः ॥ २ ॥
सोमस्यांशो युधां पतेनूनो नाम वा असि ।
अनूनं दर्श मा कृधि प्रजया च धनेन च ॥ ३ ॥
दर्शोऽसि दर्शतोऽसि समग्रोसि समन्तः ।
समग्रः समन्तो भूयासं गोभिरश्वैः प्रजया पशुभिर्गृहैर्धनेन ॥ ४ ॥

अर्थ— (जायमानः नवः नवः भवसि) प्रकट होता हुआ नया नया होता है। एक (अन्हां केतुः) दिनोंको बतानेवाला है वह (उषसां अग्रं एषि) उषःकालोंके अग्रभागमें होता है। (आयन् देवेभ्यः भागं विदधासि) वह आता हुआ देवोंके लिये विभाग समर्पण करता है। तथा (चन्द्रमः ! दीर्घ आयुः प्र तिरसे) हे चन्द्रमा ! तू दीर्घ आयु अर्पण करता है ॥ २ ॥

हे (युधां पते, सोमस्य अंशः) युद्धोंके स्वामी ! हे सोमके अंश ! (अनूनः नाम वै असि) तू अन्यून यशवाला है। हे (दर्श) दर्शनीय ! (मा प्रजया धनेन च अनूनं कृधि) मुझे प्रजा और धनसे परिपूर्ण कर ॥ ३ ॥

(दर्शः असि) तू दर्शनीय है, तू (दर्शतः असि) दर्शनके लिये योग्य हो। तू (सं अन्तः समग्रः असि) सब अन्तोंसे समग्र हो। (गोभिः अश्वैः प्रजया पशुभिः गृहैः धनेन) गौवें, घोडे, संतान, पशु, घर और धनसे मैं (समन्तः समग्रः भूयासं) अन्ततक परिपूर्ण होऊं ॥ ४ ॥

भावार्थ- इनमेंसे एक दिनके समयका झंडा है जो उषःकालके आन्तिम समयमें प्रकट होता है और सब देवों को योग्य विभाग समर्पण करता है। जो दूसरा बालक है वह स्वयं वारंवार नवीन नवीन बनता है और सबको दीर्घ आयु देता है ॥ २ ॥

हे युद्धोंके स्वामी ! सोमके अंश ! तू पूर्ण और दर्शनीय हो, अतः मुझे संतान और धनसे परिपूर्ण बना ॥ ३ ॥

तू दर्शनीय और अत्यन्त परिपूर्ण है, मैं भी गाय घोडे आदि पशु, संतति, घर, धन आदिसे पूर्ण बनूंगा ॥ ४ ॥

योऽ३स्मान् द्वेष्टि यं व॒यं द्वि॒ष्मस्तस्य॒ त्वं प्रा॒णेना प्या॑यस्व ।
आ व॒यं प्या॑शिषीमहि॒ गोभि॒रश्वैः॑ प्र॒जया॑ प॒शुभि॑र्गृ॒हैर्धने॑न ॥ ५ ॥
यं दे॒वा अं॒शुमा॑प्या॒यय॑न्ति॒ यमक्षि॑तमक्षि॑ता भ॒क्षय॑न्ति ।
तेना॒स्मानिन्द्रो॒ वरु॑णो॒ बृह॒स्पति॒रा प्या॑ययन्तु॒ भुव॑नस्य॒ गोपाः॑ ॥ ६ ॥
॥ इति सप्तमोऽनुवाकः ॥

अर्थ-(यः अस्मान् द्वेष्टि) जो हम सबका द्वेष करता है,(यं वयं द्विष्मः) जिसका हम सब द्वेष करते हैं, (तस्य प्राणेन आप्यायस्व) उसके प्राणसे तू बढ जा, (गोभिः अश्वैः प्रजया, पशुभिः, गृहैः, धनेन वयं आप्याशिषीमहि) गौवें घोडे, संतति, पशु, घर और धनसे हम बढेंगे ॥ ५ ॥

(यं अंशुं देवाः आप्याययन्ति) जिस सोम को देव बढाते हैं, (यं अक्षितं आक्षिताः भक्षयन्ति) जिस अविनाशी को अविनाशी खाते हैं, (तेन) उस सोमसे (अस्मान्) हम सबको (भुवनस्य गोपाः इन्द्रः वरुणः बृहस्पतिः) भुवनके रक्षक इन्द्र वरुण बृहस्पति ये देव (आप्याययन्तु) बढावें ॥ ६ ॥

भावार्थ-जो दुष्ट हमारा द्वेष करता है और जिसका हम द्वेष करते हैं उसके प्राणका तू हरण कर और हम धनादिसे परिपूर्ण बनेंगे ॥ ५ ॥

जिस सोमको देव बढाते और भक्षण करते हैं उससे हम पुष्ट हों, त्रिभुवनके रक्षक देव हमारी उन्नति करें ॥ ६ ॥

जगत्‌रूपी घर ।

यह संपूर्ण जगत् एक बडाभारी घर है, इस घरमें हम सब रहते हैं। इस घरमें दो आदर्श बालक हैं, इन बालकोंका नाम 'सूर्य और चन्द्र' है। हमारे घरमें बालक कैसे हों, और माता पिताने प्रयत्न करके अपने घरके बालकोंको किस प्रकारकी शिक्षा देनी चाहिये और बालक कैसे बनने चाहियें, इस विषयका उपदेश इस सूक्तमें दिया है। हरएक घरके मातापिता इस दृष्टिसे इस सूक्तका विचार करें।

खेलनेवाले बालक ।

घरमें बालक (क्रीडन्तौ शिशू) खेलनेवाले होने चाहियें रोनेवाले नहीं। बालक कमजोर, बीमार और दोषी हुए तो ही रोते रहते हैं। यदि वे बलवान्, नीरोग और

किसी शारीरिक दोषसे दूषित न हों, तो प्रायः रोते नहीं। मातापिताओंको उचित है कि वे गृहस्थाश्रममें ऐसा योग्य और नियमानुकूल व्यवहार करें कि, जिससे सुदृढ, हृष्ट पुष्ट, नीरोग और आनंदी बालक उत्पन्न हों।

अपनी शक्तिसे चलना।

बालकोंमें दूसरा गुण यह चाहिये कि वे (मायया पूर्वापरं चरन्तौ) अपनी आंतरिक शक्तिसे ही आगे पीछे चलते रहें। दूसरेकेद्वारा उठानेपर उठेंगे, दूसरेंने चलाये तो चलेंगे ऐसे परावलंबी बालक न हों। मातापिता बलवान् हुए और वे नियमानुकूल चलनेवाले रहे, तो उनको ऐसे अपनी शक्तिसे भ्रमण करनेवाले बालक होंगे। जो मातापिता दुर्व्यसनी नहीं हैं, सदाचारी हैं और ऋतुगामी होकर गृहस्थाश्रम का व्यवहार ऐसा करते हैं कि जिसे धार्मिक व्यवहार कहा जाय, उनको सुयोग्य बालक होते हैं। जो नीरोग और सुदृढ बालक होते हैं वे कितना भी कष्ट हुआ तो भी अपने प्रयत्नसे आगे बढनेका यत्न करते ही रहते हैं।

दिग्विजय।

ये आगे बढकर विद्वान् और पुरुषार्थी होकर (अर्णवं परियातः) समुद्रके चारों ओरके देशदेशान्तरमें भ्रमण करते हैं, दिग्विजय करते हैं। अपने ही ग्राममें कूप-मण्डूक के समान बैठते नहीं, समुद्रके ऊपरसे अथवा अन्तरिक्षमेंसे संचार करते हैं, और देशदेशान्तरमें परिभ्रमण करते हैं और धर्म, सदाचार तथा सुशीलता आदि का उपदेश करते हैं और सब जनताको योग्य आदर्श बताते हैं।

जगत्को प्रकाश देना।

इस प्रकार परमपुरुषार्थ से व्यवहार करते हुए उनमेंसे एक (अन्यः विश्वानि भुवनानि विचष्टे) सब जगत् को प्रकाश देता है, अन्धकारमें डूबी हुई जनता को प्रकाश में लाता है। सब देश देशान्तरमें यह इसी लिये भ्रमण करता हुआ जनताको अन्धेरेसे छुडवाकर प्रकाशमें लानेका यत्न करता है।

दूसरा गृहस्थाश्रमी (ऋतून् विषदत्) ऋतुगामी होकर, ऋतुओंके अनुकूल रहकर (नवः जायते) नवीन जैसा होता है। कितनी भी बडी आयु हुई तो भी पुनः नवीन तरुण जैसा होता है। ऋतुगामी होना, ऋतुके अनुकूल रहनासहना रखना, सोमादि

औषधियोंका उपयोग करने आदिमें वृद्ध भी तरुणके समान नवीन होना संभव है।

सूर्य और चन्द्रपर यह रूपक प्रथम मंत्र में है। पाठक इसका उचित विचार करें और अपने बालकोंकी शिक्षा आदिके विषयमें योग्य उपदेश प्राप्त करें। एक सूर्य जैसा पुत्र होवे जो जगत् को प्रकाश देवे, अथवा एक चन्द्र जैसा पुत्र होवे कि जो (नवः नवः भवति) नवजीवन प्राप्त करनेकी विद्या संपादन करके नवीन जैसा होवे और (दीर्घं आयुः प्रतिरते) दीर्घायु प्राप्त करे और लोगोंको भी दीर्घायु बनावे।

कर्तव्यका भाग।

जो जगत्को प्रकाश देता है वह (देवेभ्यः भागं विदधाति) देवोंके लिये भाग्य देता है, अथवा देवोंके लिये कर्तव्य का भाग देता है, अर्थात् यह इस कार्यको करे वह उस कार्यको संभाले, इस प्रकार कार्यविभागके विषयमें आज्ञाएं देता है और विभिन्न कार्यकर्ताओंसे विभिन्न कार्य कराकर एक महान कार्य परिपूर्ण करा देता है। मनुष्योंको भी यह आदर्श सामने रखना चाहिये। देखिये, इस सृष्टीमें जल शान्ति देनेका कार्य करता है, अग्नि तपानेके कार्यमें तत्पर है, वायु सुखाता है, भूमि आधार देती है, इत्यादि देव विभिन्न कार्योंके भाग सिरपर लेकर अपने अपने कार्यमें तत्पर रहकर सब जगत् का महान कार्य निभा रहे हैं। मानो यह मुख्य देव इन गौण देवोंको करनेके लिये कार्यभाग देता है। इसी प्रकार राष्ट्रमें मुख्य नेता अन्य गौण नेताओंको कर्तव्य का भाग बांट देवे और वे उसको योग्य रीतिसे करें, तो सबके अपने अपने कार्यका भाग करनेसे महान् कार्यकी सिद्धी हो जाती है।

पूर्ण हो।

एक 'पूर्ण सोम' होता है जो पूर्णिमाके दिन प्रकाशता है। दूसरा सोमका अंश होता है। अंश भी हुआ तो भी वह पूर्ण बननेकी शक्ति रखता है, इस कारण वह न्यून नहीं है। इसीलिये उसको (अनूनः असि) अ-न्यून-परिपूर्ण कहा है। यह सोम अंशरूप हो या पूर्ण हो वह अन्यून ही है, क्यों कि यदि वह आज अंश हुआ तो कुछ दिनोंके बाद वह पूर्ण होगा ही, अतः वह न्यून रहनेवाला नहीं है। न्यून होनेपर भी वह प्रयत्नपूर्वक पूर्ण बनता है, यह पूर्ण बननेका उसका पुरुषार्थ हरएक मनुष्यके लिये अनुकरणीय है। इसलिये उसकी प्रार्थना तृतीय मंत्रमें की जाती है कि (अनूनं मा कृधि) 'अन्यून-परिपूर्ण-मुझे कर;' क्यों कि तू परिपूर्ण करनेवाला है, मैं पूर्ण बनना

चाहता हूं। धन, आरोग्य, प्रजा, गौएं, घोडे आदिमें भी परिपूर्ण मैं होऊं यह अभिप्राय यहां है।

यही भाव चतुर्थ मंत्रमें कहा है। (समन्तः समग्रः असि) तू सब प्रकारसे समग्र अर्थात् पूर्ण है, मैं भी तेरी उपासनासे (समग्र समन्तः) पूर्ण और समग्र होऊं।

दुष्टका नाश।

जो दुष्ट हम सबका द्वेष करता है और जिस अकेले दुष्ट का द्वेष हम सब करते हैं, उसके दोषी होनेमें कोई संदेह ही नहीं है। यदि ऐसा कोई मनुष्य सब संघका घात करे तो उसका नियमन करना आवश्यक होता है। यह द्वेष करनेवाला यहां अल्प संख्या-वाला कहा है। ' जिस अकेलेका हम सब द्वेष करते हैं और जो अकेला हम सब का द्वेष करता है। ' इसमें बहु संख्याक सज्जन और अल्पसंख्याक दुर्जन होनेका उल्लेख है। ऐसे दुष्टोंको दबाना और सज्जनोंकी उन्नतिका मार्ग खुला करना, यही धार्मिक मनुष्य का कर्तव्य है।

दिव्यभोजन।

जो देवोंका भोजन होता है उसको देवभोजन अथवा दिव्यभोजन कहते है। यह देवोंका भोजन क्या है इस विषयमें इस सूक्तके षष्ठ मंत्रमें कहा है।—

देवाः अंशुं आप्याययन्ति)
अक्षिताः अक्षितं भक्षयन्ति ॥ (मं० ६)

" देव लोग सोमको बढाते हैं और ये अमर देव इस अक्षय सोमका भक्षण करते हैं।" सोम यह एक वनस्पति है। इसको बढाना और उसको भक्षण करना; यह देवोंका अन्न है। अर्थात् देव शाकाहारी थे। जो लोग देवोंके लिये मांस का प्रयोग करते हैं, उनको वेदके ऐसे मन्त्रोंका विशेष विचार करना चाहिये। सोम देवोंका अन्न है, इस विषयमें अनेक वेदमन्त्र है। और सबका तात्पर्य यही है कि जो ऊपर कहा है।

पाठक इस रीतिसे इस सूक्तका विचार करें।

गौ।

[८२ (८७)] (ऋषिः-शौनकः संपत्कामः। देवता—अग्निः)

अभ्यर्चत सुष्टुतिं गव्यमाजिमस्मासु भद्रा द्रविणानि धत्त।
इमं यज्ञं नयत देवता नो घृतस्य धारा मधुमत् पवन्ताम् ॥ १ ॥
मय्यग्रे अग्निं गृह्णामि सह क्षत्रेण वर्चसा बलेन।
मयि प्रजां मय्यायुर्दधामि स्वाहा मय्यग्निम् ॥ २ ॥
इहैवाग्ने अधि धारया रयिं मा त्वा नि क्रन् पूर्वचित्ता निकारिणः।
क्षत्रेणाग्ने सुयममस्तु तुभ्यमुपसत्ता वर्धतां ते अनिष्टृतः ॥ ३ ॥

अर्थ—(सु-स्तुतिं गव्यं आजिं अभ्यर्चत) उत्तम स्तुति करने योग्य गौ संबंधी प्रगतिकी सीमाका आदर करो। (अस्मासु भद्रा द्रविणानि धत्त) हमारे मध्यमें कल्याणकारी धन धारण करो। (नः इमं यज्ञं देवता नयत) हमारे इस यज्ञको देवताओंतक पहुंचाओ। (घृतस्य धाराः मधुमत् पवन्तां) घीकी धाराएं मधुरताके साथ बहें ॥ १ ॥

(अग्रे मयि क्षत्रेण वर्चसा बलेन सह अग्निं गृह्णामि) पहिले मैं अपने अन्दर क्षात्रशौर्य, ज्ञानका तेज और बल के साथ रहनेवाले अग्निका ग्रहण करता हूं। (मयि प्रजां) मेरे अन्दर प्रजाको, (मयि आयुः) मेरे अन्दर आयुको, (मयि अग्निं) मेरे अन्दर अग्निको (दधामि) धारण करता हूं, (स्वाहा) यह ठीक कहा है ॥ २ ॥

हे अग्ने ! (इह एव रयिं अधिधारय) यहां ही धन का धारण कर। (पूर्वचित्ताः निकारिणः त्वा मा निक्रन्) पूर्वकालसे मन लगानेवाले अपकारी लोग तेरे सम्बन्ध में अपकार न करें। हे अग्ने ! (क्षत्रेण तुभ्यं सुयमं अस्तु) क्षत्रबलसे तेरे लिये उत्तम नियमन होवे। (उपसत्ता अनिष्टृतः वर्धतां) तेरा सेवक अहिंसित होता हुआ बढे ॥ ३ ॥

भावार्थ—गौओंकी उन्नतिका विचार करो, क्योंकि यही उत्तम प्रशंसा के योग्य कार्य है। घी की मीठी धाराएं विपुल हों अर्थात् घरमें घी विपुल हो, कल्याण करनेवाला विपुल धन प्राप्त करे और इन सबका विनियोग प्रभुकी संतुष्टताके यज्ञमें किया जावे ॥ १ ॥

मेरे अन्दर शौर्य, ज्ञान, बल, संतति, आयु आदि स्थिर रहे ॥ २ ॥

अन्वग्निरुषसामग्रमख्यदन्वहानि प्रथमो जातवेदाः ।
अनु सूर्यं उषसो अनु रश्मीननु द्यावापृथिवी आ विवेश ॥ ४ ॥
प्रत्यग्निरुषसामग्रमख्यत् प्रत्यहानि प्रथमो जातवेदाः ।
प्रति सूर्यस्य पुरुधा च रश्मीन् प्रति द्यावापृथिवी आ ततान ॥ ५ ॥
घृतं ते अग्ने दिव्ये सधस्थे घृतेन त्वां मनुरद्या समिन्धे ।
घृतं ते देवीर्नप्त्यः आ वहन्तु घृतं तुभ्यं दुहतां गावो अग्ने ॥६॥

अर्थ-(अग्निः उषसां अग्रं अनु अख्यत्) अग्नि-सूर्य-उषःकालोंके अग्रभागमें प्रकाश करता है। (प्रथमः जातवेदाः अहानि अनु अख्यत्) पहिला जातवेद-सूर्य-दिनोंको प्रकाशित करता है। वही (सूर्यः अनु) सूर्य अनुकूलता के साथ (उषसः अनु) उषःकालोंके अनुकूल, (रश्मीन् अनु) किरणोके अनुकूल, (द्यावापृथिवी अनु आ विवेश) द्युलोक और पृथ्वीलोक के बीचमें अनुकूलताके साथ व्यापता है ॥ ४ ॥

(अग्निः उषसां अग्रं प्रति अख्यत्)अग्नि-सूर्य-उषाओंके अग्रभागमें प्रकाशता है। (प्रथमः जातवेदाः अहानि प्रति अख्यत्) पहिला जातवेद-सूर्य-दिनोंको प्रकाशित करता है। (सूर्यस्य रश्मीन् पुरुधा प्रति) सूर्यकी किरणोंको विशेष प्रकार प्रकाशित करता है। तथा (द्यावापृथिवी प्रति आ ततान) द्यावापृथिवीको उसीने फैलाया है ॥ ५ ॥

हे अग्ने ! (ते घृतं दिव्ये सधस्थे) तेरा घृत दिव्य स्थानमें है। (मनुः त्वां घृतेन अद्य सं इन्धे) मनुष्य तुझे घीसे आज प्रज्वलित करता है। (नप्त्यः देवीः ते घृतं आवहन्तु) न गिरानेवाली दिव्य शक्तियां तेरे घृत को ले आवें। हे अग्ने ! (गावः तुभ्यं घृतं दुहतां) गौवें तेरे लिये घीको देवें ॥ ६ ॥

भावार्थ-मुझे धन प्राप्त हो। अपकारी लोग अपकार न कर सकें। क्षात्र तेजसे सर्वत्र नियमव्यवस्था उत्तम रहे। प्रभु का भक्त-सेवक-वृद्धिको प्राप्त होवे ॥ ३ ॥ सूर्य उषाके पश्चात प्रकट होता है और दिनमें प्रकाश करता है। वह प्रकाशसे द्युलोक और पृथ्वी के बीचमें व्यापता है ॥ ४—५ ॥

मनुष्य घीसे अग्निमें यजन करे, क्योंकि घीही उत्तम दिव्य स्थानमें रहनेवाला है। गौवें हवनके लिये उत्तम घी तैयार करें=देवें ॥ ६ ॥

इस सूक्तमें गोरक्षाकी महिमा वर्णन की है। तथा गौके घृतके हवनका भी माहात्म्य वर्णन हुआ है। घृतके हवनसे रोगोंके दूर होनेकी बात इससे पूर्व (अथर्व कां० ७६।५) कही है। अतः रोग दूर होने के बाद दीर्घ आयु, बल, तेजस्विता, ज्ञान, मन आदिका प्राप्त होना संभव है। इस प्रकार सूक्तकी संगति देखना योग्य है।

[८३ (८८)]

(ऋषिः-शुनःशेपः। देवता-वरुणः)

अप्सु ते राजन् वरुण गृहो हिरण्ययो मिथः।
ततो धृतव्रतो राजा सर्वा धामानि मुञ्चतु ॥ १ ॥
धाम्नोधाम्नो राजन्नितो वरुण मुञ्च नः।
यदापो अघ्न्या इति वरुणेति यदूचिम ततो वरुण मुञ्च नः ॥ २ ॥

अर्थ—हे वरुण राजन्! (ते गृहः अप्सु) तेरा घर जलोंमें है और वह (मिथः हिरण्ययः) साथ साथ सुवर्णमय भी है। (ततः धृतव्रतः राजा) वहांसे व्रतपालक वह राजा (सर्वा धामानि मुञ्चतु) सब स्थान मुक्त-बंधन-रहित-करे ॥ १ ॥

हे वरुण राजन्! (इतः धाम्नः धाम्नः नः मुञ्च) इस प्रत्येक बंधनस्थानसे हमारी मुक्तता कर। (यत ऊचिम) जो हम कहते हैं कि (आपः अघ्न्याः इति) जल अवध्य गौके समान प्राप्तव्य है और (वरुण इति) हे वरुण तूही श्रेष्ठ है, हे वरुण! (ततः नः मुञ्च) इस कारणसे हमें मुक्त कर ॥ २ ॥

भावार्थ— हे सबके राजाधिराज प्रभो! तेरा धाम सुवर्ण जैसा चमकनेवाला आकाश में है। वह तू इस जगत्का सत्यनियमोंका पालन करनेवाला एकमात्र राजा है। वह तू हमें सब बन्धनोंसे छुडाओ ॥ १ ॥

हम सबको हरएक बन्धनसे मुक्त कर। मुक्तिकी इच्छासे हम आपके गुणगान करते हैं ॥ २ ॥

उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय ।
अधा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम ॥ ३ ॥
प्रास्मत् पाशान् वरुण मुञ्च सर्वान् य उत्तमा अधमा वारुणा ये ।
दुष्वप्न्यं दुरितं नि ष्वास्मदथ गच्छेम सुकृतस्य लोकम् ॥ ४ ॥

अर्थ- हे वरुण! (उत्तमं पाशं अस्मत उत् श्रथाय) उत्तम पाश को हमसे जरा ढिला कर. (अधमं पाशं अवश्रथाय) अधम पाशको भी दूर कर, तथा (मध्यमं पाशं विश्रथाय) मध्यम पाशको हटा दे। हे आदित्य! (अधा वयं तव व्रते) अब हम तेरे नियममें रहकर (अनागसः अ-दितये स्याम) निष्पाप बनकर बंधनरहित-मुक्ति—अवस्थाके लिये योग्य होंगे ॥ ३ ॥

हे वरुण! (ये उत्तमाः ये अधमाः वारुणाः पाशाः) जो उत्तम मध्यम और कनिष्ठ वारुण पाश हैं उन (सर्वान् पाशान् अस्मत प्रमुञ्च) सब पाशोंको हमसे दूर कर। (दुःस्वप्न्यं दुरितं अस्मत् निःस्व) दुष्ट स्वप्न और पापका आचरण हमसे दूर कर। (अथ गच्छेम सुकृतस्य लोकं) अब पुण्य लोकको हम प्राप्त होंगे ॥ ४ ॥

भावार्थ- हे श्रेष्ठ देव! हमारे उत्तम, मध्यम और अधम पाश खोल दो। तेरे व्रतमें रहते हुए हम सब निष्पाप होकर बन्धनसे मुक्त होनेके लिये योग्य होंगे ॥ ३ ॥

हमारे सब पाश मुक्त कर, हमसे पाप दूर कर, जिससे हम पुण्यलोक को प्राप्त होंगे ॥ ४ ॥

तीन पाशोंसे मुक्ति।

मनुष्यको मुक्ति चाहिये। परंतु वह मुक्ति बंधनकी निवृत्ति होनेके विना नहीं हो सकती। उत्तम, मध्यम और अधम वृत्तीके तीन बंधन मनुष्यको बंधनमें डालते हैं। सात्विक, राजस और तामस वृत्तिके ये बंधन हैं जो मनुष्यको पराधीन कर रहे हैं। तमोवृत्ती के बंधनकी अपेक्षा सात्विक बंधन बहुत अच्छा है इसमें संदेह नहीं, परंतु वह बंधन ही है। लोहेकी शृंखला का बंधन जैसा बंधन है उसी प्रकार सोनेकी शृंखला पांवमें अटकायी तो भी वह बंधन ही है। इसी प्रकार हीन मनोवृत्तीयोंके बंधनकी अपेक्षा श्रेष्ठ मनोवृत्तीयोंका बंधन बेशक अच्छा है, परंतु चित्तवृत्तियोंका निरोध करनेकी

अपेक्षासे वह भी बंधन ही है। इसलिये इस सूक्तमें कहा है कि उत्तम, मध्यम और अधम अर्थात् सब वृत्तियोंके पाश हमसे दूर कर।

पापसे बचो।

बंधन दूर होनेके लिये मनुष्य (अन्-आगस्) निष्पाप होना चाहिये। पाप वृत्ति दूर होनेके विना बंधनके क्षय होनेका संभव नहीं है। (दुरितं) जो पाप अन्तःकरणमें होता है वह दूर होना चाहिये। परमेश्वर भी तभी दया करके बंधनसे मुक्त कर सकता है। अतः मुक्ति चाहनेवाले मनुष्यको चाहिये कि वह पापसे बचनेका यत्न करे।

इसके लिये ईश्वरकी भक्ति यह एकमात्र मुक्तिका श्रेष्ठ साधन है। "दिति" नाम बंधन का है, उससे मुक्त होनेका नाम 'अ-दिति की प्राप्ति' होना है। मुक्तिकी प्राप्ति ही यह है।

परमेश्वर (धृत-व्रतः) हमारे व्रतोंका निरीक्षक है। वह अपने नियमानुकूल रहता है और जो उसके नियमोंके अनुकूल चलता है, उसीपर वह दया करता है। और सीधे मार्गपर चलता है। जिससे निर्विघ्न रीतिसे मनुष्य मुक्तिको प्राप्त होता है।

व्रत धारण।

व्रत धारण करनेके विना मुक्ति नहीं होसकती, यह एक उपदेश इस सूक्तसे मिल करता है, क्यों कि (धृतव्रत) व्रत धारण करनेवाला ही यहां बंधमुक्त करनेका अधिकारी है ऐसा कहा है। व्रतधारण और व्रतपालनसे मनोबल और आत्मिक बल बढता है। जो लोग व्रत पालनेमें शिथिल रहते हैं वे उन्नतिको कदापि प्राप्त नहीं कर सकते। व्रत अनेक हैं, सत्य बोलना, सत्यके अनुसार आचरण करना, ब्रह्मचर्य पालन करना, पवित्रता धारण करना, इत्यादि अनेक व्रत हैं। इन सबकी यहां गिनती नहीं की जासकती। पाठक अपनी कर्तृत्वशक्तिका विचार करें और जो व्रत करना हो वह करनेका प्रारंभ करें। एकवार लिया हुआ व्रत पालन करनेमें शिथिल न बनें। इस प्रकार करनेसे व्रतपालनका सामर्थ्य आजायगा और क्रमसे उन्नति होगी।

राजाका कर्तव्य ।

[८४ (८९)]

(ऋषिः- भृगुः । देवता- १ जातवेदा अग्निः, २-३ इन्द्रः)

अनाधृष्यो जातवेदा अमर्त्यो विराडग्ने क्षत्रभृद् दीदिहीह ।
विश्वा अमीवाः प्रमुञ्चन् मानुषीभिः शिवाभिरद्य परि पाहि नो गयम् ॥ १ ॥
इन्द्र क्षत्रमभि वाममोजोजायथा वृषभ चर्षणीनाम् ।
अपानुदो जनममित्रायन्तमुरुं देवेभ्यो अकृणोरु लोकम् ॥ २ ॥

अर्थ— हे अग्ने ! तू (जात-वेदाः अनाधृष्यः) ज्ञान प्राप्त हुआ और अजिंक्य (अमर्त्यः विराट्) अमर, विशेष प्रकारका सम्राट् (क्षत्र-भृत् इह दीदिहि) क्षत्रियोंका भरण पोषण करनेवाला होकर यहां प्रकाशित हो । और (विश्वाः अमीवाः प्रमुञ्चन्) सब रोगोंको दूर करता हुआ (मानुषीभिः शिवाभिः) मनुष्योंके संबंधी कल्याणोंके साथ (अद्य नः गयं परि पाहि) आज हमारे घरकी रक्षा कर ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! (चर्षणीनां वृषभ) मनुष्योंमें श्रेष्ठ ! तू (वामं क्षत्रं ओजः अभि जायथाः) उत्तम क्षात्रबलके लिये प्रसिद्ध हुआ है । तू (अमित्रायन्तं जनं अप नुदः) शत्रुता करनेवाले मनुष्यको दूर कर । और (देवेभ्यः उरुं लोकं उ अकृणोः) दिव्य जनोंके लिये विस्तृत स्थान कर ॥ २ ॥

भावार्थ— तू ज्ञानी, अजेय, दीर्घायु, क्षात्रबलका पोषणकर्ता, विशेष श्रेष्ठ राजा होकर यहां प्रकाशित हो । अपने राज्यके सब रोग दूर कर और मनुष्योंके कल्याण करनेवाली बातें करके हमारे घरोंकी उत्तम रक्षा कर ॥ १ ॥

मनुष्योंमें श्रेष्ठ बन, उत्तम क्षात्र बलकी वृद्धि कर । शत्रुता करनेवालों को दूर कर, और जो श्रेष्ठ लोग हों उनके लिये विस्तृत कार्यक्षेत्र बना ॥ २ ॥

मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः परावत आ जगम्यात् परस्याः।
सृकं संशाय पविमिन्द्र तिग्मं वि शत्रून्ताढि वि मृधो नुदस्व ॥ ३ ॥

अर्थ-(गिरिस्थाः भीमः मृगः न) पर्वतपर रहनेवाले भयंकर सिंह, व्याघ्र आदि पशुके समान तू शत्रुके ऊपर (परस्याः परावतः आ जगम्यात्) दूरसे दूरके स्थानसे भी हमला करता है। हे इन्द्र! तू अपने (सृकं पविं संशाय) बाण और वज्रको तीक्ष्ण करके (शत्रून् विताढि) शत्रुओंको ताडन कर और (मृधः वि नुदस्व) हिंसक लोगोंको दूर हटा दे ॥ ३ ॥

भावार्थ- जिस प्रकार पहाडोंपर रहनेवाला व्याघ्र अपने शत्रुपर हमला करता है उस प्रकार तू अपने दूरके शत्रुपर भी चढाई कर। अपने शस्त्र तीक्ष्ण कर, शत्रुको खूब मार दे और हिंसकोंको दूर भगा दे ॥ ३ ॥

राजा क्या कार्य करे?

इस सूक्तमें अग्नि और इन्द्रके मिषसे राजाका कार्य बताया है। राजा अपने राष्ट्रमें क्या कार्य करे सो देखिये—

१ जातवेदाः - ज्ञान प्राप्त करे और अपने राष्ट्रमें ज्ञानका प्रसार करे।
२ अनाधृष्यः - राजा ऐसा सामर्थ्यवान् बने कि वह शत्रुका कैसा भी हमला आगया तो पराजित न होवे।
३ वि-राट्- विशेष प्रकारका श्रेष्ठ राजा बने।
४ क्षत्रभृत् - क्षत्रियोंका और क्षात्रगुणोंका भरणपोषण और संवर्धन करे।
५ अमर्त्यः अग्निः इह दीदिहि - अमर अग्निके समान इस राष्ट्रमें प्रकाशित होता रहे।
६ विश्वाः अमीवाः प्रमुञ्चन् - अपने राष्ट्रमें सब रोग दूर करे, राष्ट्रके सब लोग नीरोग हों ऐसा प्रबंध करे।
७ मानुषीभिः शिवाभिः - उत्तम कल्याणपूर्ण मनुष्योंसे युक्त होवे।
८ गयं परिपाहि - राष्ट्रके हरएक घरकी रक्षा करे।
९ चर्षणीनां वृषभः - राजा मनुष्योंमें श्रेष्ठ बने।
१० वामं क्षत्रं ओजः - उत्तम क्षात्रबलसे युक्त राजा होवे।
११ अभिदासन्तं जनं अपनुद - शत्रुता करनेवाले मनुष्यको अपने देशसे दूर करे।

१२ देवेभ्य उरुं लोकं अकृणोः= सज्जनोंके लिये विस्तृत स्थान बना देवे ।

१३ परस्याः परावतः आजगम्यात्=दूर दूरसे भी शत्रुके ऊपर प्रचण्ड हमला करे।

१४ स्रकं पविं संशाय=अपने शस्त्रास्त्र उत्तम प्रकार तीक्ष्ण करके तैयार रखे ।

१५ शत्रून् विताढि-शत्रुओंको विशेष ताडन करे ।

१६ मृधः विनुदस्व-हिंसक जनोंको अपने राष्ट्रसे दूर करे। राष्ट्रसे बाहर निकाल देवे।

इस प्रकार इस सूक्तसे बोध प्राप्त होता है । पाठक इसका विचार करें । इस सूक्तसे जैसे राजाके कर्तव्य कहे हैं, उसी प्रकार हरएक मनुष्य को भी आत्मरक्षा का उपदेश इसी सूक्तसे मिल सकता है ।

[८५ (९०)]

(ऋषिः—अथर्वा स्वस्त्ययनकामः । देवता-तार्क्ष्यः)

त्यमू षु वाजिनं देवजूतं सहोवानं तरुतारं रथानाम् ।
अरिष्टनेमिं पृतनाजिमाशुं स्वस्तये तार्क्ष्यमिहा हुवेम ॥ १ ॥

अर्थ— (त्यं वाजिनं) उस बलवान, (देवजूतं सहोवानं) दिव्य पुरुषोंद्वारा सेवित शक्तिवान् (रथानां तरुतारं) रथोंको शीघ्रगतिसे चलानेवाले, (अरिष्ट—नेमिं) सुदृढ हथियारवाले (पृतना-जिं) शत्रुसेनाका पराजय करनेवाले, (आशुं तार्क्ष्यं) शीघ्रकारी महारथीको (स्वस्तये आहुवेम) कल्याणके लिये यहां हम बुलाते हैं ॥ १ ॥

इस सूक्तमें भी तार्क्ष्य अर्थात् गरुडके मिषसे राजाके कर्तव्य बताये हैं—

१ वाजिनं=राजा बलवान्, अन्नवाला, धनधान्य का संग्रह करनेवाला हो ।

२ देवजूतं=देवों अर्थात् दिव्यजनोंके द्वारा सेवित अर्थात् जिसके पास, जिसके ओहदेदार, ज्ञानी और दक्ष दिव्य लोग होते हैं ।

३ सहोवानं=बलवान् राजा हो ।

४ रथानां तरुतारं=रथोंको शीघ्रगतिसे चलानेवाला राजा हो । अर्थात् राजाके पास शीघ्रगामी रथ हों ।

५ अ-रिष्ट-नेमिः – जिसके हथियार टूटे हुए न हों । अटूट शस्त्रास्त्रोंवाला राजा हो। अथवा (अरिष्ट-नेमि) अरिष्ट अर्थात् संकटोंको दबानेवाला राजा हो ।

६ पृतनाजिः – शत्रुसेनाको जीतनेवाला राजा हो ।

७ आशुं – शीघ्रकारी राजा हो, हाथमें लिया हुआ कार्य शीघ्रतासे करनेवाला राजा हो।

८ तार्क्ष्यः – 'तार्क्ष्य' का अर्थ 'रथ' है। रथ जिसके पास होते हैं उसका यह नाम है। राजा उत्तम रथी हो।

९ स्वस्तये – प्रजाजनोंका कल्याण करनेके लिये राजा प्रयत्न करे।

इस प्रकार इस सूक्तको इसके पूर्व सूक्तके साथ पाठक पढें और राजाके कर्तव्य जानें। ये शब्दभी हरएक मनुष्यको साधारण आत्मरक्षाका उपदेश दे रहे हैं, उसको ग्रहण करके मनुष्य उन्नत हों

[८६ (९१)]

(ऋषिः– अथर्वा स्वस्त्ययनकामः । देवता–इन्द्रः)

त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्रं हवेहवे सुहवं शूरमिन्द्रम् ।
हुवे नु शक्रं पुरुहूतमिन्द्रं स्वस्ति न इन्द्रो मघवान् कृणोतु ॥ १ ॥

अर्थ— मैं (त्रातारं इन्द्रं) रक्षक प्रभुको (अवितारं इन्द्रं) संरक्षक इन्द्रको, (हवेहवे सुहवं शूरं इन्द्रं) प्रत्येक कार्यमें, बुलाने योग्य उत्तम प्रकार बुलाने योग्य, शूर प्रभुको और (पुरुहूतं शक्रं इन्द्रं हुवे) बहुतों द्वारा प्रार्थित शक्तिवान् प्रभुको बुलाता हूं। वह (मघवान् इन्द्रः न स्वस्ति कृणोतु) ऐश्वर्यवान् प्रभु हमारा कल्याण करे ॥ १ ॥

यह मंत्र परमेश्वरका वर्णन करता हुआभी राजाके कर्तव्योंका उपदेश करता है—

१ त्राता, अविता – राजा प्रजाकी उत्तम रक्षा करे।

२ शूरः – राजा शूर हो, डरनेवाला न होवे।

३ शक्रः – राजा शक्तिमान हो, अशक्त न हो।

४ मघवान् – राजा अपने पास धनसंग्रह करे, राजा कभी धनहीन न बने।

५ स्वस्ति कृणोतु – राजा प्रजाका कल्याण करे।

इसप्रकार राजप्रकरणमें इस मंत्रसे बोध प्राप्त होता है।

व्यापक देव।

[८७ (९२)

(ऋषिः—अथर्वा। देवता—रुद्रः)

यो अ॒ग्नौ रु॒द्रो यो अ॒प्स्व॑१॒॑न्तर्य ओष॑धीर्वी॒रुध॑ आवि॒वेश॑।
य इ॒मा विश्वा॒ भुव॑नानि चाक्लृ॒पे तस्मै॑ रु॒द्राय॒ नमो॑ अस्त्व॒ग्नये॑ ॥१॥

अर्थ— (यः रुद्रः अग्नौ) जो वाणीका प्रवर्तक देव अग्निमें (यः अप्सु अन्तः) जो जलोंके अन्दर (यः ओषधीः वीरुधः आविवेश) जो औषधी और वनस्पतियोंमें प्रविष्ट हुआ है, (यः इमा विश्वा भुवनानि चाक्लृपे) जो इन सब भुवनोंको रचता है, (तस्मै अग्नये रुद्राय नमः अस्तु) उस अग्निसमान तेजस्वी, वाणीके प्रवर्तक देवको नमस्कार है ॥ १ ॥

(रुद्र=रुत्+र) रुत् अर्थात् वाणी किंवा शब्द इसका जो प्रवर्तक आत्मा है, वह सब स्थिर चर पदार्थोंमें व्याप्त है, वह जल, अग्नि, औषधि, वनस्पति, सब भुवन आदिमें है, वही सबका रचयिता है। उस तेजस्वी आत्मदेवको मेरा नमस्कार है।

सर्पविष।

[८८ (९३)]

(ऋषिः—गरुत्मान्। देवता—तक्षकः)

अपे॒ह्य॑रिर॒स्यरि॒र्वा अ॑सि।
वि॒षे वि॒षम॑पृक्था वि॒षमिद् वा अ॑पृक्थाः।
अहि॑मे॒वाभ्यपे॑हि॒ तं ज॑हि ॥ १ ॥

अर्थ-तू (अरिः वै असि) निश्चयसे शत्रु है। (अरिः असि) शत्रु ही है (अतः अप इहि) दूर चला जा। (विषे विषं अपृक्थाः) विषमें विष मिला दिया है। (विषं इत् वै अपृक्थाः) निःसंदेह विष मिला दिया है। अतः (अहिं एव अभि अप इहि) सांपके पास ही जा और (तं जहि) उसको मारो ॥ १ ॥

सर्पविष मनुष्यादि प्राणियोंका शत्रु है, अतः उसको मनुष्योंसे दूर रखना चाहिये। विषका उपचार विषसे ही होता है। सांपने काट लिया तो यदि वह मनुष्य उसी सांपको काटेगा, तो वह मनुष्य बच जाता है, परंतु मनुष्यमें इतना धैर्य चाहिये। इससे विषके साथ विष मिल जाता है अर्थात् सांप के विषके साथ मनुष्यके शरीर में आया विष मिलजाता है और वह मनुष्य बच जाता है। इस विषयमें अधिक खोज करना चाहिये और निश्चय करना चाहिये, यह बात कहांतक सत्य है।

वृष्टि जल।

[८९ (९४)]

(ऋषिः—सिन्धुद्वीपः। देवता—अग्निः)

अपो दिव्या अचायिषं रसेन समपृक्ष्महि।
पयस्वानग्न आगमं तं मा सं सृज वर्चसा ॥ १ ॥
सं माग्ने वर्चसा सृज सं प्रजया समायुषा।
विद्युर्मे अस्य देवा इन्द्रो विद्यात् सह ऋषिभिः ॥ २ ॥

अर्थ— (दिव्याः आपः सं अचायिषं) दिव्य जलका मैं संचय करता हूं और (रसेन सं अपृक्ष्महि) रसके साथ मिलाता हूं। हे (अग्ने अग्ने! (पयस्वान् आगमं) मैं दूध लेकर तेरे पास आगया हूं। (तं मा वर्चसा सं सृज (उस मुझको तेजके साथ युक्त कर ॥ १ ॥

हे अग्ने! (मा वर्चसा प्रजया आयुषा सं सृज) मुझे तेज, आयु और संतति से युक्त कर। (देवाः अस्य मे विधुः) देव यह मेरा हेतु जानें। तथा (ऋषिभिः सह इन्द्रः विद्यात्) ऋषियोंके साथ इन्द्र मुझे जाने ॥ २ ॥

भावार्थ- आकाशसे आनेवाला वृष्टिजल मैं संग्रहित करता हूं, उस में औषधिरस मिलाता हूं। इसके प्रयोगसे मैं तेजस्वी बनूंगा। इस प्रयोगमें मैं दूध तपा हुआ पीता हूं ॥ १ ॥

इससे मुझे तेजस्विता, दीर्घ आयु और उत्तम संतान होगी। यह देवों और ऋषियोंका बताया मार्ग है ॥ २ ॥

इदमा॑पः॒ प्र व॑हताव॒द्यं च॒ मलं॑ च॒ यत् ।
यच्चा॑भिदु॒द्रोहानृ॑तं॒ यच्च॑ शे॒पे अ॑भी॒रुण॑म् ॥ ३ ॥
एधो॑ऽस्येधिषी॒य स॒मिद॑सि॒ समे॑धिषीय ।
तेजो॑ऽसि॒ तेजो॒ मयि॑ धेहि ॥ ४ ॥

अर्थ-हे (आपः) जलो ! (इदं अवद्यं मल च यत्) यह जो कुछ मुझमें पाप और मल है (प्रवहत) बहा डालो । (यत् च अभिदुद्रोह) जो कुछ मैंने द्रोह किया था,(यत् च अनृतं) जो असत्य कहा हो, (यत् च अभीरुणं शेपे) और जो न डरते हुए शाप दिया हो, उसका सब दोष दूर करो ॥ ३ ॥

(एधः असि एधिषीय) तू बडा है, मैं बडा होऊं । (समित् असि समेधिषीय) तू प्रकाशमान है मैं प्रकाशित होऊं । (तेजः असि, तेजः मयि धेहि) तू तेजस्वी है मुझमें तेज स्थापन कर ॥ ४ ॥

भावार्थ-उक्त प्रयोगसे शरीरके मल दूर होंगे और मन की पाप वासना भी दूर होगी । शाप देना आदि भाव भी हटेंगे और मनुष्य निर्दोष और शुद्ध बनेगा ॥ ३ ॥

जो लोग बडे हैं, जो तेजस्वी हैं और जो वीर हैं उनको देखकर इतर लोगभी बडे तेजस्वी और शूर बनें ॥ ४ ॥

दीर्घायु बननेका उपाय ।

इस सूक्तमें दीर्घायु, तेजस्वी और सुप्रजावान् होनेका उपाय बताया है । पाठक इस-का विचार करें । उक्त लाभ प्राप्त करनेके लिये निर्दोष बनना चाहिये । मनुष्यमें शरीरके कुछ दोष होते हैं और मन बुद्धिके भी कुछ दोष होते हैं । ये दोष इस प्रकार इस सूक्तमें वर्णन किये हैं—

(१) अभिदुद्रोह, (२) अनृतं, (३) अभीरुणं शेपे ।
(४) अवद्यं मलं प्रवहत । (मं० ३)

" (१) दूसरेका घात पात करना, कपट प्रयोग करना, (२) असत्य भाषण करना, (३) निडरतासे गालियां देना, (४) इत्यादि जो मनके हीन भाव हैं और जो शारीरिक दोष हैं ।" इनको दूर करना चाहिये । इनमें कुछ दोष मनके हैं, कुछ वाणीके हैं, कुछ शरीरके हैं और कुछ इतर प्रकारके हैं । ये सब दूर होने चाहिये सब

मनुष्यको दीर्घ आयु, तेजस्विता और उत्तम संतति प्राप्त होगी।

दूसरेका द्रोह करना और गालियां देना आदि जो क्रोधके दोष हैं वे बहुत खराब हैं। क्रोधके कारण मनुष्यके खूनसे जीवन सत्त्वका नाश होता है, और जीवन सत्व नष्ट होनेसे मनुष्यकी आयु घटती है, वीर्य दूषित होनेसे संतति कमजोर होती है और अनेक प्रकारकी हानि होती है। अतः ये दोष दूर होने चाहियें।

मनुष्यका यकृत बिगडनेसे मनुष्य क्रोधी, द्रोही, अविचारी, असत्यभाषणी आदि होता है, इसी कारण अन्य दोषभी होते हैं। शरीरमें नसनाडीमें मलसंचय बढनेसे शारीरिक रोग होते हैं, और इस प्रकार मनुष्यके दुःख बढते जाते हैं। शरीर और मन निर्दोष होनेसे ही इसकी निवृत्ती हो सकती है। इसके लिये दिव्यजल का सेवन करना एक महत्त्वपूर्ण उपाय है।

दिव्यजल सेवन।

दिव्यजल वह है कि जो मेघोंसे वृष्टिसे प्राप्त होता है; यहां शुंडा यंत्रद्वारा भांपका बना जल भी वैसाही काम देसकता है। वृष्टीका जल घरमें शुद्ध पात्रोंमें संग्रहीत करना चाहिये। इस प्रकार संग्रह किया हुआ और बंद पात्रमें रखा हुआ जल एक वर्षतक उत्तम प्रकार रहता है और बिगडता नहीं। यही जल पीनेसे शरीर शुद्ध होता है। उपवास करके यदि यह ही विपुल प्रमाणमें पीया जाय, तथा बस्ति आदिके लिये यही बर्ताजाय तो शरीर की आन्तरिक शुद्धता उत्तम रीतिसे होती है! यकृत् भी शुद्ध होता है, आतोंके दोष दूर होते हैं और अन्यान्य मल हट जाते हैं। प्रायः इस प्रयोगसे सब रोग दूर होजाते हैं और मनुष्य तेजस्वी, सुदृढ और वीर्यवान् हो जाता है।

यहां पाठक ' दिव्य जल ' से उत्तम जल इतनाही भाव न लें। द्युलोकसे आया हुआ जल ऐसा अर्थ समझें, ऊपर से द्युलोक की ओरसे आया जल वृष्टिजल ही होता है और वही यहां अपेक्षित है। इस जलमें और (रसेन अपृणाक्षि) विविध औषधियों के रस मिलाये जांयगे तो लाभ विशेष होगा. इसमें कोई संदेह नहीं है। जो दोषोंको धोती हैं उनको ही ओषधी कहते हैं, अतः औषधीयोंके रस योग्य प्रमाणमें इसमें मिलानेसे बहुत लाभ होना संभव है। कौनसे औषधियोंके रस मिलाने, यह विचार दोषों और रोगोंके अनुसंधानसे निश्चय निश्चय करना योग्य है। रोगी मनुष्य जिस जिस दोषसे पीडित होगा, उसके निवारण के लिये उपयोगी औषधियोंके रस उस जलमें मिलाने होंगे। यह विचार साधारण मनुष्य नहीं कर सकता। उत्तम वैद्यही इस

विषयका विचार करके निश्चय कर सकता है। अतः इस विवरणके संबंध में इतना कथन पर्याप्त है।

यह वृष्टिजल शरीरका मल दूर करता है, मनके भाव शरीरशुद्धीसे ही पवित्र होते हैं, इस प्रकार वह मनुष्य पवित्र और शुद्ध होता है और तेजस्वी, वर्चस्वी, ओजस्वी और सुपुत्रवाला होता है।

दुष्टका निवारण।

[९० (९५)]

(ऋषिः-अंगिराः। देवता-मन्त्रोक्ताः)

अपिं वृश्च पुराणवद् व्रततेरिव गुष्पितम् ।
ओजो दासस्य दम्भय ॥ १ ॥
वयं तदस्य सम्भृतं वस्विन्द्रेण वि भजामहै ।
म्लापयामि भ्रजः शिभ्रं वरुणस्य व्रतेन ते ॥ २ ॥
यथा शेपो अपायातै स्त्रीषु चासदनावयाः ।
अवस्थस्य क्रदीवतः शाङ्कुरस्य नितोदिनः ।
यदाततमव तत्तनु यदुत्ततं नि तत्तनु ॥ ३ ॥

॥ इति अष्टमोऽनुवाकः ॥

अर्थ— (व्रततेः पुराणवत गुष्पितं इव) लताओंकी पुरानी सूखी लकडियोंके समान (दासस्य ओजः अपिवृश्च दम्भय) हिंसकके बलको काटो और दबाओ ॥ १ ॥

(वयं अस्य तत् संभृतं वसु) हम इसके उस एकत्रित धनको (इन्द्रेण विभजामहै) प्रभुके साथ बांट देते हैं। तथा (वरुणस्य व्रतेन) वरुण देवके व्रतके साथ (ते भ्रजः शिभ्रं म्लापयामि) तेरे तेजके घमंडको मिटा देते हैं ॥ २ ॥

(अवस्थस्य क्रादीवतः) नीच गाली देनेवाले, (शांकुरस्य नितोदिनः) कंटक जैसे व्यवहार करनेवाले और पीडा देनेवाले दुष्ट मनुष्य का (यत् आततं) जो फैला हुआ दुष्कृत्य है, (तत् अव तनु) मिट जावे, (यत्

उत्ततं तत् नितनु) जो ऊपर उठा हो वह नीचा हो जावे। (यथा शेपः स्त्रीषु अपायाति) जिस रीतिसे इनका दुष्कर्म स्त्रियोंके विषयमें न होवे उस प्रकार उनतक ये दुष्ट (अनावयाः असत्) न पहुंचनेवाले हों ॥ ३ ॥

भावार्थ—हे ईश्वर! दुष्ट और उपद्रव देनेवाले मनुष्य का बल घटा दो॥१॥ दुष्ट मनुष्यका धन लेकर ईश्वरके शुभ कर्ममें लगा दो ॥ २ ॥ पीडा देनेवाले दुष्ट मनुष्य स्त्रियोंको कभी कष्ट न दें ऐसा प्रबंध करो॥३॥

यह सूक्त स्पष्ट है अतः इसका विशेष विवरण करनेकी आवश्यकता नहीं। दुष्टोंके आक्रमणसे स्त्रियोंका बचाव करना चाहिये। स्त्रियोंके पास भी कोई दुष्ट मनुष्य न पहुंच सके।

राजाका कर्तव्य।

[९१ (९६)]

(ऋषिः— अथर्वा। देवता-चन्द्रमाः)

इन्द्रः सुत्रामा स्ववाँ अवोभिः सुमृडीको भवतु विश्ववेदाः ।
बाधतां द्वेषो अभयं नः कृणोतु सुवीर्यस्य पतयः स्याम ॥ १ ॥

अर्थ— (सुत्रामा स्ववान्) उत्तम रक्षक आत्मविश्वाससे युक्त (विश्व-वेदाः इन्द्रः अवोभिः सुमृडीकः भवतु) सब धनोंसे युक्त प्रभु अपनी रक्षाओंसे उत्तम सुखकारी होवे। (द्वेषः बाधतां) शत्रुओंका प्रतिबंध करे (नः अभयं कृणोतु) हमारे लिये निर्भयता करे। (सुवीर्यस्य पतयः स्याम) हम उत्तम बलके स्वामी बनें ॥ १ ॥

भावार्थ— राजा उत्तम रक्षक, अपने सामर्थ्यपर विश्वास रखनेवाला, धनवान्, प्रजाकी रक्षा करके उनको सुख देनेवाला होवे। शत्रुओंको दूर करे और उनको रोक रखे। प्रजाको अभय देवे और प्रजाको धनसंपन्न करे ॥ १ ॥

यहां इन्द्रके वर्णनके मिषसे राजाके गुण वर्णन किये हैं। इसी प्रकार आगेका मंत्र भी इसी विषयका है—

[९२ (९७)]

(ऋषिः- अथर्वा । देवता-चन्द्रमाः)

स सुत्रामा स्ववाँ इन्द्रो अस्मदाराच्चिद् द्वेषः सनुतर्युयोतु ।
तस्य वयं सुमतौ यज्ञियस्यापि भद्रे सौमनसे स्याम ॥ १ ॥

अर्थ— (सः सु-त्रामा स्ववान् इन्द्रः) वह उत्तम रक्षक आत्मशक्तिका विश्वासी प्रभु (द्वेषः) शत्रुओंको (अस्मत् आरात् चित् सनुतः युयोत) हमारे पाससे निश्चयपूर्वक दूर करे । (वयं तस्य यज्ञियस्य सुमतौ स्याम) हम उस पूजनीयकी सुमतिमें रहें । (अपि सौमनसे स्याम) और उसके उत्तम मनोभावमें रहें ॥ १ ॥

भावार्थ— वह उत्तम रक्षक आत्मबलसे युक्त राजा शत्रुओंको प्रजाजनोंसे दूर करे । प्रजाभी उस पूजनीय राजाके विषयमें उत्तम बुद्धि धारण करे और वह भी उनके विषयमें शुभमति धारण करें ॥ १ ॥

राजा प्रजाकी रक्षा करे, प्रजाभी राजनिष्ठ रहे और दोनों एक दूसरेके विषयमें सुबुद्धी धारण करें । यह सूक्त भी प्रभुका वर्णन करते हुए राजाके गुण बता रहा है ।

[९३ (९८)

(ऋषिः-भृग्वङ्गिराः देवता—इन्द्रः)

इन्द्रेण मन्युना वयमभि ष्याम पृतन्यतः ।
घ्नन्तो वृत्राण्यप्रति ॥ १ ॥

अर्थ— (मन्युना इन्द्रेण वयं) उत्साहयुक्त इन्द्रके साथ रहकर हम सब (वृत्राणि अप्रति घ्नन्तः) शत्रुओंको निरुपमेय रीतिसे मारते हुए (पृतन्यतः अभि-स्याम) सेना लेकर चढाई करनेवालोंको जीत लें ॥ १ ॥

इस सूक्त में इन्द्रके वर्णन के मिषसे राजाका वर्णन पूर्ववत् ही है । उत्साही वीर राजाके आधिपत्यमें रहनेवाले प्रजाजन (वृत्र) आवरक शत्रुका नाश करने में समर्थ होते है और सैन्यके साथ चढाई करनेवाले वैरीका भी पराजय करनेमें समर्थ होते हैं ।

स्वावलंबनी प्रजा।

[९४ (९९)]

(ऋषिः—अथर्वा। देवता—सोमः)

ध्रुवं ध्रुवेण हविषाव सोमं नयामसि।
यथा न इन्द्रः केवलीर्विशः संमनसस्करत् ॥ १ ॥

अर्थ—(ध्रुवेण हविषा) स्थिर हविसे (ध्रुवं सोमं अव नयामसि) स्थिर सोमको प्राप्त करते हैं। (यथा इन्द्रः) जिससे इन्द्र (नः विशः केवलीः संमनसः करत्) हमारी प्रजाएं दूसरेके ऊपर अवलंबन न करनेवाली और उत्तम मनवाली करे ॥ १ ॥

स्थिर कर प्रदान करनेसे राजा स्थिर रहता है और वह अपनी प्रजाको (केवलीः) स्वतंत्र, स्वावलंबनी अर्थात् दूसरे पर अवलंबन न करनेवाली और (सं-मनसः) उत्तम मनवाली, करता है। केवल अपनी ही शक्तिसे रहनेवाली, दूसरेकी शक्तिकी सहायता न लेनेवाली जो प्रजा होती है उसका नाम वेदमें 'केवली प्रजा' है। यह शब्द प्रजाकी श्रेष्ठतम उन्नतिका सूचक है। जिस राष्ट्रकी प्रजा केवल अपनी शक्तिसे ही रहती है और किसी प्रकार दूसरेपर निर्भर नहीं होती वह राष्ट्र पूर्ण हुआ है ऐसा मानना युक्त है।

हृदयके दो गीध।

[९५ (१००)]

(ऋषिः— कपिञ्जलः। देवता—गृध्रौ)

उदस्य श्यावौ विथुरौ गृध्रौ द्यामिव पेततुः।
उच्छोचनप्रशोचनावस्योच्छोचनौ हृदः ॥ १ ॥

अर्थ— (अस्य विथुरौ गृध्रौ) इसकी व्यथा बढानेवाले दो गीध (श्यावौ गृध्रौ इव) श्यामरंगवाले गीधोंके समान (द्यां उत् पेततुः) आकाशमें उडते हैं। ये (उच्छोचनप्रशोचनौ) शोक बढानेवाले और सुखानेवाले हैं। ये (अस्य हृदः उच्छोचनौ) इसके हृदयको सुखानेवाले हैं।

भावार्थ—काम और लोभ ये दो गीध के समान दो भाव मनुष्यमें रहते हैं। ये पीडा बढानेवाले हैं। ये दोनों शोक बढानेवाले और सुखानेवाले हैं। ये हृदयको भी सुखाते हैं ॥ १ ॥

अहमेनावुदतिष्ठिपं गावौ श्रान्तसदाविव ।
कुर्कुराविव कूजन्तावुदवन्तौ वृकाविव ॥ २ ॥
आतोदिनौ नितोदिनावथो संतोदिनावुत ।
अपि नह्याम्यस्य मेढ्रं य इतः स्त्री पुमान् जभार ॥ ३ ॥

अर्थ— (श्रान्तसदौ गावौ इव) थके हुए गौओं या बैलोंके समान (कूजन्तौ कुर्कुरौ इव) चिल्लानेवाले कुत्तोंके समान, (उत्-अवन्तौ वृकौ इव) हमला करनेवाले भेडियोंके समान (अहं एनौ उत् अति ष्ठिपं) मैं इन दोनोंको उलांघता हूं ॥ २ ॥

(आतोदिनौ नितोदिनौ) पीडा देनेवाले और व्यथा करनेवाले (अथो उत संतोदिनौ) और दुःख देनेवाले उन दोनोंको (अपि नह्यामि) मैं बांधदेता हूं । (यः पुमान्) जो पुरुष या (स्त्री) स्त्री (इतः मेढ्रं जभार) यहांसे प्रजननसामर्थ्य धारण करते हैं, उसका भी संयम करता हूं ॥३॥

भावार्थ--बैलों कुत्तों या भेडियोंके समान मैं इन दोनों भावोंको उलांघकर परे जाता हूं अर्थात इनको काबूमें रखता हूं ॥ २ ॥

स्त्री या पुरुष इनके इंद्रियोंका इसमें संबंध है अतः इन पीडा देनेवाले दोनों भावोंको मैं बंधनमें रखता हूं ॥ ३ ॥

स्त्रीपुरुषविषयक काम और लोभ ये मनुष्यके अन्तःकरणको सुखानेवाले, पीडा और कष्ट देनेवाले हैं । ये गीधके समान मनुष्यके अन्तःकरणपर हमला करते हैं। अतः इनको बंधनमें-प्रतिबंधमें-रखना चाहिये । अर्थात् इन वृत्तियोंका संयम करना चाहिये । संयम करनेसे ही मनुष्य सुखी होता है ।

दोनों मूत्राशय ।

[९६ (१०१)]

(ऋषिः-कपिञ्जलः । देवता-वयः)

असदन् गावः सदनेऽपप्तद् वसतिं वयः ।
आस्थाने पर्वता अस्थुः स्थाम्नि वृक्कावतिष्ठिपम् ॥ १ ॥

अर्थ—(गावः सदने असदन्) गौवें गोशालामें बैठती हैं,(वयः वसतिं अपप्तत्) पक्षी घोसलेमें जाते हैं, (पर्वताः आस्थाने अस्थुः) पर्वत

अपने स्थानमें स्थिर हैं, उसी प्रकार (स्थाम्नि वृक्कौ अनिष्ठिपं) सुदृढ स्थानपर दोनों मूत्राशयोंको स्थिर करता हूं ॥ १ ॥

शरीरमें दोनों ओर दो मूत्राशय हैं, वे सुदृढ स्थानपर हैं। उनको उत्तम अवस्थामें रखनेसे शरीरका स्वास्थ्य ठीक रहता है। ये ही दो अवयव शरीरका विष दूर करते हैं अतः इनको ठीक अवस्थामें रखना हरएक मनुष्य का कार्य है। इंद्रियसंयमसे ही ये दोनों ठीक अवस्थामें रहते हैं और अपना कार्य करनेमें समर्थ होते हैं।

यज्ञ।

[९७ (१०२)] (ऋषिः- अथर्वा । देवता-इन्द्राग्नी)

यद॒द्य त्वा॑ प्रय॒ति य॒ज्ञे अ॒स्मिन् होत॑श्चिकित्व॒न्नवृ॑णीमही॒ह ।
ध्रु॒वम॑यो ध्रु॒वमु॒ता श॑विष्ठ प्रवि॒द्वान् य॒ज्ञमुप॑ याहि॒ सोम॑म् ॥ १ ॥
समि॑न्द्र नो॒ मन॑सा नेष॒ गोभिः॒ सं सू॒रिभि॑र्हरिव॒न्त्सं स्व॒स्त्या ।
सं ब्रह्म॑णा दे॒वहि॑तं॒ यदस्ति॒ सं दे॒वानां॑ सुम॒तौ य॒ज्ञिया॑नाम् ॥ २ ॥

अर्थ-हे (चिकित्वन् होतः) ज्ञानी हवनकर्ता! (यत् अद्य इह) जो आज यहां (अस्मिन् प्रयति यज्ञे) इस प्रयत्नपूर्वक करने योग्य यज्ञमें हम (त्वा अवृणीमहि) तुझको स्वीकारते हैं। हे (शविष्ठ) बलिष्ठ! तू (ध्रुवं अयः) स्थिरतासे आओ (उत ध्रुवं यज्ञं प्रविद्वान्) और स्थिरयज्ञ को जाननेवाला तू (सोमं उप याहि) सोमको पास जाओ ॥ १ ॥

हे (हरिवन् इन्द्र) किरणयुक्त तेजस्वी प्रभो! (नः मनसा गोभिः सं) हमें मनसे गौओंसे युक्त कर, (सूरिभिः सं) विद्वानोंसे युक्त कर, (स्वस्त्या सं) कल्याणसे युक्त कर और (नेष) ले चल। (यत् देवहित अस्ति) जो देवोंका हितकारी है उस (ब्रह्मणा सं) ज्ञानसे युक्त कर तथा (यज्ञियानां देवानां सुमतौ सं) पूजनीय देवोंकी उत्तम मतिमें हमें ले चल ॥ २ ॥

भावार्थ— हे ज्ञानी होता गण! तुम्हारा वरण मैंने इस यज्ञमें किया है, यह यज्ञ उत्तम विधिपूर्वक करो। स्थिरचित्तसे रहो और शान्तिसे यज्ञ समाप्त करो ॥ १ ॥

हे देव! हमें गौवें दो, ज्ञानियोंकी संगति दो, हमारा सब प्रकार हित करो, जो हितकारी ज्ञान है वह मुझे दो, सब सज्जनोंका मन मेरे विषयमें उत्तम होवे ॥ २ ॥

यानावह उशतो देव देवांस्तान् प्रेरय स्वे अग्ने सधस्थे।
जक्षिवांसः पपिवांसो मधून्यस्मै धत्त वसवो वसूनि ॥ ३ ॥

सुगा वो देवाः सदना अकर्म य आजग्म सवने मा जुषाणाः।
वहमाना भरमाणाः स्वा वसूनि वसुं घर्मं दिवमा रोहतानु ॥ ४ ॥

यज्ञ यज्ञं गच्छ यज्ञपतिं गच्छ।
स्वां योनिं गच्छ स्वाहा ॥ ५ ॥

अर्थ— हे देव अग्ने! (यान् उशतः देवान्) जिन अभिलाषा करनेवाले देवोंको (आ अवहः) यहां ले आया था (तान् स्वे सधस्थे प्रेरय) उनको अपने संघ स्थानमें प्रेरित कर। हे (वसवः) वसुदेवो! (जक्षिवांसः) अन्न खाते हुए और मधूनि पपिवांसः मधुर रस पीते हुए हमारे लिये (वसूनि धत्त) धनोंको प्रदान करो ॥ ३ ॥

हे (देवाः) देवो! (वः सु—गा सदना अकर्म) तुम्हारे लिये उत्तम जाने योग्य घर बनाते हैं। (सवने मा जुषाणाः आजग्म) यज्ञमें मेरे दानका स्वीकार करते हुए आप आये अब (स्वा वसूनि वहमानाः वसुं भरमाणाः) अपने धनोंको धारण करते हुए और हमारे लिये धनका धारण करनेवाले तुम सब (घर्मं दिवं अनु आरोहत) प्रकाशमान द्युलोकके ऊपर चढो ॥ ४ ॥

हे यज्ञ! तू (यज्ञं गच्छ) यज्ञस्थानके प्रति प्राप्त हो, (यज्ञपतिं गच्छ) यजमानको प्राप्त हो। (स्वां योनिं गच्छ) अपने आश्रयस्थानको प्राप्त हो, (स्वा-हा) स्वकीय वस्तुका त्याग ही यज्ञ है ॥ ५ ॥

भावार्थ— अग्नि इस यज्ञमें सब देवोंको लाता और वापस पहुंचाता है। सब देव यहां आवें, अन्न खावें, सोमरस पीयें और हमें धन देवें ॥ ३ ॥

हे देवो! यह यज्ञ मानो तुम्हारा घरही बना है। इस सोमाभिषवमें आओ, साथ धन लेते आओ, वह धन हमें अर्पण करो और यज्ञसमाप्तिके बाद स्वर्गमें अपने स्थानमें जाइयेगा ॥ ४ ॥

यज्ञ यज्ञस्थानमें और यजमानके पासही होता है। जिन साधनोंसे बनता है उनमें रहता है, स्वार्थका त्याग करना ही यज्ञ है ॥ ५ ॥

एष ते यज्ञो यज्ञपते सहसूक्तवाकः।
सुवीर्यः स्वाहा ॥ ६ ॥
वषड् हुतेभ्यो वषडहुतेभ्यः।
देवा गातुविदो गातुं वित्त्वा गातुमित ॥ ७ ॥
मनसस्पत इमं नो दिवि देवेषु यज्ञम्।
स्वाहा दिवि स्वाहा पृथिव्यां स्वाहान्तरिक्षे स्वाहा वाते धां स्वाहा ॥८॥

अर्थ- हे (यज्ञपते) यज्ञकर्ता यजमान ! (एषः ते यज्ञः) यह तेरा यज्ञ (सह-सूक्त-वाकः) उत्तम सूक्त वचनोंके साथ हुआ, अतः (सुवीर्यः) यह वीर्यवान् हुआ है, (स्वा-हा) स्वकीय अर्थका त्याग ही यज्ञ है ॥ ६ ॥

(हुतेभ्यः वषट्) हवन करनेवालोंको अर्पण और (अहुतेभ्यः वषट्) हवन न करनेवालोंके लियेभी अर्पण है। हे (देवाः) देवो ! आप लोग (गातुविदः) मार्गोंको जाननेवाले हैं, (गातुं वित्त्वा गातुं इत) मार्गको जानकर मार्गसे ही जाओ ॥ ७ ॥

हे (मनसः-पते) मनके स्वामी ! (नः इमं यज्ञं दिवि देवेषु) हमारे इस यज्ञको द्युलोकमें देवोंके मध्यमें (धां) धारण करते हैं। (दिवि स्वा-हा) द्युलोकमें हमारा समर्पण, (पृथिव्यां स्वाहा) पृथिवीमें हमारा यह समर्पण पहुंचे, और (अन्तरिक्षे स्वाहा) अन्तरिक्षमें तथा (वाते स्वाहा) वायुमें अथवा प्राणमें हमारा समर्पण पहुंचे ॥ ८ ॥

भावार्थ- सूक्त और मंत्रकथन पूर्वक जो यज्ञ होता है वही वीर्यवान होता है। स्वार्थत्याग ही यज्ञ है ॥ ६ ॥

समर्पण तो सबके लिये करना चाहिये। चाहे वे यज्ञ करनेवाले हों या न हो। मार्ग जाननेके पश्चात् उसी मार्गसे जाना उत्तम है ॥ ७ ॥

हे मनपर अधिकार रखनेवाले यजमान ! जो यज्ञ तुम करोगे वह देवोंके लिये समर्पण करो, उसका समर्पण पृथ्वी, अन्तरिक्ष, और द्युलोक में स्थित सबके लिये होवे ॥ ८ ॥

यह सूक्त यज्ञका महत्त्व वर्णन करता है। पाठक इस भावार्थका मनन करें। इससे इस सूक्तका आशय उनके समझमें आसकता है।

[९८ (१०३)]

(ऋषिः— अथर्वा । देवता—मंत्रोक्ता)

सं बर्हिरक्तं हविषा घृतेन समिन्द्रेण वसुना सं मरुद्भिः ।
सं देवैर्विश्वदेवेभिरक्तमिन्द्रं गच्छतु हविः स्वाहा ॥ १ ॥

अर्थ—(घृतेन हविषा बर्हिः सं अक्तं) घी और हवन सामग्रीसे आहुती भरपूर हो, (इन्द्रेण, वसुना, मरुद्भिः सं अक्तं) इन्द्र, वसु, मरुत् इन देवोंके साथ (विश्वदेवेभिः देवैः सं) सब अन्य देवोंके साथ भरपूर हो। (हविः इन्द्रं गच्छतु) यह हवन सब देवोंके मुख्य प्रभुको पहुंचे। (स्वा—हा) यह आत्मसमर्पण ही है ॥ १ ॥

इस सूक्तका संबंध पूर्वसूक्तके साथ है। हवनसामग्री, घी आदि पदार्थ पूर्ण रीतिसे यथाविधि यज्ञमें समर्पण किये जावें। यह सब यज्ञ परमेश्वरको समर्पण हो ऐसी बुद्धीसे अर्थात् ईश्वरार्पणबुद्धिसे किया जावे। स्वार्थत्याग – अपनी वस्तुका समर्पण – करनेसे ही यज्ञ सिद्ध होता है।

[९९ (१०४)]

(ऋषिः-अथर्वा । देवता—मंत्रोक्ता)

परि स्तृणीहि परि धेहि वेदिं मा जामिं मोषीरमुया शयानाम् ।
होतृषदनं हरितं हिरण्ययं निष्का एते यजमानस्य लोके ॥ १ ॥

अर्थ—(वेदिं परिस्तृणीहि) वेदीके चारों ओर अच्छी प्रकार आच्छादित कर और (परि धेहि) उनका धारण कर। (अमुया शयानां जामिं मा मोषीः) इस यज्ञभूमिमें सोनेवाली इस हमारी बहिन अर्थात् यजमानकी धर्मपत्नीके साथ कपट मत कर। (होतृ - सदनं हरितं हिरणमयं) यह हवनकर्ताका घर हरियावल से युक्त और उत्तमवर्ण युक्त है। (यजमानस्य लोके एते निष्काः) यजमानके स्थानपर ये सिक्के, सुनहरी मोहरें, या आभूषण हैं ॥ १ ॥

वेदीके चारों और अत्यंत स्वच्छता रखनी चाहिये और सदा वह स्थिर रखनी चाहिये। किसी स्त्रीके साथ कपट या बुरा बर्ताव नहीं करना चाहिये। घरके साथ हरियावल युक्त उद्यान करके उसको उत्तम अवस्थामें रखना चाहिये। घरको उत्तम स्वच्छ अवस्थामें रखना चाहिये। येही गृहस्थीके भूषण हैं।

दुष्ट स्वप्न न आनेके लिये उपाय।

[१०० (१०५)]

(ऋषिः—यमः । देवता—दुःस्वप्ननाशनः)

पर्यावर्ते दुष्वप्न्यात् पापात् स्वप्न्यादभूत्याः ।
ब्रह्माहमन्तरं कृण्वे परा स्वप्नमुखाः शुचः ॥ १ ॥

अर्थ— मैं (पापात् दुष्वप्न्यात् पर्यावर्ते) पापसे दुष्टस्वप्नसे पीछे हटता हूं। (अभूत्याः स्वप्न्यात्) अवनतिकारक स्वप्नसे पीछे रहता हूं। (अहं अन्तरं ब्रह्म कृण्वे) मैं बीचमें ज्ञानको रखता हूं। (स्वप्नमुखाः शुचः परा) मैं दुःस्वप्न आदि शोकजनक बातोंको दूर करता हूं॥ १॥

पापसे दुष्ट स्वप्न, शारीरिक अवनति, तथा शोकमय स्वभाव बनता है। पाप शारीरिक, इंद्रियविषयक, मानसिक, वाचिक, और बौद्धिक मलोंसे होता है अथवा पापसे इनमें मलिनता होती है। अतः पूर्वोक्त प्रकार इन स्थानोंके मल दूर करने चाहिये, जिससे पाप कम होनेसे दुष्ट स्वप्न आना दूर होगा। शरीरादिकी शुद्धि करनेके उपाय इससे पूर्व कहे गये हैं। आत्मा और पापके बीचमें (ब्रह्म) अर्थात् ज्ञान किंवा परमेश्वरका भजन रखना चाहिये। इससे निःसंदेह पाप दूर होगा। मनकी शान्ति प्राप्त होकर बुरे स्वप्न कदापि नहीं आयेंगे।

[१०१ (१०६)]

(ऋषिः—यमः । देवता—स्वप्ननाशनः)

यत् स्वप्ने अन्नमश्नामि न प्रातरधिगम्यते ।
सर्वं तदस्तु मे शिवं नहि तद् दृश्यते दिवा ॥ १ ॥

अर्थ— (यत् स्वप्ने अन्नं अश्नामि) जो स्वप्नमें मैं अन्न खाता हूं वह (प्रातः न अधिगम्यते) सबेरे नहीं प्राप्त होता है। (तत् सर्वं मे शिवं अस्तु) वह सब मेरे लिये शुभ होवे। (तत् दिवा नहि दृश्यते) वह दिनके समय नहीं दीखता है॥ १॥

स्वप्नमें [illegible] जो दृश्य दीखता है, वह [illegible] या दिनमें नहीं दिखाई देता [illegible] वह केवल मनकी [illegible] कारण दीखता है [illegible] इसलिये उसका ज्ञानपूर्वक [illegible] करना चाहिये। [illegible]

उच्च बनकर रहना ।

[१०२ (१०७)]

(ऋषिः—प्रजापतिः । देवता—मंत्रोक्ता नानादेवताः)

नमस्कृत्य द्यावापृथिवीभ्यामन्तरिक्षाय मृत्यवे ।
मेक्षाम्यूर्ध्वस्तिष्ठन् मा मा हिंसिषुरीश्वराः ॥ १ ॥

इति नवमोऽनुवाकः ॥

अर्थ- (द्यावापृथिवीभ्यां) द्युलोक और पृथ्वीलोक को तथा (अन्तरिक्षाय मृत्यवे नमस्कृत्य) अन्तरिक्ष और मृत्युको नमस्कार करके (ऊर्ध्वः तिष्ठन् मेक्षामि=मेषामि=मिषामि) ऊंचा खडा होकर निरीक्षण करता हूं। अतः (ईश्वराः मा मा हिंसिषुः) स्वामी - अधिकारी - मेरा नाश न करें ॥ १ ॥

द्युलोक, अन्तरिक्षलोक और भूलोक इनमें रहनेवाले आप्त पुरुषोंको और मृत्युको नमस्कार करके अपनी धर्ममर्यादा के अनुसार मैं रहता हूं। उच्च बनकर, उच्च स्थानमें रहता हुआ, उच्च विचार करता हुआ, उच्च लोगोंके साथ संबंध जोडता हुआ, आंखें खोल कर जगत्का निरीक्षण करता हूं। और योग्य आचरण करता हूं। अतः इस विश्वके अधिकारी मेरी हिंसा न करें, मेरा घातपात न करें।

उद्धारक क्षत्रिय ।

[१०३ (१०८)]

(ऋषिः—ब्रह्मा । देवता—आत्मा)

को अस्या नो द्रुहोऽवद्यवत्या उन्नेष्यति क्षत्रियो वस्य इच्छन् ।
को यज्ञकामः क उ पूर्तिकामः को देवेषु वनुते दीर्घमायुः ॥ १ ॥

अर्थ— (कः=प्रजापतिः क्षत्रियः वस्य इच्छन्) प्रजापालक क्षत्रिय प्रजाका धन बढानेकी इच्छा धारता हुआ (अस्याः अवद्यवत्याः द्रुहः नः उन्नेष्यति) परस्परके द्रोहरूप इस निंदनीय दुर्गतिसे हमें ऊपर उठावेगा; (कः=प्रजापतिः यज्ञकामः) प्रजापालनरूप यज्ञकर्ता, (क उ पूर्तिकामः)

और वही प्रजापालक हमारी पूर्णता करनेवाला है। (देवेषु कः दीर्घं आयुः वनुते) देवोंके अन्दर प्रजापालकही दीर्घ आयु देता है ॥ १ ॥

इस सूक्तमें उद्धार करनेवाले क्षत्रियके गुण वर्णन किये हैं, अतः इसका विशेष विचार करना योग्य है-

१ कः क्षत्रियः=(कः=प्रजापतिः=प्रजापालकः। क्षत्रियः क्षतात् त्रायते) दुःखोंसे जो प्रजाजनोंका संरक्षण करता है उसको प्रजापालक क्षत्रिय कहते हैं। प्रजारक्षण यह एक क्षत्रियका मुख्य गुण है। 'कः' शब्दका अर्थ प्रजापालक है, यही राजा है।

२ वस्य इच्छन्= (वसु इच्छन्) धन की इच्छा करनेवाला प्रजाजनोंका ऐश्वर्य बढानेकी इच्छा करनेवाला क्षत्रिय हो।

३ अस्याः अवद्यवत्याः द्रुहः नः उन्नेष्यति-इस निंदनीय आपसी कलह और पारस्परिक द्रोह करनेकी अवस्थासे हम प्रजाजनोंका उद्धार करनेवाला क्षत्रिय हो। क्षत्रियका यही कर्तव्य है कि, वह प्रजाजनोंको ऐसी शिक्षा देवे कि, वे आपसमें कलह करना छोड देवें, पारस्परिक द्रोह करना छोड देवें।

४ यज्ञकामः क्षत्रियः= सत्कार-संगति-दानात्मक कर्मका नाम यज्ञ है। संगति-करण रूप यज्ञ करनेवाला अर्थात् प्रजाजनोंका संगठन करनेवाला क्षत्रिय हो। क्षत्रिय कभी प्रजामें फूट न करे और कभी आपसके द्रोहके भावको न बढावे।

५ पूर्तिकामः क्षत्रियः- प्रजाजनोंकी सब प्रकार पूर्णता करनेवाला राजा हो। प्रजाजनोंमें जो जो न्यूनता हो उसको पूर्ण करे, और अपनी प्रजामें कभी अपूर्णता न रहने दे।

६ दीर्घं आयुः वनुते=प्रजाजनोंको दीर्घ आयु प्राप्त हो, ऐसा प्रबंध करनेवाला राजा हो। राजा राज्यशासनका ऐसा प्रबंध करे कि, जिससे प्रजाकी आयु बढे और कमी न घटे।

इस सूक्तका इस प्रकार विचार पाठक करें और प्रजाके उद्धारके संबंधमें उत्तम बोध प्राप्त करें।

गौको समर्थ बनाना।

[१०४ (१०९)] (ऋषिः-ब्रह्मा। देवता-आत्मा)

कः पृश्निं धेनुं वरुणेन दत्तामथर्वणे सुदुघां नित्यवत्साम्।
बृहस्पतिना सख्यं जुषाणो यथावशं तन्वः कल्पयाति ॥ १ ॥

अर्थ—(वरुणेन अथर्वणे दत्तां) वरुणने अथर्वा अर्थात् निश्चल योगीको दी हुई (सुदुघां नित्यवत्सां पृश्निं धेनुं) सुखसे दुहनेयोग्य वत्सके साथ रहनेवाली विविध रंगवाली गौको, (बृहस्पतिना सख्यं जुषाणः) ज्ञानीके साथ मित्रता करता हुआ (यथावशं तन्वः कः=प्रजापतिः कल्पयाति) इच्छाके अनुसार शरीरके विषयमें प्रजाका पालन करनेवाला ही समर्थ करता है ॥ १ ॥

[यह सूक्त अभीतक स्पष्ट नहीं हुआ। पाठक इसका विशेष विचार करें। गौके शरीरका सामर्थ्य बढानेका विषय इसमें है। गायकी दूध देनेकी शक्ति तथा अन्य शक्ति बढानेका उपदेश इसमें है। प्रजाका पालक ज्ञानीके साथ मंत्रणा करता हुआ गायको समर्थ करता है। यह आशय यहां दीखता है। परंतु सब मंत्र ठीक प्रकार समझमें नहीं आता है।]

दिव्य वचन।

[१०५ (११०)] (ऋषिः-अथर्वा। देवता-मन्त्रोक्ता)

अपक्रामन् पौरुषेयाद् वृणानो दैव्यं वचः।
प्रणीतीरभ्यावर्तस्व विश्वेभिः सखिभिः सह ॥ १ ॥

अर्थ—(पौरुषेयात् अपक्रामन्) सामान्य मनुष्योंके करनेयोग्य कर्मोंसे हट कर (दैव्यं वचः वृणानः) दिव्य वचनोंका स्वीकार कर, (विश्वेभिः सखिभिः सह) अपने सब मित्रोंके साथ (प्र-नीतीः अभ्यावर्तस्व) उत्कृष्ट नीतिनियमोंके अनुकूल आचरण कर ॥ १ ॥

सामान्य हीन अशिक्षित असभ्य मनुष्य जैसा हीन व्यवहार करते हैं, उसको छोडना चाहिये। दिव्य उपदेशवचनोंका - वेदवचनोंका - स्वीकार करना चाहिये। और अपने सब इष्टमित्रोंके साथ उस उपदेशके श्रेष्ठ आदेशोंके अनुसार अपना आचरण करना चाहिये। उन्नतिका यही मार्ग है।

अमृतत्व की प्राप्ति।

[१०६ (१११)]

(ऋषिः-अथर्वा। देवता-जातवेदा वरुणश्च)

यदस्मृति चकृम किं चिदग्न उपारिम चरणे जातवेदः।
ततः पाहि त्वं नः प्रचेतः शुभे सखिभ्यो अमृतत्वमस्तु नः ॥ १ ॥

अर्थ-हे (जातवेदः अग्ने) ज्ञातवेद प्रकाश देव! (यत् चरणे किंचित् अस्मृति चकृम) जो आचारमें किंचित् विना स्मरणके हम करें और उसमें (उपारिम) कुछ अशुद्धि करें। हे (प्रचेतः) उत्कृष्ट चित्तवाले देव! (त्वं नः ततः पाहि) तू हमें उससे बचाओ और (नः सखिभ्यः) हमारे मित्रोंको (शुभे अमृतत्वं अस्तु) शुभ मार्गमें अमरपन प्राप्त हो ॥ १ ॥

यह उत्तम प्रार्थना है। " हे प्रभो! हम जो आचरण करते हैं, उसमें यदि कुछ हमारे नासमझी के कारण कुछ अशुद्धी होजावे, तो उस अपराध की क्षमा हो और हमें शुभ मार्गसे अमृतत्वकी प्राप्ति हो जावे।" यह उत्तम प्रार्थना है और हरएक मनुष्यको प्रतिदिन करने योग्य है।

[१०७ (११२)]

(ऋषिः-भृगुः। देवता-सूर्यः आपः च।)

अव दिवस्तारयन्ति सप्त सूर्यस्य रश्मयः।
आपः समुद्रिया धारास्तास्ते शल्यमसिस्रसन् ॥ १ ॥

अर्थ—(सूर्यस्य सप्त रश्मयः) सूर्यके सात किरण (समुद्रियाः आपः धाराः) समुद्रकी जलधाराओंको (दिवः अव तारयन्ति) द्युलोकसे नीचे लाते हैं। (ताः ते शल्यं असिस्रसन्) वे जलधाराएं तेरे शल्यको हटा देते हैं ॥ १ ॥

सूर्य अपने किरणोंसे पृथ्वीके ऊपरके जलकी बाष्प बनाकर ऊपर लेजाता है और उसके मेघ बनाना है। पश्चात् उसीकी किरणोंसे उन मेघोंसे वृष्टि होती है और भूमिपर जलप्रवाह बहने लगते हैं। यह जलचक्र इसप्रकार चलता रहता है।

दुष्टोंका संहार।

[१०८ (११३)

(ऋषिः—भृगुः। देवता अग्निः)

यो नस्तायद् दिप्सति यो न आविः स्वो विद्वानरणो वा नो अग्ने।
प्रतीच्ये त्वरणी दत्वती तान् मैषामग्ने वास्तु भून्मो अपत्यम् ॥ १ ॥
यो नः सुप्तान् जाग्रतो वाभिदासात् तिष्ठतो वा चरतो जातवेदः।
वैश्वानरेण सयुजा सजोषास्तान् प्रतीचो निर्दह जातवेदः ॥ २ ॥

अर्थ—हे अग्ने! (यः नः तायत् दिप्सति) जो हमें छिपकर सताता है तथा (यः नः आविः) जो हमें प्रकटरूपसे दुःख देता है। वह चाहे (नः स्वः विद्वान् अरणः) हमारा अपना संबंधी विद्वान किंवा परकीय भी क्यों न हो (तान् दत्वती अरणी प्रतीची एतु) उनपर दांतवाली सोटी उलटी चले। हे अग्ने! (एषां वास्तु मा भूत) इनका कोई घर न हो और (मा अपत्यं उ) न इनको कोई सन्तान हो ॥ १ ॥

हे जातवेदः अग्ने! (यः नः सुप्तान् जाग्रतः वा अभिदासात्) जो हमें सोते हुए या जागते हुए नाश करे, (यः तिष्ठतः वा चरतः) जो ठहरे हुए या चलते हुए नाश करेगा। हे (जातवेदः) अग्ने! (वैश्वानरेण सयुजा सजोषाः) विश्वके नेता तेरे मित्रके साथ मिलकर (तान् प्रतीचः निः दह) उन प्रतिकूल चलनेवालोंको भस्म कर ॥ २ ॥

जो छिपकर हमारा नाश करे, या प्रकट रूपसे हमें सतावे। वह हमारा संबंधी हो, मित्र हो, स्वकीय हो या परकीय हो, उस सतानेवालेका नाश किया जावे।

सोते, जागते, खडे हुए या चलते हुए किसी अवस्थामें हम हों, जो हमारा घात करता है, उसका भी नाश किया जावे।

अपने सतानेवाले शत्रुकी उपेक्षा न की जावे, यह इस सूक्तका तात्पर्य है।

राष्ट्रका पोषण करनेवाले।

[१०९ (११४)]

(ऋषिः- बादरायणिः । देवता-अग्निः)

इदमुग्राय बभ्रवे नमो यो अक्षेषु तनूवशी ।
घृतेन कलिं शिक्षामि स नो मृडातीदृशे ॥ १ ॥
घृतमप्सराभ्यो वह त्वमग्ने पांसूनक्षेभ्यः सिकता अपश्च ।
यथाभागं हव्यदातिं जुषाणा मदन्ति देवा उभयानि हव्या ॥ २ ॥

अर्थ— (बभ्रवे उग्राय इदं नमः) भरणपोषण करनेवाले उग्र वीरके लिये यह नमस्कार है । (यः अक्षेषु तनूवशी) जो इंद्रियोंके विषयमें अपने शरीरको वशमें रखनेवाला है, (सः नः ईदृशे मृडाति) वह हमें ऐसी अवस्थामें भी सुख देता है । अतः मैं (घृतेन कलिं शिक्षामि) स्नेह से कलहको- कलह करनेवालोंको-शिक्षित करता हूं ॥ १ ॥

हे अग्ने ! (त्वं अप्-सराभ्यः घृतं वह) तू जलमें संचार करनेवालोंके लिये घी ले जा । (अक्षेभ्यः पांसून् सिकताः अपः च) आंखोंके लिये धूली, वालू से छाना जल प्राप्त कर । (यथाभागं हव्यदातिं जुषाणाः देवाः) यथायोग्य प्रमाणसे हव्यभागका सेवन करनेवाले देव (उभयानि हव्या मदन्ति) दोनों प्रकारके हव्य पदार्थ प्राप्त करके आनंदित होते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—जो राष्ट्रका भरण और पोषण करनेवाले हैं उनको मैं प्रणाम करता हूं । वे इंद्रियों और शरीरको अपने स्वाधीन करनेवाले हैं । वे ही सब प्रजाओंको सदा सुख देते हैं । हमारे अंदर जो आपसमें कलह होगा उसको मैं स्नेह से शान्त करता हूं ॥ १ ॥

जलमें संचार करनेवालोंको घी दो । आंखोंके लिये रेतसे छाना जल लो । देवताओंको यथायोग्य हवन समर्पण कर, जिससे सब आनंदित हों ॥ २ ॥

अप्सरसः सधमादं मदन्ति हविर्धानमन्तरा सूर्यं च ।
ता मे हस्तौ सं सृजन्तु घृतेन सपत्नं मे कितवं रन्धयन्तु ॥ ३ ॥
आदिनवं प्रतिदीव्ने घृतेनास्माँ अभि क्षर ।
वृक्षमिवाशन्या जहि यो अस्मान् प्रतिदीव्यति ॥ ४ ॥
यो नो द्युवे धनमिदं चकार यो अक्षाणां ग्लहनं शेषणं च ।
स नो देवो हविरिदं जुषाणो गन्धर्वेभिः सधमादं मदेम ॥ ५ ॥

अर्थ-(सूर्यं च हविर्धानं अन्तरा) सूर्य और हविष्पात्रके मध्य स्थानमें जो (सध-मादं) साथ वसनेका स्थान है उसमें (अप्सरसः मदन्ति) अप्सराएं आनंदित होती हैं। (ताः मे हस्तौ) वे मेरे हाथोंको (घृतेन संसृजन्तु) घीसे युक्त करें। और (मे कितवं सपत्नं रन्धयन्तु) मेरे जुआडी शत्रुका नाश करें ॥ ३ ॥

(प्रतिदीव्ने आ-दिनवं) प्रतिपक्षीके साथ मैं विजयेच्छासे लडता हूं। (घृतेन अस्मान् अभिक्षर) घीसे हमें युक्त कर। (यः अस्मान् प्रति-दीव्यति) जो हमारे साथ प्रतिपक्षी होकर व्यवहार करता है, उसको (अशन्या वृक्षं इव जहि) बिजुलीसे वृक्ष नाश होता है, वैसा नष्ट कर ॥ ४ ॥

(यः नः द्युवे इदं धनं चकार) जो हमें क्रीडादि व्यवहार के लिये यह धन देता है,(यः अक्षाणां ग्रहणं शेषणं च) जो अक्षोंका ग्रहण तथा विशेषी-करण करता है (सः देवः इदं नः हविः जुषाणः) वह देव इस हमारे हविका सेवन करे और हम (गन्धर्वेभिः सधमादं मदेम) गन्धर्वोंके साथ एक स्थानमें आनंद करेंगे ॥ ५ ॥

भावार्थ- सूर्य और हविष्य पात्रके मध्यमें जो स्थान है, उसमें सबका रहनेका स्थान है। इस स्थानमें मुझे घी प्राप्त हो और जुआडी का नाश हो ॥ ३ ॥

प्रतिपक्षीपर मुझे विजय प्राप्त हो। हमें घी बहुत प्राप्त हो। जो हमारा प्रतिपक्षी होगा उसका नाश हो ॥ ४ ॥

जो हमें व्यवहार करनेके लिये धन देते हैं, उनके साथ हम आनंद-पूर्वक रहें ॥ ५ ॥

संवसव इति वो नामधेयमुग्रंपश्या राष्ट्रभृतो ह्य१क्षाः ।
तेभ्यों व इन्दवो हविषा विधेम वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥६॥
देवान् यन्नाथितो हुवे ब्रह्मचर्यं यदूषिम ।
अक्षान् यद् बभ्रूनालभे ते नो मृडन्त्वीदृशे ॥ ७ ॥

अर्थ-(सं-वसवः इति वः नामधेयं) 'सम्यक् रीतिसे वसानेवाले' इस अर्थ का आपका नाम है। आप (उग्रं-पश्याः) उग्र दृष्टिवाले (राष्ट्र—भृतः) राष्ट्रका भरण पोषण करने वाले और (अक्षाः) राष्ट्रके मानो आंखही हैं। हे (इन्दवः) ऐश्वर्यवानो ! (तेभ्यः वः हविषा विधेम) उन तुमको हम हवि समर्पण करते हैं। और (वयं रयीणां पतयः स्याम) हम धनके स्वामी बनें ॥ ६ ॥

(यत् नाथितः देवान् हुवे) जो आशीर्वाद प्राप्त करनेवाला मैं देवोंके लिये हवन करता हूं तथा (यत् ब्रह्मचर्यं ऊषिम) जो हमने ब्रह्मचर्यव्रतका पालन किया है। (यत् बभ्रून् अक्षान् आलभे) जो भरण करनेवाले अक्षोंका स्वीकार करता हूं, (ते नः ईदृशे मृडन्तु) वे हमें ऐसी अवस्थामें सुखी करें ॥ ७ ॥

भावार्थ- राष्ट्रका भरण पोषण करनेवाले वीर बडे उग्र स्वरूप के हैं। उनके कारण सब राष्ट्रके लोग अपने राष्ट्रमें सुखसे वसते हैं। उनको हम प्रजाजन करभार देते हैं और उनके प्रबंधसे हम धनके स्वामी बनेंगे ॥६॥

मैं हवन करके देवोंका आशीर्वाद प्राप्त करता हूं। उसी कारण ब्रह्मचर्यव्रत का मैं पालन करता हूं। जो राष्ट्रका भरण पोषण करनेवाले हैं उनके प्रयत्नसे हम सबको सुख प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

यह सूक्त बडा दुर्बोध है और कई मंत्रभागोंका भाव कुछभी ध्यानमें नहीं आता है। अतः इसकी अधिक खोज होना अत्यंत आवश्यक है। बडा प्रयत्न करनेपर भी इस समय इसकी संगति नहीं लग सकी। तथापि इस सूक्तपर जो विचार सूझे हैं, वे नीचे दिये हैं; जो खोज करनेवालोंके कुछ सहायक बनेंगे-

राष्ट्रभृत ।

इसमें 'राष्ट्र-भृत्' किंवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक, राष्ट्र-भृत्य, राष्ट्रका भरण पोषण करनेवालोंका वर्णन है। राष्ट्र का (भृत्) भरण पोषण करनेवाले 'राष्ट्रभृत' कहलाते हैं।

इनका नाम 'संवसवः' (सं-वसु) है । उत्तम रीतिसे दूसरोंका निवास होनेके लिये जो प्रयत्न करते है उनका यह नाम है । ये (उग्रं-पश्याः) उग्र रूपवाले होते हैं, जिनका स्वरूप उग्र अर्थात् वीरतायुक्त होता है । इनको (अक्षाः) अक्ष भी कहते हैं अर्थात् ये राष्ट्रके आंख होते हैं । इनके आंखसे मानो राष्ट्र देखता है । 'अक्ष'का दूसरा अर्थ गाडीके दोनों चक्रोंके मध्यमें रहनेवाली डंडी भी होता है । मानो ये राष्ट्रभृत्य राष्ट्र चक्रका मध्यदण्ड ही है, इनहीके ऊपर राष्ट्रका चक्र घूमता है ! 'अक्ष' शब्दके अन्य अर्थ 'आत्मा, ज्ञान, नियम, आधारसूत्र' हैं । पाठक विचार करेंगे तो उनको निश्चय होगा, कि ये अर्थ भी इनके विषयमें सार्थ हो सकते हैं । (मं० ६)

इनको लोग (तेभ्यः हविषा विधेम) अन्नादि दें, उनको राज्यव्यवस्थाके लिये करभार दें और उनके इंतजाममें रहकर (रयीणां पतयः स्याम) हम सब प्रजाजन धनधान्यके स्वामी होंगे । प्रजा राजप्रबंधके लिये कर देवे और राष्ट्रसेवक राष्ट्रका ऐसा उत्तम इंतजाम करें कि जिस प्रबंधमें रहकर राष्ट्रके लोग धनधान्यसंपन्न हों । (मं० ६)

ये (उग्राय) उग्र वीर और राष्ट्रका (बभ्रु) भरणपोषण करनेवाले है किंवा ये भूरे रंगवाले या गन्दमी रंगवाले हैं । इनको (इदं नमः) यह नमस्कार हम करते हैं क्योंकि इनके कारण हमें (सः नः ईदृशे मृडाति) ऐसी बिकट अवस्थामें भी सुख होता है । (यः अक्षेषु तनूवशी) जो इन राष्ट्रके आधारभूत वीरोंमें अपने शरीरको स्वाधीन करनेवाला है वही विशेष प्रभावशाली है और वही सबसे अधिक योग्य है । (मं० १)

आपसी झगडे दूर करनेका उपाय ।

आपसके झगडोंका नाम ' कलि ' है । यह कलि सर्वथा नाश करनेवाला है । आपस के कलहोंसे एकका दूसरेके साथ संघर्षण होता है, इस घर्षणसे जो अग्नि उत्पन्न होती है वह दोनोंको जलाती है । इन दोनोंके मध्यमें कुछ तेल या घी डालनेसे संघर्षण कम होता है । यंत्रमें दो चक्रोंका जहां संघर्षण होता है वहां वे दोनों तपते हैं, वहां तेल छोडते हैं तो उनका संघर्षण कम होता है और वे तपते नहीं । कलिको दूर करनेका भी यही उपाय है । (घृतेन कलिं शिक्षामि)घीसे आपसी कलह दूर करनेकी शिक्षा मिलती है । यंत्रचक्रोंका संघर्षण जैसा घीसे कम होता है, उसी प्रकार दो मनुष्यों या दो समाजोंका झगडा भी पारस्परिक स्नेहके वर्तावसे कम हो सकता है । अतः स्नेह (तेल या घी) संघर्षण कम करनेवाला है । यह स्नेह बढानेसे आपसका झगडा दूर होता है । (मं० १)

आपसका झगडा दूर करनेका यह अद्वितीय उपाय है। इससे जैसा वैयक्तिक लाभ हो सकता है, उसी प्रकार सामाजिक और राष्ट्रीय शान्तिका भी लाभ हो सकता है।

द्वितीय मंत्र समझमें आना कठीण है (मं० २)। 'अप्सरस्' शब्दका एक अर्थ प्रसिद्ध है। उससे भिन्न दूसरा अर्थ (अप्-सरः) जलमें संचार करनेवाले, किंवा 'अपस्' नाम 'कर्म' का है कर्मके साथ जो संचार करते हैं वे 'अप्सरस्' कहे जांयगे! ये कर्म-चारी (सध-मादं मदन्ति) एक स्थानपर रहना पसंद करते हैं। कर्मचारियोंके लिये एक सुयोग्य स्थान हो। ऐसा स्थान होनेसे उनको आनंद हो सकता है। इन सबको घी विपुल मिलना चाहिये और उसी प्रमाणसे अन्य खानपानके पदार्थ भी मिलने चाहिये। अर्थात् कर्मचारियोंकी अवस्था उत्तम रहनी चाहिये। सबको कार्य प्राप्त हो और सबको खानपान भी विपुल मिले।

(मे सपत्नं कितवं रन्धयन्तु) मेरा प्रतिपक्षी जुआडी नाशको प्राप्त हो। मेरा शत्रु भी नाशको प्राप्त हो और जुआडी भी न रहे। आपसकी शत्रुता जैसी बुरी है उसी प्रकार जुआ खेलना भी बहुत बुरा है। (मं० ३)

(प्रतिदीव्न आदिनवं) प्रतिपक्षी होकर युद्ध करनेको कोई खडा हो, तो उसके साथ युद्ध करनेकी तैयारी मै रखता हूं; ऐसा हरएक मनुष्य कहे। ऐसी तैयारी हरएक मनुष्य रखे। अर्थात् हरएक मनुष्य बलवान बने जिससे उनको शत्रुसे डरनेका कोई कारण न रहे। (यः प्रतिदीव्यति जहि) जो विरुद्ध पक्षी होकर युद्ध करनेको आवे उसका नाश कर। यह सर्वसामान्य आज्ञा है। शत्रुको दूर करनेकी तैयारी हरएकको करनाही चाहिये। (मं० ४)

(यः नः द्युवे धनं चकार) जो हमें क्रीडादिव्यवहारके लिये धन देता है उसको हम भी कुछ प्रत्युपकारके रूपमें दे दें। इस मंत्रभागमें जो 'द्युवे, दीव्न' आदि शब्द हैं, उनमें 'दिव्' धातु है इस धातुके अर्थ 'क्रीडा, विजिगीषा, व्यवहार, द्युति, स्तुति, मोद, मद, स्वप्न, कान्ति, गति, प्रकाश, दान' इत्यादि हैं। प्रायः लोग पहिला 'क्रीडा' अर्थ लेते हैं और ऐसे शब्दोंका अर्थ 'जूआ' करते हैं। ये लोग 'विजिगीषा, व्यवहार' आदि अर्थ देखते नहीं। यदि इन अर्थोंका इस मंत्रमें स्वीकार किया जाय, तो संगति लगनेमें बडी सहायता होगी। इसमें जैसा क्रीडा अर्थ है उसी प्रकार अन्य विजयेच्छा व्यवहार आदी भी अर्थ है। ये अर्थ लेनेसे "यः नः द्युवे धनं चकार" इस मंत्रभागका अर्थ "जो हमारे विजयके कार्य के लिये हमें धन देता है, जो हमारे विविध व्यवहार करनेके लिये धन देता है" इत्यादि अर्थ हो सकते हैं और ये अर्थ

बहुत बोधप्रद हैं। जो व्यवहारके लिये हमें धन दे उसको प्रत्युपकारके लिये हम भी लाभका कुछ भाग दें। (मं० ५)

हम (ब्रह्मचर्य ऊषिम) ब्रह्मचर्यका पालन करें, वीर्यका नाश न करें और बडे लोगोंसे (नाधितः) आशीर्वाद प्राप्त करें जिससे हमारा कल्याण होगा। (मं० ६)

यह सूक्त बडा कठिन है, तथापि ये कुछ सूचक विचार हैं कि जिससे इस सूक्तकी खोज हो सकेगी।

शत्रुका नाश।

[११० (११५)]

(ऋषिः-भृगुः। देवता-इन्द्राग्नी)

अग्न इन्द्रश्च दाशुषे हतो वृत्राण्यप्रति।
उभा हि वृत्रहन्तमा ॥ १ ॥
याभ्यामजयन्त्स्वऽरग्रं एव यावातस्थतुर्भुवनानि विश्वा।
प्रचर्षणी वृषणा वज्रबाहू अग्निमिन्द्रं वृत्रहणा हुवेहम् ॥ २ ॥
उप त्वा देवो अग्रभीच्चमसेन बृहस्पतिः।
इन्द्र गीर्भिर्न आ विश यजमानाय सुन्वते ॥ ३ ॥

अर्थ—हे अग्ने! तू और (इन्द्रः च) इन्द्र मिलकर (दाशुषे) दान देने वालेके लिये (वृत्राणि अप्रति हतः) शत्रुओंको बिना भूले मारो। क्यों कि (उभा) तुम दोनों (हि वृत्रहन्तमा) शत्रुका नाश करनेवाले हो ॥ १ ॥

(याभ्यां अग्रे एव स्वः अजयन्) जिन दोनोंने ही सबसे पहिले ही स्वर्गलोकको जीत लिया था। (यौ विश्वा भुवनानि आतस्थतुः) जो जो दोनों संपूर्ण भुवनोंमें व्यापक हैं। (प्र-चर्षणी) मनुष्य श्रेष्ठ, (वृषणा) बलवान्, (वृत्र-हणा वज्रबाहू) शत्रुका वध करनेवाले शस्त्रधारी (अग्नि इन्द्रं अहं हुवे) अग्नि और इन्द्रको मैं बुलाता हूं ॥ २ ॥

हे इन्द्र! (बृहस्पतिः देवः त्वा चमसेन उप अग्रभीत्) ज्ञानपति देव तुझ चमससे ग्रहण करता है। (सुन्वते यजमानाय) सोमयाजी यज-मानके कारण (नः गीर्भिः आविश) हमारे लिये हम स्तुतिके साथ यहां प्रवेश कर ॥ ३ ॥

संतानका सुख।

[१११ (११६)]

(ऋषिः-ब्रह्मा। देवता-वृषभः)

इन्द्र॑स्य कुक्षिर॑सि सोम॒धान॑ आ॒त्मा दे॒वाना॑मु॒त मानु॑षाणाम् ।
इ॒ह प्र॒जा ज॑नय॒ यास्त॑ आ॒सु या अ॒न्यत्रे॒ह तास्ते॑ रमन्ताम् ॥ १ ॥

अर्थ—तू (इन्द्रस्य कुक्षिः असि) इन्द्रका पेट है, तू (सोम-धानः) सोमका धारक है। तू (देवानां मानुषाणां आत्मा) देवों और मनुष्यों का आत्मा है। (इह प्रजाः जनय) यहां संतान उत्पन्न कर। (याः ते आसु) जो तेरी प्रजाएं इन भूमियोंमें निवास करती हैं, (याः अन्यत्र) और जो दूसरे स्थानमें निवास करती हैं। (ते ताः रमन्तां) वे तेरी प्रजाएं सुखसे रहें ॥ १ ॥

मनुष्य इन्द्र अर्थात् इंद्रियोंको शक्ति देनेवाले आत्माका भोग-संग्रह करनेका मानो पेट ही है, इस पेटमें सोमादि वनस्पतिका संग्रह किया जावे, अर्थात् शाकाहार किया जावे। मांसाहार सर्वथा निषिद्ध है। ऐसा परिशुद्ध मनुष्य इस संसारमें उत्तम संतान उत्पन्न करे, प्रजा अपने देशमें रहे या परदेश में रहे, वह कहां भी रहे। जहां रहे वहां आनंदसे रहे। सुख और ऐश्वर्य भोगे। सुखपूर्वक रहे।

पापसे छुटकारा।

[११२ (११७)]

(ऋषिः- ब्रह्मा। देवता-आपः वरुणश्च।)

शुम्भ॑नी द्यावा॑पृथि॒वी अन्ति॑सुम्ने॒ महि॑व्रते ।
आपः॑ स॒प्त सु॑स्रुवुर्दे॒वीस्ता नो॑ मुञ्च॒न्त्वंह॑सः ॥ १ ॥

मुञ्चन्तु मा शपथ्या३दथो वरुण्या॑दुत ।
अथो॑ यमस्य॒ पड्वी॑शाद् विश्व॑स्माद् देवकिल्बि॒षात् ॥ २ ॥

अर्थ— (द्यावा-पृथिवी शुम्भनी) द्युलोक और पृथ्वीलोक ये (महि-व्रते अन्ति-सुम्ने) बडा कार्य करनेवाले, और समीपसे सुख देनेवाले हैं। (सप्त देवीः आपः) सात दिव्य नदियां यहां (सुस्रुवुः) वहती हैं। (ताः नः अंहसः मुञ्चन्तु) वह हमें पापसे बचावें ॥ १ ॥

(मा शपथ्यात्) मुझे शापसे (अथो उत वरुण्यात्) और वरुण देवके क्रोधसे (मुञ्चन्तु) बचावें। (अथो यमस्य पड्वीशात्) और यमके बंधन से तथा (विश्वस्मात् देव-किल्बिषात्) सब देवोंके प्रति किये दोषसे मुक्त करें ॥ २ ॥

ये द्युलोक और पृथ्वीलोक बडे सुखदायक है। यहां बहनेवाली सात नदियां हमें पापसे और सब प्रकारके वाचिक, शारीरिक दोषोंसे बचावें। आध्यात्मिक पक्षमें सात प्रवाह, पंच ज्ञानेन्द्रियां और मन बुद्धि ये हैं। आत्मासे ये सात नदियां इस प्रकार बहती हैं-

ये सात प्रवाह हमें सब पापोंसे बचावें और पापमुक्त करें। निःसन्देह ये नदियां पापसे बचानेवाली हैं।

तृष्णा का विष ।

[११३ (११८)]

(ऋषिः—भार्गवः । देवता—तृष्टिका)

तृष्टिके तृष्टवन्दन उदमूं छिन्धि तृष्टिके ।
यथा कृतद्विष्टासोऽमुष्मै शेप्यावते ॥ १ ॥
तृष्टासि तृष्टिका विषा विषातक्यसि ।
परिवृक्ता यथासस्यृषभस्य वशेव ॥ २ ॥

अर्थ—हे (तृष्टिके तृष्टिके) हीन तृष्णा ! हे (तृष्टवन्दने) लोभमयी । (अमूं उत छिन्धि) इसको काटो । (यथा अमुष्मै शेप्यावते) जिससे इस बलशाली पुरुषका (कृत-द्विष्टा असः) द्वेष करनेवाली तू होती है ॥ १ ॥

(तृष्टा तृष्टिका असि) तू तृष्णा, और लोभमयी है । (विषा विषातकी असि) तू विषैली और विषमयी हो । (यथा परिवृक्ता असासि) जिससे तू घरने योग्य है (इव ऋषभस्य वशा) बैलके लिये जैसी गाय होती है।

तृष्णा लोभवृत्ती बडी विषमयी मनोवृत्ती है । वह सबको काटती है । यह सब बलवानोंका द्वेष करती है । यह एक प्रकारकी विषमयी मनोवृत्ती है, अतः इसको घेरकर दबावमें रखना योग्य है । यह वृत्ती कभी मनुष्य पर सवार न हो, परंतु मनुष्यके आधीन में रहे ।

दुष्टों का नाश ।

[११४ (११९)]

(ऋषिः— भार्गवः । देवता—अग्नीषोमौ)

आ ते ददे वक्षणाभ्य आ तेऽहं हृदयाद् ददे ।
आ ते मुखस्य सङ्काशात् सर्वं ते वर्च आ ददे ॥ १ ॥

अर्थ— (ते वक्षणाभ्यः वर्चः आददे) तेरी छातीसे मैं बल प्राप्त करता हूं । (अहं ते हृदयात आददे) मैं तेरे हृदयसे बल लेता हूं । (ते मुखस्य सङ्काशात) तेरे मुखके पाससे (ते सर्वं वर्चः आददे) तेरा सब तेज मैं प्राप्त करता हूं ॥ १ ॥

प्रेतो यन्तु व्याध्यः प्रानुध्याः प्रो अशस्तयः ।
अग्नी रक्षस्विनीर्हन्तु सोमो हन्तु दुरस्यतीः ॥ २ ॥

(इतः व्याधयः प्रयन्तु) यहांसे व्याधियां दूर हो जायँ। (अनुध्याः प्र) दुःख दूर हों, (अशस्तयः प्र उ) अकीर्तियां भी दूर हों। (अग्निः रक्षस्विनीः हन्तु) अग्नि राक्षसिनीयोंका वध करे, (सोमः दुरस्यतीः हन्तु) और सोम दुराचारिणीयोंका नाश करे ॥ २ ॥

अपने छाती, हृदय, मुख आदि सब अवयवोंका बल बढाना चाहिये। और व्याधियां, आपत्तियां, पीडाएं और अकीर्तियां दूर करना चाहिये, तथा दुराचारिणी स्त्रियोंको भी दूर करना चाहिये ।

पापी लक्षणोंको दूर करना।

[११५ (१२०)]

(ऋषिः-अथर्वाङ्गिराः । देवता—सविता, जातवेदाः)

प्र पतेतः पापि लक्ष्मि नश्येतः प्रामुतः पत ।
अयस्मयेनाङ्केन द्विषते त्वा सजामसि ॥ १ ॥

अर्थ—हे (पापि लक्ष्मि) पापमय लक्ष्मी ! (इतः प्र पत) यहांसे दूर जा। (इतः नश्य) यहांसे चली जा (अमुतः प्रपत) वहांसे भी हट जा। (अयस्मयेन अंकेन) लोहेके कीलसे (त्वा द्विषते आ सजामसि) तुझे द्वेषीके लिये रखते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ— जिस प्रकारके ऐश्वर्यसे पाप होता है, उस प्रकारका ऐश्वर्य मेरे पास न रहे। वह तो बहुत बुरा है, अतः वह हमारे शत्रुके पास जाकर स्थिर होवे ॥ १ ॥

या मा लक्ष्मीः पतयालूरजुष्टाभिचस्कन्द वन्दनेव वृक्षम् ।
अन्यत्रास्मत् सवितस्तामितो धा हिरण्यहस्तो वसु नो रराणः ॥ २ ॥
एकशतं लक्ष्म्यो३ मर्त्यस्य साकं तन्वा जनुषोऽधि जाताः ।
तासां पापिष्ठा निरितः प्र हिण्मः शिवा अस्मभ्यं जातवेदो नि यच्छ ॥ ३ ॥
एता एना व्याकरं खिले गा विष्ठिता इव ।
रमन्तां पुण्या लक्ष्मीर्याः पापीस्ता अनीनशम् ॥ ४ ॥

अर्थ— (या पतयालुः अजुष्टा लक्ष्मीः) जो गिरानेवाली सेवन करने अयोग्य लक्ष्मी (मा अभिचस्कन्द) मेरे उपर आगई है, (वन्दना वृक्षं इव) जैसी वेल वृक्षपर चढती है। हे (सवितः) सविता देव! (तां इतः अन्यत्र अस्मत् धाः) उसको यहांसे हमसे दूसरे स्थानपर रख। (हिरण्यहस्तः नः वसु रराणः) सुवर्णके आभूषण धारण करनेवाला तू हमें धन दे ॥२॥

(मर्त्यस्य तन्वा साकं) मनुष्यके शरीरके साथ (जनुषः अधि) जन्मते ही (एकशतं लक्ष्म्यः जाताः) एकसौ एक लक्ष्मियां उत्पन्न हो गई हैं। (तासां पापिष्ठाः इतः निः प्रहिण्मः) उनमें से पापी लक्ष्मीको यहांसे हम दूर करते हैं। हे (जातवेदः) ज्ञानी देव! (शिवाः अस्मभ्यं नि यच्छ) और जो कल्याणमय लक्ष्मी हैं वे हमें प्रदान कर ॥ ३ ॥

(खिले विष्ठिताः गाः इव) चराऊ भूमिपर बैठी गौवों के समान (एताः एनाः वि-आकरं) इन इन वृत्तियोंको मैं अलग अलग करता हूं। (याः पुण्याः लक्ष्मीः रमन्तां) जो पुण्यकारक लक्ष्मियां हैं, वे यहां आनन्दसे रहें। (याः पापीः ताः अनीनशं) और जो पापी वृत्तियां हैं उनका नाश करता हूं ॥ ४ ॥

भावार्थ- जो गिरानेवाला ऐश्वर्य मेरे पास आगया है वह मुझसे दूर होवे और हमें शुभ ऐश्वर्य प्राप्त होवे ॥ २ ॥

मनुष्यको जन्मके साथ एकसौ एक शक्तियां प्राप्त होती हैं, उनमें कई पापमय हैं और कई पुण्य युक्त हैं। पापी हमसे दूर हों और शुभ हमारे पास आजायं ॥ ३ ॥

मैं इनको पृथक् करता हूं। जो पुण्य कारक हैं वे मेरे पास रहें और जो पापी हों वह मुझसे दूर हो जांय ॥ ४ ॥

मनुष्य उत्पन्न होते ही उसके शरीरमें सेकडों शक्तियां स्वभावतः रहती हैं। उनमें कुच्छ बुरी हैं और कुच्छ अच्छी होती हैं। अच्छी शक्तियां अथवा वृत्तियां जो हों उनको अपने अन्दर रखना और बढाना चाहिये, तथा जो बुरी वृत्तियां हों उनको दूर करना चाहिये। (मं० ३)

चराऊ भूमीमें अनेक गौवें बैठती है, उनमें कई श्वेत रंगकी हैं और कई काले रंगकी है, यह जैसा पहचाना जाता है, उसी प्रकार अपनी शक्तियां और वृत्तियां पहचानना चाहिये। और शुभवृत्तियोंकी वृद्धी और अशुभ हीन हानिकारक वृत्तियोंका नाश करना चाहिये। (मं० ४)

'लक्ष्मी' का अर्थ है 'चिन्ह'। अपने अन्दर कौनसे चिन्ह बुरे है और कौनसे अच्छे हैं, इसकी परीक्षा करना प्रत्येक मनुष्यका आवश्यक कर्तव्य है। मनुष्यके वर्ताव-में ये चिन्ह दिखाई देते है। ये देखकर ऐसा व्यवहार करना चाहिये कि जिससे उसमें शुभलक्षणोंकी वृद्धी हो और अशुभ लक्षण घट जांये। इस प्रकार करनेसे मनुष्यकी उन्नति होती है।

ज्वर

[११६ (१२१)]

(ऋषिः-अथर्वाङ्गिराः। देवता-चन्द्रमाः)

नमो॑ रू॒राय॒ च्यव॑नाय॒ नोद॑नाय धृ॒ष्णवे॑।
नम॑: शी॒ताय॑ पूर्वकाम॒-कृत्व॑ने ॥ १ ॥
यो अ॑न्येद्यु॒रु॑भयद्यु॒र॒भ्येती॒मं म॒ण्डूक॑म॒भ्ये॒त्वव्र॒तः ॥ २ ॥

अर्थ-- (रूराय) दाह करनेवाले, (च्यवनाय) हिलाने वाले, (नोदनाय) भडकानेवाले, (धृष्णवे) डरानेवाले भयानक, (शीताय) शीत लग कर आनेवाले और (पूर्वकृत्वने) पूर्वकी अवस्थाको काटनेवाले ज्वरके लिये (नमः नमः) नमस्कार है ॥ १ ॥

(यः अन्ये-द्युः) जो एक दिन छोडकर आनेवाला है, (उभय-द्युः) दोन दिन छोडकर (अभ्येति) आता है अथवा जो (अव्रतः) नियम छोडकर आता है वह इमं मंण्डूकं (अभ्येतु) इस मेंडक के पास जावे ॥ २ ॥

या मा॑ ल॒क्ष्मीः प॑तया॒लूरजु॑ष्टाभि॒चस्क॑न्द॒ वन्द॑नेव वृ॒क्षम् ।
अ॒न्यत्रा॒स्मत् स॑वित॒स्तामि॒तो धा॒ हिर॑ण्यहस्तो॒ वसु॑ नो॒ ररा॑णः ॥ २ ॥
एक॑शतं ल॒क्ष्म्यो॒ ३ मर्त्य॑स्य सा॒कं त॒न्वा॒ जनु॒षोधि॑ जा॒ताः ।
ता॒सां पापि॑ष्ठा॒ निरि॒तः प्र हि॑ण्मः शि॒वा अ॒स्मभ्यं॑ जातवेदो॒ नि य॑च्छ ॥ ३ ॥
ए॒ता ए॑ना॒ व्याक॑रं खि॒ले गा विष्ठि॑ता इव ।
रम॑न्तां॒ पुण्या॑ ल॒क्ष्मीर्याः॒ पा॒पीस्ता अ॑नीनशम् ॥ ४ ॥

अर्थ— (या पतयालुः अजुष्टा लक्ष्मीः) जो गिरानेवाली सेवन करने अयोग्य लक्ष्मी (मा अभिचस्कन्द) मेरे उपर आगई है,(वन्दना वृक्षं इव) जैसी वेल वृक्षपर चढती है । हे (सवितः) सविता देव ! (तां इतः अन्यत्र अस्मत् धाः) उसको यहांसे हमसे दूसरे स्थानपर रख । (हिरण्यहस्तः नः वसु रराणः) सुवर्णके आभूषण धारण करनेवाला तू हमें धन दे ॥२॥

(मर्त्यस्य तन्वा साकं) मनुष्यके शरीरके साथ (जनुषः अधि) जन्मते ही (एकशतं लक्ष्म्यः जाताः) एकसौ एक लक्ष्मियां उत्पन्न हो गई हैं। (तासां पापिष्ठाः इतः निः प्रहिण्मः) उनमें से पापी लक्ष्मीको यहांसे हम दूर करते हैं। हे (जातवेदः) ज्ञानी देव ! (शिवाः अस्मभ्यं नि यच्छ) और जो कल्याणमय लक्ष्मी हैं वे हमें प्रदान कर ॥ ३ ॥

(खिले विष्ठिताः गाः इव) चराऊ भूमिपर बैठी गौवों के समान (एताः एनाः वि-आकरं) इन इन वृत्तियोंको मैं अलग अलग करता हूं। (याः पुण्याः लक्ष्मीः रमन्तां) जो पुण्यकारक लक्ष्मियां हैं, वे यहां आनन्दसे रहें। (याः पापीः ताः अनीनशं) और जो पापी वृत्तियां हैं उनका नाश करता हूं ॥ ४ ॥

भावार्थ- जो गिरानेवाला ऐश्वर्य मेरे पास आगया है वह मुझसे दूर होवे और हमें शुभ ऐश्वर्य प्राप्त होवे ॥ २ ॥

मनुष्यको जन्मके साथ एकसौ एक शक्तियां प्राप्त होती हैं, उनमें कई पापमय हैं और कई पुण्य युक्त हैं। पापी हमसे दूर हों और शुभ हमारे पास आजायं ॥ ३ ॥

मैं इनको पृथक् करता हूं। जो पुण्य कारक हैं वे मेरे पास रहें और जो पापी हों वह मुझसे दूर हो जांय ॥ ४ ॥

मनुष्य उत्पन्न होते ही उसके शरीरमें सेकडों शक्तियां स्वभावतः रहती हैं। उनमें कुच्छ बुरी है और कुच्छ अच्छी होती हैं। अच्छी शक्तियां अथवा वृत्तियां जो हों उनको अपने अन्दर रखना और बढाना चाहिये, तथा जो बुरी वृत्तियां हों उनको दूर करना चाहिये। (मं० ३)

चराऊ भूमीमें अनेक गौवें बैठती है, उनमें कई श्वेत रंगकी हैं और कई काले रंगकी हैं, यह जैसा पहचाना जाता है, उसी प्रकार अपनी शक्तियां और वृत्तियां पहचानना चाहिये। और शुभवृत्तियोंकी वृद्धी और अशुभ हीन हानिकारक वृत्तियोंका नाश करना चाहिये। (मं० ४)

' लक्ष्मी ' का अर्थ है ' चिन्ह '। अपने अन्दर कौनसे चिन्ह बुरे है और कौनसे अच्छे हैं, इसकी परीक्षा करना प्रत्येक मनुष्यका आवश्यक कर्तव्य है। मनुष्यके वर्ताव-में ये चिन्ह दिखाई देते हैं। ये देखकर ऐसा व्यवहार करना चाहिये कि जिससे उसमें शुभलक्षणोंकी वृद्धी हो और अशुभ लक्षण घट जांये। इस प्रकार करनेसे मनुष्यकी उन्नति होती है।

ज्वर

[११६ (१२१)]

(ऋषिः-अथर्वाङ्गिराः। देवता-चन्द्रमाः)

नमो॑ रू॒राय॒ च्यव॑नाय॒ नोद॑नाय धृ॒ष्णवे॑।
नम॑: शी॒ताय॑ पूर्वकाम॒-कृत्व॑ने ॥ १ ॥
यो अ॑न्ये॒द्युरु॑भय॒द्युर॒भ्येती॒मं म॒ण्डूक॑म॒भ्ये॒त्व॒व्रतः ॥ २ ॥

अर्थ-- (रूराय) दाह करनेवाले, (च्यवनाय) हिलाने वाले, (नोदनाय) भडकानेवाले, (धृष्णवे) डरानेवाले भयानक, (शीताय) शीत लग कर आनेवाले और (पूर्वकृत्वने) पूर्वकी अवस्थाको काटनेवाले ज्वरके लिये (नमः नमः) नमस्कार है ॥ १ ॥

(यः अन्ये-द्युः) जो एक दिन छोडकर आनेवाला है, (उभय-द्युः) दोन दिन छोडकर (अभ्येति) आता है अथवा जो (अव्रतः) नियम छोडकर आता है वह इमं मंण्डूकं (अभ्येतु) इस मेंडक के पास जावे ॥ २ ॥

इस सूक्तमें नौ प्रकारके ज्वरोंका वर्णन है इनके लक्षण देखिये—

१ रूरः= जिस ज्वरमें शरीरका दाह होता है। यह संभवतः पित्तज्वर है।

२ च्यवनः= यह ज्वर आनेपर शरीर कांपने लगता है। यह ज्वर अतिशीत लगकर आता है।

३ नोदनः= यह ज्वर आनेपर मनुष्य पागलसा बनता है। मस्तिष्कपर इसका भयानक परिणाम होता है।

४ धृष्णुः= इससे मनुष्य भयभीत होते हैं, रोगी बडा बेचैनसा होता है।

५ शीतः= सर्दीसे आनेवाला यह ज्वर है।

६ पूर्वकृत्वन्= शरीरकी ज्वरपूर्व अवस्थाको काट देनेवाला यह ज्वर है, अर्थात् इसके आनेसे शरीरके सब अवयव बिगड जाते हैं।

७ अन्येद्युः= एकदिन छोडकर आनेवाला ज्वर।

८ उभयद्युः= दो दिन छोडकर आनेवाला ज्वर।

९ अव्रतः= जिसके आनेका कोई नियम नहीं है।

ये नौ प्रकारके ज्वर हैं। इनके शमनके उपाय इससे पूर्व बताये हैं। वेदमें वृत्र के वर्णनसे ज्वर चिकित्सा (वेदे वृत्रमिषेण ज्वरचिकित्सा) होती है। अर्थात् जैसा वृष्टि होकर वृत्र नाश होता है, उसी प्रकार पसीना आनेसे इस ज्वरका नाश होता है। अतः पसीना लाना इस ज्वरनिवारणका उपाय है।

शत्रुका निवारण।

[११७ (१२२)] (ऋषिः— अथर्वाङ्गिराः। देवता-इन्द्रः)

आ मन्द्रैरिन्द्र हरिभिर्याहि मयूररोमभिः।
मा त्वा के चिद् वि यमन् विं न पाशिनोति धन्वेव ताँ इहि ॥ १ ॥

अर्थ— हे इन्द्र! (मन्द्रैः मयूररोमभिः हरिभिः आयाहि) सुन्दर मोर के पंखोंके समान सुंदर पुच्छवाले घोडोंके साथ यहां आ। (पाशिनः विं न) जैसे पक्षिको जालमें पकडते हैं उस प्रकार (त्वा केचित् मा वि यमन्) तुझे कोई न पकडे। (धन्व इव तान् अति इहि) रेतीले स्थानपरसे जैसे गुजरते हैं वैसे उनका अतिक्रमण कर ॥ १ ॥

इन्द्र (इन्+द्र) शत्रुका विदारण करनेवाले वीरका यह नाम है। ऐसे वीर सुंदर घोडोंपर अथवा ऐसे घोडोंवाले रथपर सवार होकर स्थान स्थानमें जांय। उनको प्रतिबंध करनेवाला कोई न हो। येही दुष्टोंको रोकें और उनको दबा कर प्रतिबंधमें रखें।

विजयकी प्रार्थना।

[११८ (१२३)]

(ऋषिः-अथर्वाङ्गिरा। देवता— चन्द्रमाः, बहुदैवत्यं)

मर्माणि ते वर्मणा छादयामि सोमस्त्वा राजामृतेनानु वस्ताम्।
उरोर्वरीयो वरुणस्ते कृणोतु जयन्तं त्वानु देवा मदन्तु। ॥ १ ॥

॥ इति दशमोऽनुवाकः ॥

॥ सप्तमं काण्डं समाप्तम् ॥

अर्थ— (ते मर्माणि वर्मणा छादयामि) तेरे मर्मस्थानोंको कवचसे मैं ढकता हूं। (सोमः राजा त्वा अमृतेन अनुवस्तां) सोम राजा तुझे अमृतसे आच्छादित करे। (वरुणः ते उरोः वरीयः कृणोतु) वरुण तेरे लिये बडेसे बडा स्थान देवे। (जयन्तं त्वा देवाः अनुमदन्तु) विजय पानेवाले तुझे देखकर सब देव आनन्द करें ॥ १ ॥

युद्धके लिये बाहर जानेके समय वीर लोग अपने शरीर पर कवच धारण करें। इस प्रकार तैयार होकर वीर आनन्दसे शत्रुपर हमला करनेके लिये चलें और विजय प्राप्त करें। मनमें निश्चय रखें की, सत्पक्षमें रहकर लडनेवाले वीरको सब देव सहाय्य करते हैं और उसके विजयसे आनंदित भी होते है। जिनके विजयके कारण देवोंको आनन्द होगा, ऐसे ही वीर अपनेमें बढाने चाहिये।

सप्तमं काण्डं समाप्तम् ॥